बैशाख शुक्ल पक्ष चतुर्थी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 11 मई 2024
वर्ष 34, अंक 104, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

देश की असीम संभावनाओं की कुंजी है प्रौद्योगिकी 16

हीरामंडी की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा 15

मोदी इस बार नहीं बन पाएंगे प्रधानमंत्री : राहुल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 21वीं सदी का राजा बताते हुए कहा कि इस बार के चुनाव में वह प्रधानमंत्री नहीं बन पाएंगे।

उन्होंने कहा कि वह गारंटी दे रहे हैं कि भाजपा 180 से ज्यादा सीटें नहीं ला पाएगी। कांग्रेस देश की 90 प्रतिशत आबादी एसी, एसटी व ओबीसी को हर हाल में उनकी हिस्सेदारी दिलाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को समृद्ध भारत फाउंडेशन की ओर से इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। राहुल ने कहा कि कांग्रेस के घोषणा पत्र के अनुसार पार्टी एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना सुनिश्चित कराएगी। उन्होंने कहा कि भाजपा संविधान के तहत मिले आरक्षण को खत्म करना चाह रही है, पर वह ऐसा होने नहीं देंगे। कहा कि, ईडी व सीबीआई के जरिये राजनीति व लोकतंत्र पर हमला किया जा रहा है। मोदी को संसद व अन्य संवैधानिक संस्थाओं से कोई लेना-देना नहीं है। मोदी खुद को राजा समझते हैं। दो-तीन फाइनेंसर राजा के मोहरे हैं। मोदी इन्हीं 10 फीसदी आबादी को सुपर पावर बनाना चाहते हैं।

भाजपा को नहीं मिलेंगी 180 से ज्यादा सीटें

- कांग्रेस 90 फीसदी आबादी को दिलाएगी उनकी हिस्सेदारी

कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा

राहुल गांधी ने कहा कि कांग्रेस की सरकार बनने पर सरकारी कर्मियों को पुरानी पेंशन देने पर विचार होगा। कहा कि घोषणा पत्र में इसका उल्लेख नहीं है, क्योंकि घोषणा पत्र देश के लोगों को सामाजिक व अन्य न्याय देने के हिसाब से बनाया गया है।

कांग्रेस को भी बदलना होगा अपना रवैया

राहुल गांधी ने बताया कि दो तरह के लोग होते हैं। एक व्यक्ति सुबह उठने के बाद से ही सत्ता कैसे मिलेगी, इस पर सोचता है, जबकि दूसरा लोगों के दुख-दर्द दूर करने के बारे में सोचता है। कहा कि वह दूसरे तरह के व्यक्ति हैं। भारत जोड़ो यात्रा के बाद लोगों से मोहब्बत करने लगे हैं। उनका नजरिया बदल गया है। पार्टी को भी नजरिया बदलना पड़ेगा।

कांग्रेस मेरी कब्र खोदना चाहती है : मोदी

नंदूरबार (महाराष्ट्र), एजेंसी

सभा में बोले मोदी-मुझे जिंदा गाड़ना चाहता है विपक्ष, लेकिन जनता मेरी ढाल

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि विपक्ष में कुछ लोग उन्हें जिंदा गाड़ना चाहते हैं। लेकिन देश के लोग उनका सुरक्षा कवच हैं और जनता उन पर कोई आंच नहीं आने देगी।

महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की अगुवाई वाली शिवसेना (यूबीटी) पर निशाना साधते हुए मोदी ने कहा कि 'नकली शिवसेना' उन्हें इस तरह से गाली देती है कि उससे इसका अपना 'पसंदीदा वोट बैंक' खुश होता है। उत्तर महाराष्ट्र के नंदूरबार में भाजपा की उम्मीदवार

हिना गावित के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने कहा कि एक तरफ कांग्रेस है, जो कहती है-मोदी तेरी कब्र खुदेगी...दूसरी तरफ ये नकली शिवसेना है जो मुझे जिंदा गाड़ने की बात करती है। और मुझे गाली देते हुए भी ये लोग तुष्टिकरण का पूरा ध्यान रखते हैं।

मोदी को मुगल बादशाह औरंगजेब की तरह महाराष्ट्र में 'दफनाने' की शिवसेना नेता संजय राउत की कथित टिप्पणी की ओर इशारा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नकली शिवसेना वाले उन्हें जिंदा दफनाने की बात करते हैं। इसमें भी वोटबैंक को पसंद आए वहीं गाली दोगे क्या? मैं कई बार सोचता हूं, दुख होता है कि बाला साहेब ठाकरे को कितना दुख होता होगा। उनको मैंने करीब से देखा है। अब तो नकली शिवसेना वाले बम धमाके के दोषी को भी अपने प्रचार में ले जाने लगे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्षी पार्टियां जनता का विश्वास गंवा चुकी हैं और उनकी सियासी जमीन भी खिसक चुकी है। मोदी ने कहा कि भारत के लोग मेरे लिए सुरक्षा कवच हैं। विरोधी मुझे जिंदा या मृत दफन नहीं कर सकते। कांग्रेस, महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी) की सहयोगी पार्टी है।

सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को दी एक जून तक अंतरिम जमानत

50 दिन की हिरासत के बाद 21 दिन के लिए हुए रिहा, फाइलों पर हस्ताक्षर करने से रोक

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने शुक्रवार को उन्हें लोकसभा चुनाव के बीच में प्रचार के लिए धनशोधन के एक मामले में एक जून तक अंतरिम जमानत दे दी, लेकिन उनके कार्यालय या दिल्ली सचिवालय जाने और तब तक सरकारी फाइलों पर हस्ताक्षर करने पर रोक लगा दी जब तक उपराज्यपाल की मंजूरी के लिए ऐसा पूरी तरह जरूरी नहीं हो।

कथित आबकारी नीति घोटाले से जुड़े धनशोधन मामले में 50 दिन की हिरासत के बाद लोकसभा चुनाव के बाकी के चरण के लिए प्रचार के लिहाज से केजरीवाल को 21 दिन के लिए रिहा करते हुए न्यायालय ने कहा कि वह दो जून को आत्मसमर्पण करेंगे। एक जून को लोकसभा चुनाव के लिए सातवें और अंतिम चरण के तहत मतदान होगा। आम आदमी पार्टी (आप) ने अपने राष्ट्रीय संयोजक को अंतरिम जमानत देने के लिए कोर्ट का धन्यवाद व्यक्त किया। 'इंडिया' गठबंधन के सहयोगी दलों में भी इस फैसले पर खुशी देखी गई। पीठ ने केजरीवाल को 50 हजार रुपये के जमानती बॉण्ड और इतनी ही राशि का मुचलका जमा कराने का भी निर्देश दिया। न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के वकील की इस दलील को खारिज कर दिया कि चुनाव प्रचार के लिए अंतरिम जमानत पर केजरीवाल को छोड़ने जैसा पहले कोई मामला नहीं देखा गया।

अब तानाशाही का होगा अंत : आप

नई दिल्ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत को सत्य की जीत बताते हुए शुक्रवार को कहा कि अब तानाशाही का अंत होगा। केजरीवाल की पत्नी सुनीता केजरीवाल ने सर्वोच्च अदालत के फ़ैसले पर खुशी व्यक्त करते हुए 'एक्स' पर कहा कि हनुमान जी की जय। यह लोकतंत्र की जीत है। लाखों-करोड़ों लोगों की दुआओं और आशीर्वाद का फल है। सभी को कोटि कोटि धन्यवाद। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने अदालत का धन्यवाद करते हुए कहा कि अब हम लोकतंत्र को बचाने की लड़ाई को और शिद्दत के साथ लड़ेंगे।

सत्य की एक और जीत: अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी प्रमुख एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के साथ फोटो साझा कर लिखा, दिल्ली के लोकप्रिय मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जमानत सत्य की एक और जीत है।

समाज के लिए खतरा नहीं केजरीवाल : कोर्ट

पीठ ने कहा कि लोकसभा चुनाव इस साल की सबसे महत्वपूर्ण घटना है। इसमें कोई संदेह नहीं है कि गंभीर आरोप लगाए गए हैं, लेकिन केजरीवाल को अभी तक दोषी नहीं ठहराया गया है, उनका कोई आपराधिक इतिहास नहीं है और वह समाज के लिए खतरा नहीं हैं। इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि उनकी गिरफ्तारी की वैधता को शीर्ष अदालत के समक्ष चुनौती दी गई थी, जिसने अभी तक अपना अंतिम फैसला नहीं सुनाया है।

एक नजर

एयर इंडिया एक्सप्रेस की 75 उड़ानें रद

मुंबई/ नई दिल्ली। एयर इंडिया एक्सप्रेस ने शुक्रवार को चालक दल के सदस्यों की कमी के कारण लगभग 75 उड़ानें रद कर दीं। कंपनी को रविवार तक परिचालन सामान्य होने की उम्मीद है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। एयरलाइन में कथित कुप्रबंधन और कर्मचारियों के साथ भेदभावपूर्ण व्यवहार के विरोध में चालक दल के सदस्यों के एक समूह ने हड़ताल की थी। हालांकि उन्होंने मंगलवार रात हड़ताल वापस लेने की घोषणा कर दी थी। इसके साथ, एयरलाइन प्रबंधन ने भी चालक दल के 25 सदस्यों की बर्खास्तगी का पत्र वापस ले लिया।

दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद, तीन बरी

पुणे, एजेंसी। पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया। अदालत ने सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

दिल्ली आबकारी नीति : ईडी ने दाखिल किया नया आरोपपत्र

नई दिल्ली, एजेंसी। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने दिल्ली आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में शुक्रवार को नया आरोपपत्र दाखिल किया, जिसमें भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) की नेता के. कविता को आरोपी के तौर पर नामजद किया गया है। संघीय एजेंसी ने तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव की बेटी कविता को 15 मार्च को हैदराबाद में उनके बंजारा हिल्स स्थित आवास से गिरफ्तार किया था। आधिकारिक सूत्रों ने कहा कि धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत आरोपपत्र दायर किया गया। अगले हफ्ते दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के खिलाफ इसी तरह का आरोपपत्र दाखिल किए जाने की संभावना है।

महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न का मामला

कोर्ट ने दिया बृजभूषण पर आरोप तय करने का आदेश

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली की एक अदालत ने छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज कराए गए यौन उत्पीड़न मामले में भारतीय कुश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के पूर्व प्रमुख और भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ शुक्रवार को आरोप तय करने का आदेश दिया। अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (एसीएमएम) प्रियंका राजपूत ने छह महिला पहलवानों में से एक द्वारा दायर शिकायत में सिंह को आरोपमुक्त भी कर दिया।

अदालत ने सिंह के खिलाफ आपराधिक धमकी का आरोप तय करने का आदेश दिया। वह 21 मई को औपचारिक रूप से आरोप तय करेगी। उसने मामले में सह-आरोपी और डब्ल्यूएफआई के पूर्व सहायक सचिव विनोद तोमर के खिलाफ भी आरोप तय करने का आदेश दिया। दिल्ली पुलिस ने छह बार के सांसद सिंह के खिलाफ मामले में 15 जून को आरोप पत्र दायर किया था।

रिटायर नहीं हुआ हूं, अभी खेल करुंगा : बृजभूषण

करनैलगंज। पूर्व विधायक कुंवर अजय प्रताप सिंह उर्फ लल्ला भैया के आवास बरगदी कोट परिसर में शुक्रवार को भाजपा कार्यकर्ताओं के सम्मेलन में मुख्य अतिथि सांसद बृजभूषण शरण सिंह ने कहा कि रिटायर नहीं हुआ हूं अभी मैं खेल करूंगा। टिकट के सवाल पर कहा कि हर पिता अपने बेटे को विरासत में कुछ न कुछ अच्छा देने का प्रयास करता है और उनकी सोच के मुताबिक पार्टी ने उनकी विरासत बेटे को दिया है। सांसद ने कहा कि दो माह का इंतजार करने के बाद उनके बेटे को टिकट मिला।

आरोप तय किए जाने का स्वागत : साक्षी मलिक

चंडीगढ़। पहलवान साक्षी मलिक ने दिल्ली की अदालत द्वारा शुक्रवार को यौन उत्पीड़न के आरोपी कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण सिंह शरण के खिलाफ आरोप तय किए जाने के फैसले का स्वागत किया। मलिक ने ट्वीट कर कहा कि हम अदालत का धन्यवाद करते हैं। हमें कई रात गर्मी बारिश में सड़क पर सोना पड़ा, अपना अच्छा ख़ासा करियर त्यागना पड़ा, तब जाकर आज न्याय की लड़ाई में कुछ कदम आगे बढ़ पाए हैं। जिन लोगों ने प्यार और आशीर्वाद दिया, उनका दिल से आभार।

रामलला के दर्शन कर धन्य हो गया : उप राष्ट्रपति

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार: उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ परिवार के साथ शुक्रवार को अयोध्या पहुंचे। उन्होंने रामलला, हनुमानजी का दर्शन-पूजन किया। शाम को सरयू तट पर मां सरयू की आरती उतारी। बोले पावन अयोध्या नगरी में श्री रामलला के दर्शन कर धन्य हो गया। मन भाव विभोर है। प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की दिव्य झलक पाकर अभिभूत हूं! ऊर्जस्वित हूं। यह भव्य मंदिर, भक्ति और अध्यात्म की हमारी गौरवशाली विरासत का जीता-जागता प्रतीक है। आज जब हमारा देश एक विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। ऐसे में प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद इस भारत भूमि पर बना रहे, यही प्रार्थना है। उपराष्ट्रपति शुक्रवार शाम लगभग चार बजे महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचे। उनके साथ उनकी पत्नी डॉ. सुदेश धनखड और परिवार के लोग, प्रधान सचिव राज्य सभा पीसी मोदी और उनकी पत्नी सहित लगभग 20 लोग थे। एयरपोर्ट पर जिले के प्रभारी व कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही, मंडलायुक्त गौरव दयाल आदि ने उनका स्वागत किया। यहां से सड़क मार्ग से वह सीधे हनुमानगढ़ी पहुंचे। यहां हनुमानजी का दर्शन-पूजन करने के साथ आरती की। इसके बाद वह श्रीराम मंदिर पहुंचे। दर्शन पूजन किया। इसके बाद वह राम मंदिर परिसर स्थित कुबेर टीला पहुंचे। फिर यहां से वह सरयू घाट पहुंचे। मां सरयू की आरती में सम्मिलित हुए। आरती उतारी और जयकारा लगाया। इसके बाद एयरपोर्ट के लिए चले गए।

रामलला के दर्शन करते उप राष्ट्रपति जगदीप धनखड़ व उनकी पत्नी डॉ. सुदेश। अमृत विचार

- धनखड़ बोले- विकसित राष्ट्र बनने में प्रभु श्रीराम का हम पर बना रहे आशीर्वाद

पाकिस्तान को इज्जत दे भारत : मणिशंकर

नई दिल्ली: सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हुआ है, जिसमें कांग्रेस नेता मणिशंकर अय्यर यह कहते नजर आ रहे हैं कि भारत को पाकिस्तान का सम्मान करना चाहिए क्योंकि वह एक संप्रभु राष्ट्र है और उसके साथ संवाद कायम करना चाहिए क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। अय्यर के उक्त बयान से शुक्रवार को विवाद खड़ा हो गया, जिसके बाद कांग्रेस ने तुरंत उनकी टिप्पणियों से खुद को अलग कर लिया जबकि भाजपा ने कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उस पर पाकिस्तान तथा उसकी धरती से पनपने वाले आतंकवाद के प्रति नरम रुख अपनाने का आरोप लगाया। वहीं, अय्यर ने कहा कि वीडियो पुराना है और इस समय इसे इसलिए ढूंढ कर निकाला गया है क्योंकि भाजपा का चुनाव अभियान लड़खड़ा रहा है।

मतदान प्रतिशत को लेकर खरगे फैला रहे भ्रम : आयोग

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ों पर विपक्षी नेताओं को कांग्रेस प्रमुख मल्लिकार्जुन खरगे द्वारा लिखे गए पत्र पर शुक्रवार को कड़ी आपत्ति जताई और इसे पक्षपातपूर्ण विमर्श को आगे बढ़ाने का प्रयास बताया।

उसने खरगे के पत्र को चुनाव संचालन की एक महत्वपूर्ण कड़ी पर हमला करार दिया। निर्वाचन आयोग ने मतदान आंकड़ा जारी करने में कुप्रबंधन और देरी के आरोपों को खारिज करते हुए खरगे के आरोपों को अवांछित, तथ्यहीन तथा भ्रम फैलाने के पक्षपातपूर्ण और जानबूझकर किया गया प्रयास करार दिया। आयोग ने कहा कि खरगे अन्य दलों के नेताओं के साथ चिंता व्यक्त करने के लिए स्वतंत्र हैं, लेकिन पत्र को सार्वजनिक करने से मंशा पर सवालिया निशान खड़े होते हैं। उसने कांग्रेस के वरिष्ठ नेता खरगे को सतर्कता बरतने और ऐसे बयान देने से बचने की सलाह दी।

- खरगे ने वोटिंग डाटा पर विपक्षी नेताओं को लिखा था पत्र
- चुनाव आयोग की सलाह- सोच समझकर बयान दें कांग्रेस अध्यक्ष

छत्तीसगढ़ में फोर्स ने 12 नक्सलियों को मार गिराया

बीजापुर। छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले के पीड़ा के जंगलों में शुक्रवार की सुबह से पुलिस और नक्सलियों के बीच मुठभेड़ में 12 नक्सली मारे गए जबकि दो जवान घायल हो गए हैं। मौके से भारी मात्रा में हथियार भी बरामद हुए हैं। इलाके में अभी तलाशी अभियान जारी है। दक्षिण बस्तर क्षेत्र के डीआईजी कमलोचन कश्यप ने बताया कि बीजापुर जिला मुख्यालय से 55 किमी दूर पीड़ा के जंगलों में नक्सलियों की बड़े लीडर की सूचना पर दंतेवाड़ा, बीजापुर तथा सुकमा तीन जिलों के जवानों द्वारा सुबह से संयुक्त ऑपरेशन लॉंच किया गया।

- बीजापुर में मुठभेड़ दो जवान घायल

चौथे चरण की सीटों पर चुनाव के लिए आज शाम थम जाएगा प्रचार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में चैथे चरण की 13 लोकसभा सीटों व एक विधानसभा सीट पर चुनाव के लिए 11 मई की शाम प्रचार थम जाएगा। मतदान के लिए पोलिंग पार्टियां रवाना करने के निर्देश दिये गये हैं। इन सीटों पर 13 मई को मतदान होगा।

मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि इस चरण के सभी लोकसभा निर्वाचन क्षेत्रों के लिए 130 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। वहीं, शाहजहांपुर की ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं।

उन्होंने बताया कि चुनाव प्रचार खत्म होने की बाद निर्वाचन क्षेत्रों में सभी राजनीतिक दलों के बाहरी कार्यकर्ताओं व पदाधिकारियों की मौजूदगी पूर्णतया प्रतिबंधित रहेगी। जिला निर्वाचन अधिकारी यह सुनिश्चित करेंगे कि राजनीतिक दलों के सभी बाहरी पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस दौरान निर्वाचन क्षेत्र में उपस्थित न रहें। इसके लिए मतदान से पहले चुनाव प्रचार पर रोक संबंधी निर्वाचन आयोग के निर्देश को सभी राजनीतिक दलों, उम्मीदवारों और उनके प्रतिनिधियों के संज्ञान में लाना सुनिश्चित करेंगे। मतदान के दिन मतदेय स्थलों (पोलिंग बूथ) के अंदर मोबाइल फोन, स्मार्ट फोन, वायरलेस सेट आदि ले जाने पर रोक लगाई गई है।

इन सीटों पर होगा मतदान

मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि इस चरण में शाहजहांपुर (अजा), खीरी, धौरहरा, सीतापुर, हरदोई (अजा), मिश्रिख (अजा), उन्नाव, फर्रुखाबाद, इटावा (अजा), कन्नौज, कानपुर, अकबरपुर व बहराइच (अजा) लोकसभा सीटें शामिल हैं। 13 लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीट अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित है।

खोज-खबर

भयानक विस्फोटों के साथ एक्स क्लास की भीषण ज्वालाएं उठ रही सूर्य की सतह पर

सौर तूफानों के आज पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका

बबलू चंद्रा, नैनीताल

अमृत विचार : सूर्य बेहद खतरनाक विस्फोटों से गुजर रहा है। शुक्रवार को एआर 3664 सन स्पॉट में हुए विस्फोट से एक्स 6 क्लास ज्वाला निकली है। गत दिवस हुए विस्फोट से एक्स 2.2 क्लास की ज्वाला भड़की है। नासा के सौर वैज्ञानिकों ने सौर तूफानों के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुवीय क्षेत्रों से टकराने की आशंका जताई है।

सूर्य इन दिनों बेहद सक्रिय हो चला है। सूर्य पर एक के बाद एक जबरदस्त विस्फोट हो रहे हैं। विस्फोटों का सिलसिला करीब छह माह से जारी है। जिनमें सबसे खतरनाक मानी जाने वाली एक्स क्लास की ज्वालाओं ने रौद्र रूप धारण कर लिया है। इनके अलावा एम व सी क्लास के दर्जनों ज्वालाएं भड़क चुकी हैं। सौर वैज्ञानिकों के अनुसार विस्फोट की ज्वालाओं का यह रूप वास्तव में दुर्लभ है। इधर भयंकर भू चुम्बकीय सौर तूफान के शनिवार को पृथ्वी के ध्रुव से टकराने की आशंका वैज्ञानिकों ने जताई है। जिनका खासा असर औरोरा यानी ध्रुवों पर नजर आने वाली रंग बिरंगी रोशनी के रूप में देखने को मिलेगी। सौर हेलिओस्फेरिक वेधशाला ने सूर्य में हो रहे विस्फोटों की ज्वालाओं की वीडियो के साथ फोटो कैद की हैं, जबकि नासा की सोलर डायनामिक ऑब्जर्वेटरी इन पर 24 घंटे नजर बनाए हुए है। आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के सौर वैज्ञानिक भी सूर्य की प्रत्येक गतिविधि पर नजर रखे हुए हैं।



उम्मीद से अधिक भयानक हो रहे हैं विस्फोट

आर्यभट्ट प्रेक्षण विज्ञान शोध संस्थान एरीज के पूर्व निदेशक सौर वैज्ञानिक डॉ. वहाबउद्दीन का कहना है कि यह 25वां सौर चक्र चल रहा है। जिसमें सूर्य इन दिनों भीषण सक्रिय है। अत्यधिक सक्रियता का दौर अभी कुछ समय जारी रहेगा। मगर हैरत इस बात की है कि इतने भयानक सौर विस्फोटों की वैज्ञानिकों को जरा भी उम्मीद नहीं थी।

आदित्य एल 1 भी सूर्य पर नजर रखने को तैयार

इसरो का सोलर मिशन आदित्य एल 1 सूर्य पर पैनी नजर रखने को तैयार है। इन दिनों आदित्य की टेस्टिंग चल रही है, उसने सूर्य की कुछ तस्वीरें कैमरे में कैद की हैं। बहुत जल्द सूर्य की तमाम गतिविधियों का डेटा भेजना शुरू कर देगा। आदित्य एल 1 साइंस कमेटी के सह अध्यक्ष प्रो. दीपांकर बनर्जी ने बताया कि नासा व ईसा के सामूहिक मिशन सोहो के बाद सूर्य की पल पल की जानकारी रखने के लिए भारत आदित्य एल 1 के साथ दुनिया का दूसरा देश बन गया है।

एक नजर

पंकज चौधरी के पीएसओ की हार्टअटैक से मौत

अमृत विचार : केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी के साथ नामांकन करने के लिए गए उनके पीएसओ बादशाह सिंह का दिल का दौरा पड़ गया। इस दौरान उन्हें एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में पंकज चौधरी भी मौजूद थे। देवरिया के अहिरौली बघेल के रहने वाले मृतक बादशाह सिंह के उम्र 50 वर्ष की बताई जा रही है। वह उप्र. पुलिस में कांस्टेबल थे।

डीजी जेल से मिले डीजीपी

अमृत विचार : उत्तर प्रदेश के पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार शुक्रवार को कारागार मुख्यालय पहुंचे। पुलिस महानिदेशक कारागार पीवी रामाशास्त्री की ओर से डीजीपी को स्मृतिचिन्ह भेंट किया गया। जेल के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा डीजीपी का स्वागत किया गया। इस दौरान डीजीपी ने पुलिस और जेल विभाग के बीच बेहतर तालमेल, तकनीकी सुधार और बेहतर संकट प्रबंधन के लिए मजबूत रणनीति विकसित करने पर चर्चा की।

सच सामने आएगा तो बदल जाएगी देश की स्थिति

राहुल गांधी का आरोप, सच छुपाने के लिए भाजपा एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना नहीं करा रही है

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि वंचित वर्ग की जनगणना के बाद सच्चाई सामने आ आएगी, ऐसा होने पर देश की स्थिति बदल जाएगी। राहुल गांधी शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित संविधान सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एससी, एसटी व ओबीसी की जनगणना नहीं करा रही है ताकि सच्चाई सामने न आ सके। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि चुनाव जीतने के लिए उनकी रणनीति भाई-भाई को लड़ाने की है। उनकी रूचि सत्ता पाने की है, पर राहुल की इसमें कतई रूचि नहीं है, क्योंकि वह सत्ता के बीच ही पैदा हुए हैं। वह सत्ता का इस्तेमाल औजार की तरह करना चाहते हैं ताकि 90 फीसदी आबादी को उनका हक मिल सके।

उन्होंने कहा कि भाजपा सरकार की अग्निवीर योजना से एससी, एसटी व ओबीसी को नुकसान हुआ है, क्योंकि सेना में इसी वर्ग के लोग पहुंच रहे थे। उन्होंने कहा कि कोई भी बड़ी कंपनी हो, न्यायपालिका हो, मीडिया या सरकारी सेवाएं हों, हर क्षेत्रों में केवल 10 प्रतिशत आबादी का कब्जा है। आरक्षित वर्ग के लोगों को उनकी भागीदारी नहीं मिल पा रही है। राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कार्यकाल में रेलवे समेत जिन संस्थाओं की निजीकरण की प्रक्रिया चल रही है, उस पर तत्काल रोक लगाई जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस संस्थाओं का निजीकरण हो चुका है, उसका दोबारा राष्ट्रीकरण किया जाना मुश्किल होगा।

राहुल गांधी ने कहा कि संविधान डॉ भीमराव आंबेडकर ने लिखा, जिससे लोगों को आरक्षण मिल पाया, हालांकि, इससे पहली भी इन वर्गों को न्याय दिलाने की वाले लोग रहे हैं। पेरियार, ज्योतिबा फुले, बुद्ध आदि ने यह बात स्वीकार की जो हमने सच देखा हैं हम उस पर कायम रहेंगे और समाज का उद्धार करेंगे।

इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में सम्मेलन के दौरान राहुल गांधी को दुआ की तख्ती दिखाती जैनब अली और उसे दुलराते राहुल।

राहुल मामा ने दुलारा तो बच्ची ने दिया चुंबन

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में कांग्रेस का संविधान सम्मेलन आयोजित किया गया। शाम को राहुल गांधी के मंच पर पहुंचते ही कांग्रेस कार्यकर्ता और सम्मेलन में आए लोग जिंदाबाद के नारे लगाने लगे। इसी मंच पर अकबरी गेट निवासी कांग्रेस कार्यकर्ता जहांआरा और अतहर की बेटी जैनब अली पहुंच गई। राहुल ने बच्ची को प्यार करने के साथ कुछ देर अपने पास रखा। इस दौरान बच्ची ने राहुल को चुंबन देकर प्यार किया। कुछ देर बाद बच्ची मंच से नीचे आ गई। जहांआरा ने बताया कि जैनब राहुल को मामा कहती है। उन्होंने बताया कि कुछ दिन पहले मदीना गये थे।वहां बच्ची ने राहुल के लिए दुआ मांगकर दफ्ती पर लिखा था। उसी दफ्ती को राहुल गांधी को मंच पर दिखाया। राहुल ने 14 जून को बच्ची के जन्म दिन पर घर आने का वादा किया है।

राहुल गांधी से मिले उपचुनाव में प्रत्याशी मुकेश

अमृत विचार, लखनऊ : कांग्रेस पार्टी से लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी मुकेश सिंह चौहान विनीत खंड, विजय खंड और विराट खंड के पार्कों में जनसंपर्क किया। पूर्वी विधानसभा चुनाव के मीडिया प्रभारी डॉ आशीष दीक्षित ने जानकारी देते हुए बताया कि शुक्रवार को इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में राष्ट्रीय संविधान सम्मेलन में शिरकत करने आए राहुल गांधी से पूर्वी विधानसभा उपचुनाव प्रत्याशी ने मुलाकात की। राहुल ने मुकेश से कहा कि पूरी ताकत से चुनाव लड़ें और जीत कर आएं।

परशदेपुर की जनसभा में महिलाओं से मिलती प्रियंका गांधी। अमृत विचार

अमीर मित्रों के लिए काम करते हैं मोदी : प्रियंका गांधी

रायबरेली

▸▸ कांग्रेस महासचिव ने राहुल गांधी के लिए रायबरेली में चार जगह की सभाएं

अमृत विचार: कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा शुक्रवार को सलोन क्षेत्र में हुई जनसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा सरकार पर हमलावर दिखीं।

उन्होंने कहा कि महंगाई और बढ़ती बेरोजगारी के बजाय पाकिस्तान और आतंकवाद की बात करने से किसी का पेट नहीं भरेगा। विकास की बात करने से नरेंद्र मोदी भाग रहे हैं। प्रियंका गांधी ने राहुल गांधी के समर्थन में सूची, पारी, मटका, कमालगंज और सलोन नगर में जनसभाएं कीं। इनमें उन्होंने कहा कि देश में इस समय मुख्य समस्या बेरोजगारी और महंगाई है। सत्तर करोड़ युवा बेरोजगार हैं। तीस लाख पद खाली पड़े हैं। महिलाओं की सुरक्षा किसानों की बड़ी-बड़ी समस्याएं हैं। इन मुद्दों से देश का ध्यान भटकाकर भाजपा गुमराह कर रही है। प्रियंका ने कहा कि अगर जमीनी मुद्दे और बेरोजगारी जीएसटी, महंगाई, शिक्षा स्वास्थ्य व्यवस्था की बातों को लेकर चुनाव मैदान में उतर जाएं तो किसी भी हालात में पीएम मोदी नही जीतेंगे।

फ्री फायर चुनाव हुआ तो हाथी पहुंचेगा दिल्ली: मायावती

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

▸▸ गलत नीतियों के कारण कांग्रेस का सत्ता से साफ हुआ सूपड़ा

▸▸ जुमलेबाजी काम नहीं आएगी, बीजेपी का रास्ता आसान नहीं

अमृत विचार: शुक्रवार को रमईपुर मगरासा में बसपा सुप्रीमो की जनसभा में मायावती ने सपा, कांग्रेस व भाजपा पर जमकर हमला बोला। कहा कि संकीर्णवाद सोच, जातिवाद व सांप्रदायिकता फैलाने के कारण केंद्र में भाजपा व उनके सहयोगी दलों की वापसी आसान नहीं होगी। जनता सब समझ चुकी है, नाटक व जमुलेबाजी अब काम नहीं आएगी। जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि अगर वोटिंग मशीनों में गड़बड़ी न हो और फ्री फायर चुनाव हुए तो हाथी को दिल्ली पहुंचने से कोई नहीं रोक सकेगा।

कांग्रेस पर निशान साधते हुए पूर्व मुख्यमंत्री मायावती ने कहा कि आजादी के बाद जवाहर लाल नेहरू की सरकार में कानून मंत्री रहे डॉ भीमराव अंबेडर ने अति पिछड़ा वर्ग के लोगों को आरक्षण का पूरा लाभ न मिलने पर कमीशन लागू करने की बात कही, लेकिन नेहरू कंपनी ने बात नहीं मानी, जिसके बाद बाबा साहेब ने पद से इस्तीफा दे दिया।

अगर कांग्रेस दलितों की हिमायती होती तो बाबा साहेब को पद से इस्तीफा नही देना पड़ता। उन्होंने कहा कि लोकसभा चुनाव में सपा, कांग्रेस ने गठबंधन कर लिया, लेकिन उनकी पार्टी अकेले दम पर चुनाव लड़ रही है। टिकट बंटवारे में सर्व समाज को ध्यान में रखा गया है।

कांग्रेस का खानदानी सीट, सपा का जोर पति-पत्नी को जिताने पर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ।

▸▸ भाजपा युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कांग्रेस और सपा पर बोला हमला

अमृत विचार: भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद तेजस्वी सूर्या ने शुक्रवार को पत्रकार वार्ता में सपा और कांग्रेस पर हमला बोला। उन्होंने कहा कि कुछ राजनीतिक दल परिवार की सीट और पति, पत्नी को जिताने के लिए ही चुनाव लड़ रहे हैं। कांग्रेस खानदानी सीट के लिए और सपा पति-पत्नी को चुनाव जिताने के लिए पूरा जोर लगाए है।

तेजस्वी सूर्या

प्रदेश भाजपा मुख्यालय में पत्रकारों से चर्चा में तेजस्वी ने दावा किया कि दक्षिण से उत्तर और पूर्व से पश्चिम तक पूरे देश में मोदी व भाजपा के पक्ष में लहर है। कांग्रेस चुनाव मैदान छोड़कर भाग चुकी है। मैदान छोड़ने का कल्चर राहुल गांधी से ही शुरू हुआ है। उनके प्रत्याशी भी मैदान छोड़ रहे हैं।

तेजस्वी ने कहा कि राहुल गांधी अमेठी से भाग कर रायबरेली से चुनाव लड़ कर रहे हैं। कन्नौज हो या मैनपुरी पति-पत्नी (अखिलेश व डिंपल) लखनऊ में ही रहेंगे, दिल्ली नहीं जाने वाले हैं। सूर्या ने दावा किया कि जनता रायबरेली, कन्नौज, मैनपुरी सहित सभी सीटों पर सपा-कांग्रेस को हराकर घर बैठाने का काम करेगी।

मोदी ने पाकिस्तान को रास्ते पर ला दिया : योगी

देश से खत्म हो रहा आतंकवाद व नक्सलवाद

महसी, बहराइच

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ शुक्रवार को महसी तहसील के रमपुरवा बाग में चुनावी जनसभा को संबोधित करने पहुंचे। यहां उन्होंने मोदी सरकार की उपलब्धियां गिनाईं और कहा कि देश में पटाखा भी फूटता है तो पाकिस्तान सबसे पहले सफाई देने आता है। उसे डर है कि कहीं भारत की सेना एयर स्ट्राइक न कर दे। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने पाकिस्तान को पूरी तरह से अपने रास्ते पर ला दिया है।

योगी ने सपा और कांग्रेस की सरकारों से तुलना करते हुए कहा कि भाजपा सरकार में देश से आतंकवाद और नक्सलवाद खत्म हो रहा है। अब देश विकास के रास्ते पर चल रहा है। इसे हम और हमारी आने वाली पीढ़ी भी देखेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता को जिस पार्टी की सरकार में विकास हो रहा है, उसको बार-बार अवसर देना चाहिए। उन्होंने कहा कि विकास को बढ़ावा देने वाली, भ्रष्टाचार को खत्म करने वाले और आतंकवाद पर अंकुश करने वाले पार्टी को ही जीत दिलानी चाहिए।

जनसभा को संबोधित करते योगी।

केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय से बातचीत करते प्रदेश के मंत्री स्वतंत्र देव सिंह।

मोदी व योगी के लिए जनता ही सर्वोपरि : स्वतंत्र देव

अमृत विचार, लखनऊ/चंदौली : भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि मोदी व योगी के लिए जनसेवा से बढ़कर कुछ और नहीं। दोनों के लिए जनता ही सर्वोपरि है। वे शुक्रवार को भाजपा के वरिष्ठ नेता महेन्द्र नाथ पांडेय जी के नामांकन में सम्मिलित हुए और चंदौली में उपस्थित जनसमूह को संबोधित किया। केंद्रीय मंत्री महेंद्र नाथ पांडेय के विकास कार्यों की उन्होंने जमकर सराहना की। स्वतंत्र देव ने उपस्थित पार्टी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से कहा कि हर मतदाता को बूथ तक ले जाने का संकल्प आप पूरा कीजिए। नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अपने सहभागिता सुनिश्चित कीजिए।

नगर निगम कर्मियों के आश्रित भी पाएंगे पेंशन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ : नगर निगम में काम करने वाले कर्मचारियों पर आश्रित भी आजीवन पारिवारिक पेंशन पाएंगे। इसमें विधवा, तलाकशुदा, अविवाहित पुत्रियां को लाभ मिलेगा। शुक्रवार को यह आदेश नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने जारी किया है। उत्तर प्रदेश नगर निगम कर्मचारी संघ के अध्यक्ष आनंद वर्मा ने बताया कि यह मांग काफी समय से लंबित थी। इसको लेकर आंदोलन किया था। इस पर शासन ने स्वीकृति दे दी है। शुक्रवार को नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने आदेश जारी कर दिया है। नई व्यवस्था के तहत नगर निगम कर्मचारियों पर आश्रित विधवा, तलाकशुदा व अविवाहित पुत्रियों को आजीवन पारिवारिक पेंशन मिलेगी। जो कर्मचारियों पर निर्भर हैं।

एनएचएम कर्मियों को मुफ्त इलाज की उम्मीद

राज्य ब्यूरो,लखनऊ

▸▸ ईएसआई के क्षेत्रीय निदेशक ने दिया आश्वासन

अमृत विचार : राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन(एनएचएम) के अंतर्गत कार्यरत सवा लाख संविदा कार्मिकों को केन्द्रीय राज्य बीमा निगम के अस्पतालों की सुविधा मिलेगी। ईएचआई के रीजनल डायरेक्टर संजीव मिश्रा ने आश्वासन देते हुए कहा कि जल्द ही एनएचएम को इस संबंध में पत्र भेजा जायेगा।

संयुक्त राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन कर्मचारी संघ उप्र. के प्रदेश महामंत्री योगेश उपाध्याय ने बताया कि ईएचआई कार्यालय में एसोसिएशन के प्रतिनिधि मंडल ने शुक्रवार को रीजनल डायरेक्टर से मुलाकात कर सभी कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा उपलब्ध कराने की मांग की। साथ ही विभाग में संविदा कर्मचारियों की स्थिति से अवगत कराया। जिसके बाद क्षेत्रीय निदेशक ने सभी कर्मचारियों को चिकित्सकीय सुविधा से आच्छादित करने के लिए एनएचएम को पत्र भेजने का आश्वासन दिया है। मालूम हो कि संविदा पर कार्यरत कर्मचारियों को ईएसआई में पंजीकृत किया जाता है।

उनके वेतन से अत्यंत मामूली 0.75 प्रतिशत वेतन से कटौती कर मुफ्त इलाज की सुविधा ईएचआई हॉस्पिटल में उपलब्ध कराई जाती है।

सुनील अध्यक्ष और राहिल बने सचिव

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश बिजली मजदूर संगठन की बैठक संगठन के प्रांतीय महामंत्री सुहेल आबिद की अध्यक्षता में परीक्षण खंड सेक्टर 25, इंदिरा नगर में आयोजित की गई। इसका आयोजन संगठन मंत्री सुमित श्रीवास्तव की देखरेख में किया गया। इस मौके पर बिजली मजदूर संगठन की परीक्षण खंड सेक्टर 25 इंदिरा नगर की कमेटी का अध्यक्ष सुनील कुमार और सचिव पर मो.राहिल को चुना गया। कोषाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सरवन सोनकर को दी गई। महामंत्री सुहेल आबिद के अनुसार परीक्षण कमेटी का गठन सर्व सम्मति से किया। गया। नवनिर्वाचित प्रतिनिधियों को महामंत्री सुहेल आबिद ने पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। साथ ही एकजुट होकर अपनी समस्याओं को संगठन के माध्यम से उठाने की बात कही। बैठक में नव निर्वाचित कमेटी का फूल माला पहना कर सभी कर्मचारियों ने स्वागत किया।

बैठक में संगठन उप महामंत्री सागर शर्मा, अमिताभ सिन्हा, गुफरान मसूद, कुलेन्द्र सिंह चौहान, दीपेंद्र कुमार, दीपक सिंह, अजय कुमार, राजेश कन्नौजिया, अशोक कुमार, अजय,सर्वोदय नगर से सुनील कुमार, बक्शी का तालाब से लेसा जोन अध्यक्ष प्रदीप वर्मा, देवी पाटन से संगठन मंत्री जुगल मिश्र, बाराबंकी से संगठन मंत्री शशि कटियार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। इस अवसर पर कर्मचारियों ने अपनी समस्याएं भी रखी। कर्मचारियों के उत्पीड़न किए जाने को लेकर विरोध प्रदर्शन भी किया गया।

नीट एसएस : सहायक आचार्य बनेंगे सप्लीमेन्ट्री बैच के विशेषज्ञ

अमृत विचार, लखनऊ: नीट एसएस 2020 (डीएम व एमसीएच) सप्लीमेन्ट्री बैच के विशेषज्ञों को अनिवार्य सेवाबांड के तहत सरकारी मेडिकल कॉलेजों में बतौर सहायक आचार्य नियुक्त किया जायेगा। इसके लिए चिकित्सा शिक्षा विभाग द्वारा 15 मई को इन पर्सन ऑनलाइन काउंसिलिंग कराई जाएगी। डीजीएमई द्वारा जारी नोटिस में स्पष्ट किया कि सप्लीमेंट्री बैच में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को ऑल इंडिया रैंक के आधार पर समायोजित किया जायेगा। निर्धारित तिथि पर चिकित्सा शिक्षा महानिदेशालय के सभागार में काउंसिलिंग संपन्न होगी। अभ्यर्थियों को कांउसिलिंग में नीट 2020 के प्रवेश पत्र एवं स्कोर कार्ड , जिसमें ऑल इंडिया रैंक अंकित हो, लाना होगा।

वसूल नहीं पाए स्वरोजगार के लिए दिया गया ऋण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ 35 जिले में वसूली 5.76 लाख, 40 जिलों में शून्य, मांगा स्पष्टीकरण

▸▸ पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम दिया था 25 करोड़ कर्ज

अमृत विचार : 35 जिलों के पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी स्वरोजगार के लिए दिए गए ऋण के सापेक्ष अप्रैल में 5.76 लाख रुपये ही वसूल पाए। 40 जिलों में तो वसूली शून्य रही। इन जिलों के अधिकारियों से निदेशक ने स्पष्टीकरण मांगा है।

उप्र पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम ने स्वरोजगार के लिए जिलों पर ऋण वितरण किया था। लाभार्थियों से वसूली न होने से करीब 25 करोड़ रुपये फंस गए और योजनाएं भी बंद कर दी गईं। जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारियों को 50-50 लाख रुपये वसूली का लक्ष्य दिया गया था। कुल वसूली लक्ष्य 2.16 करोड़ था। अधिकारियों का तर्क रहा कि मौके पर लाभार्थी नहीं मिलते हैं। निदेशालय के अनुसार आगरा, आजमगढ़, प्रतापगढ़, फतेहपुर, कन्नौज, कानपुर नगर, फर्रुखाबाद, देवरिया, चित्रकूट, बांदा, हमीरपुर, बलरामपुर, श्रावस्ती, अम्बेडकर नगर, अयोध्या, बाराबंकी, सुल्तानपुर, पीलीभीत, बदायूं, शाहजहांपुर, सन्तकबीर नगर, सिद्धार्थ नगर, जेपी नगर, बिजनौर, बुलन्दशहर, लखीमपुर खीरी, रायबरेली, सीतापुर, लखनऊ, हरदोई, गाजीपुर, चन्दौली, जौनपुर, सोनभद्र व मिर्जापुर में 5.76 लाख रुपये वसूले जा सके हैं।

कार्रवाई | चुनाव के चलते हुई सख्ती में 24,48,726 लोगों को किया गया पाबंद

55 दिन में तीन क्विंटल विस्फोटक और 522 बम पकड़े

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : भारत निर्वाचन आयोग के निर्देश पर पुलिस विभाग ने 55 दिनों में तलाशी अभियान चलाकर 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक और 522 बम बरामद किए। 4705 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए और 24,48,726 लोगों को शांतिभंग की आशंका में पाबंद किया जा चुका है।

जानकारी के अनुसार 16 मार्च से 9 मई तक 4705 शस्त्र लाइसेंस निरस्त किए गए हैं। इसके अलावा 536 शस्त्र जब्त किए गए हैं। शांतिभंग की आशंका में सीआरपीसी के तहत 27,20,387 लोगों को नोटस जारी किए गए। इसमें 24,48,726 लोगों को पाबंद किया जा चुका है। इसी तरह 9059 अवैध शस्त्र, 9149 कारतूस, 3019.32 किलोग्राम विस्फोटक व 522 बम बरामद किए जा चुके हैं। इसी तरह अवैध शस्त्र बनाने वाले 4016 अड्डों पर छापे मारे गए। इसमें 173 को सीज कर दिया गया।

▸▸ 4705 शस्त्र लाइसेंस भी निरस्त किए गए

एक दिन में 32 हजार को किया पाबंद

प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि सघन जांच के लिए 464 अंतरराज्ययीय चेक पोस्ट और राज्य के भीतर 1728 चेकपोस्ट बनाए गए हैं। इनमें जांच के दौरान नौ मई को पुलिस विभाग ने आपराधिक व्यक्ति का लाइसेंस निरस्त कर शस्त्र जमा कराया गया। इसके अलावा निरोधात्मक कार्रवाई कर 32,124 लोगों को पाबंद किया गया। 63 अवैध असलहे, 65 कारतूस और आठ बम बरामद किए गए। अवैध शस्त्र बनाने वाले 38 केंद्रों पर छापे डाले गए, इनमें एक को सीज किया गया।

मनीष यादव के जरिये पुलिस तलाशेगी बिश्नोई गैंग की जड़ें

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गुरुवार को गोरखपुर से पकड़ा गया था गैंग का सदस्य मनीष यादव

▸▸ गैंग के दो सदस्य गोरखपुर से जुड़े होने से एसटीएफ ने बढ़ाई सक्रियता

अमृत विचार : लारेंस बिश्नोई गैंग की जड़ें उत्तर प्रदेश के पूर्वांचल में भी गहरी होने के पुलिस को संकेत मिल रहे हैं। गुरुवार को गैंग के एक सदस्य मनीष को एसटीएफ ने गोरखपुर से गिरफ्तार किया। इसके पहले हरियाणा के अंबाला में व्यवसायी पर हमले के लिए हथियार सप्लाई करने आरोपी भी गोरखपुर का निवासी ही निकला था।

एसटीएफ ने बिश्नोई गैंग के मनीष यादव को गुरुवार को गोरखपुर से गिरफ्तार किया था। उससे पूछताछ कर पुलिस में सक्रिय गैंग के सदस्यों की जानकारी जुटाएगी। पुलिस को गैंस के सदस्य उप्र. में सक्रिय होने का अनुमान है। हरियाणा एसटीएफ और उप्र. एसटीएफ ने गोरखपुर में मनीष को गिरफ्तार किया गया। एसटीएफ अफसरों ने बताया कि इसी गैंग का सदस्य शशांक पांडेय अंबाला जेल में बंद है। वह भी गोरखपुर का ही निवासी है। अप्रैल 2023 में अंबाला शहर में मखन सिंह लबाना से बिश्नोई के चचेरे भाई व गैंग के सदस्य अनमोल बिश्नोई ने 50 लाख की रंगदारी की मांग की थी। रंगदारी न देने पर मखन के घर पर फायरिंग की गई थी।

आरोप है कि हरियाणा के विक्की लाला, शशांक पांडेय और मनीष यादव ने फायरिंग में इस्तेमाल पिस्टल की सप्लाई बिश्नोई गैंग को की थी। गोरखपुर से मनीष और शशांक का नाम सामने आने के बाद एसटीएफ ने जांच तेज कर दी है।

पांच हजार ग्राम पंचायतें को मिलेगा आईएसओ प्रमाण

अमृत विचार, लखनऊ : इस वर्ष प्रदेश की पांच हजार ग्राम पंचायतों को अंतर्राष्ट्रीय मानकीकरण संगठन (आईएसओ) प्रमाण दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। ग्राम पंचायतों में कार्यों की गुणवत्ता के आधार पर चयन किया जाएगा। पंचायती राज विभाग ने ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों और उनकी गुणवत्ता निर्धारित करने के लिए आईएसओ प्रमाण दिलाने की पहल की है। प्रदेश में वर्ष 2024-25 में 57,691 ग्राम पंचायतें हैं। इसमें अच्छा काम करने वाली पांच हजार ग्राम पंचायतों को आईएसओ प्रमाण दिलाने का लक्ष्य है। पंचायती राज निदेशक अटल कुमार राय ने बताया कि आईएसओ से ग्राम पंचायत को अलग पहचान मिलेगी और कार्यों की गुणवत्ता का एक मानक तय होगा। विकास कार्यों में पारदर्शिता भी आएगी। इस प्रक्रिया में पांच सौ ग्राम पंचायत वाले 22 जिले, एक हजार ग्राम पंचायत वाले 33 जिले, 1500 ग्राम पंचायत वाले 16 जिले व 1500 से अधिक ग्राम पंचायत वाले चार जिले चयनित किए जाएंगे। इसके लिए सभी जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देश जारी किए गए हैं।

विनय त्यागी की हत्या का आरोपी मुठभेड़ में ढेर

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ गाजियाबाद में हुई मुठभेड़ में दरोगा जख्मी

▸▸ टाटा स्टील के सेल्स हेड की हुई थी हत्या

अमृत विचार: गाजियाबाद में टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या का आरोपी शुक्रवार सुबह मुठभेड में ढेर हो गया। मुठभेड में एक पुलिस के सब इंस्पेक्टर को भी गोली लगी। उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है। थाना शालीमार गार्डन की पुलिस टीम आपराधिक घटनाओं को लेकर चेकिंग कर रही थी।

इस दौरान दो बाइक सवार तेजी से भागे। शक होने पर पुलिस ने उनका पीछा किया। पार्श्वनाथ की थंडर बिल्डिंग के बंद गेट के सामने बाइक फिसलने से दोनों सवार गिर गए। पीछे से पुलिस आते देख दोनों ने पुलिस पर ही फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी फायरिंग शुरू की। फायरिंग में एक बदमाश गोली लगने से घायल हो गया और दूसरा अंधेरे का फायदा उठा कर भाग निकला। बदमाशों की फायरिंग में पुलिस उप निरीक्षक मंगल सिंह घायल हो गए। घायल मंगल सिंह व बदमाश को पुलिस जिला अस्पताल ले गई। वहां डॉक्टर ने बदमाश को मृत घोषित कर दिया गया। मृतक बदमाश की पहचान दक्ष के रूप में हुई। थाना पुलिस के मुताबिक दक्ष ने थाना शालीमार गार्डन क्षेत्र में 3 मई को टाटा स्टील के इंडिया सेल्स हेड विनय त्यागी की हत्या के आरोप में वांछित। उसके पास से 32 बोर की पिस्टल और कारतूस बरामद किए गए हैं।

दक्ष उर्फ अक्की

मैनपुरी का निवासी था दक्ष

मूठभेड़ में ढेर दक्ष उर्फ अक्की मैनपुरी के किशनी थाना क्षेत्र के ग्राम हरिसिंहपुर का निवासी है। उसने मई को गाजियाबाद के राजेंद्र नगर सेक्टर पांच निवासी विनय त्यागी की हत्या कर दी गई थी। उनका शव चार मई को गाजियाबाद के खेतान पब्लिक स्कूल के पीछे पड़ा मिला था। पुलिस ने दक्ष के खिलाफ हत्या का मामला दर्ज किया था। तब से पुलिस दक्ष की तलाश कर रही थी।

जानकीपुरम में किया मतदाताओं को जागरूक

अमृत विचार लखनऊ: लखनऊ विश्वविद्यालय के द्वितीय परिसर, जानकीपुरम में मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान निकाली गई पद यात्रा में राहगीरों और दुकानदारों को मतदान का महत्व बताया गया, वहीं 20 मई को होने वाले चुनाव में मतदान करने की अपील की गई ,विश्वविद्यालय गेट से जानकीपुरम चौराहा होते हुए यात्रा वापस विश्वविद्यालय पहुंचकर समाप्त हुई। इस मौके पर कुलपति प्रो. आलोक राय, डीन स्टूडेंट वेलफेयर प्रो. संगीता साहू, डीन कॉलेज डॉ. अवधेश त्रिपाठी, मुख्य कुलानुशासक प्रो. राकेश द्विवेदी, प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव, द्वितीय परिसर के निदेशक प्रो. राकेश कुमार सिंह, प्रो. बंशीधर सिंह, प्रो. विनीता काचर, प्रो आनंद विश्वकर्मा, ड़ा.आलोक कुमार यादव, प्रो. मो. अहमद, ड़ा अर्चना सिंह, कार्यक्रम के संयोजक अतिरिक्त छात्र कल्याण अधिष्ठाता डॉ अभिषेक तिवारी अन्य मौजूद रहे।

खरबपतियों का कर्ज माफ किया, किसानों का नहीं : प्रियंका

कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव जनसभा में पीएम मोदी और भाजपा सरकार पर जमकर बरसीं

परशदेपुर, रायबरेली

अमृत विचार। कस्बे के अंसार चौक चौराहे पर शुक्रवार को नुक्कड़ सभा को संबोधित करने पहुंची प्रियंका गांधी के निशाने पर एक बार फिर प्रधानमंत्री और भाजपा सरकार रही। उन्होंने कहा कि भाजपा आपकी समस्याओं पर बात नहीं कर रहे बल्कि चुनाव भारत में हो रहा और बात पाकिस्तान की कर रहे।

देश के लिए अपनी जान देने वाले नेता राजीव गांधी और इंदिरा गांधी जिन्होंने पाकिस्तान को तोड़कर बांग्लादेश बनाया उनको प्रधानमंत्री देशद्रोही कह रहे हैं। मंगलसूत्र और भैंस चुराने पर भी उन्होंने प्रधानमंत्री को घेरते हुए कहा कि प्रधानमंत्री हमेशा साफ सुथरे दिखते हैं। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी जब प्रधानमंत्री थे और यहां आते थे तो जब जनता नाराज होती थी तो उन्हें डांट भी देती थी। वो समझते थे जनता का अधिकार है डांटना। उन्होंने कहा कि बड़े-बड़े खरबपतियों के 16 लाख करोड़ रुपए माफ कर दिए गए और किसान एक लाख के रूपए के लिए आत्महत्या कर रहा है। प्रधानमंत्री के पास अपने खरबपति मित्रों के कर्ज माफ करने के लिए पैसे हैं लेकिन किसान के लिए नहीं है। इस मौके पर कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा, अर्जुन पासी, आरपी यादव, मोहम्मद तौफीक, टीएन त्रिपाठी, जहीर हमद, आरिफ नकवी, सत्येंद्र सिंह आदि मौजूद रहे।

जनसभा को संबोधित करतीं प्रियंका गांधी, साथ में कांग्रेस प्रत्याशी केएल शर्मा। अमृत विचार

जनसभा में महिलाओं से हाथ मिलातीं प्रियंका गांधी। अमृत विचार

प्रियंका गांधी को देखने के लिए उत्साहित महिलाएं।

पिता को याद कर भावुक हुईं प्रियंका गांधी

पिता को याद कर प्रियंका जनसभा में भावुक हो गई। उन्होंने कहा कि जब भी पिता राजीव के साथ सलोन आई हूं लोगों ने उन्हें दिलो में जगह दी है। यहां के कई लोग हैं जिनके घर मैं कई बार गई हूं। अमेठी मेरा परिवार है। जिसके साथ भावनात्मक रिश्ता है। यह रिश्ता कभी नहीं टूटेगा। अमेठी में उन्हें काम करते देखा है। प्रियंका ने अमेठी से कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा को जिताने की बात कही।

प्रियंका का मोदी पर करारा हमला, बोलीं-प्रधानमंत्री सबसे बड़े कायर हैं

रायबरेली, अमृत विचार। अमेठी संसदीय क्षेत्र की जनता से संवाद करते हुए कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने कहा कि आज हमारे प्रधानमंत्री सबसे बड़े कायर हैं, क्योंकि नेता का धर्म होता है सवाल का जवाब दो। इसी को लोकतंत्र बोलते हैं। लोकतंत्र में जनता सर्वोपरि होती है। अगर आप नाराज होते हैं तो नेता का फर्ज है कि वह झुके और आत्मचिंतन करे। आज के नेता इतने अहंकारी हो गए हैं कि सवाल ही नहीं उठाने देते। आज सबको डराया जा रहा है। स्कूल के बच्चे बता देंगे कि जो डराता-धमकाता है, वही कायर होता है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने अमेठी संसदीय क्षेत्र के सलोन विधानसभा क्षेत्र के सूची में नुक्कड़ सभा को संबोधित किया। कहा कि हमारे आपके बीच एक पुराना और प्रगाढ़ रिश्ता है, जो बाहर से आने वाला कोई व्यक्ति समझ नहीं सकता। यह रिश्ता और मजबूत होने जा रहा है। अमेठी एक बार फिर से कांग्रेस के साथ है। बेरोजगारी और महंगाई के दौर में भाजपा आपकी समस्याओं पर कोई बात नहीं कर रही है। प्रधानमंत्री जी सिर्फ ध्यान भटकाने वाली बातें कर रहे हैं। आप इस परिपाटी को बदलिए और वो राजनीति वापस लाइए जिसमें आप सीधा प्रधानमंत्री से सवाल किया करते थे। प्रियंका गांधी ने प्रधानमंत्री सिर्फ ध्यान भटकाते हैं। आज देश में जिस तरह की राजनीति चल रही है, उससे सिर्फ आपका नुकसान हो रहा है। एक तरफ टीवी पर आप देखते हैं कि देश बहुत आगे बढ़ रहा है।

शांती नगर और आनंद नगर का हुआ आत्मनिर्भर वार्ड में चयन

महराजगंज, रायबरेली

अमृत विचार। स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत नगर पंचायत द्वारा शांती नगर व आनंद नगर वार्ड को आत्मनिर्भर वार्ड चयन किया गया। ईओ अपर्णा मिश्रा द्वारा चयनित आदर्श वार्डों के सभासदों ऊषा त्रिपाठी व विनीत वैश्य को पत्र सौंप जनता के माध्यम से स्वच्छता में सहयोग करने की अपील की है। नगर को स्वच्छ व सुंदर रखने की मुहिम के तहत शासन के मानकों के अनुसार दो वार्डों शांतीनगर व आनंद नगर को आत्मनिर्भर वार्ड घोषित किया गया। ईओ अपर्णा मिश्रा ने बताया कि स्वच्छता सर्वेक्षण 2024 के तहत इन दोनों ही वार्डों को स्वच्छ करने के साथ ही जनता के सहयोग से सुंदर भी बनाया जाएगा। जिसके लिए इन वार्डों में डोर-टू-डोर कूड़ा कलेक्शन, नियमित साफ सफाई का कार्य किया जाएगा। सर्वे के दौरान सर्वाधिक अंक पाने वाले वार्ड को शासन द्वारा पुरस्कृत भी किया जाना है। शांती नगर सभासद ऊषा त्रिपाठी ने कहा की वार्ड को विकास की योजनाओं से जोड़ने के अलावा स्वच्छ व सुंदर बनाने को वह संकल्पित हैं। घर-घर लोगों को प्रेरित करने व टोली बना कर वार्ड को गंदगी मुक्त करने के हर संभव प्रयास करेगी। वहीं, विनीत वैश्य ने कहा की वार्ड की प्रगति में दिन रात एक कर वार्ड को स्वच्छ रखने में पूरा सहयोग किया जाएगा। इस दौरान दोनों वार्डों के चयन होने पर चेयरमैन सरला साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य प्रभात साहू, सभासद नुरुल हसन, मो. अलीम, रामकुमार यादव, कमलेश कुशमेश, मो मुस्ताक, धर्मेंद्र वर्मा, जमुना पासवान, शिवकुमार ने ऊषा त्रिपाठी व विनीत वैश्य को बधाई दी है।

सभासद ऊषा त्रिपाठी को आत्म निर्भर वार्ड का चयन पत्र सौंपती ईओ।

ट्रक ने मंदिर का मुख्य द्वार तोड़ा, तहरीर दी

पुरवा। लकड़ी लदे ओवरलोड ट्रक ने बिल्लेश्वर महादेव मंदिर का दही मोहनलालगंज मार्ग पर बने मुख्य द्वार तोड़ दिया। पुजारी ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बीती गुरुवार रात करीब 10 बजे मौरावा से एक ट्रक नीम की हरी लकड़ी लादकर पुरवा आ रहा था। मिर्री चौराहा पर पुलिस चेकिंग से बचने के लिए वह बिल्लेश्वर महादेव मंदिर से शीतलगंज मार्ग पर मंदिर की ओर मुड़ गया। ओवरलोड होने से वह बिल्लेश्वर महादेव मंदिर के मुख्य द्वार पर फंस गया। जिससे मंदिर में दोनों ओर बने खंभे गिर गए और उनका पिलर ट्रक पर गिर गया। मंदिर के पुजारी मनोज राजपूत व स्थानीय लोग पहुंचे और कोतवाली पुलिस को इसकी सूचना दी। पुजारी ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की। दरोगा सियाराम चौरसिया ने बताया कि अभी शिकायत नहीं मिली है।

मतदाता जागरुकता रैली को डीएम ने दिखाई झंडी

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। 20 मई को पांचवें चरण में होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर स्वीप के तहत मतदाताओं को जागरूक करने के लिए कलेक्ट्रेट परिसर से मोटर साइकिल रैली निकाली गई।

जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने हरी झंडी दिखाकर मोटर साइकिल रैली को रवाना किया। यह मोटर साइकिल रैली शहर के जिला अस्पताल चौराहा, जीआईसी स्कूल, कहारों का अड्डा, जहानाबाद चौकी, त्रिपुला चौराहा, रतापुर चौराहा से होते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में समाप्त हुई। इस मोटर साइकिल रैली के माध्यम से जहां एक तरफ लोगों को मतदान करने के लिए जागरूक किया गया। वहीं सभी को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत मौजूद लोगों को मतदान करने की शपथ दिलाई गई। मोटर साइकिल रैली में बेसिक शिक्षा विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, पंचायती राज सहित हजारों लोगों ने भाग लिया। लोकसभा चुनाव में कम मतदान प्रतिशत को लेकर चुनाव आयोग पहले भी चिंता जता चुका है, जिसको लेकर जिला प्रशासन लगातार मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए तरह-तरह के आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया जा रहा है।

मतदाता जागरुकता रैली को झंडी दिखाकर रवाना करतीं डीएम हर्षिता माथुर।

कलेक्ट्रेट परिसर में मतदान के लिए शपथ लेते कर्मचारी।

परशुराम के आदर्शों पर चलने की लें प्रेरणा : बृजेशदत्त

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। कस्बे के मोहल्ला टिकैत नगर में राम जानकी मंदिर परिसर में नगर पंचायत अध्यक्ष बृजेश दत्त गौड़ की अध्यक्षता में भगवान श्री परशुराम की जयंती का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलने की सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। इस मौके पर दुर्गाशंकर बाजपेयी, पंकज, दिनेश त्रिपाठी, बब्बू पांडा, पुकुन शुक्ला, शुभम गौड़, योगेश शर्मा, आलोक द्विवेदी, कोतवाल पंकज सोनकर, संजय शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

'अमृत विचार' की मुहिम | आओ बनें देश का सशक्त मतदाता

रायबरेली, अमृत विचार। सरेनी के ब्राइट कैरियर पब्लिक स्कूल की कक्षा 7 की छात्रा सृष्टि तिवारी ने अपनी कलाकृति के माध्यम से मतदाताओं को जागरूक करते हुये चित्र में बताया है कि मतदाताओं को मतदान अपनी जिम्मेदारी समझनी चाहिए। अपने वोट की ताकत को जरूर समझें और घरों से निकल कर मतदान करें। आपके भी मन में मतदान को लेकर कोई सवाल गूंज रहा है तो उसे अमृत विचार समाचार पत्र में भेज सकते हैं। आपकी कलाकृतियों के माध्यम से सवाल और जवाब प्रकाशित किया जाएगा। 20 मई को होने वाले चुनाव में जिला प्रशासन की मतदान प्रतिशत बढ़ाने की मुहिम में आप भी अपनी भागीदारी कर सकते हैं। अपनी कलाकृतियों को ई-मेल आईडी avrbl@gmail.com या व्हाटसएप नंबर 9140826999 पर भेज सकते हैं।



रोटी, रोजगार व रहने के लिए केंद्र सरकार ने दी छत : गौतम

कार्यक्रम को संबोधित करते भाजपा के सांसद सतीश गौतम। अमृत विचार

सलोन, रायबरेली

अमृत विचार। भगवान परशुराम ने शस्त्र व शास्त्र दोनों का प्रयोग करते हुए अन्याय के खिलाफ लड़ाई लड़ी। ठीक वैसी ही लड़ाई आज देश में चुनाव के माध्यम से लड़ी जा रही है। उक्त वक्तव्य अलीगढ़ से सांसद सतीश गौतम ने परशुराम जयंती पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान जनता को संबोधित करते हुए कही है।

पार्टी कार्यालय जानकी पुरम सलोन बाईपास पर आयोजित कार्यक्रम में सांसद सतीश गौतम ने कांग्रेस पार्टी पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि अरुणाचल प्रदेश में भगवान परशुराम के नाम से कुंड बनाने का काम भाजपा सरकार ने किया है। उन्होंने कहा कि ब्राम्हण समाज के उद्धार के लिए बना है। इसी के साथ उन्होंने मोदी सरकार के विकास योजनाओं को लेकर उपलब्धियां गिनाई। सांसद ने कहा कि जब से मोदी की सरकार केंद्र में बनी है बिना भेदभाव के हर तबके को सहारा दिया है। रोटी, रोजगार और रहने के लिए छत दी है। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में देश विकास की पटरी पर तेजी से दौड़ रहा है। उन्होंने अमेठी सांसद स्मृति ईरानी को भारी बहुमत से जीतने की अपील करते हुए लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस मौके पर विधायक अशोक कोरी, राजेन्द्र चतुर्वेदी, सुधीर सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

एनटीपीसी की बंद यूनिट का उत्पादन 10 दिन बाद शुरू

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। दस दिन पहले तकनीकी खराबी के कारण एनटीपीसी में बंद की गई 210 मेगावाट की यूनिट का उत्पादन शुरू हो गया है। इस यूनिट को शुक्रवार सुबह तीन बजे चलाया गया है। दोपहर बाद यूनिट ने अपने पूरे भार पर उत्पादन शुरू कर दिया है।

ज्ञात हो कि बीती एक मई को एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में 210 मेगावाट क्षमता की यूनिट संख्या तीन के प्राथमिक वायु पंखे में खराबी आ गई थी। जिसके कारण इस यूनिट को बंद करना पड़ा था। प्राथमिक वायु पंखे ब्वायलर सिस्टम को उच्च दबाव वाली हवा प्रदान करते हैं, जो एपीएच के माध्यम से इसमें प्रवेश करती है। इस हवा का उपयोग कोयले को सुखाने और उसे मिल से भट्ठी तक पहुंचाने के लिए किया जाता है। यह ब्वायलर में प्राथमिक दहन के लिए ऑक्सीजन भी प्रदान करता है। पंखे द्वारा ठंडी और गर्म दोनों हवा प्रदान की जा सकती है। प्राथमिक फैन में खराबी के कारण ब्वायलर में कोयले को जलाने में दिक्कत आ रही थी। इसलिए यूनिट को बंद कर दिया गया था। दस दिन तक चले मरम्मत कार्य के बाद इस यूनिट को पुनः चलाया गया। दोपहर बाद यूनिट ने अपनी पूरी क्षमता से विद्युत उत्पादन शुरू कर दिया है।

खाते से निकल गए दो लाख, बैंक टरका रहा

संवाददाता सफीपुर, उन्नाव

- पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की गुहार लगाई

अमृत विचार। गैर प्रांत में रहकर मजदूरी कर अपने खाते में एकत्र की हुई राशि को बैंक कर्मियों ने साठगांठ कर बिड्राल से एक बार में ही मोटी रकम निकाल ली। दो माह बाद वापस आए खाताधारक के 2 लाख रुपये खाते से निकल जाने से होश उड़ गए। पीड़ित कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहा लेकिन, अब तक खाते से निकली राशि वापस नहीं हुई। इस पर उसने पुलिस को शिकायती पत्र देकर न्याय की मांग की है। सफीपुर ग्रामीण क्षेत्र के मोहल्ला निर्मल नगर निवासी पीड़ित खाता धारक मनोज पुत्र रामऔतार ने पुलिस को दिए गए शिकायती पत्र में बताया कि उसने दिल्ली में मजदूरी कर धनराशि एकत्रित की थी। जिसे वह सफीपुर नगर की आर्यावर्त ग्रामीण बैंक शाखा में संचालित अपने खाते में 2,02,785 रुपए कई बार में जमा किए थे। इसके बाद वह दिल्ली चला गया था। दो माह बाद जब वह लौटा और बैंक गया तो पता चला कि उसके खाते से 2 लाख रुपए एक ही बार में निकाल लिए गए हैं। उसने बैंक कर्मियों की मिलीभगत से खाते से दो लाख रुपये एक बार में विड्राल से निकाल लिए जाने का आरोप लगाया है। बैंक कर्मी उसे कोई संतोष जनक जवाब नहीं दे पा रहे हैं। शुक्रवार को भी शाखा प्रबंधक ने पीड़ित को बैंक में काफी देर बैठाया। पीड़ित ने पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है।

राजनीति | अमेठी से हारने के बाद राहुल गांधी ने इस बार रायबरेली की ओर किया रुख

मां की विरासत से चमकने की कोशिश में राहुल

धर्मेन्द्र प्रधान

रायबरेली, अमृत विचार। मई की तपती दोपहरी के साथ रायबरेली का सियासी पारा शबाब पर है। एक तरफ भाजपा से प्रदेश सरकार में मंत्री दिनेश प्रताप सिंह चुनावी समर में है, तो दूसरी तरफ मां की विरासत पर सियासी बल्लेबाजी करने के लिए राहुल गांधी चुनावी पिच पर है। 2019 के चुनाव में अमेठी से हार के बाद राहुल गांधी ने इस बार रायबरेली की ओर रुख किया है। कारण इस बार उनकी मां सोनिया गांधी रायबरेली से चुनाव नही लड़ रही है। इस बार जहां राहुल गांधी को अपना गढ़ बचाए रखने के लिए चुनौती है तो भाजपा के लिए भी कांग्रेस के इस किले को फतह करना आसान नही है।

रायबरेली में कमल खिलाने के लिए इस बार भारतीय जनता पार्टी ने जहां चारों ओर से कांग्रेस को घेर रखा है वहीं कांग्रेस की ओर से अकेले प्रियंका गांधी इस वक्त चुनावी प्रचार को संभाल रही हैं। भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह स्थानीय नेता हैं, प्रदेश सरकार में मंत्री है। जिले में उनकी अच्छी पकड़ है। यह अलग बात रही कि पिछली बार वह चुनाव हार गए थे लेकिन कांग्रेस को उन्होंने कड़ी टक्कर दी थी। नतीजा यह रहा कि हर बार बड़े अंतर से चुनाव जीतनी वाली सोनिया गांधी 1 लाख 67 हजार 178 मतों से ही जीत मिल सकी थी। कांग्रेस की ओर से राहुल गांधी अपनी मां की विरासत से फिर अपनी सियासत चमकाने की कोशिश में है। अमेठी में मिली हार के बाद राहुल ने यूपी की ओर रुख नही किया था लेकिन नामांकन के अंतिम दिन तमाम अटकलों के बीच रायबरेली संसदीय सीट के लिए नामांकन कर दिया। राजनीति के जानकरों की माने तो उनका कहना है कि राहुल गांधी रायबरेली से जहां पहली बार चुनाव लड़ रहे है वही रायबरेली के किले को बचाए रखने की उनके सामने बड़ी चुनौती थी।

कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी।

भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।

सार-संक्षेप

वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं अधिवक्ता ने किया जनसंपर्क

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। वरिष्ठ कांग्रेसी नेता एवं सुप्रीम कोर्ट के अधिवक्ता विश्वनाथ चतुर्वेदी उर्फ मोहन ने कांग्रेस पार्टी के पक्ष में कस्बे में मुख्य मुख्य स्थानों पर लोगों से 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव के संदर्भ में जनसंपर्क किया। सर्वप्रथम उनका स्वागत कस्बे के जिला परिषद मार्केट में डॉक्टर चंद्रमणि त्रिपाठी के नेतृत्व में किया गया। इस मौके पर संतोष वर्मा, पलटू दास, नान्हू नेता, मोहम्मद ताहिर, शशिकांत मिश्रा, पंकज भदौरिया प्रवीण कुमार, गुड्डू, अनु यादव, आशीष चौधरी सहित भारी संख्या में कस्बा वासी उपस्थित रहे।

झाड़ियों में मिला ट्रक चालक का शव, हत्या की आशंका

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। ट्रक लेकर ऊंचाहार आए एक चालक का शव राजमार्ग के किनारे झाड़ियों में सदिग्ध अवस्था में मिला है। उसके चेहरे पर चोट के निशान है। संभावना जताई जा रही है कि उसकी हत्या करके शव को झाड़ियों में फेंका गया है। पुलिस मामले की पड़ताल कर रही है। प्रारंभिक जांच में पुलिस ने हत्या की संभावना से इंकार कर रही है। घटना गुरुवार शाम की है। नगर से जुड़े मदारीगंज गांव के आगे की है। शाम को लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग के किनारे ग्रामीणों ने झाड़ियों में युवक का शव पड़ा देखा तो हड़कंप मच गया। आसपास के लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को झाड़ी से बाहर निकलवाया। उस समय शव की शिनाख्त नही हो पाई थी। शव के चेहरे पर चोट के निशान थे। तब पुलिस का तर्क था कि कोई विक्षिप्त झाड़ी में जाकर मर गया है। वहीं, देर रात शव की पहचान जय प्रकाश (35) निवासी हरचंदपुर के रूप में हुई। कोतवाल अनिल कुमार सिंह ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। घटनास्थल के आसपास लोगों से पूछताछ की गई है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद मृत्यु का कारण स्पष्ट हो पायेगा।

कुएं में मिला युवती का शव

रायबरेली। संदिग्ध परिस्थितियों में जानवर चराने गई युवती का शव कुए में मिलने से हड़कंप मच गया। सूचना पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। डीह थाना क्षेत्र के बेतौरा गांव निवासी छोटेलाल की नाबालिग पुत्री का देर शाम शव मिला। जानकारी मिलते ही गांव में हड़कम्प मच गया। युवती का शव उस समय मिला जब वह जानवर चराने खेतों की ओर गई थी। युवती का शव देख अन्य जानवर चरा रहे ग्रामीणों ने परिजनों को सूचना दी। सूचना पर पहुंचे ग्रामीणों किसी तरीके से उसे बाहर निकाला। उधर किसी ने घटना की जानकारी पुलिस को दे दी। जानकारी मिलते ही कोतवाली प्रभारी अरविंद सिंह पुलिस बल के साथ पहुंच शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अज्ञात नवजात का शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप

डलमऊ, रायबरेली, अमृत विचार। गदागंज थाना क्षेत्र के सुद्वा हरदो गांव के बगल में बने खनखुरिया तालाब में अज्ञात नवजात शिशू का तीन दिन पुराना एक झोले में भरा शव मिलने से ग्रामीणों में हड़कंप मच गया। आज सुबह शुक्रवार को प्रात :काल कुछ ग्रामीण जब शौचक्रिया के लिए तालाब की तरफ गए तो देखा कि तालाब के पास लगभग एक तीन दिन पुराना नवजात शिशु का शव एक झोले में सडा पड़ा हुआ था। जिसको देखने के लिए ग्रामीणों का मजमा लग गया। वहीं ग्रामीणों के द्वारा गदागंज पुलिस को सूचना दी गई। गदागंज थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने बताया कि नवजात शिशु के शव को कब्जे में लेकर पंचनामा कराकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

बाइक व साइकिल टकरायी, एक ही हालत नाजुक

ऊंचाहार, रायबरेली, अमृत विचार। राजमार्ग पर गुरुवार की रात बाइक और साइकिल सवार की भिड़ंत में बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गया। सीएचसी में प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया है, जहां उसकी हालत नाजुक बनी हुई है। यह हादसा लखनऊ-प्रयागराज राजमार्ग पर क्षेत्र के कोटरा बहादुर गंज मोड़ के पास हुआ है। क्षेत्र के गांव गंज मजरे गांगौली निवासी गुलाब चंद्र किसी काम से बाइक से कहीं गया हुआ था। गुरुवार की रात वहां से वापस अपने घर लौट रहा था। रास्ते में राजमार्ग पर उसकी एक साइकिल सवार से भिड़ंत हो गई, जिससे वह सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। आसपास के लोगों ने एंबुलेंस के माध्यम से उसकी सीएचसी पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर हालत को देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

रंजिशन महिला को मारपीट कर किया घायल

लालगंज, रायबरेली। लालगंज कोतवाली क्षेत्र के देवगांव में कुछ लोगों ने रंजिशन में एक महिला को मारपीट कर जख्मी कर दिया। मामले में पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। मिली जानकारी के अनुसार महिला गीता पत्नी स्व. रामसजीवन को केशन तथा उसकी पुत्री गुड़िया ने मारपीट कर घायल कर दिया। महिला की हालत गंभीर देखते हुए लालगंज सरकारी अस्पताल के डॉक्टरों ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया है।

डंपर व पिकअप की आमने-सामने टक्कर में चालक घायल

अमावा, रायबरेली। अमृत विचार। मिल एरिया थाना क्षेत्र के सुल्तानपुर हाईवे पर डिघिया चौराहा के पास एक डंपर व पिकप मे आमने-सामने की भिड़ंत हो गई। इस घटना में दोनों वाहनों के चालक घायल हो गए आसपास के लोगों द्वारा उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया। यह घटना शुक्रवार की शाम थाना क्षेत्र के सुल्तान पुर हाइवे पर डिघिया चौराहे के पास की है। जानकारी के अनुसार अमेठी जिले के जद्दूपुर गांव निवासी धीरज यादव अपनी डंपर से गौरीगंज की ओर जा रहा था। तभी डिघिया चौराहे के पास पिकप से आमने सामने की भिड़ंत हो गईं। टक्कर इतनी जोरदार थी पिकप खंती मे जा कर पलट गई। इस घटना मे पिकप चालक गुरुबक्सगंज थाना क्षेत्र पतेडा गांव निवासी शिव कुमार मिश्रा व डंपर चालक धीरज यादव घायल हो गए। स्थानीय लोगो द्वारा दोनों घायलों को उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया गया। इस बाबत थानाध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने बताया मामला संज्ञान मे है दोनों घायल चालकों को इलाज के लिए जिला अस्पताल ले जाया गया! आगे की कार्यवाही जारी है।

उत्कृष्ट कार्य के लिए 46 शाखा डाकपाल व सहायक सम्मानित

ब्लाक सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद बैंक अधिकारी।

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। ब्लाक सभागार में शुक्रवार की दोपहर दो बजे डाकघर उप मंडल लालगंज के शाखा डाकपाल व सहायक शाखा डाकपालो की बैठक आयोजित की गयी। मुख्य अतिथि अधीक्षक डाकघर आरके अवस्थी द्वारा वित्तीय वर्ष 2023-24 में सुकन्या समृद्धि योजना, भारतीय डाक जीवन बीमा, पीओएसबी खाता खोलने में प्रथम स्थान अर्जित करने वाले शाखा डाकघर मीठापुर के संतराम श्रीवास्तव, ऊसुरू के हरिशंकर व बरहा के प्रतीक त्रिवेदी सहित तीन शाखा डाकपाल के साथ उत्कृष्ट कार्य करने वाले 46 शाखा डाकपाल व सहायक शाखा डाकपालों को प्रशस्ति पत्र व पुरुष्कार देकर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि आरके अवस्थी अधीक्षक डाकघर ने उत्कृष्ट कार्य करके पुरस्कार पाने वाले डाक कर्मियों को बधाई देते हुए कहा कि डाक विभाग द्वारा संचालित समस्त कल्याणकारी योजनाओं का लाभ ग्रामीण अंचल में समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना आप सभी की नैतिक जिम्मेदारी है। इस मौके पर डाकपाल सुशील कुमार बाजपेई, वरिष्ठ लिपिक फूल बाबू, मेल ओवरसियर देवेश कुमार, दिलीप कुमार, भुवनेश्वर दीक्षित, नीलू यादव, आकांक्षा यादव, दीपा सोनी, अंकिता यादव, अखिलेश्वर दीक्षित, दुर्गेश पटेल, अक्षय मौर्या, सीपी मिश्रा, रोहित तिवारी आदि सहित काफी संख्या में डाककर्मी मौजूद रहे।

छात्राओं ने निकाली मतदाता जागरूकता रैली

जगतपुर, रायबरेली। 20 मई को होने वाले लोकसभा चुनाव को लेकर छात्राओं में गजब का उत्साह दिखा और मतदाता जागरूकता रैली निकालकर लोगों से मतदान करने की अपील की। शुक्रवार को जगतपुर कस्बे में संचालित उज्जवल चिल्ड्रेन होम के छात्र-छात्राओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली। इसके अलावा हाथों में तख्तियां लिए हुए छात्रों ने कहा कि होने वाले लोकसभा चुनाव में आप सभी ज्यादा से ज्यादा मतदान करें और अपने मत का उपयोग करें। मौके पर आलोक सोनी, संजना पांडे, विक्रम सिंह, प्रदीप सिंह, जयदीप सिंह व बलवंत सिंह मौजूद रहे।

सत्संग का हुआ आयोजन

जगतपुर, रायबरेली। संत निरंकारी सत्संग भवन में शुक्रवार को महात्मा उषा देवी की अध्यक्षता में सत्संग का आयोजन किया गया। उन्होंने सत्संग के माध्यम से कहा कि सद्गुरु की कृपा से ही जीवन में खुशियां आई हैं। यह प्रभु परमात्मा हमारी सांसों में करीब था। प्रभु परमात्मा जानने योग्य है। सद्गुरु की कृपा से इसे एक पल में जाना जा सकता है और समय से सद्गुरु परमात्मा का ध्यान देकर मानव से जोड़ रहे और एक मानवता और इंसानियत वाला जीवन जीते हुए इस मानव तन पाने के उद्देश्य को सार्थक कर रहे हैं। इस मौके पर मीरा दीक्षित, संजू वर्मा, वंदना, पूनम, रेखा पांडे, सोनाली, रूपाली, शकुंतला, कुमकुम, लक्ष्मी, विमल, साधना, बबिता, रजनी आज महिला साथ संगत मौजूद रही।

शिवगढ़ में ताबड़तोड़ चोरियां, पुलिस नाकाम

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। जिले में बीते महीनों से चोरी की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। अब तक सबसे ज्यादा शिवगढ़ पुलिस की लचर कार्यशैली से चोरों के हौंसले बुलन्द हैं। लगातार चोरियों से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। मार्च और अप्रैल माह में हुई आधा दर्जन से अधिक चोरियों का खाकी अभी तक खुलासा नहीं कर पाई है। बीते तीन दिनों में बेखौफ चोरों ने सिलसिलेवार चोरी की आधा दर्जन वारदातों को अंजाम देकर पुलिस को खुली चुनौती दे दी है। लगातार हो रही चोरी की वारदातों से पुलिस की रात्रि गस्त की पोल खुल गई है।

केस 1 12 मार्च को रानीखेड़ा के तिवारी मार्केट में चोरों ने चार दुकानों का ताला तोड़कर नगदी सहित लाखों का सामान पार कर दिया था। चोरी की घटना सीसी टीवी कैमरे में कैद हो गई थी। दुकानदारों ने शिवगढ़ पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की थी। किन्तु पुलिस ने इस मामले में कोई मुकदमा दर्ज नहीं किया मुकदमा न दर्ज होने से चोरों के हौसले बुलन्द होते गए।

केस 2 8 अप्रैल को पूरे बरजोर मजरे बसंतपुर सकतपुर में बेखौफ चोरों ने रामसनेही व कल्लू के घर में चोरी की वारदात को अंजाम देकर 10 हजार की नगदी सहित 2 लाख के सोने चांदी के जेवरात पार कर दिए थे। रामसनेही व कल्लू ने शिवगढ़ थाने में चोरी तहरीर दी लेकिन पुलिस द्वारा मुकदमा नहीं दर्ज किया गया न ही कोई खुलासा किया गया।

केस 3 15 अप्रैल को बेखौफ चोरों ने तीसरी बार गोविंदपुर के मिनी सचिवालय में चोरी की वारदात को अंजाम देकर एलईडी सहित लाखों का सामान पार कर दिया था। जिसके संदर्भ में ग्राम प्रधान राजकुमार सिंह द्वारा थाने में तहरीर दी गई थी, लेकिन पुलिस ने कोई मुकदमा नहीं दर्ज किया। इस चोरी का सीसीटीवी फुटेज भी पुलिस को दिया गया, जिससे चोर को पहचाना जा सकता है लेकिन पुलिस एक माह बीतने को है अभी तक चोरों तक नहीं पहुंच पाई है।

केस 4 7 मई की रात शिवगढ़ थाने से एक किमी की दूरी पर स्थित मनऊखेड़ा मजरे नगर पंचायत शिवगढ़ में बेखौफ चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर 32 हजार रुपए नगदी सहित करीब 8 लाख के सोने चांदी के आभूषण पार कर दिया।

केस 5 8 मई को थाना क्षेत्र के बांदा-बहराइच हाईवे किनारे स्थित गूढ़ा बाजार में प्रियंका गांधी की नुक्कड़ सभा से पूर्व गूढ़ा प्रधान रामहेत रावत की जेब से चोरों ने 30 हजार रुपये नगदी व इसी गांव के रहने वाले साबिर की जेब से 11000 रुपये नगदी उड़ा दिए।

केस 6 9 मई की रात बेखौफ चोरों ने थाने से एक किमी की दूरी पर जयचन्दपुर मजरे बैंती स्थित बड़े बाबा के मन्दिर को निशाना बनाकर मंदिर में बंधे 100 से अधिक घण्टे व बक्से में रखे करीब 5000 रुपये पार कर दिए। पुलिस की लचर कार्यशैली से क्षेत्र में दहशत का माहौल व्याप्त है। सबसे बड़ी विडम्बना है कि लगातार चोरियां हो रही है फिर भी पुलिस मुकदमा नहीं दर्ज कर रही है। यह एक बड़ा सवाल बना हुआ है। लगातार हो रही चोरियों से लोगों का विश्वास खाकी से उठता जा रहा है।

> जल्द चोरियों का खुलासा किया जा रहा है। पुलिस इस पर बराबर काम कर रही है।
> **श्याम कुमार पाल, थाना प्रभारी**

परशुराम मंदिर का हुआ शिलान्यास

बछरावां, रायबरेली, अमृत विचार। विकास क्षेत्र के हसनगंज ग्राम सभा में स्थित पाठक ठाकुर द्वारा के प्रांगण में परशुराम जयंती के अवसर पर परशुराम मंदिर के शिवन्यास एवं भूमि पूजन का कार्यक्रम धूमधाम एवं शास्त्रीय विधि के साथ संपन्न हुआ। इस मौके पर राजू पाठक, शिवेंद्र सिंह उर्फ रामजी, कृष्ण कुमार वर्मा, आशीष कुमार मिश्रा, पुनीत कुमार मिश्रा, प्रशांत चतुर्वेदी, ज्ञानेंद्र गुप्ता, राजेंद्र कुमार शुक्ला, मोहम्मद अख्तर, बाबू शुक्ला, मनोज मिश्रा, पंकज शुक्ला, दिलीप पाठक सहित भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

सार-संक्षेप

परशुराम के जन्मोत्सव पर भंडारा आयोजित

भक्तों को प्रसाद वितरित करते आयोजक। अमृत विचार

डीह, रायबरेली, अमृत विचार। भगवान परशुराम के जन्मोत्सव पर भगवान परशुराम का पूजन एवं मेधावी छात्रों को सम्मानित किया गया। इस दौरान मेधावी छात्रों देवेश शुक्ला, अनुभवी पांडेय, अमन मिश्रा, दिवांशी मिश्रा को सम्मानित किया गया। इस कार्यक्रम के आयोजन में दीपू शुक्ला, विनय पांडेय, अनिल तिवारी, शिवप्रसाद तिवारी, कैलाश नाथ तिवारी, विनय शुक्ला, दीपू पांडेय आदि ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इस मौके पर नरेंद्र शुक्ला, रामू मिश्रा अजय द्विवेदी, संतोष पाण्डेय, मनीष तिवारी, रजनीश तिवारी, महेंद्र अवस्थी, पवन मिश्रा, पारसनाथ उपाध्याय, विनोद सिंह, सुनील जायसवाल, सोनू सिंह, अनिल चौहान, मनोज सिंह, जेपी सिंह, राजकुमार दिवेदी, अमित सिंह चौहान, संजय मिश्रा, जितेंद्र शर्मा, कमलेश ओझा, श्रवण अवस्थी, प्रिंस सिंह, शैलेंद्र सिंह सहित समाज के हजारों लोग उपस्तिथि रहे और पूरे दिन प्रसाद वितरण किया गया।

अक्षय तृतीया पर मनाया गया परशुराम का जन्मोत्सव

प्रभु परशुराम के जन्मोत्सव पर मौजूद लोग। अमृत विचार

लालगंज, रायबरेली, अमृत विचार। परशुराम महासभा उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में शुक्रवार को लालगंज में अक्षय तृतीया के पर्व पर भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरार भंडारे का आयोजन किया गया। इस मौके पर सुशील शुक्ला, अशोक शुक्ला, पूर्व मंत्री गिरीश नारायण पांडे, श्रवण कुमार शुक्ला, बृजेश द्विवेदी, अमित शुक्ला उर्फ सोनू शुक्ला, चन्द्रप्रकाश अवस्थी, नीरज तिवारी, देवेश शुक्ला, रमाशंकर बाजपेई, कैलाश बाजपेई, अभिषेक शुक्ला, दयाशंकर अग्निहोत्री, मन्टू बाजपेई, नीलेश शुक्ला, मृत्युंजय बाजपेई, सौरभ द्विवेदी, मन्नू बाजपेई, गौरव बाजपेई, श्रीधर शुक्ला, चंदन बाजपेई आदि उपस्थित रहे।

बोलेरो ने छात्र को मारी टक्कर, हालत गंभीर, रेफर

संवाददाता, बांकेगंज, अमृत विचार : थाना मैलानी की पुलिस चौकी बांकेगंज के अमीननगर निवासी इरफान उर्फ सुआराम का पुत्र तस्लीम सुबह सात बजे स्कूल जाने के लिए घर से बाहर निकला। जब वह स्कूल की बस में बैठ गया तभी कुछ छूट जाने से वह बस से उतर कर तेजी से सड़क पार करने लगा। गोला से आ रही बोलेरो ने उसे टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि छात्र करीब 10 मीटर दूर जा गिरा। परिजन उसे आनन-फानन में बांकेगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां पर उसका प्राथमिक उपचार करने के बाद जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया।

रायबरेली में खिलने वाला है कमल

दिनेश प्रताप सिंह ने ऊंचाहार में चुनावी जनसभा को किया संबोधित, कांग्रेस पर साधा निशाना

ऊंचाहार, रायबरेली

अमृत विचार। रायबरेली संसदीय क्षेत्र से भाजपा के उम्मीदवार दिनेश प्रताप सिंह ने शुक्रवार को नगर के सैनी उत्सव लान में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए कार्यकर्ताओं में उत्साह भरा और कहा कि रायबरेली में कमल खिलने जा रहा है। एक-एक कार्यकर्ता पूरी सजकता के साथ अपने लक्ष्य की ओर बढ़े।

दिनेश प्रताप सिंह ने कहा कि अमेठी के बाद अब रायबरेली में राहुल गांधी की जबरदस्त हार होने जा रही है। चुनावी जनसभा में भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि गांधी परिवार भगोड़ा है। राहुल गांधी अमेठी से चुनाव हारने के बाद भाग गए। उनकी मां रायबरेली से भाग गई अब उनके बेटे की बारी है। राहुल गांधी को भी रायबरेली से हराकर भेजना है। भाजपा उम्मीदवार ने कहा कि पूरे जनपद में पार्टी के पक्ष में जबरदस्त माहौल तैयार हुआ है। एक-एक कार्यकर्ता इस संकल्प के साथ मतदान में लग जाए की जनपद में कमल खिलाकर देश में प्रधानमंत्री मोदी को प्रधानमंत्री बनाने में योगदान दे। सभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व जिला पंचायत सदस्य जितेंद्र बहादुर सिंह ने कहा कि क्षेत्र के बहुमुखी विकास के लिए भाजपा का जीतना बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि रायबरेली में भी डबल इंजन की सरकार बनानी है। यहां से जब भाजपा का सांसद चुनाव जीत कर जाएगा तो रायबरेली का चौमुखी विकास होगा।

जनसभा को संबोधित करते भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह।

किसानों व गरीबों को मिल रहा योजनाओं का लाभ

देश और प्रदेश की सरकार ने जनता के हित में सदैव कार्य किया है। जिले में ही नहीं आज पूरे देश के किसानों व गरीबों को जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित किया जा रहा है। यह उद्गार भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने व्यक्त किये। शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह ने क्षेत्र के दर्जनों गांवों में जनसंपर्क कर अपने लिए वोट मांगा। भाजपा प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के समर्थन में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं आम जनमानस का समर्थन, जनसभा बेनीकामा, टिकठा मुस ल्लेपुर, जगतपुर, बेहीखोर, जलालपुर धई, दीनशाह गौरा, जमुनापुर ऊंचाहार, सैनी उत्सव लान ऊंचाहार, उमरन, रोहनिया, इटौरा बुजुर्ग, रोहनिया में जन सभाओं का आयोजन किया।

धूमधाम से मनाई गई परशुराम की जयंती

प्रभु परशुराम की जयंती कार्यक्रम में मौजूद लोग।

शिवगढ़, रायबरेली

अमृत विचार। अक्षय तृतीया के अवसर पर शिवगढ़ नगर पंचायत में कस्बा स्थित परशुराम आवास पर हर्षोल्लास पूर्वक भगवान परशुराम की जयंती मनाई गई।

कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व सैनिक रामतीरथ दुबे व आयोजक वरिष्ठ समाजसेवी पण्डित अंजनी दीक्षित, युवा समाजसेवी राज दीक्षित उर्फ राजू भैया हरियाणा वाले द्वारा संयुक्त रूप से भगवान परशुराम की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन किया गया। इस मौके पर राकेश त्रिवेदी, अंजनी अग्निहोत्री, दीपक अवस्थी, अमित मिश्रा, लवकुश मिश्रा, सुमित द्विवेदी, प्रियांशु दुबे, सहित क्षेत्र भर से भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।

एम्स में सामुदायिक और पारिवारिक चिकित्सा विभाग की ओपीडी खुली

ओपीडी का फीता काटकर उद्घाटन करते निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी।

संवाददाता, रायबरेली

▸▸ **मरीजों के लिए एम्स प्रशासन का महत्वपूर्ण कदम, अब नहीं करना पड़ेगा इंतजार**

अमृत विचार। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) मुंशीगंज की ओपीडी में सामुदायिक एवं परिवारिक चिकित्सा विभाग की ओपीडी का निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी व डीन प्रो. डॉ. नीरज कुमारी ने फीता काटकर शुभारंभ किया। सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग की ओपीडी शुरू होते ही मरीजों की भीड़ भी देखने को मिली। सामुदायिक एवं परिवारिक चिकित्सा विभाग के प्रमुख प्रो. डॉ. भोलानाथ ने बताया कि निदेशक प्रो. डॉ.अरविन्द राजवंशी के कुशल नेतृत्व में ओपीडी में एक विभाग की बढ़ोतरी की गई है। यह विभाग संचारी व गैरसंचारी रोगियों के लिए काफी लाभदायक साबित होगा।

उन्होने बताया कि आज पहले दिन डॉ. नीरज पवार की देखरेख में नौ बजे से पांच बजे तक ओपीडी का संचालन किया गया है। पूरे दिन मे लगभग 150 से अधिक मरीजो का इलाज किया गया है। सामुदायिक एव परिवारिक चिकित्सा विभाग अभी तक सलोन सीएचसी व खागीपुर सड़वा की पीएचसी की कमान सभाल रहा था। लेकिन मेडिसिन में बढ़ रही मरीजो की संख्या को देखते हुए निदेशक के निर्देशन मे सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग की ओपीडी का शुभारंभ कर दिया गया है।अब मरीजों को अधिक देर तक अपने नंबर का इंतजार नहीं करना पड़ेगा। डा अभय सिंह ने बताया कि ग्राउंड फ्लोर पर ओपीडी का संचालन शुरू हो गया है। विभागाध्यक्ष भोलानाथ की देखरेख मे सामुदायिक एवं पारिवारिक चिकित्सा विभाग के डाक्टर का रोस्टर के तहत बैठने का दिन निश्चित किया गया है। अधीक्षक प्रो. डा. सुयश सिंह ने कहा कि निदेशक के निर्देशन में मरीजों के हित मे विभाग की बढ़ोतरी की गई है। निदेशक प्रो. डॉ. अरविंद राजवंशी ने कहा कि मेडिसिन विभाग में लगभग चार सौ मरीज प्रतिदिन आते हैं, जिनको देखना काफी मुश्किल हो जाता है। आम बीमारी वाले मरीजों का उपचार यहां पर किया जाएगा। गंभीर बीमारी वाले मरीजों का इलाज मेडिसिन विभाग के डाक्टर करेंगे।

जगह-जगह मना परशुराम का जन्मोत्सव

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। शहर स्थित पहलवान बीर बाबा मंदिर डिग्री कॉलेज में भगवान श्री परशुराम का जन्मोत्सव धूमधाम के साथ मनाया गया। अखिल भारतीय परशुराम परिषद् (परशुराम सेना) के तत्वाधान में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में आचार्य पं. पुनीत मिश्रा, पं झिलमिल महाराज, पुष्पेंद्र महाराज, ब्रह्कीशुर दुबे, संजय पांडेय समेत सैकड़ों आचार्यों को शाल व फूल मालाओं से सम्मानित किया गया। इस दौरान सुरेश शुक्ला, शैलेन्द्र अग्निहोत्री, अजय मिश्र, आनंद दीक्षित, बब्बी शुक्ला, शुभम अवस्थी, गोपाल अवस्थी आदि ने संयुक्त रूप से भगवान परशुराम के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्जवलित करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। कार्यक्रम का संचालन बब्बी शुक्ला ने किया। इस मौके पर प्रदेश उपाध्यक्ष प्रशांत तिवारी, जिलाध्यक्ष अमन अवस्थी, जिला संगठन मंत्री अश्मित पांडेय, नगर अध्यक्ष अंकित पांडेय, अंकित शुक्ला, आनंद शुक्ला, राजा शुक्ल, विकास तिवारी, रिशु अवस्थी, दीपांशु तिवारी आदि सैकड़ों लोग

डिग्री कालेज चौराहे पर प्रभु परशुराम के चित्र पर पुष्प अर्पित करते श्रद्धालु।

बाइक सवार दो युवक घायल

लखीमपुर खीरी, मूड़ा सवारान। थाना भीरा क्षेत्र की रूद्रपुर गुलरिया के मजरा पहाड़पुर के अजय कुमार (28) रात 8 बजे अपने मामा के साथ में गुलरिया से अपनी दुकान बंद कर घर जा रहे थे। अज्ञात वाहन ने बाइक में टक्कर मार दी, दोनों घायल हो गए। एंबुलेंस ने उन्हें बिजुआ सीएचसी पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

आज प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे डिप्टी सीएम

रायबरेली। जिले में राजनीतिक सरगर्मियां लगातार बढ़ती जा रही है। अपने अपने उम्मीदवारों को जिताने के लिए नेताओ का आगमन भी शुरू हो गया।

मतदाताओं को रिझाने के लिए लगातार नेता अपने प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल बनाने के लिए जनसभाओं को संबोधित कर रहे हैं। इसी के तहत शनिवार को भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी दिनेश प्रताप सिंह के पक्ष में प्रदेश के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक शहर के रिफॉर्म क्लब में प्रबुद्ध वर्ग सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक कार्यक्रम के जरिए जिले के प्रबुद्ध वर्ग को साधने की कोशिश करेंगे। श्री पाठक प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री हैं और उनका बड़ा जनाधार है।

कथा सुनकर भक्ति रस में डूबे श्रद्धालु

संवाददाता, रायबरेली

अमृत विचार। शहर के रामनेर मोहद्दीनपुर में चल रहे सत्यनामी ब्रह्मयज्ञ कथा के तीसरे दिन व्यास पूर्णानंद शरण दास मुख से कथा सुनकर श्रद्धालु भक्ति रस में डूबे नजर आ रहे थे।

व्यास पूर्णानंद शरण दास कथा को आगे बढ़ाते हुए कहते है कि "माया बांध रहा सब कोई, कैसे ध्यान भजन हरि होइ", इस पंक्ति के द्वारा साहब नाम साधना और भक्ति मार्ग को बल दिया। उन्होंने प्रसंग सुनाते हुए कहा कि नारद जी अपनी मोहन गिर गुफा में बैठ करके साधना समाधी में लीन हो जाते। तत्पश्चात उनकी समाधी नारायण के स्वरुप से भटक जाती हैं और उसी समय उन्हें एक स्वप्न दिखाई पड़ता हैं जिसमे वे एक ब्यादा नाम स्त्री के गर्भ में जाकर बैठ जाते हैं और नौ महीने बाद उनका जन्म होता हैं, फिर उनका पसनी (अन्नप्राशन), छेदन और विवाह होता। इसके बाद नारद जी का एक पुत्र होता हैं जिसका नाम अमर अजीत रखा जाता है। इसी प्रकार नारद जी का विस्तारित स्वप्न बढ़ता जाता है, जिसके बीच स्वामी जी ने हमें साधु महातम और भक्ति महातम बताया। गुरु के संरक्षण में रहकर हम कितने भी बड़े ज्ञानी हो जाये परन्तु हमें सदैव उनकी शरणागत में रहना चाहिए, क्योंकि हम जानते हैं कि गुरु का स्थान ईश्वर से भी ऊँचा हैं, क्योंकि एक मात्र गुरु ही वो इंसान हैं जो हमें ईश्वर प्राप्ति का मार्ग दिखाते हैं। उत्तम से उत्तम ज्ञान देकर अपने शिष्य को योग्य बनाते हैं। इस मौके पर महंत राज किशोर चौधरी, भाजपा नगर महामंत्री अजय सिंह सोनू, नगर अध्यक्ष महिला मोर्चा विधु सिंह, नगर महिला मोर्चा महामंत्री रागिनी सिंह, जिला मंत्री कृष्णा चौधरी आदि मौजूद रहे।

प्रवचन के दौरान कथा व्यास पूर्णानंद शरण दास पर पुष्पवर्षा की गयी।



अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार

क्लासीफाइड

सूचना

सूचित हो कि मैं **तुलसी पुत्र रामदास निवासी ग्राम उमरपुर गेरखुआ परगना व तहसील सदर, थाना मिल एरिया जिला रायबरेली** का निवासी हूं। मेरे दो पुत्र और एक पुत्री है। छोटा पुत्र अजय कुमार आए दिन घर में मेरे और मेरी पत्नी के साथ मारपीट और गाली गलौज करता है। उसके गलत हरकतों से तंग आकर मैं अपने समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में छोटे बेटे के किसी कृत्य का मेरा और मेरे परिवार से कोई सरोकार नहीं है।

सूचना

सूचित हो कि मैं **इमामुन निशा पत्नी मो0 कादिर, निवासिनी- 174/6 पीर जलील घोसियाना लखनऊ,** मेरा बड़ा लड़का अब्दुल करीम उर्फ शानू ने अपनी मर्जी से मोहल्ले की लड़की जोहा उर्फ अलकाका पुत्री मो0 शरीफ, निवासी- 174/6 पीर जलील, घोसियाना लखनऊ से प्रेम विवाह कर लिया है। यहकि मेरे लड़के ने मेरे घर पर आकर के मुझे व मेरी तीनों पुत्री को गन्दी गन्दी गालिया दी और मारा पीटा उसके इस कृत्यों से तंग आकर मैं अपने पुत्र को अपनी चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करती हूँ। अब अब्दुल करीम उर्फ शानू व उनकी पत्नी जोहा उर्फ अलकाका व उनके रिश्तेदार से मेरा कोई वास्ता व सरोकार नहीं है और उनके द्वारा किये गये कृत्यों के वह स्वयं जिम्मेदार होगे।

सूचना

सूचित हो कि मैं **संदीप कुमार खरे पुत्र राज कुमार खरे, निवासी- ग्राम- रामपुर खरगी, पोस्ट सिरौली कला, तहसील- रामनगर जिला बाराबंकी,** मेरे ड्राइविंग लाइसेन्स जिसका नं0- UP 4119930022622 में मेरा नाम त्रुटिवश संदीप खरे दर्ज हो गया है। जबकि मेरे आधार कार्ड सं0- 5008 4629 5159 में संदीप कुमार खरे अंकित हैं जो सही व सत्य है अतः मेरे लाइसेन्स में मेरा सही नाम संदीप कुमार खरे अंकित किया जाये।

सूचना

सूचित हो कि पहले मेरा नाम (Ram rahesh) था। जिसे बदलकर मैंने अपना नाम (Ram rahesh Maurya) रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाय। -Ram rahesh maurya s/o guru prasad, Add- 265 loshanpur, harimau, jagdeshpur amethi

सूचना

सूचित हो कि मैं FAIZ MOHAMMAD KHAN S/O JAMAL KHAN, **ग्राम-काला महादेवा, पोस्ट-नासिरगंज, थाना- सोनवा, जनपद- श्रावस्ती,** मैंने अपना नाम FAIJ MOHAMMAD से बदल कर FAIZ MOHAMMAD KHAN रख लिया है अतः आज से मुझे इसी नए नाम से जाना व पहचाना जाय।

सूचना

सूचित हो कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे माता का नाम श्यामा देवी सिंह (SHAYAMA DEVI SINGH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। सही नाम SHYAMA SINGH पुत्र रवीन्द्र सिंह है। इसे रिकार्ड में दर्ज किया जाये। आर्मी नंबर- 16024824 K। - **श्यामा सिंह पत्नी अवधेश सिंह, निवासी-ग्राम गाजनपुर, पो0- दुवरिया, परगना व तहसील-मुसाफिरखाना, जिला- अमेठी**

सूचना

सूचित हो कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम (AVADESH SINGH) त्रुटिवश गलत दर्ज हो गया है। सही नाम (AVDHESH SINGH) पुत्र रवीन्द्र सिंह है। इसे रिकार्ड में दर्ज किया जाये। आर्मी नंबर- 16024824 K। - **अवधेश सिंह पुत्र स्व0 गुरूदीन सिंह, निवासी-ग्राम गाजनपुर, पो0- दुवरिया, परगना व तहसील-मुसाफिरखाना, जिला- अमेठी**

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ

वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय

वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग

उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त

बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ

पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)

जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)

प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

देश की दशा-दिशा तय करने में हर वोट अमूल्य: हेमचंद्र

मतदाता चेतना कार्यक्रम

▸▸ विद्याभारती के प्रदेश संगठन मंत्री ने बताई मतदान की महत्ता

फतेहपुर, बाराबंकी

अमृत विचार : भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है। यहां मतदान एक पवित्र कार्य है। देश की दशा व दिशा तय करने में हमारा प्रत्येक वोट अमूल्य है। परिवार के अलावा आसपास घरों को मतदान के लिए प्रेरित करना हर नागरिक का कर्तव्य है।

विद्या भारती के प्रदेश संगठन मंत्री हेमचन्द्र ने ये विचार सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कालेज में आयोजित मतदाता चेतना कार्यक्रम में व्यक्त किए। उन्होंने विभिन्न उदाहरण प्रस्तुत कर चुनाव में एक एक वोट के महत्व को रेखांकित किया। प्रधानाचार्य सुनील सिंह श्रेयस ने अतिथि का परिचय कराया। दीप प्रज्वलन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गयी। कोषाध्यक्ष विजय जैन ने आभार जताया। इस मौके पर लाल बहादुर वर्मा, सह- प्रबंधक राजेश जायसवाल, डा. अंजू चंद्रा, सतीश वर्मा, राजाराम वर्मा आदि मौजूद थे।

कार्यक्रम को संबोधित करते विद्या भारती के प्रदेश संगठन मंत्री हेमचंद्र। अमृत विचार

मतदाता जागरूकता कार्यक्रम में मौजूद अभाविप के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला।

सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण हर मतदाता का नैतिक दायित्व : अंकित

बाराबंकी, अमृत विचार : अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद की जिला इकाई द्वारा मुंशी रघुनंदन प्रसाद सरदार पटेल महिला डिग्री कॉलेज में नव मतदाता संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि परिषद के राष्ट्रीय मंत्री अंकित शुक्ला ने कहा कि सुदृढ़ लोकतंत्र का निर्माण हर मतदाता का नैतिक दायित्व है। राष्ट्र निर्माण में एक-एक मत का मूल्य होता है। राष्ट्र प्रेम बनाये रखने के लिए सभी लोग मतदान करें। इसके पहले विभाग प्रमुख अभाविप पीजे पांडेय ने मंचासीन अतिथियों का स्वागत किया। नगर मंत्री सूर्यांशु शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। प्राचार्या ऊषा चौधरी ने कहा कि मतदान महत्वपूर्ण लोकतांत्रिक प्रक्रिया है। इस अवसर पर एनएसएस की कार्यक्रम अधिकारी डॉ सरिता सिंह, डॉ. फरह शीबा खान, डॉ. रत्ना वर्मा, जिला संगठन मंत्री आकाश शुक्ला, विभाग संयोजक आदर्श सिंह, प्रियांशी बाजपेयी, योगेश सिंह, गौरव वर्मा, राष्ट्रीय कलामंच प्रमुख स्तुति तिवारी भूपेंद्र, रितेश व शिक्षक और छात्राएं मौजूद रहीं।

वोट डालते समय मतदाता रजिस्टर पर हस्ताक्षर करना है जरूरी

मतदाता जागरूकता को अमृत विचार की मुहिम

बाराबंकी, अमृत विचार : सिटी इंटर कॉलेज की छात्रा निशा देवी ने मतदाता रजिस्टर (17A) पर हस्ताक्षर या अंगूठे का निशान लगाने की के संबंध में मतदाताओं के सवाल का जवाब चित्र के माध्यम से दिया है। अगर आपके मन में भी मतदान से जुड़ा कोई सवाल हो तो आप हमें sveepbarabanki2024@gmail.com व amritvicharbarabanki@gmail.com पर भेजें। अमृत विचार ऐसे ही चित्रों के माध्यम से आपका सवाल और उसका जवाब प्रकाशित करेगा। मुहिम खत्म होने पर इस प्रतियोगिता के तीन सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागियों को अमृत विचार व जिला प्रशासन सम्मानित भी करेगा।

एक नजर

तीन तमंचों के साथ तीन शातिर गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : देवा पुलिस ने शुक्रवार को ग्राम भागूपुरवा मजरे रेवान थाना क्षेत्र रेउसा सीतापुर निवासी रामपाल व ग्राम कंकर कोई थाना क्षेत्र बिसवां निवासी ओमकार को दो तमंचे व कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया। उधर, टिकैतनगर पुलिस ने तमंचा व कारतूस के साथ ग्राम मंगरौड़ा निवासी मो. सफीक गिरफ्तार कर लिया। उसके खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

37 के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में हुई कार्रवाई

बाराबंकी, अमृत विचार : लोक सभा चुनाव के मद्देनजर संदिग्ध व्यक्तियों व अपराधियों के खिलाफ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को जिले के अलग अलग थाना क्षेत्रों से पुलिस ने 37 लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका को देखते हुए कार्रवाई की। अभियान के तहत विभिन्न थानों की पुलिस ने 2 वारंटी व 12 वांछित आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। विधिक कार्रवाई के बाद पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया।

लोकतंत्र का पर्व शुरू, बुजुर्गों ने घर से डाला वोट

होम विजिट टीम के माध्यम से 288 बुजुर्ग (85+) और 183 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से बैलेट पेपर से किया मतदान

लोकसभा चुनाव 2024

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी:

अमृत विचार : बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं की लोकतंत्र के पर्व में हिस्सेदार बनाने के लिए शुक्रवार को 41 पोलिंग पार्टियों ने बुजुर्ग व दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंच कर उनसे पोस्टल बैलेट से मतदान कराया। किसी बीमार मतदाता ने लेटकर तो किसी ने बैठकर अपने मताधिकार का प्रयोग किया और लोकतंत्र के पर्व में भागेदारी निभाई। जनपद में होम विजिट टीम के माध्यम से 288 बुजुर्ग (85+) और 183 दिव्यांग मतदाताओं ने घर से ही बैलेट पेपर के माध्यम से मतदान किया। इसके अलावा जिले में शुक्रवार को कुल 61 आवश्यक ड्यूटी पर तैनात मतदान कर्मियों ने पोस्टल बैलेट से मतदान किया तथा 283 ईडीसी (इलेक्शन ड्यूटी सर्टिफिकेट) भी जारी हुए।

बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाता 15 मई तक घर से वोट डाल सकेंगे। इस दौरान बैलेट पेपर से मतदान प्रक्रिया की पूरी वीडियो रिकार्डिंग की गई। घर से वोट देने वालों में न्यूरॉन डिसऑर्डर से पीड़ित अभय चांदवासिया ने भी शामिल रहे। इसके अलावा अन्य बुजुर्ग और दिव्यांगों ने भी घर से मतदान किया।

बैलेट पेपर से घर से मतदान करने के लिए 507 मतदाताओं में शामिल दिव्यांग और 85 से अधिक उम्र के बुजुर्गों ने इच्छा जताई थी और फार्म 12 डी भरकर आवेदन किया था। वहीं घर-घर जाकर मतदान कराने लिए 41 टीमें पोलिंग पार्टी के रूप में बनाई गयी थी। विधानसभावार पहुंचीं पोलिंग पार्टियों ने चिह्नित मतदाताओं के घर पहुंच कर उनसे मतदान कराया। किसी कारणवश मतदाता के न मिलने पर टीम अगले दिन उनके घर पहुंचेगी। जैदपुर में सबसे अधिक बुजुर्ग तो रामनगर में दिव्यांग मतदाता हैं। शुक्रवार को सुबह साढ़े सात बजे कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना हुई टीमें शाम पांच बजे तक मतदान कराने के बाद वापस एडीएम कार्यालय पहुंचीं।

इतने लोगों ने घर से मत देने का किया था आवेदन

विधानसभा	होम विजिट टीम	बुजुर्ग वोटर	दिव्यांग वोटर
कुर्सी	6	77	28
रामनगर	11	50	61
बाराबंकी	6	51	31
जैदपुर	6	80	47
हैदरगढ़	5	75	23
दरियाबाद	7	24	17
कुल	41	357	205

निभायी जिम्मेदारी

घर पर मतदान करते दिव्यांग अभय चांदवासिया। अमृत विचार

घर से मतदान करतीं बुजुर्ग महिलाएं। अमृत विचार

सार-संक्षेप

दिगंबर जैन मंदिर में 48 दीपों से की गयी मंगल आरती

फतेहपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : अक्षय तृतीया पर्व बेलहरा के श्री चन्द्रप्रभु दिगम्बर जैन मंदिर व फतेहपुर के श्री पार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में उत्साहपूर्वक मनाया गया। मंदिरों में सुबह अभिषेक पूजन के बाद आदिनाथ महिला मंडल द्वारा भक्तामर विधान किया गया। जिसमे भक्तामर के 48 श्लोकों का पाठ कर श्री फल अर्पित किये गए। बाद में प्रसाद वितरित किया गया। शाम को 48 दीपकों से मंगल आरती की गई। चिंतक इंद्रकुमार जैन ने बताया कि जैन धर्म मे अक्षय तृतीया का बहुत महत्व है। आज के दिन प्रभु आदिनाथ की आहारचर्या हुई थी। इस अवसर पर लोगों ने सोने चांदी के आभूषणों की खरीदारी भी की। इस अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष सचिन जैन, महामंत्री प्रांशु जैन, आशीष जैन, घल्लन जैन, टीनू जैन, संदीप जैन, दिलीप जैन समेत तमाम श्रद्धालु मौजूद थे।

नाला उफनाने से हाईवे की एक लेन पर जलभराव

मार्ग पर जलभराव के बीच गुजरते राहगीर। अमृत विचार

माती, बाराबंकी, अमृत विचार : सफाई के अभाव में नाला उफनाने के कारण हाईवे की एक लेन पर जलभराव हो गया है। बंकी ब्लॉक अन्तर्गत सफेदाबाद रेलवे उपरिगामी पुल के पास हाईवे की एक लेन पर बैंक ऑफ इंडिया के सामने तीन दिन से जल भराव है। इससे स्थानीय व्यापारियों, बैंक कर्मियों, ग्रामवासियों, विद्यार्थियों, राहगीरों समेत बड़ी तादाद में आबादी बेहद मुश्किलों से गुजर रही है। पूर्व प्रधान रमेश वर्मा, अजय मिश्र, रामू मिश्र, रविन्द्र गोस्वामी, विजय सिंह, राम नरेश वर्मा ने बताया कि यहां जलभराव की समस्या हाईवे बनने के समय से है। जलनिकासी को लेकर निर्माण अधिकारियों से लगातार मांगें उठाई गईं। 2012 में रेलवे पुल बन जाने से बाकी की कसर भी मिट गई। एक बार बारिश हो जाए तो पखवाड़े भर जलभराव बना रहता है। अभी तो बरसात भी शुरु नहीं हुई है। सिर्फ नाला उफनाने से ही चौथी लेन डूब गई है। उनका कहना है कि जल निकासी को लेकर एनएचएआई ने आँखें मूंद ली हैं। नागरिकों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

रेलवे ट्रैक के किनारे घायल मिला सिद्धार्थनगर का युवक

दरियाबाद, बाराबंकी, अमृत विचार : सैदखानपुर रेलवे स्टेशन के पास शुक्रवार को एक युवक घायल अवस्था में रेलवे ट्रैक के किनारे अचेत मिला। रेलकर्मियों ने उसे एंबुलेंस से सीएचसी मथुरानगर भिजवाया। प्राथमिक उपचार के बाद युवक को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। स्टेशन के पास मोहित निवासी बनकसिया, सिद्धार्थनगर रेलवे लाइन के किनारे बेहोश मिला। स्टेशन मास्टर उसे सीएचसी भिजवाया। स्टेशन अधीक्षक सैदखानपुर ने बताया कि घायल युवक किस ट्रेन से गिरा, इसकी जानकारी नहीं हो सकी है।

जनसंपर्क कर भाजपा पर साधा निशाना

सपा शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह।

बाराबंकी, अमृत विचार : गठबंधन प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में समाजवादी पार्टी शिक्षक सभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अंशुमान सिंह ने अपने दर्जनों साथियों के साथ हैदरगढ़ और जैदपुर विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क किया। उन्होंने कहा कि गठबंधन का पीडीए प्रत्याशी चुनाव जीत रहा है। विपक्षियों का काम है सिर्फ भ्रम फैलाना है। असली मुकाबला भाजपा का गठबंधन से नहीं है। बीजेपी जीत से दूर है। बाराबंकी में बाकी दल व प्रत्याशी वोट कटवाने की भूमिका में हैं। उन्होंने कहा कि सपा सरकार और कांग्रेस सरकार ने देश और प्रदेश में पूर्व में सबसे अधिक विकास कार्य किए हैं।

भूमि पर कब्जा दिलाने के बहाने बुलाकर खरीदार को पीटा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : बिचौलियों के माध्यम से खरीदी गई जमीन पर कब्जा मांगना खरीदार को महंगा पड़ा। बिचौलियों ने कब्जा दिलाने का आश्वासन देकर बुलाया और खरीदार की पिटाई कर दी। लखनऊ के थाना नगराम के पूरे कलन्दर खेड़ा निवासी इन्द्र पाल ने थाना लोनी कटरा पुलिस से की गई शिकायत में कहा है कि उसने नवीपुर मजरे फिरोजाबाद निवासी बबलू सिंह, थाना शिवगढ़ के सुड्डू सिंह व उनके एक अज्ञात सहयोगी के माध्यम से नारायनपुर में 21 बिस्वा जमीन खरीदी थी। ये लोग उसे जमीन पर कब्जा नहीं दिलवा रहे थे। कब्जा दिलाने का दबाव बनाने पर बुधवार को बड़वल के पास बड़ी नहर पर बुलाकर जाति सूचक गालियां देते हुए उसे मारा-पीटा। इस संबंध में थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी का कहना है कि पीड़ित की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ दलित उत्पीड़न सहित सम्बन्धित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर इस मामले की जांच की जा रही है।

महिला समूहों को मतदान के प्रति दिलाई शपथ

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : चाइल्ड लाइन के कार्यकर्ताओं ने बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम नारायणपुर में उजाला महिला प्रेरणा आजीविका संगठन की महिलाओं व स्वयं सहायता समूहों की पदाधिकारियों के साथ स्वीप कार्यक्रम के तहत जागरूकता अभियान चलाया। महिलाओं को शत-प्रतिशत मतदान करने के लिए शपथ दिलाई। संस्था के अवधेश कुमार ने मतदान के महत्व को बताते हुए महिला मतदाताओं को मतदान की शपथ दिलाई। इस अवसर राम कैलाश, जनक लली समेत कई लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का आयोजन स्वयं सेवी संस्था बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा किया गया था।

चोरों ने दो घरों से नकदी समेत लाखों के जेवर उड़ाये

बनीकोडर बाराबंकी, अमृतविचार : असंद्रा थाना क्षेत्र के अलग-अलग गांवों में दो घरों से में चोर सोने चांदी जेवरात व चार लाख रुपए की नकदी उठा ले गए। शुक्रवार सुबह शिकायत पर पुलिस ने मौका मुआयना किया। थाना क्षेत्र के बाजपुरा मजरे भेड़िया गांव निवासी विनोद रावत का कहना है कि उसके पिता पुनर्मासी दिल्ली स्थित इस्लामिया जामिया यूनिवर्सिटी में माली हैं। अगले महीने मुंडन संस्कार को लेकर घर बनवाया जा रहा था। मकान की छत ढालने को चार लाख रुपए की नकदी घर पर रखी थी। बुधवार की रात घर के पीछे लगे पेड़ के सहारे अंदर दाखिल हुए चोर नकदी समेत बक्सा व अलमारी में रखी झुमकी, मंगलसूत्र, पायल, दो अंगूठी, हार व कमर पेटी भी उठा ले गए। उसने बताया कि माता कमला देवी व पत्नी श्रीकांति के साथ वह घर के बाहर सोया था। शुक्रवार सुबह उसे जानकारी हुई। उधर, क्षेत्र के ही महुआगढ़ मजरे भेड़िया गांव राम बहादुर यादव के यहां भी पिछली दीवार के रास्ते घर में दाखिल चोर सोने-चांदी के जेवर व हजारों रुपए की नकदी उठा ले गए। पीडितों ने घटरना की सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचकर पुलिस ने जांच-पड़ताल की। पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

पीएम की रैली के बाद विपक्ष के हौसले होंगे पस्त

15 को जनसभा

▸▸ जनसभा स्थल पर क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने किया भूमि पूजन

▸▸ भाजपा प्रत्याशी, राज्यमंत्री और सांसद रहे मौजूद

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 15 मई को होने वाली जनसभा स्थल पर शुक्रवार को भूमि पूजन हुआ। अक्षय तृतीया पर शुक्रवार को पंडित अरविंद मिश्रा ने मंत्रोच्चार के साथ पूजन कराया।

भूमि पूजन में क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय ने भाजपा प्रत्याशी के साथ यजमान की भूमिका निभाई। पूजन के बाद क्षेत्रीय प्रभारी ने कहा कि पीएम मोदी की ऐतिहासिक रैली के बाद विपक्ष के हौसले पस्त हो जायेंगे। लाखों की संख्या में जनता पीएम मोदी को आशीर्वाद देने रैली स्थल पर जुटेगी। बाराबंकी लोकसभा सीट पर भाजपा की जीत की हैट्रिक नया रिकॉर्ड बनाने जा रही है। इस अवसर पर राज्य मंत्री सतीश शर्मा, जिला प्रभारी अवनीश पटेल, जिला अध्यक्ष अरविंद मौर्य, रैली के प्रभारी बसंत त्यागी, विनोद कुमार मिश्रा, सांसद उपेंद्र सिंह रावत, भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत, बैजनाथ रावत, एमएलसी अंगद सिंह, यश मिश्रा, रामकुमारी मौर्य, अमरीश रावत, अजीत प्रताप सिंह, संदीप गुप्ता, विजय आनंद बाजपेई, आशुतोष अवस्थी आदि थे।

भूमि पूजन में शामिल क्षेत्रीय प्रभारी संजय राय व राज्यमंत्री सतीश शर्मा।

अधिवक्ता समाज दे रहा साथ : तनुज

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : इंडिया गठबंधन के कांग्रेस प्रत्याशी तनुज पुनिया ने शुक्रवार को कार्यकर्ताओं और अधिवक्ताओं के साथ माल, फौजदारी व सिविल कचहरी में व्यापक जनसम्पर्क अभियान चलाया।

इस दौरान तनुज पुनिया ने कहा कि परिवर्तन की लड़ाई में अधिवक्ता हमारा साथ दे रहे हैं। हमारा न्याय पत्र आपके हवाले है। इसमें 5 न्याय और इंडिया गठबंधन की सरकार बनने के बाद की 25 गारंटी हैं। इसे हमारी इंडिया गठबंधन की सरकार हर हाल में पूरा करेगी। उनके पिता पूर्व सांसद डॉ. पीएल पुनिया को आपने बहुत ही प्यार और स्नेह दिया। इस दौरान यूथ ब्रिगेड समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एडवोकेट दानिश सिद्दीकी ने जनसंपर्क में साथ निभाने वाले युवा अधिवक्ताओं का धन्यवाद देते हुए कहा कि यह दौर युवाओं का है और इतिहास में युवाओं की अहम भूमिका रही है। आप सभी के सहयोग की आवश्यकता है। कचहरी मे जनसंपर्क अभियान के दौरान अधिवक्ता संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हिसाल बारी किदवाई, वरिष्ठ उपाध्यक्ष देवेन्द्र प्रताप यादव सहित कार्यकर्ता व अधिवक्ता मौजूद रहे।

कचहरी में अधिवक्ताओं से मिलते इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी तनुज पुनिया।

13 को हैदरगढ़ में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ करेंगे जनसभा

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : हैदरगढ़ में 13 मई को आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की जनसभा के स्थल चयन को लेकर डीएम ने कई स्थानों का निरीक्षण किया गया। बाद में सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर ग्राम्यांचल सेवा समिति के परिसर में जनसभा के आयोजन करने का निर्णय लिया गया। उल्लेखनीय है कि 13 मई को भाजपा की लोकसभा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जनसभा को संबोधित करेंगे। इसके लिए प्रशासन द्वारा कई स्थानों का प्रस्ताव भेजा गया था। इसमें विजयी हनुमान मंदिर हैदरगढ़-औसानेश्वर मार्ग पर देवेश नेत्र केंद्र के निकट स्थित मैदान के अलावा ग्राम्यांचल सेवा समिति का परिसर शामिल था। दोपहर लगभग 12 बजे पुलिस अधीक्षक के साथ हैदरगढ़ पहुंचे जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने सबसे पहले औसानेश्वर मार्ग पर स्थित मैदान का निरीक्षण किया। इसके बाद ग्राम्यांचल सेवा समिति का परिसरे देखा। जनसभा के आयोजन को लेकर आशुतोष अवस्थी टिंकू से चर्चा की।

भाजपा प्रत्याशी के समर्थन में उतरी लोजशपा

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकजन शक्ति पार्टी ने शुक्रवार को भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत के समर्थन का ऐलान किया। पार्टी के जिलाध्यक्ष दिनेश चंद्र सैनी ने राजरानी रावत को लिखे पत्र में कहा है कि केंद्रीय नेतृत्व के दिशा निर्देश के अनुसार लोजशपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता पूरा समर्थन देंगे।

कल जनसभा को संबोधित करेंगे अखिलेश

बाराबंकी, अमृत विचार : समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव व कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी महासचिव अविनाश पाण्डेय रविवार को सुबह 10 बजे हैदरगढ़ रोड पर मौरंग मंडी में इंडिया गठबन्धन के प्रत्याशी तनुज पुनिया के समर्थन में एक जनसभा को सम्बोधित करेंगे। यह जानकारी समाजवादी पार्टी के अध्यक्ष हॉफिज अयाज व कांग्रेस अध्यक्ष मो. मोहसिन नेता ने दी। उन्होंने बताया कि जनसभा मेंसपा के राष्ट्रीय सचिव पूर्व मंत्री अरविन्द सिंह गोप, पूर्व मंत्री राकेश वर्मा, पूर्व मंत्री नकुल दुबे, पूर्व मंत्री नसीमुद्दीन सिद्दीकी व अन्य नेता मौजूद रहेंगे।

उम्मीद सतरिख से रोडवेज बसों का संचालन ठप होने से परेशान हैं लोग

बेरोजगारी दूर करने को ठोस काम करे सरकार

चुनावी चौपाल

सतरिख, बाराबंकी

अमृत विचार : लोकतंत्र के महापर्व में भागीदारी के लिए लोग उत्साहित हैं। होटलों और चाय की दुकानों पर लोगों के बीच चुनाव की ही चर्चा हो रही है। इसी के साथ ही स्थानीय समस्याओं पर भी लोगों का दर्द छलका। चौपाल में शामिल लोगों का कहना था कि सरकार कोई भी आए पर उसे महंगाई कम करने और बेरोजगारी दूर करने को ठोस काम करना चाहिए।

बाराबंकी लोकसभा सीट से इस बार कौन बाजी मारेगा। लोग इसका अभी से आंकलन करने में जुटे हैं। इस बीच लोगों को मतदान को जागरूक करने के लिए अमृत विचार की टीम गुरुवार को सतरिख पहुंची। यहां लोकसभा चुनाव को लेकर चौराहों, मोहल्लों और चाय की दुकानों पर लोग अपनी-अपनी सरकारें बनाते दिखे। सतरिख बाजार स्थित चाय की दुकान पर मौजूद सुल्तानपुर जिले के पूर्व प्रधान रामपाल यादव का कहना था कि बेरोजगारी और महंगाई बहुत है। सरकार को इस मुद्दे पर गंभीरतापूर्वक ध्यान देना चाहिए। बरगदहा गांव के पतिराम ने कहा कि क्षेत्र की सड़क काफी दिनों से बदहाल पड़ी है। गर्मी के इस मौसम में सड़क पर धूल भी उड़ती रहती है। धूल से दुकानदारों के साथ ही राहगीर भी परेशान होते हैं। फिर भी प्रशासन ने सड़क की मरम्मत कराना मुनासिब नहीं समझा। सतरिख के संदीप यादव का कहना था कि यहां रोडवेज बसों का संचालन ठप है। बाराबंकी से सतरिख तक बसों को चलाकर लखनऊ तक संचालित किया जाए। शरीफाबाद गांव के धर्मेंद्र ने कहा कि सरकार कोई भी हो लेकिन शिक्षा महंगी नहीं होनी चाहिये। इस दौरान लोगों ने मतदान की शपथ ली।

चौपाल में मतदान करने की शपथ लेते नागरिक। अमृत विचार

चुनाव कार्यालय का उद्घाटन करते बसपा प्रत्याशी शिवकुमार दोहरे। अमृत विचार

बिना भेदभाव काम करती है बसपा : दोहरे

रामनगर, बाराबंकी, अमृत विचार : बसपा ही एक ऐसी पार्टी है जो बगैर किसी भेदभाव के पिछड़ों, गरीबों व मजलूमों के उत्थान के लिए कार्य करती है। ये बातें बसपा प्रत्याशी शिवकुमार दोहरे ने चुनाव कार्यालय के उद्घाटन समारोह में कहीं। कार्यकर्ताओं में जोश भरते हुए कहा कि सभी लोग पूरी ईमानदारी व मेहनत के साथ चुनाव में लग जाएं। आने वाला कल बसपा का होगा। इस अवसर पर जिलाध्यक्ष केके रावत, बीएल गौतम, जैश्रीराम वर्मा, आरिफ अंसारी, अरविंद यादव, विक्रम गौतम, अजय गौतम समेत बड़ी संख्या में पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

50 करोड़ से 600 ग्राम पंचायतों के बहुरेंगे दिन

▶स्वच्छ भारत मिशन फेज के तीसरे चरण में पांच हजार से कम आबादी वाली पंचायतें बनेंगी मॉडल

तैयारी

▸▸ जून के अंतिम सप्ताह तक मिलेगा योजना के लिए बजट

रीतेश श्रीवास्तव, बाराबंकी

अमृत विचार : स्वच्छ भारत मिशन के फेज-3 में पांच हजार से कम आबादी वाली करीब 600 ग्राम पंचायतों के दिन बहुरेंगे। इसके लिए 50 करोड़ की लागत से इन ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने के प्रयास शुरू हो चुके हैं। पंचायतराज विभाग सचिवों के माध्यम से कार्ययोजना तैयार करने की तैयारी में लगा है। चुनाव आचार संहिता हटने के बाद जून के अंतिम सप्ताह में बजट मिलने के बाद काम शुरू होगा। इससे पहले दो चरणों में लगभग साढ़े आठ सौ से अधिक ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने का दावा किया गया है।

स्वच्छ भारत मिशन के तहत जिले की 1155 ग्राम पंचायतों में से पहले 61 ग्राम पंचायतें तो वहीं दूसरे चरण में करीब 500 के आसपास ग्राम पंचायतों को मॉडल के रूप में विकसित किया गया। इसके तहत इन गांवों में गीला व सूखा कचरा डंपिग के लिए अलग-अलग कूड़ा घर बनाए गए। इसके साथ ही कूड़ा एकत्र के लिए उपकरण आदि खरीदे गए। वहीं कूड़े का घर से उठान होने के साथ ही अन्य गतिविधियां भी शुरू की गईं।

इसके साथ ही ठोस कूड़ा प्रबंधन, वर्मी कंपोस्ट पिट के निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाएं भी कराई गईं।

इन चयनित गांवों में आबादी के अनुसार बजट खर्च किया गया। अब तीसरे चरण में शेष बची ग्राम पंचायतों को भी मॉडल के रूप में बनाने की तैयारी की गई है। शेष बची ग्राम पंचायतों को भी मॉडल बनाने की तैयारी है। जहां डोर टू डोर कूड़ा निस्तारण, ठोस कूड़ा प्रबंधन, वर्मी कंपोस्ट पिट निर्माण सहित अन्य व्यवस्थाएं की जाएंगी। इसके लिए सचिवों से कार्ययोजना बनाने के लिए कहा गया है। तेजी से शुरु होगा। इस बार करीब 50 करोड़ का बजट खर्च होने का अनुमान है।

बनाए जाएंगे रिसोर्स रिकवरी सेंटर

ग्राम पंचायतों के लिए रिसोर्स रिकवरी सेंटर निर्माण की योजना है। यहां पर ठोस और तरल कचरे को अलग किया जाएगा। कचरे को उपयोगी बनाने के लिए कार्य होगा। इससे बायोगैस और जैविक खाद भी तैयार होगी। स्वयं सहायता समूहों को इसकी जिम्मेदारी दी जाएगी।

ये होंगे काम

ग्राम पंचायतों को मॉडल बनाने के लिए स्वच्छता को लेकर विशेष अभियान चलेगा। तालाबों का सुंदरीकरण कराया जाएगा। सड़कों की मरम्मत होगी, सीसी रोड निर्माण, जलभराव की समस्या का समाधान कराया जाएगा। पार्क विकसित करने के साथ व्यायामशाला व वालीबॉल कोर्ट के निर्माण भी कराए जाएंगे।

> स्वच्छ भारत मिशन के फेज-थ्री में जिले को मॉडल के रूप में विकसित किया जाना है। इस बार शेष बचे करीब छह सौ गांवों को मॉडल के तौर पर विकसित करने की तैयारी चल रही है। इन गांवों के लिए कार्ययोजना बनाने का निर्देश दिए गए हैं। चुनाव बाद बजट जारी किया जाएगा।
> -उद्धव सिंह, जिला समन्वयक स्वच्छता मिशन

प्रशिक्षण से अनुपस्थित रहे 48 मतदान कार्मिक

बाराबंकी, अमृत विचार : प्रशिक्षण के दूसरे दिन शुक्रवार को दोनों पालियों में 48 मतदान कार्मिक गायब रहे। इन पर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी अ. सुदन ने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे मतदान कार्मिकों से कहा कि निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित करते हुए मतदान प्रक्रिया को सकुशल संपन्न कराएं। उन्होंने कहा कि मतदान में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान कार्मिकों की अहम भूमिका होती है। प्रशिक्षण में मास्टर ट्रेनर आशीष पाठक ने पोलिंग एजेंट की मौजूदगी में मॉक पोल के बाद निर्धारित समय पर मतदान शुरू कराने के अलावा मतदान से संबंधित अन्य जरूरी प्रक्रिया की जानकारी दी।

एक नजर

88 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच गिरफ्तार

बाराबंकी, अमृत विचार : असन्द्रा पुलिस ने शुक्रवार को 20 लीटर, फतेहपुर पुलिस ने 30, सुबेहा पुलिस ने बी20 और कुर्सी पुलिस ने 18 लीटर कच्ची शराब के साथ पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपियों के पास से पुलिस ने 88 लीटर कच्ची शराब बरामद करने में सफलता प्राप्त की। संबंधित थानों की पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है।

बाइक की टक्कर से बालक घायल

सूरतगंज-बाराबंकी, अमृत विचार : मोहम्मदपुर खाला थाना इलाके के उमरी गांव निवासी बालक शुक्रवार को बाइक की टक्कर से घायल हो गया। हर्षित (10) को सड़क पार करते समय तेज रफ्तार बाइक ने सामने से टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया।

खर्च का ब्योरा न देने पर दो प्रत्याशियों को नोटिस

प्रेक्षक के समक्ष नहीं प्रस्तुत किया व्यय रजिस्टर, 11 उम्मीदवारों ने दिया चुनाव खर्च का हिसाब

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : व्यय प्रेक्षक के समक्ष चुनाव खर्च का रजिस्टर न पेश करने पर दो प्रत्याशियों को नोटिस जारी की गयी है। लोकसभा चुनाव लड़ रहे 13 प्रत्याशियों को व्यय प्रेक्षक अतुल रामदास गोखे के समक्ष अब तक के चुनाव खर्च का ब्योरा देना था। इसके लिए 10, 14 और 18 मई की तिथि निर्धारित की गई है। गुरुवार को नवाबगंज तहसील सभागार में व्यय प्रेक्षक के सामने 11 प्रत्याशियों के प्रतिनिधि व्यय रजिस्टर के साथ उपस्थित हुए। इस दौरान उनके चुनाव खर्च का मिलान किया गया जबकि दो प्रत्याशी प्रेमचंद और देवतादीन के प्रतिनिधि अनुपस्थित रहे। साथ ही व्यय रजिस्टर भी प्रस्तुत नहीं किया। इस पर जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट सत्येंद्र कुमार ने दोनों प्रत्याशियों को नोटिस जारी कर 13 मई को व्यय रजिस्टर के साथ उपस्थित होने के आदेश जारी किए हैं। उक्त तिथि पर भी प्रत्याशियों के प्रतिनिधियों के उपस्थित न होने पर न्यायालय में शिकायत दर्ज कराने के साथ चुनाव प्रचार के लिए दी गई वाहन की अनुमति भी वापस ली जा सकती है।

अयोध्या प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : अयोध्या के सामान्य प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया। शुक्रवार दोपहर रामसनेहीघाट पहुंचे तमिलनाडु कैडर के आईएएस आकाश पी ने पटेल पंचायती इंटर कॉलेज व दरियाबाद के लाल बहादुर शास्त्री इंटर कॉलेज का निरीक्षण किया।

बैलेट यूनिट व वीवी पैट के बाद तैयार करें कंट्रोल यूनिट : डीएम

नवीन मंडी परिसर में कर्मचारियों को दिशा निर्देश देते जिला निर्वाचन अधिकारी।

बाराबंकी, अमृत विचार : जिला निर्वाचन अधिकारी सत्येन्द्र कुमार ने कहा कि ईवीएम के बैलेट यूनिट और वीवी पैट को तैयार करने के बाद ही कर्मचारी कंट्रोल यूनिट तैयार करेंगे। इस दौरान तीनों का एक दूसरे से जुड़ा होना जरूरी है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने ये बातें शुक्रवार शहर के गोंडा मार्ग स्थित नवीन मंडी परिसर में बैलेट यूनिट में प्रत्याशियों के नाम व चिह्न वाले बैलेट पेपर लगाने के कार्य से पहले मौजूद कर्मचारियों और दलों के प्रतिनिधियों के समक्ष कहीं। इस दौरान जिला निर्वाचन मजिस्ट्रेट ने ईवीएम और वीवीपैट मशीनों की कमीशनिंग संबंधी कार्यों का जायजा भी लिया। उन्होंने ईवीएम मशीनों (बीयू, सीयू और बैलेट यूनिट) के कनेक्शन को जोड़ने संबंधी की जा रही तैयारियों की जानकारी ली और अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि उपरोक्त सभी कार्य निर्वाचन आयोग के नियमों के तहत समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से किए जाएं। इसमें किसी प्रकार की गलती की गुंजाइश नहीं है। उन्होंने कहा कि कैंडीडेट सेटिंग के इस कार्य के लिए विधानसभावार शेड बनाए गए हैं। जिस तहसील कर्मी की ड्यूटी जहां लगी है, उसे वहीं पर कार्य करना है। इस अवसर पर एसपी दिनेश सिंह, एडीएम अरुण कुमार सिंह, एसडीएम नवाबगंज विजय कुमार त्रिवेदी सहित संबंधित अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे।

चार शातिर लुटेरे गिरफ्तार

मसौली, बाराबंकी

कार्रवाई

▸▸ लूट के छह मोबाइल फोन और चोरी की दो बाइकें बरामद

▸▸ गिरोह बनाकर राह चलते लोगों को बनाते थे शिकार

अमृत विचार: चार शातिर लुटेरों को सफदरगंज थाने की पुलिस ने शुक्रवार को गिरफ्तार कर चार घटनाओं का खुलासा किया। बदमाशों के पास से लूट के छह मोबाइल फोन एवं चोरी की दो मोटर साइकिलें बरामद की गयी हैं।

सफदगंज पुलिस ने सैफपुर गांव के पास शिवगढ़ मोड़ से नरेन्द्र, शिवम निवासी ग्राम धरौली थाना रामसनेहीघाट, आदित्य कुमार उर्फ छोटू निवासी जलालपुर थाना सफदरगंज व सुमित यादव निवासी ग्राम मालीपुर थाना रामसनेहीघाट को गिरफ्तार किया। पुलिस ने शातिरों को गिरफ्तार कर बीते मार्च में थाना क्षेत्र के ग्राम मोहम्मदाबाद के पास हुई मोबाइल चोरी और थाना रामसनेहीघाट से मोटरसाइकिल चोरी की घटनाओं का खुलासा किया।

पुलिस ने गिरफ्त में आये लुटेरों के कब्जे से लूट के 6 मोबाइल फोन व चोरी की दो मोटरसाइकिलें भी बरामद कीं। पुलिस की पूछताछ में बदमाशों ने बताया कि उनका एक गैंग है।

जो स्थानीय जिले व आस-पास के जनपदों में राह चलते व्यक्तियों से लूटपाट करता है और उस सामान को बेचकर अपना शौक पूरा करता है। वह पहचान छिपाने के लिए चोरी की गई मोटर साइकिलों की नम्बर प्लेट बदल देते थे। इन बदमाशों के विरुद्ध थाना सफदरगंज एवं रामसनेहीघाट में लूट व चोरी के मुकदमे दर्ज हैं।

इंजन में दुपट्टा फंसने से बालिका घायल

फतेहपुर, बाराबंकी : खेत में चल रहे इंजन से पानी पीने गई बालिका का दुपट्टा इंजन में फंस गया। वह इंजन की चपेट में आकर गंभीर रूप से घायल हो गई। उसे सीएचसी लाया गया। यहां से उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बन्नी सुलेमाबाद निवासी हरिश्चंद्र की 9 वर्षीया पुत्री शुक्रवार को खेत में इंजन से पानी पीने गई थी। इस दौरान उसका दुपट्टा इंजन के चक्के में फंस गया। खेतों में काम कर रहे लोगो ने इंजन बंद कर उसे आनन फानन में उपचार के लिए सीएचसी पहुंचाया।

खंभे पर तार जोड़ रहे युवक की करंट से मौत

हादसा

▸▸ अचानक बिजली आपूर्ति शुरू हो जाने के चलते हुई घटना

निन्दूरा बाराबंकी, अमृत विचार : घुंघटेर कोतवाली क्षेत्र में हाई वोल्टेज लाइन पर चढ़कर तार जोड़ रहे युवक की बिजली आपूर्ति शुरू हो जाने से करंट से मौत हो गयी। पंडित पुरवा मजरे मोहलिया गांव निवासी लवकुश यादव (25) धौहरा मोहलिया फीडर लाइन पर शुक्रवार शाम करीब 7 बजे पोल पर चढ़कर तार जोड़ रहा था तभी बिजली आ जाने से उसकी मौत हो गयी। मौके पर लोगों की भीड़ लग गयी। ज्वाइंट मजिस्ट्रेट भी पहुंचे। जेई विकास शुक्ला ने बताया कि लाइनमैन वीरेंद्र यादव ने 7:10 बजे शट-डाउन लिया था शट-डाउन वापस करने के बाद लाइन चालू की गयी थी। लवकुश लाइनमैन नहीं था ना ही संविदाकर्मी। किसके कहने पर तार जोड़ रहा था जांच कराई जाएगी।

फर्स्ट वोटर

लोगों को मत देने को करूंगा जागरूक : दुर्गेश

लोकतंत्र के महापर्व में पहली बार मतदान करूंगा। मैं जो राष्ट्रहित की बात करने वाले प्रत्याशी को वोट दूंगा। साथ ही लोगों को मतदान के प्रति जागरूक करूंगा।

पहले मतदान, फिर कोई काम : ऋचा मिश्रा

मुझे इस बात कि खुशी है कि मैं पहली बार वोट डालने जाऊंगी। मै सर्वप्रथम मतदान करूंगी फिर कोई दूसरा काम करूंगी।

पहली बार मतदान के लिए है उत्साह : ऋचा तिवारी

मतदान को लेकर उत्साह है। मैं उसी को वोट करूंगी जो महिलाओं की सुरक्षा व रोजगार दिलाने की बात करेगा।

मताधिकार का प्रयोग जरूरी : सीमा

मैं पहली बार मतदान करूंगी। लोकतंत्र के महापर्व में सभी को मतधिकार का प्रयोग अवश्य करना चाहिए।

साधन सहकारी संघ का भवन जर्जर

रामनगर, बाराबंकी

अमृत विचार : विभागीय उपेक्षा के चलते साधन सहकारी संघ सुरवारी अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। इसकी इमारत खंडहर में तब्दील हो गई है। परिसर जंगल झाड़ी से पटी पड़ा है।

दरअसल इस सहकारी संघ पर शुरुआती दौर में क्षेत्र के किसानों को गेहूं, चना, मटर सहित तमाम बीज सवाई पर दिए जाते थे। सस्ते गल्ले की दुकान चलती थी और भारी मात्रा में कपड़ा विक्रय का भी कार्य होता था। इसके अलावा संघ के सदस्यों को उन्नत खेती करने के लिए तमाम सुविधाएं भी दी जाती थीं। किसानों की फसलों के लिए क्रय केंद्र भी चलते थे, लेकिन 1987 के बाद इस संघ के दिन खराब होना शुरू हो गए। यही नहीं इस संघ में तालाबंदी हो गई। बाद में अराजक तत्वों द्वारा कार्यालय में रखी गई अलमारियां गायब कर दी गईं और खिड़कियां व दरवाजे भी टूट गए। आलम यह है कि अब यह बिल्डिंग पूरी तरह खंडहर में तब्दील हो गई है। परिसर में झाड़ी झंकार उगी हुई है। एक पालेसर चलाने वाले व्यवसायी द्वारा धान की भूसी के बड़े-बड़े ढेर परिसर में लगाकर अतिक्रमण किया गया है। कहने के लिए प्रशासन द्वारा सहकारी संघ की प्रबन्ध समिति का चुनाव करवा दिया जाता है। लेकिन बोर्ड के अध्यक्ष व सदस्य भी इसकी और ध्यान नहीं देते है। यहां पर सचिव भी तैनात है लेकिन बजट न होने के चलते इस सहकारी संघ के सदस्यों को इसका कोई लाभ नहीं मिल पाता है। जबकि सहकारी संघ रामनगर पूरी तरह से सक्रिय है। यहां पर गेहूं व धान के क्रय केंद्र भी चलते हैं। खाद व बीजों की बिक्री भी व्यापक पैमाने पर चलती है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस ओर आकृष्ट कराया है।

साधन सहकारी संघ सुरवारी का जर्जर भवन। अमृत विचार

अश्लील वीडियो किया अपलोड

सिरौलीगौसपुर, बाराबंकी, अमृत विचार : क्षेत्र के एक गांव की दो विवाहित बहनों की फोटो के साथ छेड़छाड़ कर एक युवक ने अश्लील वीडियो बनाकर फेसबुक पर अपलोड कर दिया। पिता ने शिकायत की तो आरोपी युवक के पिता और भाई ने गालियां देते हुए जान से मारने की धमकी दी। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने आरोपियों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है। कोतवाली बदोसराय क्षेत्र के ग्राम अमनियापुर निवासी उमेश यादव ने गांव की ही दो बहनों की फोटो एडिट कर अश्लील वीडियो बनाकर फेसबुक अकाउंट पर पोस्ट कर दिया। लड़कियों के पिताने इसकी शिकायत आरोपी के पिता और भाई से की तो उसे धमकाते हुए भगा दिया।

आस्था बस स्टाप के पास आयोजित भंडारे में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने ग्रहण किया प्रसाद

धूमधाम से मनाया गया परशुराम का जन्मोत्सव

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : प्रभु विष्णु के छठे अवतार कहे जाने वाले परशुराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को आस्था और धूमधाम के साथ मनाया गया। विभिन्न संगठनों द्वारा कार्यक्रम आयोजित किये गये। साथ ही कई स्थानों पर भंडारे आयोजित किये गये जहां श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया।

शहर के बस स्टॉप के निकट परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। सुबह से देर शाम तक चले भंडारे में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। आयोजन ब्राह्मण परिवार समिति द्वारा कराया गया था कार्यक्रम में पहुंचे स्नातक एमएलसी उमेश द्विवेदी ने पूजा अर्चना कर परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर प्रसाद वितरित किया। इसके अलावा जिले के कई अन्य क्षेत्रों में भी परशुरामजन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर भाजपा नेता प्रमोद तिवारी, प्रशांत मिश्रा, सुजीत चर्तुवेदी, शिवम शुक्ला, ऋषभ द्विवेदी, शनि तिवारी समेत कई लोग मौजूद रहे।

परशुराम का पूजन करते स्नातक एमएलसी उमेश द्विवेदी। अमृत विचार

परशुराम की पूजा-अर्चना करते राज्यमंत्री सतीश शर्मा। अमृत विचार

राज्यमंत्री ने की भगवान परशुराम की पूजा-अर्चना

बाराबंकी, अमृत विचार : बाबा पंचमदास कुटी में शुक्रवार को राज्यमंत्री सतीश चंद्र शर्मा ने परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर पूजन किया। इस मौके पर बाराबंकी लोकसभा सीट से भाजपा प्रत्याशी राजरानी रावत भी मौजूद रहीं।

सार-संक्षेप

एसपी ने ली परेड की सलामी, सिखाया अनुशासन का पाठ

पुलिस लाइन का निरीक्षण करते एसपी दिनेश कुमार सिंह। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : पुलिस लाइन में एसपी दिनेश कुमार सिंह शुक्रवार को परेड की सलामी ली।उन्होंने पुलिस कर्मियों को अनुशासन और शिष्टाचार का पाठ पढ़ाया। उन्होंने शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रहने के टिप्स दिए। उसके बाद उन्होंने 112 पीआरवी वाहनों का निरीक्षण कर संबंधित उपकरणों के रखरखाव के निर्देश दिए। एसपी ने पुलिस लाइन परिसर में बने मैक्स बैरक और शस्त्रागार सहित अन्य स्थानों का भी निरीक्षण किया इस मौके पर उनके साथ क्षेत्राधिकारी अधिकारी पुलिस लाइन सुमित त्रिपाठी व प्रतिसार निरीक्षक सुभाष मिश्रा सहित अन्य अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

40 लीटर शराब बरामद, 140 किलो लहन नष्ट कराया

बाराबंकी, अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में धलबल के साथ अवैध शराब को रोकने के लिए चलाए जा रहे विशेष प्रवर्तन अभियान के अंतर्गत ग्राम मांझा रायपुर एवं करोनिबंधा थाना टिकैतनगर में आबकारी निरीक्षक रामनगर एवं सिरौलीगौसपुर की संयुक्त टीम द्वारा स्टाफ के साथ दबिश दी गई। दबिश के दौरान 8 स्थानों पर छापे मारते हुए लगभग 40 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और मौके पर लगभग 140 किलो लहन नष्ट किया गया। इनमें नहर के किनारे से भी शराब बरामद की गई। आबकारी अधिनियम के तहत दो अभियोग पंजीकृत किया गया। जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर ने बताया कि दबिश के दौरान उक्त ग्राम के ग्रामवासियों को अवैध शराब के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में जागरूक किया गया एवं आस पास अवैध शराब के निर्माण/बिक्री/परिवहन की गतिविधियों के संचालन होने के बारे में सूचना दिये जाने की भी अपील की गयी।

युवती लापता, युवक पर अपने साथ ले जाने आरोप

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : कोतवाली रामसनेहीघाट अंतर्गत एक युवक द्वारा युवती को भगा ले जाने का मामला सामने आया है। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार एक गांव निवासिनी युवती के पिता द्वारा पुलिस में दी गई शिकायत में बताया कि बुधवार को उसकी पुत्री रात में घर पर सो रही थी। गुरुवार की सुबह 4 बजे वह उठी और शौच के बहाने उसकी बेटी घर से फरार हो गई। युवती के पिता ने आरोप लगाया कि पड़ोसी गांव का युवक उसकी पुत्री को भगा ले गया। पिता ने कोतवाली पुलिस से अपनी बेटी की बरामदगी की गुहार लगाई है। थाना प्रभारी ओपी तिवारी ने बताया कि आरोपी युवक के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर उसकी धरपकड़ के प्रयास किये जा रहे हैं। जल्द ही आरोपी पुलिस की गिरफ्त में होगा।

युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा

त्रिवेदीगंज, बाराबंकी, अमृत विचार : छेड़छाड़ के आरोप में एक युवक के खिलाफ थाना क्षेत्र लोनी कटरा के एक गांव की युवती ने युवक के खिलाफ छेड़छाड़ एवं धमकाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई है। थाना कोतवाली हैदरगढ़ अंतर्गत ग्राम पचरुआ निवासी शुभम शुक्ला उर्फ बद्दू के खिलाफ थाने पर दर्ज कराई गई प्राथमिकी में युवती ने आरोप लगाया है विपक्षी उसका फोटो अपने स्टेटस पर लगाने के अलावा आए दिन उसे शादी करने के लिए विवश करता है और धमकाता है। प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है 8 दिन पूर्व मंगलपुर चौराहे पर वह अपने रिश्तेदारों के यहां जाने के लिए घर से निकली थी इसी बीच शुभम शुक्ला ने उसका हाथ पकड़ कर खींचने लगा और शादी का दबाव बनाया। थानाध्यक्ष अंकित त्रिपाठी ने बताया कि छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है

बिना मास्क व ग्लब्स के सफाईकर्मी उठा रहे कूड़ा

बिना ग्लब्स कूड़ा उठाते सफाईकर्मी।

रामसनेहीघाट, बाराबंकी, अमृत विचार : नगर पंचायत रामसनेहीघाट में सफाईकर्मी बिना मास्क व ग्लब्स के कूड़ा उठा रहे हैं। उन पर हर पल संक्रमण का खतरा बना रहता है। नगर पंचायत रामसनेहीघाट के 14 वार्डों की साफ-सफाई के लिए में कुल 40 सफाई कर्मचारी तैनात हैं। डोर-टू-डोर कचरा उठाने के लिए आधा दर्जन वाहन चल रहे हैं, लेकिन नगर पंचायत द्वारा इन्हें संसाधन उपलब्ध नहीं करवाए जा रहे हैं। अधिशाषी अभियंता धीरज सिंह ने कहा कि सफाईकर्मियों को उपकरण के साथ दस्ताने, मास्क दिए जाते हैं। मगर वह इसका प्रयोग नहीं करते हैं। सभी को निर्देश दिये जाएंगे कि उपकरण के साथ साफ-सफाई का काम करें।

कूड़े से पटा जमुरिया नाला, दुर्गंध से जीना मुहाल

कूड़े से पटा जमुरिया नाला। अमृत विचार

बाराबंकी, अमृत विचार : शहर के लखनऊ-बहराइच मार्ग पर पटेल तिराहे के पास स्थित जमुरिया नाला कूड़े-कचरे से इस कदर पटी है कि पानी का निकास जिस रफ्तार में होना चाहिए उस रफ्तार से नहीं हो रहा है। दिन प्रतिदिन कूड़े का गुबार नाले में बढ़ता जा रहा है। इससे उठ रही दुर्गंध से आसपास के दुकानदार और इधर से निकलने वालों को मुंह पर कपड़ा ढकना पड़ रहा है। इसे लेकर जिला प्रशासन बिलकुल गंभीर नहीं दिख रहा है। नाले का पानी सड़कों के साथ घरों के अंदर तक प्रवेश कर गया था। बद से बदतर जिंदगी हो गई थी। प्रशासन ने रास्ता बंद कर सफाई कराकर पानी का निकास कराया था लेकिन एक बार फिर स्थिति पहले जैसी होती दिख रही है। केवल कागजों पर ही सफाई सीमित है। कचरे से पूरा नाला पटा है। लोगों ने प्रशासन का ध्यान इस समस्या की ओर आकृष्ट कराया है।

चेन स्नेचर का नहीं लगा कोई सुराग

फतेहपुर, अमृत विचार : चेन स्नैचिंग घटना के 58 घण्टे बीतने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक चेन स्नैचर नहीं पहुंच सके हैं। जबकि घटना को अन्जाम देने वाले बाइक सवार बदमाश सीसीटीवी कैमरे में साफ तौर से देखे गए थे। मुहल्ला पचघरा निवासी देवेन्द्र प्रताप त्रिपाठी की पत्नी कंचन लता बुधवार को मार्निंक वाक के बाद सुबह घर के निकट बिना नम्बर प्लेट की बाइक पर सवार होकर आये दो बदमाश युवकों ने उनके गले में झपट्टा मारा चैन छीन ले गए थे। महिला के द्वारा चेन को पकड़ लेने के कारण बदमाश आधी चेन ले जा सके थे और आधी महिल के पास रह गई थी। भागते समय युवकों की फोटो पड़ोस के एक घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी थी। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद भी पुलिस के हाथ अभी तक बदमाशों तक नहीं पहुंच सके है। कोतवाल डीके सिंह ने बताया कि बदमाशों की धरपकड़ के लिए पुलिस पूरी मुस्तैदी से काम कर रही है, जल्द ही बदमाश पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

एक बस के सहारे यात्री, कैसे पहुंचें राजधानी

हैदरगढ़, बाराबंकी, अमृत विचार : बसों की कमी के चलते लखनऊ एवं बाराबंकी के लिए आवागमन करने वाले यात्रियों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। जहां लखनऊ जाने के लिए यात्रियों को डग्गामार वाहनों का सहारा लेना पड़ रहा है। वहीं बाराबंकी जाने के लिए घंटों बस का इंतजार करना पड़ रहा है। उल्लेखनीय है कि पिछले रविवार से परिवहन निगम द्वारा हैदरगढ़ कैसरबाग के बीच में चलने वाली कैसरबाग डिपो की बसों को बंद कर दिया गया था। यात्रियों की मांग पर गुरुवार से कैसरबाग डिपो की एक बस का संचालन किया भी गया है तो यह बस सेवा सुबह यात्रियों को लेकर लखनऊ जाती है और फिर वहां से गोंडा चली जाती है। शाम को लखनऊ से लौटने वाली बस सेवा रात विश्राम के बाद फिर अगले दिन सुबह-सुबह लखनऊ के लिए चली जाती है। क्षेत्रीय प्रबंधक आरके त्रिपाठी ने बताया कि बस सेवाओं के चुनाव ड्यूटी में लग जाने की वजह से संचालन बाधित है।

एक नजर

घर से निकली नाबालिग किशोरी हुई लापता

नवाबगंज, गोंडा। थानाक्षेत्र के एक गांव निवासी महिला ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बुधवार की शाम को उसकी 16 वर्षीय लड़की घर से निकली थी। काफी देर तक वापस नहीं आने पर काफी खोजबीन की, लेकिन कोई उसका कोई पता नहीं चल पाया। किशोरी की मां ने बताया कि आशंका है कि उनकी लड़की को बहला-फुसलाकर अज्ञात युवक भगा ले गया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि लड़की की मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। लड़की की तलाश की जा रही है। जल्द ही लड़की को बरामद कर लिया जाएगा।

दबंगों ने दो युवकों को पीटकर किया लहूलुहान

नवाबगंज, गोंडा। थानाक्षेत्र के दुल्लापुर गांव निवासी राजकिशोर ने थाने पर दी गई तहरीर में बताया कि बीते बुधवार की रात्रि में उनका लड़का मोनू अपने दोस्त शिव शंकर तिवारी के साथ नवाबगंज बाजार से अपने घर की तरफ जा रहे था। रास्ते में नौडिहवा गांव के पास सुशील, लवकुश, प्रदीप तथा संदीप निवासी नौडिहवा नवाबगंज गिर्द ने रोक लिया और गाली देने लगे। मना करने पर लाठी-डंडा तथा सरिया से पीटा। सिर में सरिया मारने से दोनों युवकों के सिर में गंभीर चोटें आईं। गंभीर हालत में दोनों को स्थानीय नर्सिंग होम में भर्ती कराया गया। मारपीट के दौरान मोनू की जेब में रखे 800 सौ रुपये भी गिर गए। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

बोलेरो अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलटी, दो लोग घायल

नवाबगंज, गोंडा। नवाबगंज थाना क्षेत्र के नवाबगंज-तरबगंज मार्ग पर शुक्रवार को परसिया गांव के पास एक बोलेरो अनियंत्रित होकर गड्ढे में पलट गई। जिसमें सवार दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल राजन वर्मा (17), चालक बीरेंद्र निवासी गांव खडौरा तरबगंज को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टरों ने हालत गंभीर देखते हुए अयोध्या मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया।

ट्रक व स्कॉर्पियो की आमने-सामने भिड़ंत में 3 की मौत, 8 घायल

गोंडा-अयोध्या हाईवे पर राजा सगरा के पास हुआ हादसा, स्कॉर्पियो में करीब 15 लोग सवार थे

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: अयोध्या से बच्चे का मुंडन कराकर लौट रही श्रद्धालुओं से भरी स्कॉर्पियो कार की गोंडा-अयोध्या हाईवे पर वजीरगंज थाना क्षेत्र के राजा सगरा के समीप विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़ंत हो गयी। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। इस हादसे में स्कॉर्पियो चालक, एक महिला व एक बच्चे की मौके पर ही मौत हो गयी, जबकि 8 अन्य लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के वक्त स्कॉर्पियो कार में करीब 15 लोग सवार थे। मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

वजीरगंज थानाक्षेत्र के नगवा गांव के रहने वाले शिवपूजन का परिवार शुक्रवार को बेटे का मुंडन कराने के लिए अयोध्या गया था। मुंडन के बाद परिवार और रिश्तेदारी के लोग स्कॉर्पियो कार से घर लौट रहे थे। वह वजीरगंज थानाक्षेत्र के राजा सगरा के पास पहुंचे थे कि विपरीत दिशा से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने स्कॉर्पियो में ठोकर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। हादसे में स्कॉर्पियो चालक मातादीन बारी (50) निवासी ग्राम नगवा थाना वजीरगंज, रानी (40) पत्नी आनंद तिवारी निवासी विश्नोहरपुर थाना नवाबगंज व श्लोक (8) निवासी ग्राम नगवा की मौके पर ही मौत हो गयी। जबकि मोहिनी मिश्रा (28) ग्राम नगवा, नीलम मिश्रा (45) पत्नी धर्मदत्त मिश्रा निवासी नगवा, प्रीति तिवारी (30) पत्नी महेश मिश्रा निवासी नगवा, हिमेश (28) निवासी नगवा, आदर्श पांडे (22) निवासी नगवा, लक्ष्मी तिवारी (21) निवासी रामनगर तरहर थाना कोतवाली देहात, रोली तिवारी (14) निवासी बरई पारा थाना वजीरगंज व अंशिका पांडे (14) निवासी ताजपुर थाना कोतवाली देहात गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद घटनास्थल पर चीख पुकार मच गयी।

मौके पर मौजूद लोगों ने घटना की सूचना पुलिस को देते हुए राहत और बचाव कार्य शुरू किया। कुछ देर बाद पुलिस भी मौके पर पहुंच गई और घायलों को एंबुलेंस की मदद से जिला अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया। थानाध्यक्ष अभय सिंह ने बताया कि घायलों का जिला अस्पताल में इलाज किया जा रहा है। मृतकों के शवों का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

ट्रक से हुई टक्कर में क्षतिग्रस्त कार। अमृत विचार

हादसे की भयावह तस्वीर देख कांप गए लोग

भीषण हादसे की तस्वीर इतनी भयावह थी कि देखने वालों का कलेजा कांप उठा। ट्रक से टकराने के बाद स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा कटकर अलग हो गया और चालक नीचे जमीन पर जा गिरा। स्कॉर्पियो में सवार अन्य यात्री भी ठोकर लगने के बाद उछलकर सड़क पर जा गिरे। कुछ उसी में फंसे रह गए। सड़क पर चारों तरफ खून ही खून नजर आ रहा था। इस दृश्य को देखकर पहले तो कोई आगे नहीं आया लेकिन फिर घायलों का करुण क्रंदन सुनकर कुछ लोगों ने हिम्मत जुटाई और मदद के लिए आगे बढ़े।

घायलों को खुद ही एंबुलेंस तक पहुंचाने में जुटे रहे एसओ

हादसे की सूचना मिलने पर जब वजीरगंज थानाध्यक्ष अभय सिंह पुलिस टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां चीख पुकार मची थी। हर कोई सहायता के लिये हाथ बढ़ा रहा था। घायलों को अस्पताल पहुंचने में देर न हो इसलिए एसओ ने खुद ही आगे बढ़कर घायलों को गोद में उठाकर एंबुलेंस तक पहुंचाना शुरू किया। एसओ को देखकर स्थानीय लोग भी आगे बढ़े और उनकी मदद की। खाकी के इस मानवीय चेहरे की हर कोई तारीफ करता दिखा।

खाई में पलटा ट्रैक्टर, बालिका की मौत

विकरवा गांव के नारायणपुर मोड़ पर खाई में पलटा हुआ ट्रैक्टर।

गोंडा: कटरा बाजार थानाक्षेत्र में ट्रैक्टर खाई में पलट गया। इसमें अपने बाबा के साथ सवार 12 साल की बालिका की मौत हो गई। मृतक बालिका खुशबू पुत्री अशोक कुमार अपने ननिहाल तुर्का में पूरे परिवार के साथ रहती थी। शुक्रवार को रामसमुझ निवासी जिगनिया कलवारी अपनी पोती को ननिहाल से ट्रैक्टर पर बैठाकर लेकर चले थे। जैसे ही नरायनपुर गांव के मोड़ के पास पहुंचे ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर खाई में पलट गया, जिसमें बालिका दब गई। आसपास के लोगों ने दौड़कर ट्रैक्टर के नीचे से बालिका को निकाला, तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। वहीं हादसे में चालक राम समुझ को मामूली चोट आई है। आसपास के लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस शव को कब्जे में लेकर विधिक कार्रवाई में जुटी है। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार गुप्ता ने बताया कि थानाक्षेत्र के बिकरवा के पास एक ट्रैक्टर पलटने की सूचना मिली है, जिसमें एक बालिका की मौत हुई है।

मेडिकल स्टोर्स पर धड़ल्ले से बिक रहीं प्रतिबंधित दवाएं

नवाबगंज, गोंडा

अमृत विचार: नवाबगंज क्षेत्र के कटरा शिवदयालगंज में प्रतिबंधित दवाओं की बिक्री इन दिनों जोरों पर है। जिसका प्रयोग युवा पीढ़ी नशे के रूप में कर रही है। इन दवाओं को बेचकर मेडिकल स्टोर संचालक मालामाल हो रहे हैं, लेकिन इसकी रोकथाम के लिए न तो प्रशासन कोई ठोस कदम उठा रहा है और न ही स्वास्थ्य विभाग।

क्षेत्र में दर्जनों की संख्या में दवा की दुकानें और झोलाछाप डॉक्टरों द्वारा प्रतिबंधित दवाओं को बेंचकर मोटा मुनाफा कमाया जा रहा है। प्रतिबंधित दवाओं का सेवन सबसे ज्यादा युवा कर रहे हैं। लोगों द्वारा बताया जाता है कि नौजवान दुकान पर पहुंचता है और कोड भाषा में बोलता है और मेडिकल स्टोर संचालक उसे प्रतिबंधित दवाएं दे देता है। मेडिकल स्टोर संचालक ग्राहक से दोगुना रेट वसूल लेता है। कुछ मेडिकल स्टोर ऐसे भी हैं। जिनके पास कोई लाइसेंस भी नहीं है। झोलाछाप डॉक्टरों की भरमार है। भीषण गर्मी में मरीजों से मनमानी तरीके से मोटी रकम वसूल रहे हैं। इस बाबत ड्रग इंस्पेक्टर राजिया बानो से दूरभाष पर जानकारी करने पर उन्होंने कहा कि जांच कराकर मेडिकल स्टोर संचालकों और झोलाछापों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

प्रधानाचार्य हत्याकांड का मुख्य आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: दो महीने पहले छपिया थानाक्षेत्र के चान्दारती गांव में हुई प्रधानाचार्य हत्याकांड के मुख्य आरोपी को पुलिस ने गुरुवार की देर रात मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। हत्यारोपी पर पुलिस ने 25 हजार का इनाम घोषित कर रखा था। आरोपी के पास से पुलिस ने तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद की है।

छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव के रहने वाले दिनेश यादव (35) की दो महीना पहले 3/4 मार्च की रात में गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। मामले में परिजनों ने सिसहनी गांव के अजय वर्मा व राज सिंह के खिलाफ हत्या की नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पुलिस ने राज सिंह को गिरफ्तार कर जेल भेजा था, जबकि मुख्य आरोपी अजय वर्मा वारदात के बाद फरार चल रहा था। पुलिस ने अजय वर्मा पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था और उसकी गिरफ्तारी के लिए पांच पुलिस टीमें लगायी गयी थीं। गुरुवार की रात पुलिस को सूचना मिली की अजय वर्मा बगही बगिया के पास मौजूद है। इस सूचना पर पुलिस टीम ने अजय वर्मा को घेर लिया। पुलिस से बचने के लिए आरोपी अजय ने पुलिस टीम पर फायरिंग की तो बचाव में पुलिस को भी गोली चलानी पड़ी। पुलिस की गोली लगने से हत्यारोपी अजय वर्मा घायल हो गया और पुलिस ने उसे दबोच लिया। घायल अजय को इलाज के लिए छपिया के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया है। मुठभेड़ की सूचना पर पुलिस अधीक्षक विनीत जायसवाल भी अस्पताल पहुंचे और घटना की जानकारी ली। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ विधिक कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार करने वाली टीम में थानाध्यक्ष छपिया कृष्ण गोपाल राय, थानाध्यक्ष उमरी बेगमगंज संजीव वर्मा स्वाट टीम प्रभारी सर्वजीत गुप्ता, साइबर प्रभारी शादाब आलम व सर्विलांस प्रभारी सुनील कुमार सिंह टीम के साथ शामिल रहे।

> अजय वर्मा पिछले दो महीने से फरार चल रहा था। उस पर 25 हजार का इनाम भी घोषित था। गुरुवार की रात मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने तमंचा, कारतूस व बाइक बरामद हुआ है। - **विनीत जायसवाल, एसपी-गोंडा**

दर्ज हैं 14 मुकदमे

प्रधानाचार्य की हत्या के मुख्य आरोपी अजय वर्मा के खिलाफ गोंडा व बस्ती जिले में 14 मुकदमे दर्ज हैं। इनमें चोरी, डकैती, जालसाजी व अन्य कई गंभीर मामले शामिल हैं। अजय वर्मा छपिया के रेंबो गैंग का सरगना भी बताया जाता है।

छात्राओं से छेड़छाड़ का विरोध करने पर की गयी थी हत्या

छपिया थाना क्षेत्र के फूलपुर गांव के रहने वाले दिनेश यादव (35) सिसहनी बभनान गांव स्थित श्री सीडी यादव इंटर कॉलेज के प्रधानाचार्य थे। 26 जनवरी को कॉलेज में एक छात्रा के साथ छेड़खानी की वारदात हुई थी। प्रधानाचार्य दिनेश यादव ने इसका विरोध किया था और इसकी सूचना पुलिस को दे दी थी। हालांकि पुलिस ने हत्यारोपी अजय व अन्य आरोपियों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई करने के बजाय उनका शांतिभंग में चालान कर मामले को रफादफा कर दिया था। मनचलों को यह कार्रवाई नागवार गुजरी थी और वह लगातार प्रधानाचार्य की रेकी कर रहे थे। 3 मार्च कोट दिनेश यादव अपने मामा के बेटे की शादी में शामिल होने चांदारती गांव गए हुए थे। रविवार को भी वह मामा के घर पर ही रुके थे। रात में वह अपने भाई व मामा के बेटे के साथ कॉलेज के सामने बनी मामा की दुकान के बाहर सो रहे थे। रात करीब एक बजे दो युवकों ने दिनेश की कनपटी से तमंचा सटाकर गोली मार दी थी। इस घटना में दिनेश की मौके पर ही मौत हो गयी थी।

लू व गर्मी का असर, लोग परेशान

गोंडा कार्यालय

- लू के थपेड़े से बीमार हो रहे हैं बच्चे व बुजुर्ग
- मेडिकल कॉलेज में बढ़ रहे हैं गर्मी जनित बीमारियों के मरीज

अमृत विचार: गर्मी के चलते मेडिकल कॉलेज में भी मरीज की संख्या बढ़ती जा रही है। तमाम ऐसे लोग हैं, जिनको डायरिया, बुखार, पेट दर्द आदि की समस्या हो रही है। लू के थपेड़ों के बीच किसी तरीके से अपना काम निपटा रहे हैं। गर्मी व तेज हवा चलने से लोग घर से बाहर निकलने में कतराने लगे हैं। धूप से दोपहर में सड़कों पर चलना दूभर हो गया है। धूप से खुद को बचाने के लिए लोग छतरी और गमछे का सहारा ले रहे हैं। दोपहर होते ही सड़कें सूनी हो जा रही हैं।

शुक्रवार को अधिकतम तापमान 36 व न्यूनतम 23 डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड दर्ज किया गया। कामकाजी लोगों का धूप में निकलना विवशता है। फील्ड में कार्य करने वाले लोग धूप के कारण परेशान नजर आ रहे हैं। किसानों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। सुबह होते ही तापमान बढ़ने लगता है, जिसके चलते मजदूर खेतों में काम करना नहीं चाहते हैं। इसकी वजह से किसानों के खेतों की कटाई और मड़ाई प्रभावित हो रही है। गर्मी का आलम यह है कि घर से निकलने वाले लोग चेहरा सहित पूरा शरीर ढककर चल रहे हैं। गर्मी से निजात पाने के लिए लोग तरह-तरह के उपाय कर रहे हैं। लोगों को मानना है जो गर्मी पड़ रही है, इस गर्मी की शुरुआत जून में होती थी। ऐसे में गर्मी के चलते लोग बीमार भी पड़ने लगे हैं। अस्पताल में भी डायरिया, बुखार के मरीज बढ़ गए हैं। फिलहाल तेज हवा सभी को परेशान कर रही है। गांव से लेकर शहर तक धूप के चलते परेशानी बढ़ गई है। तालाबों में भी पानी सूख गया है, जिससे जानवर परेशान हो रहे हैं। पानी की तलाश में जंगली जानवर गांव की ओर रुख कर रहे हैं। तेज हवा के साथ धूल भी उड़ रही है। आंखों में धूल कंकड़ जाने से कुछ जगहों पर तो दुर्घटना भी हो रही है। मौसम विभाग से जुड़े लोगों की मानें तो आने वाले दिन गर्मी और परेशान करेगी।

भारत गैस वितरक ने शुरू की फ्री सर्विस

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: घरेलू गैस सिलेंडर से आग लगने की बढ़ती घटनाओं को लेकर पेट्रोलियम कंपनियों ने उपभोक्ताओं के गैस सिलेंडर व चूल्हे की जांच कराने का फैसला किया है। शुक्रवार को श्री साईं भारत गैस वितरक पंडरी कृपाल गैस एजेंसी के कर्मचारी शिवम मिश्रा, सुनील मिश्रा तथा भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड के सेल्स ऑफिसर चेतन शर्मा ने घरेलू गैस उपभोक्ताओं के घर पहुंचकर उनके चूल्हा, सिलेंडर, रेगुलेटर, पाइप की जांच की। पेट्रोलियम कंपनी की ओर से मुफ्त सर्विस दी जानी शुरू कर दी गई है।

स्थानीय जनपद में 72 गैस एजेंसियां विभिन्न कंपनियों के संचालित हैं। सामान्य व उज्ज्वला योजना के 6 लाख से अधिक उपभोक्ता हैं। इन सभी लाभार्थियों के घर पहुंचकर चूल्हा, रेगुलेटर, पाइप आदि की जांच पड़ताल की जायेगी। साथ ही उपभोक्ताओं को जागरूक किया जाएगा। इससे पहले गैस एजेंसी द्वारा उपभोक्ताओं को सर्विस तो दी जाती थी, लेकिन एजेंसी संचालक सर्विस की फीस लेते थे। श्री साईं गैस एजेंसी के कर्मचारियों ने विकास खंड जनवरी के बलवंत पुरवा बड़गांव में पहुंचकर घरेलू गैस सिलेंडर की उपभोक्ता रेखा, कविता कुमारी, शांति, मिथिलेश तथा नेहा आदि के गैस सिलेंडर की जांच पड़ताल की। श्री साईं भारत गैस वितरक पंडरी कृपाल गैस एजेंसी के शिवम ने बताया कि यह सर्विस पूरी तरीके से निशुल्क है। जो सामान गड़बड़ होगा, उसी का पैसा उपभोक्ता को देना होगा। उन्होंने बताया कि यह सर्विस घरेलू तथा उज्ज्वला योजना के सभी उपभोक्ताओं को दी जा रही है।

महिला को जागरूक करते भारत पेट्रोलियम के सेल्स ऑफिसर।

सार-संक्षेप

ट्रक ने कार में पीछे से मारी टक्कर, दो लोग घायल

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : गोंडा-अयोध्या राजमार्ग पर परसापुर गांव के पास गुरुवार को सायं करीब 4 बजे गोंडा की तरफ जा रही एक जायलो कार में पीछे से आ रही ट्रक ने अनियंत्रित होकर टक्कर मार दी। जिससे कार में सवार मिंटू पांडेय (35) तथा करन (8) निवासी मछली गांव रावां कोतवाली देहात गंभीर रूप से घायल हो गए। एक अन्य युवक को मामूली चोटें आईं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को स्थानीय सीएचसी पर भर्ती कराया। जहां पर गंभीर रूप से घायल मिंटू पांडेय को डॉक्टर ने मेडिकल कॉलेज अयोध्या रेफर कर दिया। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि ट्रक चालक मौके से भाग गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती करा दिया गया है।

अज्ञात कारणों से लगी आग, दो घरों की गृहस्थी राख

धानेपुर, गोंडा, अमृत विचार : थाना क्षेत्र धानेपुर अंतर्गत ग्राम पंचायत लखनीपुर के मजरा अमलोसवा में गुरुवार की रात अज्ञात कारणों से आग लग गई। देखते ही देखते घर में रखा सामान जलने लगा। मौके पर घर के अंदर लोग सो रहे थे लेकिन पड़ोसियों की सफलता के कारण उन लोगों की जान बच गई। ग्राम पंचायत लखनीपुर के अमलोसवा निवासी चेतराम व हरी राम का घर व गृहस्थी का सामान जल गया। प्रभारी निरीक्षक धानेपुर वेद प्रकाश शुक्ला दलबल के साथ पहुंचे और मौके पर ग्रामीणों के प्रयास से आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान रविंद्र कुमार ने बताया कि हल्का लेखपाल सूरज सिंह को मामले की जानकारी दे दी गई है।

अवैध खनन करते पकड़ा, एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर पकड़े

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : खनन अधिकारी एवं पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से कार्रवाई कर अवैध खनन करते समय एक जेसीबी व पांच ट्रैक्टर को पकड़ा है। थाना कोतवाली देहात के ग्राम रोहांवा के गाटा संख्या 34/0 .9750 हेक्टेयर में एक जेसीबी मशीन व 05 ट्रैक्टर ट्राली मिट्टी का अवैध खनन करते हुए पाये गये। मिट्टी सीएसवी ईंट भट्ठा स्थित ग्राम सोनी हरलाल मझवा ले जाया जा रहा था। ईंट भट्ठा स्वामी चन्द्र शेखर वर्मा निवासी- 5 द्वारिकापुरी सेक्टर 8, इन्दिरा नगर लखनऊ द्वारा बिना वैध परमीशन के मिट्टी का अवैध खनन करके परिवहन किया जा रहा था। खनिज नियमावली-2021 के नियम-3, 58, 72 व खनिज अधिनियम 1957 की धारा 4 व 21 का उल्लंघन है। खनन अधिकारी ने बताया कि सभी वाहनों को पुलिस चौकी खोरहंसा, थाना कोतवाली देहात की अभिरक्षा में दिया गया है।

भव्य कलश यात्रा के साथ सामूहिक श्रीमद्भागवत कथा शुरू

नवाबगंज, गोंडा, अमृत विचार : कस्बे के प्राचीन एवं प्रसिद्ध कालीकुंड मंदिर पर सामूहिक सहयोग से 07 दिवसीय संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया। कथा शुक्रवार से शुरू होकर 16 मई तक चलेगी। पावन धरती मध्य प्रदेश से चलकर सुप्रसिद्ध कथा व्यास मधुर गोपाल शास्त्री महाराज के श्रीमुख से श्रीमद्भागवत रूपी अमृत की वर्षा होगी। आयोजन की शुरुआत शुक्रवार को विशाल एवं भव्य कलश यात्रा के साथ की गई। कलश यात्रा काली कुंड मंदिर से शुरू होकर कस्बे के विभिन्न देवालयों की परिक्रमा करते हुए कथा स्थल पर आकर समाप्त हुई। कलश यात्रा में नगर और क्षेत्र से सैकड़ों की संख्या में महिलाओं, पुरुषों एवं युवाओं ने भाग लिया। इस दौरान हाथ में भगवा ध्वज और शीश पर पवित्र कलश धारण किए श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था। कलश यात्रा के दौरान युवा भजनों की धुन पर जमकर झूमते नजर आये। इस दौरान मुख्य यजमान तारावती पत्नी ओंकारनाथ तिवारी, शेर बहादुर तिवारी, रूपम पत्नी प्रकाश नारायण तिवारी, सावित्री देवी पत्नी प्रहलाद पटवा, बबलू मद्धेशिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

कलश यात्रा निकालते श्रद्धालु।

नमो नमो संगठन में विधानसभा अध्यक्ष बनीं सपना

करनैलगंज, गोंडा : नमो नमो क्रांति फाउंडेशन ने सपना जायसवाल को विधानसभा अध्यक्ष नामित किया है। इनका मनोनयन नमो-नमो क्रांति फाउंडेशन के प्रदेश अध्यक्ष दीपक तिवारी की अनुशंसा पर जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा द्वारा किया गया। सपना ने बताया कि संगठन द्वारा दिये गये पद को अपनी जिम्मेदारी मानकर तन मन धन से सेवा में लगी रहेंगी। संगठन की मजबूती व विस्तार के लिये शीघ्र ही जिले में महिला मोर्चा की ओर से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। जिला प्रभारी विजय भारती, जिलाध्यक्ष सविता मिश्रा, जिला कार्यकारिणी अध्यक्ष अजय कनौजिया, संध्या गोस्वामी, दयावती सिंह, कुलदीप, दीपमाला तिवारी आदि ने प्रसन्नता व्यक्त की है।

सपना जायसवाल।

15 को मतदान कार्मिकों का मेडिकल परीक्षण

गोंडा कार्यालय

अमृत विचार: जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन 2024 को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए पीठासीन अधिकारी, प्रथम मतदान अधिकारी, द्वितीय मतदान अधिकारी एवं तृतीय मतदान अधिकारी के पद पर नियुक्ति की गयी है। नियुक्त कार्मिकों में से कतिपय कार्मिकों द्वारा अपने आवेदन पत्र व आवेदन पत्र के साथ चिकित्सक के पर्चे की छायाप्रति संलग्न कर प्रेषित करते हुए निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त करने के लिए अनुरोध किया जा रहा है। निर्वाचन ड्यूटी से मुक्त किये जाने सम्बन्धी प्रार्थना-पत्रों के आधार पर कार्मिक का चिकित्सीय परीक्षण 15 मई को सीडीओ की अध्यक्षता में गठित टीम द्वारा की जायेगी। टीम में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, डॉ. सीके वर्मा, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी, जिला चिकित्सालय गोण्डा सदस्य हैं।

4 दिनों से हड़ताल पर करनैलगंज तहसील के अधिवक्ता

करनैलगंज, गोंडा

- फरियादियों, वादकारियों के साथ सरकार के खजाने पर असर

अमृत विचार : करनैलगंज तहसील में अधिवक्ताओं के हड़ताल का असर अब फरियादियों, वादकारियों के साथ सरकार के खजाने पर पड़ने लगा है। बीते चार दिनों से उप निबंधक कार्यालय में भी ताला लटक रहा है। अधिवक्ताओं के खौफ से तहसील के सभी कार्यालय न्यायालय पर ताले की दस्तक है। दो अधिवक्ताओं अरविंद शुक्ला और हृदय नारायण मिश्र पर राजस्व कर्मी द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर के बाद से लगातार अधिवक्ता आंदोलित हैं।

शुक्रवार को अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर में नारेबाजी की और सभी कार्यालय और न्यायालय में तालाबंदी कराई। प्रस्ताव पारित कर उप निबंधक कार्यालय के रजिस्ट्री विभाग को प्रस्ताव की कॉपी भेजी गई कि कार्यालय बंद रहेगा। तीन दिनों से उप निबंधक कार्यालय में भूमियों की रजिस्ट्री नहीं हुई है। जिससे प्रतिदिन लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान विभाग को हो रहा है। अधिवक्ताओं की बात मानी जाए तो मंगलवार से शुरू हुई हड़ताल एक सप्ताह के लिए रखी गई है। यदि मुकदमे वापस नहीं लिए जाते हैं और तहसील में व्याप्त भ्रष्टाचार समाप्त नहीं होता है तो यह आंदोलन और भी उग्र हो सकता है। हालांकि लगातार तहसील में तालाबंदी चल रही है। जिसका खामियाजा तहसील में फरियादियों न्यायालय के वादकारियों और जमीन की रजिस्ट्री कराने वाले लोगों को भुगतना पड़ रहा है। अधिवक्ताओं में गोपाल जी तिवारी, ओम प्रकाश यादव, त्रिलोकनाथ तिवारी, धर्मेंद्र मिश्रा, अरविंद शुक्ला, हृदय नारायण मिश्रा आदि का कहना है कि लगातार तहसील प्रशासन द्वारा अधिवक्ताओं पर दबाव बनाने के लिए मुकदमे दर्ज कराए जा रहे हैं। यह तानाशाही पूर्ण रवैया अधिवक्ताओं के हित में नहीं है और अधिवक्ताओं का आंदोलन लगातार जारी रहेगा। तालाबंदी के साथ-साथ सभी अधिवक्ता कार्य से विरत रहेंगे।

जयंती वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज को एक होने, शिक्षा व संस्कार पर विशेष ध्यान देने के साथ-साथ कमजोर ब्राह्मण परिवारों की मदद करने का भी संकल्प दिलाया

अक्षय तृतीया पर प्रभु परशुराम की प्रतिमा की हुई प्राण प्रतिष्ठा

इटियाथोक, गोंडा

अमृत विचार: इटियाथोक विकासखंड के ग्राम ढोंगही में जयंती के अवसर पर नवनिर्मित मंदिर में प्रभु परशुराम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा की गई। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अभिषेक कुमार मिश्रा मुन्ना व विशिष्ट अतिथि भगवदाचार्य तुलसी जन्म स्थली, विशिष्ट अतिथि नित्यानंद शुक्ला रहे।

कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई। उसके बाद मुख्य अतिथियों ने प्रभु परशुराम के बारे में उपस्थित लोगों को जानकारी दी। उनके दिशा निर्देशों पर चलने का संकल्प दिलाया गया। वक्ताओं ने ब्राह्मण समाज को एक होने व शिक्षा व संस्कार पर विशेष ध्यान के साथ-साथ अपने समाज के कमजोर ब्राह्मण परिवारों की हर संभव मदद करने का भी संकल्प दिलाया।

परशुराम जयंती पर तुलसी पीठ के भगवदाचार्य को सम्मानित करते लोग।

कार्यक्रम के मुख्य आयोजक शुक्ला प्रसाद शुक्ल ने अतिथियों का धन्यवाद दिया। इस अवसर पर ओम प्रकाश पांडे, संतोष द्विवेदी, राजेंद्र मिश्रा, राम प्रसाद पांडे, जनार्दन तिवारी, मेवा लाल तिवारी, राम दत्त शुक्ला, बृज किशोर मिश्रा, राघव राम मिश्रा, जनार्दन पांडे, एस एन मिश्रा, राहुल उपाध्याय, पवन कुमार द्विवेदी, बसपा प्रत्याशी लोकसभा क्षेत्र गोंडा सौरभ मिश्र सहित ब्राह्मण समाज के लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन रामानंद तिवारी ने किया। इसी के साथ-साथ विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया।

कचहरी परिसर में परशुराम जयंती पर हुआ कार्यक्रम

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : प्रभु विष्णु के छठवें अवतार महर्षि परशुराम के अवतरण दिवस अक्षय तृतीया पर कमिश्ननरी सभागार में अधिवक्ता भगौती प्रसाद पांडेय की अगुवाई में कार्यक्रम आयोजित किया गया। बार एसोसिएशन के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी की अध्यक्षता में मुख्य अतिथि अपर आयुक्त राम प्रकाश उपस्थिति रहे। संचालन बार एसोसिएशन के महामंत्री चंद्र मणि तिवारी ने किया। अपर आयुक्त रामं प्रकाश ने भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण कर कहा कि संसार में लोक कल्याण के लिए समय समय पर भगवान अवतरित हुए हैं, जिसमें प्रभु परशुराम मुख्य हैं। अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद त्रिपाठी ने प्रभु परशुराम जयंती और अक्षय तृतीया की बधाई दी। जयंती समारोह में सिविल बार एसोसिएशन के वरिष्ठतम उपाध्यक्ष शिवकुमार तिवारी, महामंत्री दिनेश नारायण पाण्डेय, पूर्व अध्यक्ष गोकरण नाथ पांडेय, केके मिश्र, कौशल किशोर पांडेय, माधव राज मिश्र, दीनानाथ त्रिपाठी सहित उमापति शुक्ल हरिहर, नंद गोपाल शुक्ल, अजेय विक्रम सिंह, विनय कुमार मिश्र, सुनील कुमार पाण्डेय, संजय कुमार सिंह, धनलाल तिवारी, अवधेश कुमार शुक्ल भंडहा, सच्चिदानंद मिश्र, रमेश कुमार दूबे, अजय शंकर श्रीवास्तव बंटी, डीजीसी क्रिमिनल बसंत शुक्ल, राम बहाल पाण्डेय, राम फेर प्रजापति आदि रहे।

एक नजर

पटरी दुकानदारों को बांटा गया प्रसाद

सुलतानपुर, अमृत विचार : अक्षय तृतीया के शुभ अवसर पर कथावाचक पंडित कृष्णकांत ने गुमटी पटरी के दुकानदारों को भीषण गर्मी से राहत देने के लिए फ्रूटी, प्रसाद व शीतल पेय देकर प्यास बुझाई। श्री मालवीय ने कहा सही पुण्य का कार्य गरीबो व जरूरतमंद लोगों की मदद करना है। ईश्वर हर जगह मौजूद है बस पहचानने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया सतयुग त्रेता युग युग की शुरुआत इसी दिन हुई इसके अलावा वैशाख शुक्ल की तृतीया को परशुराम जयंती मनाई जाती है।

दिव्यांग मतदाताओं को सक्षम एप से मिलेगी जानकारी

सुलतानपुर, अमृत विचार : जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, प्रभारी दिव्यांग मतदाता मुदित श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्यांगों के लिए सक्षम ऐप विकसित किया गया है। उन्होंने सभी दिव्यांग मतदाताओं से अपील की है कि सभी अपने मोबाइल पर सक्षम ऐप डाउनलोड कर लें। इस ऐप के माध्यम से दिव्यांग मतदाताओं को लोकसभा चुनाव की जानकारी करने में मदद मिलेगी।

भूमि विवाद में हुई मारपीट का मुकदमा दर्ज

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचार : भूमि विवाद में मारपीट का मुकदमा पुलिस ने दर्ज कर लिया है। राम अचल मौर्या निवासी दखिनवारा का पट्टीदार कृष्ण कुमार से भूमि विवाद है। शुक्रवार सुबह दोनों पक्षों में विवाद को लेकर मारपीट हो गई। राम अचल का आरोप हैं की पट्टीदार कृष्ण कुमार, मनीष, अवधेश एकजुट होकर लाठी डंडों से हमला किया। इसमें राम अचल का सर फट गया। थानाध्यक्ष अमित मिश्रा ने बताया की मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई की जा रही है।

असलहा फैक्ट्री का भंडाफोड़, दो गिरफ्तार

आठ बने व 15 अर्द्धनिर्मित तमंचे बरामद, खाली पड़े घर में चल रही थी फैक्ट्री, दोनों को भेजा गया जेल

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः खाली पड़े मकान को दो लोगों ने अवैध असलहे की फैक्ट्री बना डाली। पुलिस ने छापेमारी कर दोनों को हिरास्त में लेते हुए अवैध असलहों का जखीरा बरामद किया है। पकड़े गए दोनों अभियुक्तों के खिलाफ़ आर्म्स एक्ट में मुकदमा दर्ज कर न्यायालय भेजा गया। जहां से उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

करौंदीकला थाना प्रभारी उपेन्द्र सिंह हमराहियों के साथ गुरुवार की देर रात हिंदुआबाद मोड कस्बा करौंदीकला में थे। इसी बीच स्वाट टीम प्रभारी धर्मेन्द्र कुमार वर्मा भी करौंदीकला पहुंच गए। थाना प्रभारी व स्वाट प्रभारी अपराध व अपराधियों पर चर्चा कर रहे थे कि तभी सूचना मिली कि खाली पड़े मकान में अवैध असलहे की फैक्ट्री संचालित है। पुलिस व स्वाट टीम थाना क्षेत्र के शोधनपुर लोहार टोलिया पहुंच कर खाली पड़े घर को घेर लिया। पुलिस टीम अंदर गई। घर के अंदर दो लोग असलहे के साथ मिले तो पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्तों में से एक ने अपना नाम मो. मुस्तकीम निवासी पैगापुर थाना कोतवाली नगर तो दूसरे ने शेख मोहम्मद अली उर्फ विक्की निवासी हसनपुर थाना बंधुआकला जिला सुलतानपुर बताया। तलाशी के दौरान पुलिस को घर के अंदर से आठ बने हुए, 15 अर्धनिर्मित असलहे बरामद हुए। साथ ही पुलिस को अवैध असलहे बनाने के उपकरण व असलहे का सामान बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान दोनों ने बताया कि घर किराए पर लेकर अवैध असलहे का निर्माण करते थे। जहां के हम हैं वहां के सभी लोग हम लोगों को जान गए थे, इसलिए घर से करीब 70 किमी दूर यहां काम करते थे। पकड़े गए अभियुक्तों को थाने लाकर आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। शुक्रवार को अभियुक्तों को न्यायालय भेजा गया, जहां से जेल भेजने की कार्रवाई की गई।

अपर पुलिस अधीक्षक अरुण चंद्र ने प्रेस वार्ता कर बताया कि शेख मोहम्मद अली उर्फ विक्की पहले प्रयागराज के मद्रास गन हाउस में मिस्त्री था। असलहा बनाने का वही कार्य करता था, दूसरा उसका सहयोगी था।

मामले का खुलासा करते एएसपी अरुण चंद्र। बरामद किया गया अवैध असलहों का जखीरा। अमृत विचार

अज्ञात वाहन ने युवक को रौंदा, मौके पर मौत

कूरेभार, सुलतानपुर, अमृत विचारः स्थानीय थाना क्षेत्र के अयोध्या प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग पर गुप्तारगंज के पास अज्ञात वाहन ने युवक को रौंद दिया। जिससे युवक की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।

गुरुवार की रात लगभग 11 बजे गुप्तारगंज निवासी आलोक कसौधन उर्फ विक्की (22) पुत्र आनंद कसौधन की बाजार में ही किसी अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जब तक लोग पहुंचकर उसे अस्पताल ले जाते उसकी मौत हो चुकी थी। सूचना पर पहुंची कूरेभार पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। इस बाबत कूरेभार थाना प्रभारी अमित कुमार मिश्रा ने बताया मृतक युवक के चाचा अनूप कसौधन की ओर से तहरीर मिली है। वाहन की तलाश की जा रही है।

जलपान की दुकान करता था आलोक

मृतक आलोक जलपान की दुकान कर अपने परिवार का पालन-पोषण करता था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। मां-बाप, दो भाई है। परिवार में मातम छाया है।

पुलिस प्रेक्षक ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

सुलतानपुर, अमृत विचारः शुक्रवार को पुलिस प्रेक्षक महेश चंद्र जैन ने जिले के धनपतगंज थाने का निरीक्षण करते हुए थानाध्यक्ष को आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके बाद धनपतगंज विकास खंड के संवेदनशील मतदेय स्थल मायंग का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रेक्षक ने संवेदनशील लोगों की जानकारी लेते हुए लॉ एंड ऑर्डर बनाये रखने के निर्देश दिए। वहीं मतदान केंद्र पर न्यूनतम सुविधाएं जैसे विद्युत, पेयजल, रैंप, टेंट, शौचालय, बैरिकेडिंग आदि की हकीकत परखी। साथ ही मतदान केंद्र पर सुरक्षा की उपायों का भी अवलोकन किया। उन्होंने बल्दीराय थाने का निरीक्षण कर संवेदनशील बूथों पर कानून व्यवस्था बनाने का निर्देश दिया।

छात्राओं पर छींटाकशी करना मनचले को पड़ा भारी

बल्दीराय, सुलतानपुर, अमृत विचारः लड़कियों के स्कूल के सामने खड़े होकर उन पर छींटाकशी करने वाले एक मजनू को आज योगी सरकार की पुलिस और एंटी रोमियो टीम ने अच्छा सबक सिखाया।

मामला बल्दीराय थाना क्षेत्र के गनापुर का है। जहां स्थित सेंट जोन्स स्कूल में पढ़ने वाली छात्राओं को क्षेत्र का ही एक मनचला लड़का आएदिन कमेंट पास करके परेशान करता है। कई बार क्षेत्र के लोग इस मनचले को गलत हरकत न करने की हिदायत दी। पर आशिक मिजाज लड़के के ऊपर इस का कोई असर नहीं पड़ा। जब बच्चियों को परेशान करने की भनक बल्दीराय पुलिस को लगी तो थाने के उपनिरीक्षक चंद्रशेखर सोनकर ने अपने साथ एक महिला सिपाही व एक पुरुष सिपाही की टीम बना कर सेंट जोन्स स्कूल के पास पहुंच गए और इंतजार करने लगे। कुछ ही समय बीता था कि मनचला आशिक वहां पहुंच गया और लड़कियों पर छीटाकशी करने लगा। मजनू की इस हरकत से थाने की पुलिस ने उसे घेर लिया और पकड़ लिया। पकड़े गए युवक ने अपना नाम राजकुमार अग्रहरि निवासी गनापुर थाना बल्दीराय बताया। पुलिस पकड़े गए युवक को थाने ले आई और आईपीसी की धारा 294 के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई में जुट गई।

पेड़ से लटका मिला मजदूर का शव

गोसाईगंज, सुलतानपुर, अमृत विचारः झारखण्ड के सारंगगढ़ जिला, बिलाईगढ़ थाना, बकलीपाली गांव निवासी उमेन्द्र धनुहार (33) पुत्र सम्पत धनुहार सुलतानपुर जनपद के गोसाईंगंज थानाक्षेत्र अंतर्गत गुरेंगांव स्थित ईंट भट्ठे पर पत्नी और बच्चों के साथ ईंट पथाई का कार्य करता था। शुक्रवार सुबह भट्ठे से सौ मीटर दूरी पर स्थित जंगल की ओर गए लोगों ने देखा उमेन्द्र धनुहार का शव गमछे के सहारे सागौन के पेड़ से लटक रहा था। सूचना मिलते ही वहां लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई। थानाध्यक्ष धीरज कुमार ने बताया पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद कारण स्पष्ट हो पाएगा।

सिर्फ जंगल छोड़ा है, शेर तो हम ही हैं...

- फेस बुक पर भड़काऊ पोस्ट करने वाले युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज, जांच-पड़ताल शुरू

चांदा, सुलतानपुर

अमृत विचारः सब्र करो जल्दी किसी की फिल्डिंग लगने वाली है... जल्द ही 302 की खबर आने वाली है। प्रतिबंधित असलहों के साथ कोतवाली चांदा के तातो मुरैनी गांव का एक युवक ने फेसबुक पर इस तरह का कमेंट लिखते हुए फ़ोटो पोस्ट कर इलाके में दहशत फैला रखा है। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

खौफजदा ग्रामीणों का कहना है कि युवक यासीन खां उर्फ मोनी और इसके साथियों की सरहंगई इतनी बढ़ गयी है कि कोई इसके खिलाफ मुंह तक खोलने का साहस नहीं कर रहा है। तातो मुरैनी गांव के अनवर ने चांदा पुलिस को लिखित में तहरीर दिया है। यासीन ने सोशल मीडिया पर किए पोस्ट में लिखा है कि सिर्फ जंगल छोड़ा है, शेर तो आज भी हम ही है। अनवर खान ने अपनी तहरीर के साथ यासीन खा और उसके साथियों की प्रतिबंधित असलहों के साथ फोटो भी पुलिस के साथ शेयर किया है। अनवर का कहना है कि ऐसी पोस्ट चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने व समाज में संप्रदायिक सौहार्द बिगाड़ने का काम कर रही है। चांदा थाना अध्यक्ष रविंद्र सिंह ने बताया कि शिकायत पर मुकदमा पंजीकृत कर लिया गया है। एसएलआर के साथ यासीन दिख रहा है। दरअसल यासीन खां का भाई पुलिस में है। फोटो पहले की है, मुकदमा पंजीकृत कर जांच की जा रही है।

फेसबुक पर असलहे के साथ युवक की पोस्ट फोटो।

अंजली प्रथम तो उजाला को दूसरा स्थान

- राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मतदान के लिए भी किया जागरूक

कादीपुर, सुलतानपुर

अमृत विचारः क्षेत्र के संत तुलसीदास पीजी कॉलेज कादीपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एवं गृह विज्ञान विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मेहंदी और निबंध प्रतियोगिता आयोजित की गयी। साथ ही शिक्षक व छात्र-छात्राओं लोगों को मतदान के लिए भी जागरूक किया।

प्रतियोगिता में कुल 12 छात्राओं की टीमों ने भाग लिया। मेंहदी प्रतियोगिता में अंजली गुप्ता को प्रथम, उजाला को द्वितीय, आंचल गुप्ता को तीसरा स्थान मिला। प्रतियोगिता का निरीक्षण महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. रामनयन सिंह, प्रो. जितेंद्र कुमार तिवारी, डा. हरेंद्र कुमार सिंह, डा. सतीश कुमार सिंह, डा. वंदना मिश्रा, डा. अंजू पाण्डेय, डा. जीनत रफीक, डा. कुमुद राय व डा. अंजू मिश्रा ने किया। प्रतियोगिता के बाद राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत मौजूद छात्र-छात्राओं को मतदान के लिए जागरूक करते हुए अन्य लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर डा. रवींद्र कुमार मिश्रा, डा. संजय सिंह, डा. समीर पांडेय, डा. करूणेश प्रकाश भट्ट सहित अन्य शिक्षक, शिक्षिकाओं सहित कॉलेज के छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कादीपुर में छात्राओं ने मतदाता जागरूकता को मेहंदी प्रतियोगिता में लिया हिस्सा।

विभागीय उदासीनता से सरकारी नलकूप ठप

कादीपुर, सुलतानपुर, अमृत विचारः विभागीय उदासीनता के चलते क्षेत्र में लगा राजकीय नलकूप संचालित नहीं हो पा रहा है। जिससे किसानों के जायद की फसलों की सिंचाई नहीं हो पा रही, वहीं जलाशय भी भीषण गर्मी में सूखे पड़े हैं।

कादीपुर खुर्द गांव में लगा राजकीय नलकूप विभागीय उदासीनता के चलते संचालित नहीं हो पा रहा है। ग्रामीणों से मिली जानकारी के मुताबिक राजकीय नलकूप एक वर्ष में अधिकतम 10 दिन चला होगा। राजकीय नलकूप के संचालित नहीं होने से 20 एकड़ से अधिक कृषि योग्य भूमि की सिंचाई नहीं हो पा रही है। जिसके चलते किसान जायद के फसलों के साथ हरी सब्जी एवं पशुओं के हरे चारे की बुआई नहीं कर पाए। वहीं इस भीषण गर्मी में जलाशय भी सूखे पड़े हैं। जिससे पशु पक्षियों के लिए भी पेयजल की दिक्कत हो गयी है। ग्रामीणों ने बताया कि विभागीय अधिकारी राजकीय नलकूप की ग्रिप निकाल ले गए हैं। जिससे नलकूप संचालित नहीं हो पा रहा है। वहीं अधिकारियों का दावा है कि नाली की व्यवस्था न होने के कारण नलकूप संचालित नहीं हो रहा है। किसानों ने जनहित को देखते हुए महकमे से राजकीय नलकूप संचालित कराने की मांग की है।

आबकारी निरीक्षक ने चलाया छापेमारी अभियान

सुलतानपुर, अमृत विचारः लोकसभा चुनाव को देखते हुए उच्च अधिकारियों के निर्देश के क्रम में आबकारी निरीक्षक जयसिंहपुर डा. महेंद्र प्रताप वर्मा मोतिगरपुर थाने की संयुक्त टीम द्वारा थाना क्षेत्र में छापेमारी अभियान चलाया गया। इस दौरान दो अभियुक्तों को सात लीटर अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया गया। आबकारी निरीक्षक द्वारा क्षेत्र की शराब की दुकानों, होटल, रेस्टोरेंट व परचून की दुकानों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शराब की दुकानों पर स्टॉक व क्यू आर कोड का मिलान किया। साथ ही निर्देशित किया कि अधिकृत सेल्समैन द्वारा ही शराब की बिक्री निश्चित समय सीमा में ही किया जाये।

सार-संक्षेप

कुम्हई हमजापुर में उच्च प्राथमिक विद्यालय का घेराव करते अभिभावक।

शिक्षकों के निलंबन पर आक्रोशित हुए ग्रामीण, किया घेराव

कादीपुर/सूरापुर, सुलतानपुर, अमृत विचार : क्षेत्र के कुम्हई हमजापुर में स्थित उच्च प्राथमिक विद्यालय में नियुक्त इंचार्ज प्रधानाध्यापक शिक्षक राम केवल वर्मा व सहायक अध्यापक महेंद्र कुमार यादव को मंगलवार को बेसिक शिक्षा अधिकारी द्वारा निलंबित कर दिया गया था। जिसकी जानकारी होने पर अभिभावकों में आक्रोश व्याप्त हो गया। आक्रोशित अभिभावकों ने शुक्रवार को उच्च प्राथमिक विद्यालय प्रांगण में पहुंचकर शिक्षकों को बहाल करने की मांग करने लगे। अभिभावकों ने कहा कि इन्हीं दो शिक्षकों की बदौलत विद्यालय में बच्चों की संख्या अच्छी रहती है। विद्यालय में नियुक्त अन्य शिक्षकों के कारण विद्यालय की दशा खराब हो जाएगी। उन्हें तत्काल प्रभाव से हटाकर निलंबित शिक्षकों को बहाल किया जाए। सूचना पर पहुंची बीईओ कादीपुर के आश्वासन के बाद आक्रोशित अभिभावक शांत हुए।

बसपा जीतकर बनाएगी इतिहासः उदराज

सुलतानपुर, अमृत विचार : उत्तर प्रदेश में करवट बदलते मौसम के साथ सियासी फिजा भी बदल रही है। जैसे-जैसे चुनाव में मतदान की तिथि नजदीक आ रही है, प्रत्याशी प्रचार में ताकत झोंक दिया है। बहुजन समाज पार्टी के प्रत्याशी उदराज वर्मा लगातार लोगों के बीच जाकर जनसंपर्क कर रहे हैं। समाज के सभी वर्गों से उनको अपार जनसमर्थन मिल रहा है। बता दें कि उदराज वर्मा सुलतानपुर लोकसभा सीट पर बसपा के प्रत्याशी है। स्थानीय होने के नाते इसका सीधा लाभ उनको मिल रहा है। उदराज वर्मा को लगातार मुस्लिम समुदाय के लोगों से भी अपार जनसमर्थन मिल रहा है, जिससे उनके जीत की राह आसान हो सकती है।

घंटों लेट चल रहीं ट्रेनें, यात्री परेशान

सुलतानपुर, अमृत विचार : गर्मी के मौसम में कई ट्रेनें घंटों देरी से चल रही हैं। जिससे यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जम्मू व पंजाब से आने वाली ट्रेनें करीब 15 दिनों से अपने समय पर नहीं चल रही हैं। शुक्रवार को गाजीपुर से चलकर श्री माता वैष्णोदेवी कटरा तक जाने वाली गाड़ी संख्या 14611 करीब 12 घंटे लेट रही। दिल्ली से राजगिरी (बिहार) को जाने वाली श्रमजीवी एक्सप्रेस 1 घंटे 30 मिनट, पटना कोटा तथा पटना इंदौर एक्सप्रेस 10 मिनट, वाराणसी से चलकर जम्मूजवी को जाने वाली बेगमपुरा करीब 20 मिनट देरी से चली। वहीं बस्ती से प्रयागराज तक चलने वाली मनवर संगम एक्सप्रेस ट्रेन आधा घंटा लेट रही।

महर्षि विद्या मंदिर में मनाया गया अक्षय तृतीया का उत्सव

संवाददाता, सुलतानपुर। अमृत विचार : महर्षि विद्या मंदिर परिसर में शुक्रवार को अक्षय तृतीया उत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महर्षि विश्व शांति आंदोलन की इकाई सहस्त्र शीर्षा पुरषा मंडल के स्थापना दिवस भी धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत परंपरागत गुरु पूजा के साथ हुई। प्रधानाचार्य जेएन उपाध्याय ने अक्षय तृतीया के पर्व की बधाई दी। अक्षय तृतीया के महत्व पर चर्चा की। कहा कि महर्षि महेश योगी ने विश्व के लोगों के जीवन में शांति एवं सद्भाव स्थापित करने के लिए धरती पर स्वर्ग निर्माण की भावना से काम किया। विश्व शांति व अजेयता की कामना उसके साथ थी। इसकी शुरुआत अक्षय तृतीया के दिन हुई थी। इसी मंशा से वैदिक विधि से भगवान विष्णु का पूजन व हवन का कार्यक्रम संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं एवं उपस्थित अभिभावकों व शिक्षक शिक्षिकाओं व कर्मचारियों ने भावातीत ध्यान का अभ्यास किया। यहां विद्यालय परिवार की छात्र-छात्राए, शिक्षक शिक्षिकाएं व कर्मचारी उपस्थित रहे।

दो बाइक टकराईं, पिता-पुत्र घायल

तारुन, अयोध्या। अमृत विचार : थाना क्षेत्र में शुक्रवार को दो बाइकों में भिड़ंत हो गई। जिससे पिता-पुत्र घायल हो गए। दुर्घटना तारुन थाना अंतर्गत तारुन-रामपुरभगन मार्ग पर शुक्रवार सुबह हुई। हैदरगंज थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत पछियाना मजरे नये का पुरवा निवासी 55 वर्षीय राजेंद्र प्रसाद अपने पुत्र 30 वर्षीय अवधेश कुमार के साथ घर से अयोध्या शहर किसी काम के लिए निकले थे। रास्ते में देवकली गांव के पास विपरीत दिशा से आ रही डीसीएम को बचाने के चक्कर में आगे चल रही बाइक से टकरा गए। जिसमें पिता पुत्र गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय लोगों ने सीएचसी में भर्ती कराया है।

धूमधाम से मनाया गया परशुराम का प्राकट्योत्सव

शोभायात्रा की अगुवाई करते मौनी महाराज। अमृत विचार

दीवानी न्यायालय में राहगीरों को वितरित किया गया शर्बत। अमृत विचार

आस्था

- शहर और ग्रामीण अंचल में आयोजित किए गए कार्यक्रम निकाली गई शोभा यात्रा

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचारः जिले के विभिन्न क्षेत्रों में शुक्रवार को धूमधाम से भगवान परशुराम प्राकट्योत्सव मनाया गया। जिला मुख्यालय पर परशुराम युवा वाहिनी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित कुमार तिवारी के संयोजन में भगवान परशुराम चौक पर हवन पूजन किया गया। इसके बाद शहर में गाजे बाजे के साथ शोभा यात्रा निकाली गई।

कार्यक्रम में पहुंचे मौनी महाराज भी शोभायात्रा में शामिल हुए जिनका जगह जगह पर लोगों ने स्वागत किया। शोभायात्रा के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। जिसमे हजारों लोग ने प्रसाद लिया। वहीं व्यवस्था में बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष गिरिजा प्रसाद शुक्ल, महेंद्र प्रसाद शर्मा, अरविंद सिंह राजा, एल्डर्स कमेटी चेयरमैन राजेंद्र प्रसाद दूबे, विपिन मिश्रा, सवितोष पांडेय, पीयूष तिवारी, देवेंद्र पाठक, नितिन मिश्रा, अतुल मिश्रा, संतोष मिश्रा, रमाशंकर पांडेय, दीपेश पाठक, राजेंद्र मिश्रा, धीरेंद्र तिवारी, अतुल पाठक, बल्लर मिश्रा, हर्षित मिश्रा, अनुपम तिवारी, वीरेंद्र तिवारी, सुधीर सिंह, सभासद प्रवीण मिश्रा, वरुण मिश्रा, मोहित तिवारी सहित अन्य लोग लगे रहे।

चिरंजीव हैं प्रभु परशुरामः पूर्व विधायक

सुलतानपुर : धर्मदासपुर लोहरामऊ में प्रभु परशुराम की जयंती धूमधाम से मनाई गई। जयंती पर ब्राह्मण समाज के लोगों ने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा पाठ किया। समाज के लोगों ने जयंती के अवसर पर एकजुट होने का संकल्प लिया। जिले के लोहरामऊ में शुक्रवार को ब्राह्मण समाज सुल्तानपुर की ओर से आयोजित प्रभु परशुराम की जयंती पर विविध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जयंती पर समाज के लोगों ने प्रभु परशुराम की वीरगाथा, त्याग,तपस्या पर अपने विचार व्यक्त किए। यहां मुख्य अतिथि पूर्व प्रमुख राम शब्द मिश्र, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक संतोष पांडेय, नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीन कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम के आयोजक सुभाष चंद्र तिवारी एडवोकेट जिला अध्यक्ष ब्राह्मण समाज आदि मौजूद रहे।

दीवानी परिसर में किया गया शर्बत वितरण

सुलतानपुर : वकीलों के द्वारा दीवानी परिसर में शुक्रवार को प्रभु परशुराम जन्मोत्सव के अवसर पर शर्बत वितरण किया गया। एडवोकेट विश्वभर नाथ शुक्ल व विमल दूबे के संयोजन में बार एसोसिएशन के सामने व दीवानी मुख्य गेट के पास प्रभु परशुराम के प्रकट उत्सव दिवस पर विधि विधान से प्रभु परशुराम का पूजन अर्चन किया गया। वकीलों ने वादकारियों को इस भीषण गर्मी में शर्बत पिलाया। इस मौके पर बार अध्यक्ष अरविंद पांडेय, महासचिव आर्तमणि मिश्र, पूर्व अध्यक्ष करुणा शंकर द्विवेदी, पूर्व महासचिव रणजीत सिंह त्रिसुंडी, अरविंद सिंह राजा, मुकेश पांडेय, अजय पाठक, रमाशंकर पांडेय, रोहित अवस्थी, आनंद पांडेय, शिवाकृष्ण पाण्डेय सिद्धार्थ मिश्र, मदन तिवारी, मनीष तिवारी और सत्यम तिवारी आदि मौजूद रहे।

प्रभु परशुराम वर्ग विशेष के नहीं अपितु सर्व समाज के आराध्यः पं. जय नारायन

मोतिगरपुर : शुक्रवार को मोतिगरपुर बाग में भगवान परशुराम की जयंती पर उनकी याद में मुकुंद मिश्र के संयोजन मे कार्यक्रम आयोजित हुआ। मुख्य अतिथि पंडित जय नारायण तिवारी ने भगवान परशुराम के चित्र पर पूजा अर्चना कर कार्यक्रम की शुरुआत की उन्होंने कहा भगवान परशुराम विष्णु के छठवें अवतार हैं। परशुराम किसी वर्ग विशेष के नहीं अपितु पूरे समाज के आराध्य हैं उन्होंने अत्याचार व अन्याय के खिलाफ जीवन भर संघर्ष किया। भगवान परशुराम को सबसे बड़ा धर्म रक्षक बताया उन्होंने सभी लोगों से भगवान परशुराम के जीवन को आत्मसात करने की बात कही। आयोजकों ने रथ पर भगवान परशुराम के स्वरूप में निकाली भव्य शोभा यात्रा को झंडी दिखाकर रवाना किया। शोभा यात्रा मोतिगरपुर से पांडेय बाबा धाम तक गाजे बाजे के साथ निकाली गई जहां भगवान परशुराम की जय उद्घोष के बाद कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पंडित सीताराम मिश्र ने किया। पंडित कृष्ण कुमार मिश्रा मुन्नू, जयप्रकाश पाठक, भगवान परशुराम के जीवन चरित्र का वर्णन किया। व्यवस्था में राकेश पांडेय, रविकांत मिश्र शालू, सौरभ मिश्र विराट, काशी पांडेय, राहुल मिश्र, राम नायक तिवारी, कृपा शंकर मिश्र, अंकित मिश्र, संतोष मिश्र, गोलू मिश्र, स्वतंत्र दुबे, रविंद्र आदि लगे रहे।

चाइनीज मांझे की चपेट में आकर छात्र घायल

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : नगर कोतवाली क्षेत्र में रामपथ पर शुक्रवार शाम एक स्कूटी सवार छात्र चाइनीज मांझे की चपेट में आकर हादसे का शिकार हो गया। उसकी स्कूटी कार से टकरा गई और वह घायल हो गया। परिवार ने घायल छात्र का नहर बाग़ स्थित एक निजी नर्सिंग होम में प्राथमिक उपचार कराया है।

अयोध्या कोतवाली के रानोपाली निवासी शौर्य तिवारी (17) पुत्र डॉ. नरेन्द्रनाथ तिवारी ने इसी वर्ष केडी पब्लिक स्कूल से इंटरमीडिएट की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वर्तमान में आईआईटी की तैयारी कर रहा है। छात्र की मां शिवनरायण सिंह बालिका इंटर कॉलेज की उपप्रधानाचार्य अर्चना तिवारी ने बताया कि शाम को शौर्य सिविल लाइंस स्थित कोचिंग से पढ़ाई के बाद अपनी स्कूटी से घर आ रहा था। इसी दौरान रिकाबगंज चौराहे के पास शौर्य के गले में चाइनीज मांझा फंस गया, जिससे गले में कट लग गया। साथ ही स्कूटी अनियंत्रित हुई और एक कार से टकरा गई। हादसे में कार के टूटे शीशे से उसके चेहरे पर कई जगह घाव हो गया। शौर्य का नहर बाग स्थित एक निजी नर्सिंग होम में उपचार कराया गया। अब घर लेकर आए हैं और उसकी हालत ठीक है।

मांझे से गले पर लगा कट का निशान एवं कार के शीशे से हुआ घाव दिखाता शौर्य।

अश्लील हरकत में तीन अभियुक्तों को तीन साल की सजा

अयोध्या। अमृत विचार : किशोरी से अश्लील हरकत करने के मामले में कोर्ट ने दोषी पाते हुए तीन अभियुक्तों को तीन साल के कठोर कारावास की सजा दी है। प्रत्येक पर 4000 रुपये का जुर्माना भी हुआ। जुर्माने की रकम में से 50 फ़ीसदी पीड़िता को देने का आदेश हुआ है। यह आदेश विशेष न्यायाधीश पोक्सो एक्ट नूरी अंसार की अदालत से शुक्रवार को हुआ। कुमारगंज थाना क्षेत्र के गांव की रहने वाली किशोरी गेहूं लेकर बाजार जा रही थी। रास्ते में रमेश सरोज, सोनू सरोज, सुरेश उर्फ छोटू सरोज मिले और उससे अश्लील हरकत की। इसकी रिपोर्ट पीड़िता के भाई ने तीनों के खिलाफ अश्लील हरकत और पोक्सो एक्ट की धारा में लिखाई थी। सुनवाई के बाद कोर्ट ने दोषी पाते हुए सजा दी।

भूखों को भोजन कराना पुनीत कार्यः मदन

सुलतानपुर, अमृत विचार : राष्ट्रीय सामाजिक सेवा संघ का सप्ताह में एक बार मरीजों तीमारदारों यात्रियों तथा जरूरतमंदों को नि :शुल्क भोजन वितरण करने का काम निरंतर चल रहा है। संघ के अध्यक्ष मेराज खान के संयोजन में बृहस्पतिवार की देर शाम राजकीय मेडिकल कालेज एवं जिला चिकित्सालय में भोजन वितरण किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे गोमती मित्र मंडल के प्रदेश अध्यक्ष मदन सिंह ने कहा कि भूखों को भोजन कराना सबसे पुनीत कार्य है। यहां निजाम खां, नफीसा खान, सुहेल सिद्दीकी, सत्य प्रकाश वर्मा आदि मौजूद रहे।

जनता अब धर्म के नाम पर नहीं करेगी मतदान : अशोक गहलोत

राहुल के चुनाव न लड़ने के सवाल पर बोले- स्मृति इरानी के लिए किशोरी लाल ही काफी

कांग्रेस कार्यालय पर प्रेसवार्ता को संबोधित करते राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री।

संवाददाता, गौरीगंज, अमेठी

अमृत विचार। शुक्रवार की देर शाम राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत केन्द्रीय कांग्रेस कार्यालय पहुंचे जहां उन्होंने प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि अब अमेठी की जनता ही नहीं पूरे देश की जनता इस बार धर्म के नाम पर मतदान नहीं करेंगी जनता भाजपा के इरादे को समझ चुकी है। उन्होंने कहा कि अमेठी में स्मृति ईरानी लोगों को झूठा प्रलोभन देकर चुनाव जीतीं, लेकिन अब जनता इसका जवाब देने जा रही है। राहुल गांधी अमेठी से चुनाव क्यों नहीं लड़े के जबाब पर अशोक गहलोत ने कहा कि स्मृति ईरानी के लिए किशोरी लाल शर्मा ही काफी है। इस बार अमेठी की जनता चुनाव लड रही है और कांग्रेस को भारी मतों से जिताने का इरादा बना लिया है। इस मौके पर कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रदीप सिंघल, पूर्व जिलाध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा, मीडिया प्रभारी अनिल सिंह सहित अन्य मौजूद रहे।

एक लाख 14 हजार गरीब परिवारों को दिया गया आवास

कार्यक्रम में भाजपा प्रत्याशी का स्वागत करते कार्यकर्ता।

बाजार शुकुल, अमेठी अमृत विचार। केंद्रीय मंत्री स्मृति इरानी वा सांसद अमेठी द्वारा शुक्रवार को आधा दर्जन ग्राम सभाओं में नुक्कड़ सभाओं में सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजनाओं को बताया। स्मृति ईरानी ने कहा की अमेठी का विकास मोदी सरकार द्वारा किया गया है। जिसमें लगभग चार लाख शौचालय व एक लाख चौदह हजार गरीब परिवारों को आवास दिया गया है। जो पिछले सरकार में कभी नहीं दिया गया है। स्मृति ईरानी ने पिछले सरकार पर निशाना साधते हुए कहा की कभी भी अमेठी में इतना विकास नहीं हुआ है सरकार के परियोजनाओं को अमेठी के जन-जन तक पहुंचने का कार्य मोदी सरकार ने ही किया है। चाहे वह उज्ज्वला योजना हो या आवास योजना हो सुकन्या योजना, मुद्रा योजना यह सिर्फ मोदी सरकार ने ही किया है। राहुल गांधी के ऊपर निशाना साधते हुए कहा कि वह अमेठी के नहीं हुए तो रायबरेली के क्या होंगे। अमेठी की जनता को मालूम है कि हमें एक बार फिर मोदी सरकार चाहिए।

युवा मोर्चा ने दिखाई ताकत


भाजयुमो के राष्ट्रीय अध्यक्ष का स्वागत करते कार्यकर्ता। अमृत विचार

संवाददाता, अमेठी

अमृत विचार। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति इरानी को ऐतिहासिक बहुमत दिलाने के लिए भारतीय जनता युवा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बेंगलुरु दक्षिण से सांसद तेजस्वी सूर्या ने आज अमेठी पहुंच कर भाले सुल्तान शहीद स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की और मुसाफिरखाना टाउन में जन संपर्क कर स्मृति इरानी के लिए मतदान की अपील की।

भारतीय जनता युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष विषुव मिश्र ने बताया कि बजरंगबली की धरती कर्नाटक से भगवान राम की धरती अवध पधारे हमारे राष्ट्रीय अध्यक्ष के आने से युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को निश्चित ही ऊर्जा मिलेगी।

प्रदेश उपाध्यक्ष रोहित मिश्र के साथ जिला महामंत्री शिवम् मिश्र, अभ्युदय सिंह, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक सिंह, राहुल दुबे, रघुराज प्रताप, धर्मेंद्र, शैलेंद्र, जिला मंत्री अमित सिंह, अशीष श्रीवास्तव, मंडल अध्यक्ष सुधाकर विक्रम सिंह, हरिशंकर, वीरेंद्र, संदीप, अनिरुद्ध, करन, शुभम, अनादि, गोविंद, अमित कौशल, शिवांग, अखिलेश, कौशल, देवांश, शिवा, राय बहादुर सहित सैकड़ों युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

सार-संक्षेप

बसपा ने कहा- पहले मतदान फिर जलपान

संग्रामपुर, भादर, अमृत विचार। बसपा प्रत्याशी नन्हे सिंह चौहान ने शुक्रवार को आठ नुक्कड़ सभाएं की। उनके साथ अयोध्या मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी और राज्य सफाई कर्मचारी आयोग के उपाध्यक्ष जिया लाल त्यागी ने कार्यकर्ताओं और बसपा समर्थकों को चुनावी ट्रिप्स बताए। नुक्कड़ सभाओं में बसपा समर्थकों को पहले मतदान फिर जलपान के संदेश दिया गया। जिया लाल त्यागी ने कहा कि भारतीय संविधान के माध्यम से बाबा साहब डॉ अम्बेडकर ने सर्वसमाज को समान अधिकार दिए। आजादी के 75 साल बीतने के बावजूद देश की अब तक लोकतांत्रिक सरकारें सामाजिक और आर्थिक गैरबराबरी दूर करने में फेल रहीं। बहुजन समाज पार्टी की मुखिया बहन मायावती ने अपनी चार बार के मुख्य मंत्रित्व काल में उत्तर प्रदेश में भारतीय संविधान की व्यवस्थाओं को ठीक ढंग से लागू करने के साथ सर्वसमाज का कल्याण किया। जिया लाल त्यागी ने कहा कि मायावती ने एक वोट से अटल बिहारी वाजपेई की सरकार को गिराकर लोकतंत्र में मताधिकार की ताकत दिखा दी।

नामांकन पत्र खारिज होने से प्रत्याशी ने जताई नाराजगी

गौरीगंज, अमेठी, अमृत विचार। अमेठी लोकसभा क्षेत्र में कई प्रत्याशियों का नामांकन खारिज होने से लोग हताश हो गये हैं और वे नाराज़गी ज़ाहिर कर रहे हैं। शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र अमेठी के लोकसभा प्रत्याशी विनीत श्रीवास्तव ने अमेठी जिला प्रशासन पर आरोप लगाया है कि बिना किसी वजह से हमारा नामांकन पत्र खारिज कर दिया गया। एक प्रेस कांफ्रेंस के दौरान उन्होंने कहा कि बिना किसी वजह के जबकि हमारे सारे कागज संपूर्णता पूर्ण थे, जिस प्रकार से नामांकन पत्र बेवजह कारणों से रद्द किया गया है 10 लोगों के हस्ताक्षर को बात कर वह भी गलत किया गया है हमने सभी के हस्ताक्षर कराए थे। हमने यह भी कहा था की जरूरत पड़ने पर हम सभी को बुला लेंगे। हमारा पर्चा बेवजह खारिज कर दिया गया जो लोकतंत्र की हत्या है।

व्यय लेखा रजिस्टर का किया गया प्रथम मिलान

अमेठी, अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन के दृष्टिगत चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के व्यय लेखा रजिस्टर का आज कलेक्ट्रेट सभागार में व्यय प्रेक्षक संजय कुमार, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत की उपस्थिति में व्यय लेखा टीम द्वारा किया गया। इस दौरान प्रत्याशियों द्वारा अपने चुनाव प्रचार में अब तक किए गए खर्च का व्यय लेखा रजिस्टर से मिलान किया गया। व्यय प्रेक्षक ने सभी प्रत्याशियों तथा उनके प्रतिनिधियों से कहा कि चुनाव के दौरान खर्च होने वाले समस्त व्यय का विवरण व्यय लेखा रजिस्टर में अनिवार्य रूप से अंकित करें जिससे रजिस्टर का मिलान करते समय किसी भी प्रकार की समस्या ना हो। उन्होंने कहा कि अगला मिलान 14 व 17 मई को किया जाएगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व अर्पित गुप्ता, वरिष्ठ कोषाधिकारी रामेंद्र सिंह सहित प्रत्याशी तथा उनके प्रतिनिधि एवं व्यय लेखा टीम मौजूद रही।

अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील

मतदाता जागरूकता के लिए बनाई गई रंगोली।

अमेठी अमृत विचार। लोकसभा सामान्य निर्वाचन में मतदान प्रतिशत बढ़ाए जाने के उद्देश्य विभिन्न विभागों द्वारा स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता के कार्यक्रम आयोजित कराए जा रहे हैं। इंदिरा गांधी पीजी कॉलेज गौरीगंज की शिक्षिकाओं द्वारा मतदाता जागरूकता रंगोली बनाई गई। जिसका सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज, जिला निर्वाचन अधिकारी निशा अनंत, मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल सहित अन्य अधिकारियों ने अवलोकन किया तथा जन सामान्य से आगामी 20 मई को अधिक से अधिक अपने मताधिकार का प्रयोग करने की अपील किया।

संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अंदर मिला युवक का शव

जगदीशपुर, अमेठी अमृत विचार। दुकान मे सो रहे एक युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में दुकान के अंदर मिलने से हडकंप मच गया। थानाक्षेत्र के अंतर्गत जगदीशपुर पुलिस बूथ से चंद कदम दूरी पर स्थित जगन्नाथ साहू निवासी पूरे शोहरत सिंह की फल की दुकान है। जहां नित्य की भांति उनका पुत्र पंकज साहू उम्र लगभग 23 वर्ष जो घर से खाना-पीना खाने के उपरांत आकर दुकान पर ही सोता था। सुबह जब जगन्नाथ अपनी दुकान पर पहुंचे तो दुकान बंद थी। यह देखकर उन्होने पंकज को आवाज लगाई लेकिन कोई हरकत नहीं हुई तो लगी खिडकी के झरोखे से देखा तो पंकज बदहवास पड़ा था जिससे जगन्नाथ परेशान हो उठे घटना की जानकारी होने पर आसपास के तमाम लोग मौके पर पहुंच गए जिसकी सूचना पुलिस को देने के उपरांत मौके पर पहुंची पुलिस ने अपने आला अफसरो को सूचित कर विधिक कार्रवाई मे जुट गई। इस सम्बंध मे क्षेत्राधिकारी मुसाफिर खाना अतुल सिंह ने बताया कि परिजनो की तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा पंजीकृत कर छानबीन जारी है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों का खुलासा हो जाएगा।

फोन न उठाने पर युवक ने लाइनमैन को पीटा

अमेठी, अमृत विचार। कोतवाली अंतर्गत राजू का पुरवा -नरैनी गांव में विद्युत लाइन की मरम्मत का काम कर रहे एक लाइन मैन के साथ दबंगई करते हुए गांव के ही एक युवक ने बुरी तरह पीट दिया।

दबंग युवक लाइनमैन को अपने घर की खराब लाइट ठीक करने के लिए बुला रहा था, लाइन की मरम्मत कार्य चलने के कारण लाइन मैन ने तुरंत जाने से मना कर दिया और युवक का फोन नहीं उठाया।

कांग्रेस में शामिल हुए कई बसपा नेता

संवाददाता, अमेठी

कांग्रेस की सदस्यता लेते बसपा कार्यकर्ता। अमृत विचार

अमृत विचार। बहुजन समाज पार्टी के कद्दावर नेता पूर्व लोकसभा संयोजक हरिद्वार सिंह के साथ शुक्रवार को 15से अधिक नेता कांग्रेस में हुए शामिल हुए। केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय गौरीगंज मे कांग्रेस जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल ने उन्हे सदस्यता दिलाई।।

कांग्रेस में शामिल हुए मनोज कुमार पासवान पूर्व जिला संयोजक ओमप्रकाश तिवारी, इंद्रपाल द्विवेदी, अनिल मौर्य पूर्व क्षेत्र पंचायत सदस्य एवं बसपा विधानसभा संयोजक, दुर्गेश प्रजापति, विन्द राज सरोज, पवन सोनी, कपिल देव शुक्ल, राजू द्विवेदी, पंकज तिवारी, संदीप सिंह, कमलकांत सिंह कंध्यई यादव, कुलदीप यादव, हेमंत लाल ने कांग्रेस प्रत्याशी किशोरी लाल शर्मा की जीत को आगे बढ़ाने का वादा किया।

परशुराम जन्मोत्सव पर हुई संगोष्ठी

संवाददाता, अमेठी

परशुराम की जयंती अवसर पर गोष्ठी को संबोधित करते लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। शुक्रवार को अवधी साहित्य संस्थान की ओर से नगर स्थित ओम नगर में परशुराम जन्मोत्सव पर संगोष्ठी का शुभारंभ अतिथियों द्वारा मां सरस्वती एवं भगवान परशुराम के चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजा अर्चना के साथ हुआ। अतिथियों का स्वागत करते हुए अवधी साहित्य संस्थान के अध्यक्ष डॉ. अर्जुन पाण्डेय ने कहा कि भृगु कुल तिलक परशुराम को शस्त्र एवं शास्त्र का ज्ञान शिवजी से मिला। लोक कल्याण एवं आतताइयों के दमन हेतु शिवजी ने उन्हें परशु प्रदान कर राम से परशुराम बना दिया। भगवती सीता के स्वयंवर में पिनाक भंग होने पर महेंद्र गिरि से वे मन के वेग से सीधा वहां पहुंचे, उनके आक्रोश को देखकर सभी राजा कांप उठे थे। भगवान श्रीराम के विनम्र भाव ने उन्हें जीत लिया, जिस पर भगवान परशुराम ने स्वयं अपना धनुष उन्हें समर्पित कर पुनः तपनिष्ठ हो गए।

संगोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए अंबरीश मिश्र ने कहा कि। कैप्टन पी एन मिश्र ने कहा कि के दान, विवेक एवं त्याग के गुण समाज के लिए आज भी आदर्श हैं। ज्ञानेंद्र पांडेय 'मधुरस' ने कहा कि परशुराम के परस के प्रहार से ही गणेश जी को एकदंत कहा जाता है। जगदम्बा प्रसाद त्रिपाठी मधुर, कैलाश नाथ शर्मा, पूर्व प्राचार्य राम कुमार तिवारी, कौशल कुमार मिश्र, सुधीर रंजन द्विवेदी ने संगोष्ठी को संबोधित किया। इस संगोष्ठी में हरिकेश मिश्र, डॉ. अभिमन्यु पांडेय, रीता पांडेय आदि की उपस्थिति विशेष उल्लेखनीय रही।

परशुराम प्राकट्योत्सव शोभायात्रा निरस्त

ज्ञापन सौंपते ब्राह्मण संघ के कार्यकर्ता।

अमेठी, अमृत विचार। अमेठी कस्बे में कई वर्षों से परशुराम के प्रकटोत्सव पर ब्राह्मण समाज द्वारा भव्य शोभा यात्रा कार्यक्रम आयोजित किया जाता था इस बार भी शोभायात्रा कार्यक्रम के लिए आयोजक अनिल शुक्ला पुत्र बाबूलाल शुक्ला निवासी कटरा राजा हिम्मत सिंह नगर पंचायत अमेठी द्वारा जिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर अनुमति प्रदान करने की मांग की गई। जांच आख्या 2 मई के आधार पर जिलाधिकारी ने शोभायात्रा निकाले जाने हेतु 3 मई को अनुमति प्रदान की गई परंतु पुन: क्षेत्राधिकारी जांच आख्या पर आयोजित परशुराम प्रकटोउत्सव शोभायात्रा कार्यक्रम को 8 मई को अकारण ही निरस्त कर दिया गया।

सेंट्रल बार में मनाई गई परशुराम जयंती

अमेठी, अमृत विचार। मंगलवार को जिला मुख्यालय के कलेक्ट्रेट स्थित सेंट्रल बार एशोसिएशन कार्यालय पर अक्षय तृतीया के अवसर पर भगवान परशुराम जी चित्र पर माल्यार्पण व पुष्पांजलि अर्पित कर भगवान परशुरामजी की जयन्ती मनाई गई।

मतदान कार्मिकों का चार दिवसीय द्वितीय प्रशिक्षण शुरू

प्रशिक्षण लेते मतदान कार्मिक। अमृत विचार

अमेठी, अमृत विचार। मनीषी महिला महाविद्यालय गौरीगंज में सामान्य प्रेक्षक डॉ एन युवराज, जिला निर्वाचन अधिकारी व मुख्य विकास अधिकारी सूरज पटेल की उपस्थिति में मतदान कार्मिकों पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम, द्वितीय व तृतीय को द्वितीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण मास्टर ट्रेनर संजय श्रीवास्तव, मोहम्मद असलम, राजीव प्रजापति, संदीप यादव के द्वारा प्रोजेक्टर के माध्यम से दिया गया।

प्रशिक्षण में जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी मतदान कार्मिकों से कहा कि पूर्ण मनोयोग के साथ प्रशिक्षण प्राप्त कर लें जो कुछ समस्या आ रही हो उसका समाधान यहीं पर ही कर लें जिससे मतदान के दिन आपको किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े। मतदान को सकुशल संपन्न कराने के लिए आप सभी की पूर्ण जिम्मेदारी है इसलिए मतदान के दिन क्या करना है क्या नहीं करना है तथा ईवीएम, वीवीपैट से संबंधित समस्त जानकारी पूर्ण मनोयोग से हासिल कर लें जिससे मतदान के दिन कोई समस्या ना आए। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि टेंडर वोट क्या है, चैलेंज वोट क्या है, वोटिंग कंपार्टमेंट में कौन-कौन सी मशीन रहती हैं, ईवीएम मशीन में आने वाले एरर आदि का पावर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से विस्तार पूर्वक प्रशिक्षण दिया गया इस अवसर पर जिला विकास अधिकारी तेज भान सिंह, परियोजना निदेशक डीआरडीए ऐश्वर्य यादव, डीसी एनआरएलएम प्रवीण शुक्ला, सहायक प्रभारी अधिकारी प्रशिक्षण अजय सिंह सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-66

बाएं से दाएं

3.1. जलाने वाला 2. क्षीण या नष्ट करने वाला 3. क्षय करने वाला 4. पाचक शक्ति बढ़ाने वाला।

4.1. घर के भीतर का खुला स्थान जो ऊपर से छाया न हो, सहन 2. चौक, अजिर 3. घर 4. आंगन, परिसर, प्रांगण।

6. जीवन के लिए उपयोगी।

9.1. नए सिरे से आरंभ करना, नया बनाना

ऊपर से नीचे

1. एक सूर्योदय से दूसरे सूर्योदय तक का समय।

2.1. शकरखोरा नामक एक चिड़िया 2. जुगनूं जैसा आभूषण जो गले में पहना जाता है 3. ऐसा गहना जो पान के पत्ते के आकार का होता है।

5. आश्रित, दूसरे पर निर्भर, उपजीवी।

7.1. कोई काम पूरा करने की क्रिया या भाव 2. कचौरी

8.1. ज्ञान, बोध, आभास 2. प्रकाश, रोशनी।



वर्ग पहेली -65 का हल

	1 गु	ट	2 बं	दी		3 पें
4 सु			द			ट
5 अ	नु	दा	र	वा	दी	
व			घु			
स		6 ह	ड़	ब	ड़ा	7 ना
र			की			शि
	8 जो	ग		9 की	म	त

सुडोकू -145

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		1	2					
2			3	4				
6		3						
	2		1					
4	8						5	
				5	4		9	
						9	8	3
				9	8			
					6	7		

सुडोकू -144 का हल

9	1	8	5	6	2	3	7	4
4	7	2	3	8	1	5	6	9
6	5	3	4	9	7	1	8	2
1	8	4	2	5	6	7	9	3
5	2	6	7	3	9	4	1	8
7	3	9	1	4	8	6	2	5
3	9	1	6	2	4	8	5	7
8	4	7	9	1	5	2	3	6
2	6	5	8	7	3	9	4	1

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 11 मई शनिवार 2024 संवत-2081,शक संवत 1946 मास-वैशाख, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-चतुर्थी 12 मई 02.03 तक तत्पश्चात पंचमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। ऋतु-ग्रीष्म।
चन्द्रबल-मेष, मिथुन, सिंह, कन्या, धनु, मकर।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-मृगशिरा 10.15 तक तत्पश्चात आर्द्रा।

मेष — आज महत्वपूर्ण मुद्दे पर आप विचार-विमर्श कर सकते हैं। आपकी लोकप्रियता में वृद्धि होगी। नया काम शुरू करने के लिए दिन बहुत अच्छा है। आप तकनीक से जुड़े कार्यों में काफी रुचि ले सकते हैं। मित्रों के साथ आप काफी अच्छा समय बिताएंगे।

वृष — आज सभी काम अपनी निगरानी में करेंगे तो आपको सफलता मिलेगी। विद्यार्थियों को पढ़ाई का विशेष ध्यान रखना चाहिए। धन कमाने के नए साधनों पर काम कर सकते हैं। आर्थिक प्रगति होने से आप काफी प्रसन्न रहेंगे। माता के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मिथुन — आज सहयोगियों के साथ मतभेद दूर होंगे। अपनी प्रतिभा का कुशल प्रयोग कर पाएंगे। आपको अजनबियों पर ज्यादा विश्वास नहीं करना चाहिए। व्यापार में बिक्री बढ़ने से पुराने नुकसान की भरपाई हो जाएगी।

कर्क — आज आय के बजाय व्यय ज्यादा होगा। कार्यक्षेत्र में आपका झगड़ा हो सकता है। अपने सहकर्मियों के साथ संवादहीनता न होने दें। आपका दिन काफी तनाव भरा रहने वाला है। परिजनों के साथ अनबन और मनमुटाव की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

सिंह — आज नई परियोजनाओं को शुरू करने के लिए बहुत अच्छा समय है। परिवार में कुछ मांगलिक कार्यक्रम हो सकते हैं। बड़े भाई-बहन आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। उच्च पदासीन लोगों से सम्मान प्राप्त होगा। जीवनसाथी के साथ समय का आनंद लेंगे।

कन्या — आज परिवार के सदस्यों के बीच मनमुटाव हो सकता है। कानूनी मामलों को लेकर थोड़े सावधान रहें। धार्मिक कार्यों में धन खर्च होगा। पैतृक संपत्ति को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय ले सकते हैं। विरोधी भी आपकी प्रशंसा करेंगे।

तुला — आज बुद्धिमान लोगों की संगत में रहने से आप सही निर्णय ले पाएंगे। नवदंपति फैमिली प्लानिंग का विचार बना सकते हैं। सकारात्मक प्रवृत्ति के लोग धर्म-कर्म में रुचि लेंगे। आपको अधिकारी वर्ग से संभल कर रहना चाहिए।

वृश्चिक — आज रिश्तों के बीच अहम भावना न आने दें। परिवार में थोड़ी अशांति जैसा माहौल रहेगा। सरकारी कार्यों में अटक आ सकती है। रचनात्मक कार्यों में आप रुचि लेंगे। व्यापार में धीमापन होने से थोड़े चिंतित हो सकते हैं।

धनु — आज व्यापार में बड़े अनुबंध होने के योग बन रहे हैं। दूसरों की मदद करने के लिए आप प्रयासरत रहेंगे। सहयोगियों की मदद से आपको धन लाभ होगा। दांपत्य संबंधों में प्रेम भाव बढ़ेगा। बड़े-बुजुर्ग आपसे काफी प्रसन्न रहने वाले हैं।

मकर — आज पुराना ऋण चुकाने में आसानी होगी। करियर को लेकर बड़ी जिम्मेदारी मिल सकती है। प्रेम संबंधों में मर्यादा का ध्यान रखें। आपके व्यक्तित्व में सकारात्मक बदलाव आएंगे। उच्च पद मिलने की संभावना बन रही है।

कुंभ — आज आपके आत्मसम्मान और स्वाभिमानी स्वभाव के बावजूद आपको आलोचना झेलनी पड़ सकती है। मीडिया और कला से जुड़े लोग संभल कर बयानबाजी करें। व्यापार में मनोनुकूल परिणाम प्राप्त नहीं होंगे।

मीन — आज हृदय रोगियों को परेशानी उठानी पड़ सकती है। आय के साथ-साथ आपके खर्चे भी बढ़ेंगे। ज्यादा सोचने के बजाय जो चल रहा है उस पर ही ध्यान दें। अपनी दिनचर्या को अनुशासित रखने का प्रयास करें। आप के कुछ आवश्यक काम छूट सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES
तकदीर का तमाशा — सुबह : 09.33
कहानी किस्मत की — रात : 07.00

SONY PIX
द मिशेल्स बनाम द मशीन्स — सुबह : 10.20
डॉट ब्रीथ 2 — रात : 09.23

SONY SMAX
डॉन की जंग — सुबह : 08.20
गुमराह — रात : 08.43

ZEE CINEMA
मोहरा — सुबह : 09.25
फितूर — रात : 07.55

colors CINEPLEX
अग्निपथ — दोपहर : 12.00
डियर जिंदगी — रात : 08.43

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 07.55 बजे

जोक्स ऑफ द डे

इंस्पेक्टर-तुम मुर्गियों को क्या खिलाते हो?
पहला मालिक- बाजरा
इंस्पेक्टर-खराब खाना, इसे गिरफ्तार कर लो।
दूसरा-चावल
इंस्पेक्टर-गलत खाना, इसे भी गिरफ्तार कर लो
अब सांता की बारी आई..
सांता डरते-डरते बोला-हम तो जी, मुर्गियों को ही 5-5 रुपए दे देते हैं, जो तुम्हारी मर्जी है जाकर खा लो।

पत्नी- मैं रोज पूजा करती हूं काश एक दिन श्रीकृष्ण के दर्शन हो जाएं।
पति- एक बार मीराबाई बनकर जहर पी ले। फिर देख श्रीकृष्ण तो क्या तूझे सारे भगवान नजर आ जाएंगे।

अमृत विचार
www.amritvichar.com

सत्येन रक्ष्यते धर्मो विद्या योगेन रक्ष्यते।
मृजया रक्ष्यते रुपं कुलं वृत्तेन रक्ष्यते॥

धर्म की रक्षा सत्य से होती है, विद्या की रक्षा अभ्यास से, सौंदर्य की रक्षा स्वच्छता से तथा कुल की रक्षा सदाचार से होती है।

संपादकीय

उथल-पुथल का दौर

दुनिया उथल-पुथल के दौर से गुजर रही है। यूक्रेन में युद्ध हो रहा है, गाजा में संघर्ष के हालात हैं, लाल सागर और अरब सागर में हमले हो रहे हैं, दक्षिण चीन सागर क्षेत्र में तनाव की स्थिति है, विभिन्न भौगोलिक क्षेत्रों में आतंकवाद है, हमारे सामने वास्तविक नियंत्रण रेखा (एलएसी) पर चीन के साथ समस्या है। ये सभी घटनाक्रम मिलकर एक जबदरस्त उथल-पुथल की तस्वीर प्रस्तुत करते हैं। इस वर्ष दुनिया में कई अहम चुनाव भी होने हैं जिसमें भारत के अलावा अमेरिका, ब्रिटेन और यूरोपीय संसद का नाम प्रमुखता से लिया जा सकता है। इन चुनावों का खासा महत्व रहेगा। अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव का यूरोप, यूक्रेन और मध्य-पूर्व के युद्ध पर असर होगा। शुक्रवार को विदेश मंत्री एस जयशंकर ने आगाह किया कि संघर्षों, सत्ता केंद्रों में बदलाव और तेज होती प्रतिस्पर्धा के कारण इस दशक में दुनिया में बहुत अधिक उथल-पुथल होगी। विदेशमंत्री ने कहा कि ऐसे में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि लोकसभा चुनाव में मतदाता विवेकपूर्ण तरीके से चुनाव करें ताकि भारत में एक मजबूत, स्थिर और परिपक्व नेतृत्व कायम रहे।

गौरतलब है कि देश में लोकसभा चुनाव के लिए तीन चरणों का मतदान पूरा हो चुका है और मतदान के चार चरण अभी बाकी हैं। रूस की विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखरोवा ने बुधवार को कहा था कि अमेरिका भारत के आंतरिक मामलों में दखलंदाजी कर रहा है। इस पर अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा है कि वे भारतीय चुनावों में दखल नहीं दे रहे हैं। चुनाव का नतीजा वहां की जनता खुद तय करेगी। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने चुनाव प्रचार भाषणों में कहा है कि दुनिया में कई लोग नहीं चाहते कि भारत में स्थिर सरकार हो। पीएम मोदी के इस बयान को कहीं न कहीं अमेरिका की उस रिपोर्ट पर निशाना भी माना गया जिसमें मानवाधिकार, भ्रष्टाचार के आरोपी विपक्षी नेताओं की गिरफ्तारी के साथ सीएए समेत कई मुद्दों का जिक्र था। इस रिपोर्ट में भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार की आलोचना की गई थी। पिछले दिनों विदेश मंत्रालय की तरफ से भी अंतर्राष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता पर अमेरिकी आयोग (यूएससीआईआरएफ) की वर्ष 2024 की रिपोर्ट पर तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की गई थी। कुछ दिनों पहले माइक्रोसॉफ्ट की तरफ से कहा गया था कि चीन आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के जरिये भारत के चुनावों में हस्तक्षेप करने में लगा हुआ है। वास्तव में उथल-पुथल के बीच आज भारत का ताकतवर होना बेहद जरूरी है। महत्वपूर्ण है कि देश सभी चुनौतियों से पार पा लेगा। इसी के चलते दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत वैश्विक आशाओं का केंद्र बिंदु बनकर उभरा है।

खेल नहीं खेल-खेल में शिक्षा का विचार

डॉ. अवनीश यादव
प्रान्तीय शिक्षा सेवा संवर्ग, उ.प्र.

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं।

यह ऐसा सबक था जिसे बच्चे हमेशा याद रखेंगे। शिक्षक कक्षा में पहुंचे तो उनके हाथ में रोज की तरह थैला था। थैले से चाक निकालकर फर्श पर एक बड़ा सा गोला खींचा और बच्चों को उसके चारो ओर खड़ाकर हाव-भाव से कविता प्रस्तुत की। उसके बाद थैले में से प्लास्टिक के कुछ पशु-पक्षी निकाले और बच्चों से उनके बारे में बात करना शुरू किया। नाम, रंग, कहां पाए जाते हैं, क्या खाते हैं, कैसे चलते-बोलते हैं, कौन से पालतू हैं जैसी कितनी ही बातें। बच्चे अपने परिवेशीय अनुभवों के आधार पर उनके बारे में जानकारियां दे रहे थे।

इस बातचीत के दौरान बच्चे जहां एक दूसरे की सही बात का समर्थन कर रहे थे वहीं गलत जानकारी को करेक्ट भी कर रहे थे। शिक्षक ने बातचीत के ही दौरान बच्चों के समूह बनाकर उन पशु-पक्षियों में जलचर, थलचर और नभचर का वर्गीकरण कराया तथा छोटे समूहों में कहानी निर्माण कराते हुए उस पर चित्र बनवाया। बीच-बीच में मौखिक व लिखित रूप से आकलन करते हुए नई जानकारियां दी। बच्चे इस कक्षा में न केवल रुचिपूर्वक संलग्न थे, बल्कि व्यक्तिगत और सामूहिक स्तर पर अपना बेहतर प्रदर्शन करते हुए नए ज्ञान की रचना भी कर रहे थे। बच्चे हों अथवा बड़े 'खेल' सभी को आकर्षित करते हैं। इसके पीछे कारण यह है कि खेलों में चुनौती, आनंद, प्रतिस्पर्धा, स्वानुशासन, जीत का जज्बा जैसे कुछ खास गुण होते हैं, जो इन्हें लोकप्रिय बनाते हैं। यही कारण है कि शिक्षा को आनंददायी बनाने तथा विद्यालयों को 'प्लेस ऑफ जॉय' बनाने की जरूरत हमेशा से अनुभव की जाती रही है।

खेल विधि से शिक्षण की संकल्पना को सर्वप्रथम फ्रेडरिक फ्रोबेल ने सुव्यवस्थित रूप दिया। फ्रोबेल का मानना था कि बच्चों में एक पौधे की तरह उगने और पनपने की जन्मजात क्षमता होती है। विद्यालय एक बगीचा होता है, जहां शिक्षक उस माली की भूमिका में होते हैं, जो पौधों को पुष्पित-पल्लवित होने में अनुकूल परिस्थितियां उपलब्ध कराते हैं। फ्रोबेल का दृढ़ मत था कि उपयुक्त और अनुकूल वातावरण मिलने पर बालक का सर्वांगीण विकास होता है।

अपने विचार को धरातल पर उतारने के लिए उन्होंने 'किंडर गार्टन' की स्थापना की जिसका अर्थ ही होता है 'बच्चों का बगीचा'।

खबर है कि विद्यालयों में बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने, कक्षानुरूप बुनियादी दक्षताओं का विकास करने तथा कक्षाओं को रुचिकर बनाने के लिए बच्चों के स्थानीय खेलों को भी कक्षा कक्षीय प्रक्रियाओं का अंग बनाया जा रहा है। माना जा रहा है कि इससे विद्यालयीय संस्कृति में बड़ा बदलाव दिखाई देगा। अगर पिछले कुछ दशकों पर दृष्टिपात करें तो हम पाते हैं कि खेलों को उनके विशेष गुणों के साथ विद्यालयों में लाने का कॉन्सेप्ट कोई नया नहीं है, बल्कि समय-समय पर शिक्षाविदों ने शिक्षा में खेल के गुणों की अनिवार्यता और अपरिहार्यता को स्वीकार किया है। वर्तमान में अगर बच्चों के परिवेशीय खेलों को कक्षा शिक्षण में शामिल करने की बात की जा रही है तो यह भी उसी विचार की पुनरावृत्ति है। ऐसा क्यों, इस पर विचार करते हैं।

हम अपने बचपन में खेले गए किसी भी खेल को याद करें। उस खेल से जुड़े तमाम वाकये आज भी हमारे मानस पटल पर अंकित होंगे। अगर गहराई से विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि इस खेल में ऐसी कई संक्रियाएं, संबोध, दक्षताएं व कौशल थे, जो हमारे विद्यालयी पाठ्यक्रम का हिस्सा थे और जिन्हें कोई भी बच्चा हंसते- खेलते अर्जित कर लेता था। खेल के गुणों में रोचकता,

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

सभी की सहभागिता, स्वानुशासन, स्वआकलन, प्रतिस्पर्धा, आत्मनियंत्रण, नवीनतम, लचीलापन, निर्णय लेना जैसे तमाम गुण होते हैं, जो इनको रुचिकर बनाते हैं। अगर यह गुण सीखने-सिखाने के तरीकों में शामिल किए जाते हैं तो निश्चित ही इन तरीकों में बच्चों की रुचि बढ़ेगी। स्थानीय स्तर पर खेले जाने वाले तथा तकनीकी दौर में लगभग लुप्त होते जा रहे इन खेलों के शिक्षा में आने से कक्षाओं का माहौल रोचक बनेगा और सीखने-सिखाने के अनुभवों में विविधता आएगी।

सवाल है कि यह संभव कैसे हो? दरअसल शिक्षा में खेल शामिल करने के विचार में सर्वाधिक महत्वपूर्ण पक्ष है खेल के गुणों को शिक्षण अधिगम प्रक्रियाओं में शामिल करना। विगत दशकों में शिक्षा को रुचिकर व आनंददायी बनाने के लिए जो भी विचार आए उन्होंने परंपरागत शिक्षण अधिगम प्रणालियों के स्थान पर बच्चों की रुचि, सहभागिता और क्रिएटिव इन्वॉल्वमेंट पर प्रमुखता से फोकस किया, लेकिन यह विचार एक लंबे समय तक कक्षा शिक्षण प्रक्रियाओं का हिस्सा नहीं बन पाए, क्योंकि इनमें कदाचित 'रुचि, आनंद के साथ सृजनात्मक गतिशीलता एवं 'स्वयं ज्ञान की रचना' जैसे तत्वों का समुचित समावेश न था। दूसरे शब्दों में कहें तो इसमें विद्यालयीय परिस्थितियों में अनुकूल और संभव योजनाओं पर गहराई से काम नहीं किया गया। नतीजा यह रहा कि अधिकांश कक्षाएं इस विचार को ठोस नतीजों तक नहीं ले जा पाईं।

सीखना किसी ज्ञात या अज्ञात अनुभव और उससे जुड़ी तमाम जिज्ञासाओं से प्रारंभ होता है। जिज्ञासाओं के समाधान के लिए हम अपने आसपास मौजूद परिवेश और उपलब्ध ज्ञान स्रोतों/संदर्भों की मदद लेते हैं। उपलब्ध समाधान का विभिन्न स्रोतों से मिलान करते हैं और विश्लेषण करते हैं। विश्लेषण की यह प्रवृत्ति प्राप्त जानकारियों को विविध परिस्थितियों में जांचने-परखने तथा वैध पुष्टि द्वारा निष्कर्ष अथवा ज्ञान की रचना तक ले जाती है।

यह सीखने का एक मान्य और प्रचलित क्रम भी है। यहां शिक्षक और विद्यार्थी के बीच जो शिक्षण अधिगम प्रक्रियाएं होती हैं, उनको आनंददायी बनाने में स्थानीय खेल प्रमुख भूमिका निभा सकते हैं, लेकिन इस विचार को संभव बनाने के लिए कक्षा शिक्षण योजनाओं में बचपन के खेलों को मात्र 'पूर्व अनुभव' की तरह ही नहीं, बल्कि 'शिक्षण के दौरान' और 'शिक्षण के पश्चात' इस प्रकार पिरोना होगा कि बच्चे पाठ्यक्रमीय लक्ष्यों को रुचि तथा सुगमता पूर्वक प्राप्त कर लें। इस विचार के क्रियान्वयन में प्रमुख सावधानी यह रखनी होगी कि कक्षाएं महज खेल भर बनकर न रह जाएं। यह भी कि खेल के बाद शिक्षक यह कहते न पाए जाएं कि आओ बच्चो! खेल हो गया अब पढ़ाई करते हैं।

प्रसंगवश

कमजोर और मजबूत आदमी

वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्राय: मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

यहां कमजोर और मजबूत का संबंध शारीरिक शक्ति से नहीं है। कमजोरी वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से, यानी नीयत और नैतिकबोध में कमजोर बनाती है। मजबूती वह है, जो मनुष्य को अभ्यंतर से ठोस एवं एकरूप तथा व्यवहार में विश्वसनीय बनाती है।

संसार परिवर्तनशील है। ठीक, लेकिन कुछ चीजें शाश्वत हैं, जिन्हें भारतीय परंपरा की भाषा में अनादि और अनंत कहा जाता है। यावत्चन्द्रदिवाकरौ। जैसे अच्छे आदमी और बुरे आदमी का फर्क- यह था, है और रहेगा। एक अच्छे आदमी के मन में हमेशा अपने बारे में सवाल उठता है-वह कौन है, उसका लक्ष्य क्या है, उसमें क्या-क्या कमियां हैं, क्या-क्या कमजोरियां हैं, वगैरह-वगैरह। बुरा आदमी अपनी कमियों-कमजोरियों को लेकर निश्चिंत रहता है, अव्वल तो वह इन्हें कमियां-कमजोरियां मानता ही नहीं और मानता भी है तो सौ लोगों को अपने से ज्यादा कमतर और कमजोर बताने के बाद, यानि उसमें ये कमियां-कमजोरियां न होतीं तो लोग दिन-दहाड़े उसे लूट लिए होते। वह हमेशा दूसरों की कमियों-कमजोरियों को दिखाने, उनकी व्याख्या करने, उन पर तंज कसने में मशगूल रहता है। यह उसका प्रिय पासटाइम होता है।

कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

दो-बुरा आदमी कभी बुरा करते हुए पकड़ लिया गया तो पहले तो परिस्थितियों को जिम्मेदार बताता है (जब कि दूसरों की गलती को वह उनका दोष माने रहता है)। यदि परिस्थितियों ने साथ न दिया और वह बहुत तगड़े चपेट में आ गया तो अंत में अपनी अक्ल पर दोष मढ़ देता है-उसका दिमाग खराब हो गया था, उसके होशोहवास गुम हो गए थे, वह किंकर्तव्यविमूढ़ हो गया था, वगैरह-वगैरह। वह कभी, जी हां कभी भी, अपनी नीयत को दोष नहीं देगा। अच्छे आदमी को अव्वल तो कभी अपने को काटने की जरूरत नहीं पड़ती, यदि पड़ ही गई तो वह उसकी व्याख्या करता नहीं फिरता। व्याख्या वही करता है, जो जानबूझ कर किए रहता है। उसे डर लगा रहता है कि जो सच में हुआ, कहीं लोग उस पर भरोसा न कर बैठें।

तीन-बुरा आदमी किसी आदमी की बुराई दस लोगों के सामने करता है और उसकी तारीफ अकेले में उसको खुश करने के लिए करता है। अच्छा आदमी किसी में कुछ बुरा देखता है तो उसके सामने, अकेले में, कह देता है, जबकि सब लोगों के सामने उसकी अच्छाई का ही जिक्र करता है।

चार-बुरा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे स्नेह या मोह हो गया है तो वह उसका फायदा उठाने के लिए प्रवृत्त हो जाता है। अच्छा आदमी जब देखता है कि किसी को उससे मोह हो गया है, वह उस पर अतिशय विश्वास करने लगा है तो निश्चय कर लेता है कि इसकी वजह से उसका कोई नुक्सान न होने पाए। तब वह अपने फायदे के बजाय उसी के फायदे की बात सोचने लग जाता है।

पांच-बुरा आदमी शराब पीकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी शराब पीकर और अच्छा बन जाता है (वैसे तो उसे अपनी औकात पता रहती है, किंतु कभी अतिरेक हो भी गया तो वह अपने शरीर का नुकसान भले कर ले, किसी अन्य का नुकसान कतई नहीं करता।) प्राचीन काल में राज्याधिकारियों की नियुक्ति में आदमी को पहचानने का एक टेस्ट यह भी था (कौटिल्य का अर्थशास्त्र)।

बुरा आदमी संपत्ति पाकर और बुरा बन जाता है, अच्छा आदमी संपत्ति पाकर और अच्छा बन जाता है। बुरा आदमी शिक्षा पाकर और बुरा हो जाता है, अच्छा आदमी शिक्षा पाकर और अच्छा हो जाता है। बुरा आदमी 'धार्मिक' बनकर और बुरा हो जाता है, वह धर्मध्वज बन जाता है, अच्छा आदमी धार्मिक बनकर और अच्छा हो जाता है, वह संसार से, दुनियादारी से परे हो जाता है। यह सिलसिला लंबा है। हर चीज एक ओर, आदमी की अच्छाई-बुराई एक ओर, अक्सर वही भारी पड़ती है। वैसे देखा जाए तो न कोई बुरा होता है, न अच्छा। बस, कुछ लोग कमजोर होते हैं और कुछ मजबूत। कमजोरी व मजबूती का फर्क भी प्रायः मात्रा का होता है, गुण का उतना नहीं।

सेवानिवृत्ति पश्चात वेतन वृद्धि का लाभ

वार्षिक वेतन वृद्धि सरकारी कार्मिकों द्वारा बीते वर्ष में किए गए संतोषजनक कार्यों के एवज में दिया जाता है। अमूमन यह सुविधा सभी कार्मिकों को मिलती है। बशर्ते किसी की वार्षिक वेतन वृद्धि दंड स्वरूप रोकी न गई हो। वेतन में यह बढ़ोतरी वर्ष में एक बार पहली जुलाई या पहली जनवरी को दिए जाने की व्यवस्था है। अर्थात् एक वर्ष की संतोषजनक सेवा पूरी करने के अगले दिन। यही अगला दिन सेवानिवृत्त कर्मियों के जीवन में आता नहीं है और वे स्वयं या पत्नी/ पति पेंशन में आजीवन अपूर्णीय आर्थिक नुकसान उठाते हैं। साल भर की सेवा पूर्ण करके 31 दिसंबर या 30 जून को सेवानिवृत्त होने पर उनके वेतन में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं जोड़ी जाती है, नतीजतन पेंशन में लगातार नुकसान होता है।

कर्मचारियों ने स्वयं या उनके संगठनों ने इस समस्या को समय-समय पर नियोक्ताओं के समक्ष रखा, लेकिन उन्हें बीते वर्ष की सेवा के एवज में वार्षिक वेतन वृद्धि नहीं दी जा रही है। मामला उच्च न्यायालय से होते हुए उच्चतम न्यायालय की दहलीज तक पहुंच चुका है। अदालत ने विभिन निर्णयों में स्पष्ट कहा कि वार्षिक वेतन वृद्धि बीते वर्ष की सेवा के बदले में अर्जित राशि है और इसे देने के लिए अगले दिन अर्थात् पहली जनवरी या पहली जुलाई को सेवा में न रहना कोई शर्त नहीं हो सकता। विषय का अंधेरा पहलू (डार्क साइड) यह है कि एक तो खुशी-खुशी नियोक्ता यह सुविधा सेवानिवृत्त कार्मिकों को स्वयं से दे नहीं रहे हैं और केंद्रीय प्रशासनिक

डॉ. चंद्र गोपाल पांडेय
अयोध्या

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है।

न्यायाधिकरण (कैट) या उच्च न्यायालय का आदेश आने पर उसे सुप्रीम कोर्ट तक मुकदमेंबाजी में घसीटते हैं। शीर्ष न्यायालय का निर्णय सिद्धांतगत होते हुए भी, उसका लाभ केवल याची को ही देते हैं।

अभी हाल में इस तरह के एक मामले में इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। नगर आयुक्त, नगर निगम मेरठ पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। उन्होंने वेतन वृद्धि के एक दिन पहले 30 जून 2019 को सेवानिवृत्त हुए नगर निगम के कर्मचारी श्रीपाल को वेतन वृद्धि का लाभ न्यायालय के निर्देश पर नहीं दिया था।

न्यायालय ने कहा कि जाहिरा तौर पर ऐसा लगता है कि नगर आयुक्त ने इस न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के निर्णयों की अनदेखी की है। उनकी इस तरह की धारणा और कार्रवाई के तरीके को दृढ़ता से हतोत्साहित और समाप्त किया जाना चाहिए। इससे पहले यह विषय इलाहाबाद उच्च न्यायालय की कई अन्य याचिकाओं में कार्मिकों के पक्ष में निर्णीत हो चुका है। भारत संघ व अन्य बनाम शिव बालक व अन्य (रिट ए संख्या-14527/2022, निर्णय तिथि 15.12.2022) मामले में इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ ने भारत संघ की याचिका को खारिज करते हुए अभिनिर्धारित किया कि 30 जून को सेवानिवृत्त हुए कर्मचारी पहली जुलाई को देय वेतन वृद्धि के हकदार हैं। इसी तरह का मत मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय ने योगेंद्र सिंह भदोरिया बनाम मध्य प्रदेश राज्य, उड़ीसा हाईकोर्ट ने अरुण कुमार बिस्वाल बनाम उड़ीसा राज्य और गुजरात हाईकोर्ट ने गुजरात राज्य बनाम तखतसिंह सोनगरा मामले में स्थिर किया।

दिल्ली व बॉम्बे हाईकोर्ट ने इस विषय पर कर्मचारियों के पक्ष में निर्णय दिए हैं। उत्तर प्रदेश में इस तरह के मामलों की भरमार है। कार्मिक व नियोक्ता के मध्य अंतहीन मुकदमों का सिलसिला जारी है। अंततः कानूनी लड़ाई नियोक्ता हार रहा है। फिर भी राज्य सरकार एक आदर्श नियोक्ता के रूप आगे आकर संवैधानिक न्यायालयों द्वारा तय किए गए कानून के अनुरूप नियम नहीं बना रही है।

उल्लेखनीय है छत्तीसगढ़ राज्य ने अगस्त 2023 में ही शासनादेश निर्गतकर सेवानिवृत्त तिथि को वेतनवृद्धि की अहर्ता प्राप्त, लेकिन अगली तिथि को सेवा में न रहने के कारण इससे वंचित कार्मिको को काल्पनिक वेतनवृद्धि (नेशनल इन्क्रीमेंट) की सुविधा प्रदान कर दी है, लेकिन उत्तर प्रदेश का वित्त व विधि विभाग इस विषय पर न्यायालयों के उत्तर की अनदेखी कर अपनों से मुकदमेबाजी में लगा है।

सोशल फोरम

हमदर्द बनकर उभरे कैफी

वह जब बोलते, तो जिस्म वैसी ही हरकत करता। जिस्म जैसी हरकत करता, दिमाग वैसी ही हलचल करता, दिमाग जो हलचल करता, वह ही लफ्ज बनकर जुबान पर फूटते, यानि एक ऐसी शख्सियत जिसकी कथनी और करनी एक थी, जो वह कहते थे, वह करके दिखाते थे।

हफीज किदवई
लेखक

ताउम्र सांप्रदायिकता के खिलाफ रहे, तो उसके समर्थन की एक भी गंदी छींट अपने दामन पर नहीं लगने दी। दुनिया ने उन्हें एक शायर माना, वह लोगों के हमदर्द बनकर उभरे। दुनिया ने उनमें रदीफ काफिया को बुनते देखा, तो उन्होंने एक से एक संगठन बुन डाले। इप्टा हो या पीडब्ल्यूए इनके बिना उसका इतिहास मुकम्मल ही नहीं हो सकता। इस सबके बीच अपने परिवार को बेइंतहा मोहब्बत और उनकी हर ख्वाहिश पर जान छिड़क कर एक करने का हुनर उनमें ही था, जो बहुत कम उमरी से कलम थामकर निकला हो और जब मुल्क को जरूरत हो तो अपना सब कुछ झोंककर उसे संवारने में जुट जाए। वह हैं अतहर हुसैन रिजवी यानी कैफी आजमी। मुंबई की शोहरत, आराम और चमक-दमक छोड़ वह मिजवा आ गए। सरकारी कार्यालयों के चक्कर काट-काट सड़कें, स्कूल, रेलवे, अस्पताल, परिवहन, सबकी व्यवस्था करवाई। जब लड़कियों का स्कूल खोला तो गांव वालों का विरोध भी झेला मगर जीवट आत्मा ने स्कूल खोलकर लड़कियों को पढ़वा कर दिखाया।

आज भी मिजवा की लड़कियां फैशन शो कर रही लंदन में, किसने सोचा था यह भला। शबाना आजमी अपने पिता की इस अजीम विरासत को आसमान तक ऊंचा ले गईं। मुंबई से मिजवा का सफर पढ़ने वाला है और यह देखने का भी की, अगर आपने तय कर लिया है। अपनी मिट्टी की खुशबू को सात समंदर पार ले जाने का तो कोई रोक भी नहीं सकता। कैफी आजमी मेरी जिंदगी में यह एक ऐसी शख्सियत बनकर शामिल हुए, जिन्होंने हमें बर्दाश्त करना सिखाया और सच कहने से पीछे न हटना भी बतलाया। **-फेसबुक वॉल से**

कठिन दौर से गुजर रही है नैनीताल की झील

एक नजर में देशी-विदेशी सैलानियों का मन मोह लेने वाली नैनीताल की खूबसूरत प्राकृतिक झील के जल स्तर में गर्मियां शुरू होते ही भारी गिरावट आ गई है। नैनी झील का जल स्तर करीब डेढ़ फिट के आसपास पहुंच गया है। जल स्तर में गिरावट का यह सिलसिला निरंतर जारी है। प्रतिदिन करीब पौन इंच झील के जल स्तर में गिरावट आ रही है। पर्यटक सीजन शुरू होने से पहले झील के जल स्तर में आई और आ रही इस गिरावट से तालाब के किनारों में डेल्टा उभर आए हैं, जो झील के प्राकृतिक सौंदर्य में बदनुमा दाग से दिख रहे हैं। साथ ही नैनीताल नगर की पेयजलापूर्ति और यहां के पर्यटन उद्योग पर बुरा असर पड़ रहा है।

नैनी झील नैनीताल का प्राण है। इस झील की कुदरती बनावट में ही इसकी असल खूबसूरती छिपी है। झील ही यहां के लोगों को रोजी-रोटी, भोजन-पानी, पहचान और आत्म सम्मान देती है। नैनी झील की सेहत और खूबसूरती से ही नैनीताल की खूबसूरती है। पर्यटन है, रोजगार है। सालाना अरबों का कारोबार है। इस झील से नैनीताल ही नहीं, बल्कि आसपास के गांवों के निवासियों को पीने का पानी और रोजगार मिलता है। नैनीताल का अस्तित्व झील पर ही टिका हुआ है। यहां की हरेक सांस झील के बूते ही चलती है। यहां के जीवन का संपूर्ण तानाबाना झील के इर्द-गिर्द ही घूमता है। बावजूद इसके पिछले तीन-चार दशकों में सबसे अधिक उपेक्षा इसी झील की हुई है।

नैनीताल नगर समेत आसपास के कई गांवों के वाशिंदे पीने के पानी के लिए इसी झील पर आश्रित हैं। यहां की स्थायी आबादी के साथ पर्यटकों की आमद भी साल-दर-साल बढ़ती चली जा रही है। इसी अनुपात में पीने के पानी की मांग भी बढ़ रही है। वर्तमान में नैनीताल नगर में 7108 घरेलू और 988 गैर घरेलू, कुल मिलाकर 8096 जल संयोजन हैं। यहां गर्मियों के दिनों में 22 से 25 एमएलडी और जाड़ों के दिनों में करीब 15 एमएलडी पानी की आवश्यकता होती है। पानी

प्रयाग पाण्डे
वरिष्ठ पत्रकार

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है।

की संपूर्ण आपूर्ति झील पर निर्भर है। झील के जल स्तर के मद्देनजर उत्तराखंड जल संस्थान ने नगर में सिर्फ आठ एमएलडी पानी की आपूर्ति कर रहा है। जल संस्थान ने पूर्व से चली आ रही चौबीस घंटे जलापूर्ति की व्यवस्था को खत्म कर दिया है। अब सुबह और शाम को डेढ़ से दो घंटे की जलापूर्ति की जा रही है। जल संस्थान ने नगर की पेयजल व्यवस्था के लिए झील के किनारे दस ट्यूबवेल लगाए हैं। एक ट्यूबवेल पंप हाउस और चार ट्यूबवेल सूखाताल में लगे हैं।

मांग के सापेक्ष एक तिहाई पेयजलापूर्ति के बावजूद नैनी झील का जल स्तर निरंतर घटता जा रहा है। बरसात के मौसम में औसत से कम वर्षा होना और नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में कंक्रीट के जंगल का विस्तार इसकी मुख्य वजह मानी जा रही है। नैनीताल की झील का अधिकांश जल संग्रहण क्षेत्र कंक्रीट के जंगल से पट गया है। बरसात का पानी सोख कर झील को पानी देने के लिए अब खाली जमीन नहीं के बराबर बची हुई है। पहले वाहन चालित सड़कों को छोड़कर बाकी सभी सड़क-रास्ते कच्चे थे, ये बरसात का पानी सोखने का काम करते थे। अब नगर के सभी सड़क-रास्ते पक्के बन गए हैं। झील की तलहटी में मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट भर जाने से तालाब के भीतर मौजूद प्राकृतिक जल स्रोत बंद हो गए हैं। झील की जल संग्रहण क्षमता भी घटी है।

एक दौर में नैनीताल में सैकड़ों प्राकृतिक जल स्रोत थे। अब अधिकांश जल स्रोत सूख गए हैं। एक रिपोर्ट के अनुसार 1950 से पहले नैनीताल में 230 प्राकृतिक जल स्रोत थे। 1994 तक इनकी संख्या घटकर सिर्फ तीस रह गई थी। वर्तमान में नैनी झील के जल संग्रहण क्षेत्र में बमुश्किल दर्जन भर प्राकृतिक जल स्रोत जिंदा हैं। इनमें से ज्यादातर जल स्रोतों में बरसात के मौसम में ही पानी टपकता है। नैनी झील का सबसे महत्वपूर्ण जल संग्रहण क्षेत्र सूखाताल था। कालांतर में इस क्षेत्र में भी कंक्रीट का जंगल उग आया है। सूखाताल की इस बरसाती झील के बाकी हिस्से को भी आधुनिक युग के योजनाकारों ने सीमेंट से पाट दिया है।

नैनीताल में खाली जमीन के नाम पर वन विभाग के निगरानी वाला वन क्षेत्र और तेज ढालदार कुछ जमीनें बची हुई हैं, जो बरसात के पानी को सोख पाने में असमर्थ हैं। पहले के मुकाबले यहां बरसात के सालाना औसत में गिरावट आई है। जाड़ों के मौसम में पहले जैसी वर्षा और बर्फबारी नहीं हो रही है। बरसात में जितना पानी बरसता है, उसका अधिकांश हिस्सा नालों के द्वारा तेज रफ्तार से सीधे तालाब में पहुंचता है। पानी के साथ बहकर आया मिट्टी-मलबा और कूड़ा-करकट झील के गर्भ में समा जाता है। झील के भर जाने के बाद अतिरिक्त पानी की निकासी कर दी जाती है। इस सबके चलते मानकों के मुताबिक झील के जल स्तर को कायम रख पाना साल-दर-साल मुश्किल होता चला जा रहा है। गर्मी शुरू होते ही नैनीताल का विशाल ताल, तलैया बन जाता है।

एक नजर

वाहन चेकिंग के दौरान दो मोटरसाइकिलें सीज

हलिया (मिर्जापुर)। वाहनों की चेकिंग के दौरान पुलिस ने लालगंज की ओर से आ रहे दो बाइक सवारों को रोककर बाइक से संबंधित कागजात की मांग किया लेकिन कोई भी कागजात बाइक चालक द्वारा नहीं दिखा पाने पर दोनों बाइकों को एसआई अजय कुमार मिश्र ने एमवी एक्ट में सीज कर दोनों बाइकों को थाना परिसर में खड़ा कराया है। वाहन चालक बसुहरा गांव निवासी ओमप्रकाश बिंद व केड़वर गांव निवासी बब्बू बाइक से कंही जा रहे थे लेकिन बाइक के मौके पर कोई कागजात नहीं होने पर पुलिस ने दोनों बाइकों को सीज कर दिया है।

एसडीएम ने मतदान केंद्रों का किया निरीक्षण

हलिया (मिर्जापुर)। एसडीएम लालगंज गुलाब चंद्र ने शुक्रवार को लालगंज के मतदान केंद्रों पर पंहुचकर मूलभूत सुविधाओं का निरीक्षण किया है। जिस मतदान केंद्र पर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध नहीं है वहां मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्देश दिया है। एसडीएम ने मतदान केंद्र प्राथमिक विद्यालय महुआव कंपोजिट विद्यालय गेरुआ व प्राथमिक विद्यालय तुर्कहा बूथों पर व्यवस्थाओ का निरीक्षण किया।

आठ फीट गड्ढे में गिरने से बाइक सवार युवती घायल

हलिया (मिर्जापुर)। हलिया थाना क्षेत्र के भटवारी गांव निवासी अजय कुमार मौर्य की 18 वर्षीय पुत्री साधना सिंह मौर्य अपने ममेरे भाई के अपाचे बाइक से कंही जा रही थी कि जैसे ही भटवारी एयरटेल टावर के आगे पंहुची कि अपाचे बाइक तेजगति से होने के कारण अचानक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे आठ फीट गड्ढे में गिर गई जिससे बाइक सवार युवती साधन गंभीर रूप घायल हो गई।

दोहरे हत्याकांड में अतीक सहित पांच को आजीवन कारावास

अदालत ने सभी आरोपियों पर 25-25 हजार का अर्थदंड भी लगाया

प्रयागराज

अमृत विचार : नैनी के कासिम लाज में हुए दोहरे हत्याकांड में शुक्रवार को जनपद न्यायालय ने मामले में दोषी पाए गए अतीक, लईक अहमद, फैज, इमरान, हिमांशु निवासी महेवा नैनी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन सभी को अर्थदंड भी लगाया गया है।

जांबाज खान निवासी नैनी ने आरोप लगाया था कि वह अपने छोटे भाई शाहबाज खान व समीर वाहिद के साथ नैनी के कासिम लाज में रहकर पढ़ाई करते थे। बीते 22 अप्रैल 2016 को दोपहर 12 बजे फैज, इमरान, अशरफ, लईक ने लॉज में घुसकर शाहबाज व समीर पर चाकू से कई वार किया था। दोनों की इलाज के मौत हो गई थी। मामले में जिला न्यायालय ने अतीक, लईक अहमद, फैज, इमरान, हिमांशु निवासी महेवा नैनी को उम्रकैद की सजा सुनाई है। इन सभी आरोपियों पर 25-25 हजार का अर्थदंड लगाया गया है। अपर जिला न्यायाधीश विनोद कुमार चौरसिया ने आरोपितों के अधिवक्ताओं और सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता फौजदारी राजकुमार सिंह के तर्कों को सुनने व पत्रावली पर मिले सबूतों को देखने के बाद

अभियोजन के अनुसार वादी मुकदमा जांबाज खान ने कोतवाली नैनी में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। आरोप लगाया था कि वह अपने छोटे भाई शाहबाज खान व समीर वाहिद के साथ कासिम लाज नैनी में रहकर पढ़ाई करते थे। कुछ विवाद को लेकर 22 अप्रैल 2016 दोपहर 12 बजे फैज, इमरान, अतीक, लईक ने लॉज में घुसकर चाकू से शाहबाज व समीर पर वार किया। इलाज के दौरान दोनों की मौत हो गई थी। विवेचना के बाद पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल किया था। अभियोजन 10 गवाहों की मौखिक गवाही कराकर मामले को साबित किया।

प्रतापगढ़ : मुठभेड़ में तीन बदमाशों के पैर में लगी गोली

घायल बदमाशों के बारे में जानकारी लेने अस्पताल पहुंचे एसपी सतपाल अंतिल।

प्रतापगढ़, अमृत विचार : देल्हूपुर थाना क्षेत्र के तौकलपुर गांव के पास पुलिस और बदमाशों में मुठभेड़ हुई। जिसमें तीन बदमाशों के पैर में गोली लगी। तीनों को पुलिस ने पकड़ लिया और दो बदमाश भागने में सफल रहे। तीन दिन पहले सहिजनपुर में बदमाशों ने बाइक लूट ली थी। भागते समय सामने आये रोहित और विपिन को गोली मारकर घायल कर दिया था। घटना के बाद से ही बदमाशों का पता लगाने के लिए पुलिस की टीमें सक्रिय थी। शुक्रवार सुबह अगली वारदात की योजना बनाने की भनक लगने पर पुलिस ने घेराबंदी की तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर फायर कर दिया। एसपी सतपाल अंतिल ने बताया कि बदमाशों के दुस्साहस का जवाब देते हुए जब पुलिस ने फायरिंग की तो बदमाश अरबाज खान, सद्दाम और इस्लाम के पैर में गोली लगी, दो बदमाश भाग निकले, उनको भी जल्दी ही पकड़ा जाएगा। बदमाशों के पास तीन तमंचा, घटना में प्रयोग की गई बाइक मिली है।

दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो ओवर ब्रिज से नीचे गिरी, 5 घायल

हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार। लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पतुलकी ओवर ब्रिज के नीचे दर्शनार्थियों से भरी बोलेरो वाहन चालक को छपकी आने से तीस फीट नीचे गिर पड़ी। जिससे बोलेरो सवार पांच दर्शनार्थी गंभीर रूप से घायल हो गए।

मध्यप्रदेश के सीधी जनपद के कोलूडीह गांव निवासी 30 वर्षीय बोलेरो चालक निलेश दूबे अपने परिवार के 35 वर्षीय शीला 60 वर्षीय आशा द्विवेदी 35 वर्षीय मनीष पाठक 30 वर्षीय रामू पाठक, के साथ बोलोरो वाहन से झारखंड स्थित बाबा बैजनाथ धाम दर्शन पूजन करने के लिए गये थे दर्शन पूजन करने के बाद बोलेरो वाहन से अपने घर लौट रहे थे कि जैसे ही गुरुवार की सुबह बोलेरो वाहन लालगंज थाना क्षेत्र के मिर्जापुर रींवा राष्ट्रीय राजमार्ग 135 पतुलकी ओवर ब्रिज पर पंहुचा कि अचानक बोलेरो चालक को झपकी आने से बोलेरो वाहन अनियंत्रित होकर ओवर ब्रिज से करीब तीस फीट नीचे गिर पड़ी वाहन में सवार चालक सहित पांच लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। जिनका मंडलीय चिकित्सालय में इलाज चल रहा है।

ब्लॉक संसाधन केंद्र कोरांव से निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली

कोरांव/नैनी, अमृत विचार। आगामी लोक सभा चुनाव स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत खंड शिक्षा अधिकारी कोरांव रिजवान अहमद खान द्वारा मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन बीआरसी परिसर से क्षेत्रीय बजार व निकट वर्ती ग्राम सभा मे किया गया। रैली को नायब तहसीलदार रणविजय सिंह व एकेडमिक रिसोर्स पर्सन ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। रैली मे परिषदीय बच्चों के साथ कस्तूरबा विद्यालय ने भी प्रतिभाग किया। 'सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो' आदि नारों के साथ रैली ग्रमीण जनों के बीच निकाली गयी। रैली के साथ जनपद की बेसिक स्काउट गाइड नुक्कड़ नाटक टीम जगह जगह अभिनय के माध्यम से जन जागरूकता का सन्देश दे रही थी। परिषदीय स्काउट गाइड छात्र व अध्यापक स्लोगन युक्त तख्तियां, बैनर, पम्पलेट, बैंड कलर पार्टी के साथ मार्च करते हुए चल रहे थे। रैली के समापन पर खंड शिक्षा अधिकारी रिजवान खान ने सभी को मतदाता शपथ दिलाई तथा आगामी 25 मई को होने वाले मतदान मे अधिक से अधिक लोगो को मतदान के लिए प्रेरित करने का संकल्प दिलाया।

ब्लाक संसाधन केंद्र से निकाली गयी मतदाता जागरुकता रैली।

सार-संक्षेप

93 बच्चों की तस्करी मामले में 9 के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

प्रयागराज, अमृत विचार। प्रयागराज जंक्शन से आरपीएफ ने गुरुवार को 93 बच्चों को मुक्त कराने के बाद मामले मे पुलिस ने 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। गुरूवार को सीमांचल एक्सप्रेस से बच्चो को बिहार से लाया गया था। मामले में आरपीएफ रेलवे पुलिस बल (आरपीएफ) के निरीक्षक शिव कुमार ने बताया कि ट्रेन से उतारने के बाद इन बच्चों को बाल कल्याण समिति भेजा गया है। जहां उनकी काउंसलिंग कराई जा रही है। काउंसलिंग के बाद सभी बच्चों को उनके परिजनों को सौपा जाएगा। यह भी बताया कि बाल तस्करी में शक के आधार पर हिरासत में लिए गए सभी 9 आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज किया गया है। ये बच्चे बिहार के अररिया के रहने वाले हैं। इनमें से कुछ बच्चों को दिल्ली, कुछ को राजस्थान के नागौर व कुछ को देहरादून के मदरसों ले जाया जा रहा था।

भाजपा कार्यकर्ताओं ने सभास्थल का किया निरीक्षण

सभा स्थल का निरीक्षण करते हुए भाजपा कार्यकर्ता।

बरसठी, जौनपुर, अमृत विचार। उत्तर प्रदेश सरकार के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक 11 मई को सरसरा बगीचे में हेलीकॉप्टर से पहुंचेंगे। वहां भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी के पक्ष में एक जन सभा को संबोधित करेंगे। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक मछलीशहर लोकसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में शनिवार को एक चुनावी जनसभा को संबोधित करेंगे। श्री पाठक 12:30 बजे बरसठी विकासखंड के सरसरा बगीचे में पहुंच कर 25 मई को होने वाले चुनाव के लिए मतदाताओं से वोट मांगेंगे। जनसभा के बाद 1:45 पर वह हेलीकॉप्टर से सीधे लखनऊ के लिए रवाना होंगे। सुरक्षा की दृष्टि से थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार सिंह कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। मछलीशहर विधानसभा संयोजक व भाजपा जिलाउपाध्यक्ष राकेश शुक्ला ने कार्यकर्ताओं संग कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया।

संगोष्ठी का आयोजन

दीप प्रज्ज्वलित करते हुए मुख्य अतिथि। अमृत विचार

जौनपुर, अमृत विचार। सेवा भारती द्वारा "शत प्रतिशत मतदान एवं लोकमत परिष्कार" विषयक संगोष्ठी का आयोजन आई.एम.ए. भवन मे किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ मां भारती एवं महाराणा प्रताप के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित करके मुख्य अतिथि मिथिलेश नारायण, कार्यक्रम अध्यक्ष डॉ सुभाष सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ अंजू कनौजिया, संस्थाध्यक्ष डॉ तेज सिंह एवं सेवा भारती के उपस्थित सदस्यों द्वारा किया गया। इस अवसर पर डॉ मनोज वत्स, डॉ. सुधा सिंह, डॉ. स्वप्निल सिंह, सखी वेलफेयर की अध्यक्ष प्रीति गुप्ता, अनिल गुप्ता, रोटरी के अध्यक्ष सुजीत अग्रहरि, आदि उपस्थित रहे।

बसपा सहित पांच प्रत्याशियों ने किया नामांकन

नामांकन करते हुए बसपा उम्मीदवार। अमृत विचार

मिर्जापुर, अमृत विचार। मिर्जापुर संसदीय लोकसभा क्षेत्र हेतु तीसरे दिन बहुजन समाज पार्टी से मनीष कुमार तिवारी, समाज विकास क्रांन्ति पार्टी से अरूण गुप्ता, राजाबाबू बिन्द निर्दल, राष्ट्रीय समाज पक्ष पार्टी से रामधनी, भारतीय जवान किसान पार्टी से वेंकटरमन ने अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन स्थल से जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष कलेक्ट्रेट से 6 प्रत्याशियों द्वारा नामांकन पत्र प्राप्त किया गया। राजकुमार भागीदारी पार्टी एक सेट, कृष्ण मुरारी निर्दल एक सेट, मार्तड प्रताप सिंह राष्ट्रीय समानता दल दो सेट, घनश्याम निर्दल एक सेट, जयसिंह यादव भारतीय किसान सेना लोकतांत्रिक पार्टी दो सेट, राधेश्याम जन जनवादी पार्टी एक सेट में नामांकन पत्र खरीदा।

सर्वाधिक गेहूं खरीद करने वाले चार केन्द्र प्रभारियों को मण्डलायुक्त ने किया सम्मानित

हलिया (मिर्जापुर)। मण्डलायुक्त डॉ मुथुकुमार स्वामी बी ने शुक्रवार को आयुक्त सभागार कार्यालय में 22 अप्रैल से 28 अप्रैल 2024 के चैथे सप्ताह में सर्वाधिक साप्ताहिक गेहूँ खरीद करने वाले 02 तथा 28 अप्रैल तक सर्वाधिक संचयी खरीद करने वाले दो केन्द्र प्रभारियों को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान करते हुए सम्मानित किया। उन्होने मण्डल में सर्वाधिक संचयी खरीद के लिए नारायण दूबे, खाद्य विभाग के केन्द्र प्रभारी हलिया प्रथम, व दशरथ लाल खाद्य विभाग के केंद्र प्रभारी लालगंज जनपद मिर्जापुर, 22 अप्रैल 2024 से 28 अप्रैल 2024 तक सर्वाधिक साप्ताहिक खरीद करने वाले प्रभारी विकास पांडेय केंद्र प्रभारी रावर्टसगंज मंडी जनपद सोनभद्र व राजेश कुमार केंद्र प्रभारी खाद्य विभाग राजगढ़ प्रथम को सम्मानित किया। इस अवसर पर सम्भागीय खाद्य नियंत्रक विन्ध्याचल संभाग प्रभाकान्त द्विवेदी, जिला खाद्य विपणन अधिकारी धंनजय सिंह सहित क्रय केन्द्रो के केन्द्र प्रभारी उपस्थित रहें।

महापर्व में सभी लोग करें शत प्रतिशत मतदान

जौनपुर अमृत विचार। लोकसभा चुनाव में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए जिलाधिकारी जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड़ के आह्वान पर अब समाजसेवी संस्थाएं भी मतदाता जागरूकता अभियान में सक्रियता के साथ जुड़ने लगी हैं। इसी कड़ी में सद्भावना क्लब जौनपुर द्वारा शुक्रवार को रज़ा डी एम शिया इन्टर कालेज में मतदाता जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया। जिसके माध्यम से लोगों को मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने छात्र छात्राओं, शिक्षकों व उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई तथा मतदाताओं को मतदान करने हेतु प्रेरित करने का संकल्प दिलाया। मुख्य अतिथि सिटी मजिस्ट्रेट इन्द्र नन्दन सिंह व विशिष्ठ अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डा गोरखनाथ पटेल ने हरी झंडी दिखाकर रैली को रवाना किया। रैली संस्थाध्यक्ष हफ़ीज़ शाह के नेतृत्व में स्टेशन रोड, गल्ला मण्डी, सब्ज़ी मण्डी, कोतवाली चौराहा, अलफ्स्टीनगंज, अटाला मस्जिद होते हुए पुन: शिया कालेज में पहुँच कर सम्पन्न हुई रैली में छात्र "हम अपना कर्तव्य निभाएगे, सबसे मतदान कराएंगे"। "चुनाव आयोग का है आह्वान, बूढ़े हो या जवान, सभी करें मतदान"। आदि नारे लगाते लोगों को मतदान के लिए प्रेरित करते चल रहे थे। इस अवसर पर जिला स्वीप कोआर्डिनेटर सैय्यद मोहम्मद मुस्तफा, पूर्व अध्यक्ष श्रवण साहू, पूर्व अध्यक्ष मधु सूदन बैंकर, संयोजक नागेंद्र यादव, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रज़ा खान, अतीत मौर्या, प्रितेश गुप्ता, अमित गुप्ता, हर्ष माहेश्वरी, आशीष सेठ, अनिल वर्मा आदि उपस्थित रहे।

मुख्य वन संरक्षक को नहीं मिले दो सालों से रोपित पौधे

हलिया (मिर्जापुर) अमृत विचार। कैमूर वन्यजीव प्रभाग के मुख्य वन संरक्षक कानपुर पश्चिमी आर रविंद्रा ने गुरुवार की देर शाम हलिया रेंज के अंतर्गत मतवार कंपार्टमेंट नंबर दो तीन में वर्ष 2020-21,22-23 में कराए गए पौधरोपण स्थल का निरीक्षण किया। मौके पर पौधे नहीं देखकर मुख्य वन संरक्षक दंग रह गए। उन्होने प्रभागीय वनाधिकारी कैमूर वन्यजीव प्रभाग तापस मिहिर को निर्देश दिया है कहा कि पौधरोपण स्थल पर तत्काल पौधे रोपित करायें जाएं कार्य में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। पौधरोपण की हालत स्थिति देखकर चिंता जताई है। नई पौधशाला गुर्गी में जहां पौधे करीब तीन चार फीट के होने चाहिए थे। लेकिन नर्सरी में पौधे तैयार करने के लिए थैले में मिट्टी भराई कार्य श्रमिकों द्वारा कराया जा रहा था।

सरकार निर्माण में युवाओं की भूमिका महत्वपूर्ण

मतदाता जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद प्रयागराज के कमिश्नर। अमृत विचार

नैनी (प्रयागराज)

अमृत विचार : युवाओं को वोट के महत्व के बारे में जागरूक करने और प्रयागराज जिले में मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए शुक्रवार को यूनाइटेड ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस (यूजीआई) ने नैनी में लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुलिस आयुक्त रमित शर्मा, डिविजनल कमिश्नर विजय विश्वास पंत और जिला मजिस्ट्रेट नवनीत सिंह चहल ने दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस अवसर पर छात्रों की विशाल सभा को संबोधित करते हुए कमिश्नर शर्मा ने कहा कि चुनाव एक बहुत बड़ी प्रक्रिया है और जब लोग अपना वोट नहीं डालते हैं तो यह निरर्थक हो जाता है। उन्होंने कहा कि लोकतांत्रिक और जिम्मेदार सरकार के निर्माण में युवा मतदाताओं की भूमिका बहुत महत्वपूर्ण है।

जिलाधिकारी ने कहा कि किसी के बहकावे में आये बिना मतदान करें और जिले में 75 प्रतिशत मतदान सुनिश्चित करें। मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ), प्रयागराज गौरव कुमार ने छात्रों और शिक्षकों को आगामी लोकसभा चुनाव 2024 के मद्देनजर भारत निर्वाचन आयोग द्वारा की गई तैयारियों के बारे में जानकारी दी।

छात्रा ने ट्रेन के आगे कूदकर दी जान

कौशाम्बी, अमृत विचार। परिजनों की डांट से क्षुब्ध होकर इंटर की छात्रा ने ट्रेन का आगे कूदकर अपनी जान दे दी।

कौशांबी के रहने वाले गब्बर सिंह की बेटी संतोषी कस्तूरबा गांधी कन्या इंटर कालेज की इंटर की छात्रा थी। संतोषी ने इसी साल इंटर की परीक्षा दी थी। परिजनों ने बताया कि रात में प्रतिदिन की तरह वह खाना खाकर सो गई थी। सुबह जब वह बिस्तर पर नहीं मिली तो खोजबीन की गई। जिसके बाद जानकारी मिली कि उसका शव रेलवे लाइन पर मिला है। उनकी बेटी ने क्यों ऐसा कदम उठाया उन्हें उसकी जानकारी नहीं है। आर पी एफ चौकी प्रभारी सुरेंद्र पासवान ने बताया कि एक युवती का शव रेलवे लाइन पर मिला था।

नाबालिग छात्रा से शिक्षक ने अश्लील हरकत की

पट्टी प्रतापगढ़, अमृत विचार : उच्च प्राथमिक विद्यालय की एक छात्रा के परिजनों ने शिक्षक पर छेड़छाड़, पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कराया है।

छात्रा की मां ने पुलिस को तहरीर देकर आरोप लगाया है कि उसकी बेटी कक्षा 8 की छात्रा है। उसका पति मुंबई शहर में रहता है। घर पर वह अपने बच्चों के साथ रहती है। विद्यालय का एक शिक्षक उसके साथ अनैतिक व्यवहार कर रहा था। जिससे उसकी बेटी डरी सहमी रहती थी। दो दिन पूर्व उसकी बेटी ने उस विद्यालय में पढ़ाई करने से मना कर दिया। जब उसकी मां उसे पढ़ाई न करने का कारण पूछा तो वह रोकर पूरी बात बताई। करीब छह माह से विद्यालय का एक शिक्षक उसे अकेले में ले जाकर उसके साथ अनैतिक व्यवहार करता है। जिस पर उसकी मां विद्यालय में पहुंची और टीसी की मांग की तो शिक्षक देने से आनाकानी करने लगा। जिसकी शिकायत छात्रा की मां ने फोन से बीएसए प्रतापगढ़ और पट्टी कोतवाली पर किया। पुलिस ने आरोपी शिक्षक उदय राज यादव के खिलाफ पॉक्सो एक्ट समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया है। पट्टी कोतवाल आलोक कुमार ने बताया कि पीड़ित छात्रा के मां की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

भाजपा प्रत्याशी ने विधायक के साथ किया जनसम्पर्क

मानधाता क्षेत्र में जनसम्पर्क करते भाजपा प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता।

प्रतापगढ़, अमृत विचार : भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी संगम लाल गुप्ता ने शुक्रवार को विधानसभा विश्वनाथगंज क्षेत्र में गाजीपुर, बलापुर, बहरिया, वैशपुर, हैंसी, कमोरा समेत जगहों पर जनसंपर्क व नुक्कड़ सभाएं की। उन्होंने कहा कि कुसुमी में रेलवे ओवर ब्रिज एवं बेल्हा देवी के पास एक और नया पुल बनेगा। नगर के मध्य के झूलते कटे फटे बिजली के तारों से मुक्ति मिलेगी। विश्वनाथगंज विधायक जीतलाल पटेल ने कहा कि 2019 की तरह विश्वनाथगंज मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने में अहम भूमिका निभाएगा, इस मौके पर लोकसभा प्रभारी दुर्गाप्रसाद पटेल, सूर्यप्रकाश पटेल, चंद्रदत्त शुक्ल, मण्डल अध्यक्ष नवीन सिंह, प्रज्ञा कुमार सिंह, बादल पटेल, सभासद सुरजीत पटेल आदि उपस्थित रहे।

दिव्यांग छात्र के पैर का हुआ ऑपरेशन

जौनपुर, अमृत विचार। जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदड के अभिनव पहल के अन्तर्गत बरसठी विकास खंड अन्तर्गत पीएम श्री कम्पोजिट विद्यालय असवां में नामांकित कक्षा 2 के छात्र हनीश गौतम पुत्र अशोक कुमार गौतम के पैर का हुआ सफल ऑपरेशन मिशन समर्थ के तहत डा. अभय सिंह के द्वारा किया गया रेड क्रॉस सोसाइटी जौनपुर ईकाई द्वारा आपरेशन का खर्च वहन किया जा रहा। विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ नन्द कुमार मौर्य तथा उनके एनजीओ कल्याणी जन सेवा समिति के साथ ही छात्र के माता-पिता ने विद्यालय परिवार, जिलाधिकारी व रेड क्रॉस सोसाइटी के सदस्यों तथा विकास यादव दिव्यांग टीचर के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित किया।

श्रद्धा के साथ मना परशुराम जन्मोत्सव

कोरांव/नैनी

अमृत विचार : विगत वर्षों की भांति इस वर्ष भी कोरांव तहसील अंतर्गत ग्राम सभा मिश्रपुर स्थित शोभनाथ धाम में भगवान परशुराम मंदिर में हर्षोल्लास के साथ परशुराम का जन्मोत्सव मनाया गया। इस मौके पर स्थानीय श्रद्धालुओ कि भारी भीड़ उपस्थित रही। लोगों ने भगवान की पूजा अर्चना के बाद जन सभा का आयोजन कर उनके जीवन काल पर प्रकाश डाला। सामाजिक कार्यकर्ता राजेश पाण्डेय ने इस मौके पर कहा कि किसी समय ब्राह्मण समाज के लोग पूरे देश में लगभग बीस मुख्यमंत्री होते थे लेकिन मौजूदा स्थिति मे गिनती शून्य हो गई है। ब्राह्मण समाज बुद्धिजीवी समाज है। लोकतंत्र में ताकत दिखाने की आवश्यकता है। नेता शशी दूबे ने कहा कि हमारा समाज सदैव देश हित की बात सोचता है पर हमारे समाज के हित की बात कोइ नहीं सोचता। जिला पंचायत सदस्य पिन्टू चौबे ने आए हुए समाज के लोगों का स्वागत करते हुए विश्वास दिलाया कि हम सब समाज के मान सम्मान के लिए सदैव तत्पर है। संचालन प्रमोद मिश्रा पयासी ने किया। इस अवसर पर प्रमुख रुप से राजू चौबे, टीपी पाण्डेय, राजा पाण्डेय, कुट कुट तिवारी, हरिप्रसाद मिश्रा, हीरालाल मिश्रा, ब्रिजेश तिवारी, डा अनिल पाण्डेय, गणेश मिश्रा, अरुण तिवारी, सुभाष पाण्डेय, रमेश तिवारी के साथ सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

परशुराम जन्मोत्सव पर निकली भव्य शोभायात्रा

प्रतापगढ़, अमृत विचार : परशुराम का जन्मोत्सव शुक्रवार को राष्ट्रीय परशुराम सेना समेत संगठनों द्वारा मनाया गया। सनातन धर्म के लोगों में परशुराम के प्रति गहरी आस्था है। अक्षय तृतीया के दिन देश- विदेश में लोग पूजन करते हैं। इस मौके पर कंपनी बाग से शहर में झांकी शोभायात्रा निकाली गई। इसमें राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रदीप शुक्ल, राष्ट्रीय संरक्षक सर्वेश उपाध्याय, प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक तिवारी, अधिवक्ता उत्कर्ष मिश्र सरकार, अधिवक्ता गौरव त्रिपाठी, अनिल तिवारी, हरिकेश पाण्डेय, बबलू पाण्डेय, प्रधान विनोद मिश्र, रोहित शुक्ल, शिवम मिश्र समेत सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

सियासत | पट्टी विधायक ने गिनाईं पूर्ववर्ती अखिलेश सरकार की उपलब्धियां

स्वास्थ्य व्यवस्था हुई बदहाल, जिम्मेदार मौन

प्रतापगढ़

अमृत विचार : सपा (इंडिया गठबंधन) के प्रत्याशी डॉ. एसपी सिंह पटेल ने शुक्रवार को जनसम्पर्क कर वोट मांगा। परशुराम जयंती व अक्षय तृतीया की शुभकामना देते हुए कहा, कि भगवान परशुराम ने अन्याय के विरूद्ध शस्त्र उठाया। भगवान परशुराम के व्यक्तित्व व कृतित्व पर विस्तृत प्रकाश डाला। मानधाता क्षेत्र में सपा प्रत्याशी के समर्थन में शुक्रवार को पूर्व एमएलसी सपा नेत्री कांति सिंह पटेल ने नौवापुर, पितईपुर, खूजी, हैंसी परजी पेट्रोल पंप के सामने, शोभीपुर, छतौना, नूरपुर, बन्तरी, पल्हान औसा सहित दर्जन भर क्षेत्रों में जनसंपर्क कर गठबंधन के प्रत्याशी डॉ एसपी सिंह पटेल के समर्थन में लोगों से वोट और सहयोग की अपील की। सपा नेत्री कहा कि इन दिनों प्रतापगढ़ के मेडिकल कॉलेज के लोग ब्लड के अभाव में परेशान हो रहे हैं। यहां स्थित ब्लैड बैंक में ब्लड का अभाव चल रहा हैं, जिस पर जिम्मेदार मौन है। यहां स्वास्थ्य व्यवस्था बदतर है। 29 सीएचसी और 56 पीएचसी का संचालन हो रहा है परंतु उनमें छोटे बच्चों के इलाज की व्यवस्था नहीं और एकमात्र महिला अस्पताल में 15 बेड का एसएनसीयू है।

नुक्कड़ सभा में पट्टी विधायक राम सिंह पटेल व पूर्व एमएलसी कांति सिंह।

पट्टी विधायक राम सिंह पटेल ने सपा सरकार की उपलब्धियों को लोगों के सामने रखा। इस दौरान जिला पंचायत सदस्य विजय यादव, डॉ.सलीम, जिला उपाध्यक्ष आशुतोष पांडेय, रमेश पाठक, महेंद्र दुबे, विद्याधर दुबे, अहमद अली, दीपक पटेल, मोहम्मद हाशिम, केके पाल, प्रदीप सरोज राहुल कुमार प्रजापति समेत लोग मौजूद रहे।

भाजपा नेता को खाक में मिलाने की मिली धमकी

कुण्डा प्रतापगढ़ अमृत विचार : सनातन हितकारिणी न्यास के अध्यक्ष वरिष्ठ भाजपा के नेता प्रकाश सिंह 8 मई को खाना खाकर वह अपने घर के अंदर टहल रहे थे कि तभी एक बाइक सवार दो लोग उनके बाउंड्री गेट पर पहुंचे और उसमें से एक व्यक्ति हेलमेट पहनकर गेट के पास आया और एक लिफाफा फेंककर बाइक लेकर जाने लगा। इस पर प्रकाश सिंह ने उसे इशारा से रोकने का प्रयास किया तो वह हांथ से काट डालने का इशारा करते हुए बाइक से भाग निकला। जब वह लिफाफा खोलकर देखने लगे तो उसमें धमकी भरा शब्द लिखा था। जिसमें लिखा था कि प्रकाश सिंह तुम फेंसबुक, वाट्सएप, इंटरनेट पर इस्लाम की बहुत तौहीन कर रहे हो, तुमने उस रोज मानिकपुर में स्टेज से लाउडस्पीकर पर जो तकरीर किया था उसमें बहुत ज्यादा ही बेइज्जती किया है। तुम्हारी गाड़ी सहित तुम्हे खाक में होने में चार बम ही लगेंगे, तुम जहां रहते हो मेरी पहुंच के अंदर हो, जोश में होश न छोड़ों वरना कमलेश तिवारी का हाल तुम्हारा भी करेंगे, अभी वक्त है सुधर जाओं, नही तो प्रतापगढ़ की तारीख में दर्ज हो जाएगा, कि गुस्ताखें इस्लाम की कितनी खौफनाक सजा देते है हम अल्लाह वाले। तुमने जितना किया है उसकी इंस्साअल्ला सजा जरूर से जरूर मिलेगी।

इलेक्शन बायस्कोप

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने शुक्रवार को बलिया में आयोजित जनसभा में आम जनमानस से भाजपा प्रत्याशी के पक्ष में मतदान कर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की, इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने उप मुख्यमंत्री को स्मृति चिन्ह के रूप में त्रिशूल भेंट किया। -अमृत विचार

श्रावस्ती में मायावती की जनसभा आज

अमृत विचार : लोकसभा चुनाव में प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान के क्रम में शनिवार को बसपा प्रमुख मायावती श्रावस्ती जिले चुनावी जनसभा संबोधित करेंगी। यह जानकारी देते हुए शुक्रवार को राष्ट्रीय महासचिव मेवालाल गौतम ने बताया कि निर्धारित कार्यक्रम के अंतर्गत मायावती की जनसभा श्रावस्ती में चायना मंदिर के निकट पर्यटन मैदान में आयोजित होगी। मालूम हो कि लोकसभा चुनाव में बसपा, बिना किसी गठबंधन का हिस्सा बने अपने प्रत्याशियों को चुनाव लड़ा रही है। प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार अभियान की बागडोर सुप्रीमो मायावती स्वयं संभाले हुए हैं।

फैजाबाद : भाजपा के लिए अनुकूल हैं परिस्थितियां

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन ने चुनाव को बना दिया रोचक

इंदु भूषण पांडेय, अयोध्या

अमृत विचार : अयोध्या के नाते हमेशा ही भाजपा की नाक का सवाल बन जाने वाली फैजाबाद संसदीय सीट पर इस बार बसपा और भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी का भी चुनाव मैदान में होना निर्णायक फैक्टर बनने जा रहा है। ऐसे में पिछले दो लोकसभा चुनाव में लगभग 48 प्रतिशत वोट पाने वाले भाजपा सांसद लल्लू सिंह बाकी उम्मीदवारों के लिए बड़ी चुनौती हैं। तो वहीं विपक्षी दलों ने जो बिसात बिछाई है, वह भाजपा प्रत्याशी को प्रत्यक्ष रूप से राहत दे रही है।

बीते दो लोकसभा चुनाव को देखें तो फैजाबाद संसदीय सीट पर जो भी परिस्थिति रही हो, दोनों बार भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह को 48 प्रतिशत से अधिक ही वोट मिले। 2014 के लोकसभा चुनाव में जब भारतीय जनता पार्टी के मुकाबले कोई गठबंधन नहीं था तो भाजपा के लल्लू सिंह को 4,91,761 कुल 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वहीं सपा के मित्रसेन यादव को 2,08,986 कुल 20.43 प्रतिशत और बसपा के जीतेन्द्र सिंह बबलू को 1,41,827 कुल 13.86 प्रतिशत और कांग्रेस के निर्मल खत्री को 1,29,917 कुल 12.70 प्रतिशत वोट मिले थे।



वहीं बीते 2019 के लोकसभा चुनाव में सपा-बसपा का गठबंधन हो गया और सपा से यहां आनंद सेन यादव प्रत्याशी रहे। गठबंधन के नाते उनके खाते में सपा-बसपा के वोटों का ध्रुवीकरण हुआ ही। इसका असर यह भी रहा कि कांग्रेस प्रत्याशी निर्मल खत्री को पहले मिलने वाले मुस्लिम वोट भी छिटक कर गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव के खाते में चले गए और कांग्रेस के निर्मल खत्री मात्र 53,386 अर्थात 4.91 प्रतिशत वोट में सिमट गए। इस तरह से सपा प्रत्याशी आनंद सेन यादव को 4,63,544 (42.63) प्रतिशत वोट हासिल हुए लेकिन भाजपा प्रत्याशी लल्लू सिंह जिन्हें 2014 के चुनाव में 48.08 प्रतिशत वोट मिले थे। वह 2019 के चुनाव में 48.66 प्रतिशत वोट फिर विजयी हुए। इस तरह से देखा जाए तो गठबंधन होने और मुस्लिम वोटों के ध्रुवीकरण के बावजूद लल्लू सिंह के वोट प्रभाव पर कहीं से भी कोई असर नहीं पड़ा।

सपा-बसपा का था गठबंधन

मौजूदा लोकसभा चुनाव में अपने मौजूदा सांसद को ही भाजपा ने फिर मैदान में उतारा है। वहीं इस चुनाव में विभिन्न दलों से प्रत्याशियों की जो बिसात बिछी है वह प्रत्यक्ष तौर पर भाजपा और लल्लू सिंह के लिए राहत देने वाली है। जाहिर है कि 2019 के चुनाव में सपा-बसपा गठबंधन था तो उसे 42.63 प्रतिशत वोट मिला था, तो अबकी बार सपा और बसपा दोनों अलग अलग मैदान में हैं। सीधे तौर पर देखा जाए तो इस बार बसपा जो भी वोट पायेगी वह पिछले चुनाव में गठबंधन प्रत्याशी आनंद सेन यादव को मिले वोट का ही हिस्सा होगा। बसपा कितना वोट पाती है यह देखना बाकी रहेगा लेकिन उन वोटों की हिस्सेदारी सपा के वोट बैंक से ही होगी।

2019 : प्रत्याशियों का मत प्रतिशत



मिल्कीपुर विधानसभा क्षेत्र सेन परिवार का गढ़

वहीं इस बार भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी भी चुनाव मैदान में है। उसने स्वर्गीय मित्रसेन यादव के बेटे पूर्व आईपीएस अरविंद सेन यादव को प्रत्याशी बनाया है। फैजाबाद संसदीय सीट की मिल्कीपुर विधानसभा ऐसी है जो सेन परिवार का गढ़ रही है। सुरक्षित सीट हो जाने के नाते मौजूदा समय अवधेश प्रसाद यहां से सपा विधायक हैं। वरना इस सीट पर बहुतायत सेन परिवार का ही कब्जा रहा है। इस सीट से मित्रसेन यादव सहित उस परिवार में लगभग नौ बार विजय हासिल की है। अब इस लोकसभा चुनाव में सपा प्रत्याशी अवधेश प्रसाद के लिए सबसे कठिन चुनौती उनकी खुद ही विधानसभा मिल्कीपुर में खड़ी हो गई है।

सपा के लिए होगी मुश्किल

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के प्रत्याशी अरविंद सेन यादव का प्रभाव मिल्कीपुर विधानसभा के साथ साथ पड़ोस की बीकापुर और रुदौली विधानसभा में साफ तौर पर देखने को मिल रहा है। भाकपा प्रत्याशी अरविंद सेन के सगे भाई पूर्व मंत्री आनंद सेन यादव हालांकि सपा में ही हैं, लेकिन इस बार उनका टिकट कटना भी सपा को काठ साबित हो रहा है। भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी इस चुनाव में जो भी वोट पायेगी वह सपा के लिए ही मुश्किल साबित होगा। कुल मिलाकर फैजाबाद संसदीय सीट पर पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव की चौसर बिल्कुल भिन्न है। जिसमें बाकी सभी प्रत्याशियों के लिए चुनौती होगी कि वह भाजपा के आधार माने जा रहे लगभग 48 प्रतिशत वोट को पार कर पाए।

अपनी ढपली अपना राग

देश की जनता के लिए सारी समस्याओं का समाधान रामराज है और इसी रामराज के लिए जनता बार-बार मोदी सरकार को चुन रही है। -योगी आदित्यनाथ

कुछ लोग सुबह उठते हैं और सत्ता पाने के लिए जुट जाते हैं। मैं सत्ता के बीच में पैदा हुआ हूं इसलिए लोगों के लिए काम करना चाहता हूं। सत्ता का लोभ मुझे नहीं हैं। - राहुल गांधी

भाजपा गलतफहमी दूर कर ले, राहुल और अखिलेश दो लड़कों के रूप में नहीं जनता के दो महानायकों के रूप में पहचान बन गये हैं। जल्द ही यह सामने होगा। -प्रमोद तिवारी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 हटाई गई। अबकी बार पाक अधिकृत कश्मीर में भारत का तिरंगा लहराएगा। -केशव मौर्य

पुत्रों के पदार्पण में दो महारथियों ने गंवाई कुर्सी, अब रणनीतिक भूमिका में

पुत्र के प्रेम में गई थी आनंद सिंह की कुर्सी

ब्रजभूषण को भी पुत्र के लिए छोड़नी पड़ी सीट

अरुण कुमार मिश्र, गोंडा

अमृत विचार: राजनीति में कभी भी और कुछ भी संभव है। कहीं भगवा प्रेम तो कहीं दबदबे का दांव भारी पड़ गया। दोनों राजनीतिक महारथियों को पुत्र के प्रेम में अपनी कुर्सी दांव पर लगानी पड़ी। अब दोनों राजनीतिक महारथी सिर्फ रणनीतिक भूमिका तक सीमित रह गए हैं। एक ने अपने उम्र का पड़ाव पार कर लिया है तो दूसरे को उम्र का पड़ाव पार करने का मौका तक नहीं दिया गया। यह टीस दोनों के अंदर है, लेकिन राजनीति और प्रेम में सबकुछ जायज है वाली कहावत यहां चरितार्थ हो रही है।

गोंडा और कैसरगंज लोकसभा में यह परिदृश्य घट चुका है। चुनावी लड़ाई में जीत हार अलग है लेकिन ये दिग्गज बिना लड़े ही मैदान छोड़ने पर विवश हो गए हैं। जी हां! कैसरगंज के बाहुबली सांसद बृजभूषण शरण सिंह बिना लड़े ही मैदान से बाहर हो गए। अपने दबदबे के बलबूते राजनीति को धार देने वाले सांसद को इस बार उस समय मायूस होना पड़ा जब वह कैसरगंज में छह माह तक लगातार प्रचार प्रसार कर चुनाव लड़ने की अपनी प्रतिबद्धता जता रहे थे। अंत तक वह चुनाव लड़ने की बात पर अड़े रह गए लेकिन पार्टी ने ऐन वक्त पर लड़ने से मना कर दिया और उनके बेटे करण भूषण को मैदान में उतार दिया। छह बार के सांसद रहे बृजभूषण शरण सिंह हाथ मलते रहे और बेटे की खातिर हां कहकर पार्टी के निर्णय को गले लगाना पड़ा। भारतीय कुश्ती संघ की कुर्सी पहले ही जा चुकी है। अब उनके पास चुनाव तक सांसद का पोर्टफोलियो है। एक टीवी के साक्षात्कार में उन्होंने स्वीकार किया कि उनके ऊपर आरोप लगाने वाले कामयाब रहे और अब उनके पास कोई पद नहीं बचा है। वह भावुक भी हुए और रणनीतिक लड़ाई में अपनी हार स्वीकार कर ली। लेकिन दूसरे दिन ही बेटा भी कहीं कूटनीति का शिकार न हो जाए, बेटे के लिए मैदान में कूद गए। हर कीमत पर बेटे के हाथ कुर्सी सौंपने की उनकी उत्कंठा दिखाई पड़ी।

दूसरी सीट गोंडा लोकसभा की है। इसकी कहानी और दिलचस्प है। 1971 से लेकर 1989 तक चार बार सांसद रहे कुंवर आनंद सिंह को बेटे के कारण अपनी कुर्सी गंवानी पड़ी।

2009 में पिता आनंद सिंह सपा में थे, लेकिन आनंद सिंह के पुत्र कीर्तिवर्धन सिंह बसपा से चुनाव हार गए और कांग्रेस से बेनी प्रसाद वर्मा चुनाव जीत गए थे। लेकिन आनंद सिंह सपा से डगमग नहीं हुए। 2012 के चुनाव में वह गौरा से जीतकर विधायक बने। इसके बाद मुलायम सिंह की सरकार में कृषि मंत्री बने। वह दो साल तक मंत्री रहे। 2009 में पराजय देख चुके कीर्तिवर्धन सिंह 2014 में भाजपा में शामिल हो गए और उन्हें भाजपा ने टिकट देकर मैदान में उतार दिया। इससे नाराज सपा मुखिया ने आनंद सिंह को मंत्री की कुर्सी से उतार दिया। मंत्री पद जाने से परिवार में भी अंदरूनी कसक दिखी। कीर्तिवर्धन सिंह चुनाव जीत गए और वह भाजपा के कार्यों में जुट गए लेकिन पिता आनंद सिंह सपा में रहे और आज तक उन्होंने भाजपा की ओर रुख नहीं किया। वह कांग्रेस से चार बार सांसद रहे और सपा से विधायक व मंत्री रहे लेकिन भाजपा के राजनीतिक विरोधी जीवन भर रहे और आज भी भाजपा के किसी कार्यक्रम में नहीं जाते हैं।

रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमटी

पुत्र के प्रेम में भाजपा सांसद बृजभूषण शरण सिंह को भी अपनी कुर्सी को दांव पर लगानी पड़ी है। अब वह भी अपने पुत्र के राजतिलक को लेकर मैदान में कूद पड़े हैं। राजा आनंद सिंह की उम्र करीब 90 वर्ष है तो बृजभूषण शरण सिंह की उम्र 66-67 साल है। बृजभूषण शारीरिक व मानसिक दोनों स्तर पर फिट हैं और एक युवा से अधिक मेहनत करते दिखते हैं। दोनों की रणनीतिक पृष्ठभूमि व्यूह रचना तक सिमट गई है। हो सकता है आने वाले समय में बृजभूषण सिंह को कोई नया पोर्टफोलिया मिले या वह राज्यसभा के लिए प्रयास करें लेकिन मौजूदा स्थिति यही है।

बृजभूषण शरण सिंह

आनंद सिंह

करण भूषण सिंह

कीर्तिवर्धन सिंह

दोनों नेता बदल चुके हैं दल

कुर्सी प्रेम में राजनीतिक रसूख रखने वाले दोनों नेता दलबदल कर चुके हैं। जहां से मौका मिला उसी के हो लिए। आनंद सिंह चार बार कांग्रेस से सांसद रहे और सपा से एक बार विधायक। इसी तरह कीर्तिवर्धन सिंह सपा से दो बार सांसद बने तथा दो बार भाजपा से। एक बार बसपा से भी चुनाव लड़े लेकिन जीत नहीं सके। सांसद बृजभूषण शरण सिंह 1991 से 2019 तक छह बार सांसद रहे। दो बार गोंडा सीट से, एक बार बलरामपुर सीट से भाजपा से सांसद बने। 2009 में भाजपा छोड़ सपा का दामन थामा और कैसरगंज से सांसद बने। इसके बाद 2014 में भाजपा में वापस आए।

कैसरगंज में कटरा तो गोंडा में मनकापुर ने पहनाई है माला

कांग्रेस के हासिए पर जाने के बाद क्षेत्रीय दलों में भाजपा को हमेशा सपा से ही टक्कर मिली है। कैसरगंज की पांच विधानसभा क्षेत्रों में बृजभूषण शरण सिंह कटरा बाजार विधानसभा क्षेत्र से कभी नहीं हारे। कटरा बाजार ने हमेशा उनके मिलने वाले वोट को बैलेंस से अधिक दिया। तीन चुनाव कैसरगंज से लड़ चुके हैं परंतु बृजभूषण शरण सिंह को कटरा से हमेशा जीत मिली है, जबकि बृजभूषण क्षत्रिय हैं और कटरा बाजार ब्राह्मण बाहुल्य है। यहां करीब सवा लाख ब्राह्मण मतदाता हैं और निर्णायक की भूमिका में रहते हैं। इसी तरह गोंडा लोकसभा में पांच विधानसभा क्षेत्रों में राजघराना मनकापुर से कभी नहीं हारा। यहां तक कि 1991 में रामजन्मभूमि आंदोलन के बाद हुए चुनाव में आनंद सिंह लोकसभा सीट हार गए थे लेकिन मनकापुर विधानसभा क्षेत्र से वह विजई रहे। यह सिलसिला आज तक जारी है। अन्य विधानसभा में वह हमेशा बैलेंस या पीछे हुए लेकिन मनकापुर में उनका कद कभी नहीं घटा।

राजा भैया के गढ़ में गरजेंगे शाह

संवाददाता, प्रतापगढ़/कुण्डा

- कुण्डा के हीरागंज स्थित मां नायर देवी धाम में कल होगी जनसभा

अमृत विचार : कौशाम्बी और प्रतापगढ़ लोकसभा सीट के लिए नामांकन प्रक्रिया पूरी होने के बाद चुनावी पारा चढ़ गया है। 12 मई को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की जनसभा हीरागंज के मां नायर देवी धाम परिसर में होगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में भाजपा प्रत्याशी व सांसद विनोद सोनकर के समर्थन के लिए दिल्ली सांसद व भोजपुरी गायक मनोज तिवारी ने भी यहां जनसभा को संबोधित किया था। मां नायर देवी धाम कुंडा तहसील क्षेत्र के लिए एक सिद्धपीठ धाम है। इसलिए यहां पर होने वाली जनसभा का अलग ही महत्व रहता है। भाजपा जिलाध्यक्ष आशीष कुमार श्रीवास्तव जनसभा की तैयारियां अतिंम चरण में है।

राजा भैया को लेकर संशय

जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के अध्यक्ष व कुण्डा विधायक रघुराज प्रताप सिंह उर्फ राजा भैया को लेकर संशय बना हुआ है। आमजनों में हरकोई यह जानने को आतुर है कि राजा भैया 12 मई को गृहमंत्री अमित शाह के मंच पर दिखेंगे की नहीं। बेंगलूरु में अमित शाह और राजा भैया की मुलाकात के बाद लोग यह अनुमान लगा रहे हैं।

भाजपा, सपा को ध्रुवीकरण, बसपा को कैडर व मुस्लिम वोटों की आस

श्रावस्ती के रण में बिछ गई राजनीतिक बिसात

भाजपा से साकेत व इंडी गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि आमने-सामने

16 को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी करेंगे चुनावी जनसभा

लाल जी सिंह, बलरामपुर

अमृत विचार: ज्यों-ज्यों मतदान की तारीख नजदीक आ रही श्रावस्ती संसदीय क्षेत्र का चुनावी रण दिलचस्प होता जा रहा है। भाजपा तथा सपा ध्रुवीकरण के जरिए तथा बसपा परंपरागत और मुस्लिम मतदाताओं के भरोसे चुनावी बैतरणी पार करने की कोशिश कर रही है। अब देखना यह है कि मतदाता किसे मौका देते हैं।

बताते चले की श्रावस्ती की धरती कांग्रेस और जनसंघ का गढ़ रही है। 90 के दशक के बाद इस धरती पर सपा और बसपा का जनाधार भी लगातार बढ़ा है। वर्ष 2009 में बलरामपुर संसदीय सीट क्षेत्र का अस्तित्व खत्म होने के बाद श्रावस्ती के नाम से नया संसदीय क्षेत्र बना। श्रावस्ती की जनता ने पहली बार कांग्रेस पार्टी को मौका देते हुए डॉक्टर विनय कुमार पांडे को लोकसभा पहुंचाया। वर्ष 2014 में समीकरण बदला और भाजपा के दद्दन मिश्रा ने सपा के बाहुबली नेता अतीक अहमद को हराकर इस सीट पर कब्जा कर लिया। वर्ष 2019 के चुनाव में सपा बसपा गठबंधन के प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा ने भाजपा प्रत्याशी को मात देते हुए यह सीट बसपा की झोली में डाल दी। वर्ष 2024 का चुनाव में सब कुछ बदला नजर आ रहा है। जिस सीट पर बसपा ने परचम लहराया था अब इस सीट पर वह अपनी विरासत बचाने के लिए संघर्ष करती हुई दिख रही है। भाजपा के साकेत मिश्रा और इंडी गठबंधन के सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा आमने-सामने हैं। बसपा इस बार इस सीट से हाजी दद्दन खान को उतार कर मुस्लिम मतों को एक बार फिर अपने पाले में करने की कोशिश करती नजर आ रही है। हाजी दद्दन खान का दावा है कि भाजपा और सपा के प्रत्याशी स्थानीय ना होकर बाहरी हैं तो यहां की जनता स्थानीय होने के नाते उन्हें मौका देगी। वहीं सपा प्रत्याशी राम शिरोमणि वर्मा को मुस्लिम यादव और कुर्मी वोटों के एकजुट होने की पूरी आस है। इसी के सहारे चुनावी बाजी मारने की एक बार फिर फिराक में हैं। अब देखना यह है कि उनका यह गणित दोबारा सफल होगा या पिछले 5 साल के उनके कार्यों को देखते हुए जनता उन्हें सबक सिखाएगी। वहीं भाजपा के साकेत मिश्रा पार्टी के परंपरागत मतों के साथ-साथ अनुसूचित वर्ग के मतदाताओं को भी साधने में जुटे हुए हैं।

स्टार प्रचारकों की बात करें तो अभी तक जिले में भाजपा के ही डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक और डिप्टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य तथा उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी चुनावी जनसभा कर चुके हैं। सपा तथा बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक अभी तक जिले में नहीं आया है। भाजपा के पक्ष में आगामी 16 मई को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी चुनावी जनसभा करेंगे। चुनावी माहौल यह है कि जनसभा और डोर टू डोर कंपेन को छोड़कर कहीं कुछ नहीं दिख रहा है। मतदाता चुप्पी साधे हुए है। गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की चर्चाएं हो रही है।



साकेत मिश्रा

राम शिरोमणि वर्मा

चुनावी माहौल

- अभी तक जिले में नहीं आया सपा व बसपा का कोई भी स्टार प्रचारक
- गांव की चौपाल में भी तरह-तरह की हो रही है चर्चाएं

हाजी दद्दन खान

गैंसड़ी विधानसभा उपचुनाव में भी कांटे का मुकाबला

गैंसड़ी विधानसभा के उपचुनाव में भी सपा के राकेश यादव के समक्ष सीट बचाने की चुनौती है तो वहीं विधानसभा चुनाव में मामूली मतों से हारने वाले भाजपा के पूर्व विधायक शैलेश कुमार सिंह शैलू इस बार कोई चूक नहीं करना चाह रहे हैं। बसपा ने यहां से इस बार नए युवा चेहरे मोहम्मद हारिश खान को मैदान में उतारा है। विदित हो कि यह सीट जिले में सपा के संस्थापक रहे विधायक डॉक्टर एसपी यादव के निधन के बाद खाली हुई है। पार्टी ने इस सीट से उनके बेटे राकेश यादव को चुनाव मैदान में उतारा है। राकेश क्षेत्र में सहानुभूति की साइकिल चलाकर इस सीट पर फिर से कब्जा करने की फिराक में है। यहां पर भी सपा मुस्लिम, यादव व कुर्मी मतों को एकजुट करने में लगी है। वहीं भाजपा के शैलेश कुमार सिंह शैलू पिछली गलतियों से सबक लेकर इस बार क्षेत्र में हर हाल में जीत का परचम लहराने की कोशिश कर रहे हैं। वहीं बसपा के मोहम्मद हारिश खान पार्टी के परम्परागत वोटो के साथ-साथ मुस्लिम मतों को भी अपने पाले में करते हुए दिखाई दे रहे हैं।



शैलश सिंह शैलू

राकेश यादव

मो .हारिश खान

श्रावस्ती लोकसभा में मतदाता



चुनावी चक्कर

मोदी के हमशक्ल भी बजा रहे जीत का डमरू :

एक शख्स हैं अभिनंदन पाठक, इनकी सूरत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से तनिक मिलती-जुलती है। इन दिनों वह वाराणसी में ही रह कर मोदी के चुनावी प्रचार में जुटे हैं। दरअसल, पीएम के हमशक्ल होने के साथ-साथ वह राष्ट्रीय नमो दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष भी है और वाराणसी में डमरू बजकर लोगों को सरकार की योजनाओं के प्रति जागरूक कर रहे हैं। वैसे तो पाठक जी देश भर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का प्रतिरूप धारण करके भ्रमण करते रहते हैं। लेकिन फिलहाल चुनाव संपन्न होने तक वह वाराणसी में ही रहेंगे। अभिनंदन पाठक का कहना है कि पीएम के अपने संसदीय क्षेत्र के दौरे से पहले वह उनकी जीत का डमरू से वादन करने वह काशी आए हैं। इस दौरान वह डमरू बजाकर लोगों को भाजपा के पक्ष में वोट डालने के लिए भी कह रहे हैं। स्थानीय मीडिया से बातचीत करते हुए अभिनंदन कहते हैं कि 2014 में भी मैं वाराणसी में मोदी जी का प्रचार-प्रसार करने आया था, उन्हें जीत मिली। 2019 में भी वह यहां से सांसद और देश के प्रधानमंत्री बने और एक बार फिर से 2024 में उन्हें जीत दिलाने के लिए उनके प्रचार-प्रसार के लिए वाराणसी आया हूं। नरेंद्र मोदी इस बार भी वाराणसी से भारी मतों से जीत दर्ज करेंगे और तीसरी बार प्रधानमंत्री बन देश की सेवा करेंगे। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत का नाम विश्व पटल पर चमक रहा है।

मिर्जापुर का भी प्रत्याशी बदल सकती है सपा

अमृत विचार, लखनऊ: समाजवादी पार्टी मिर्जापुर सीट से प्रत्याशी एनडीए उम्मीदवार केन्द्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल की मुश्किलें बढ़ाने जा रही है। भाजपा की सहयोगी अपना दल एस प्रमुख अनुप्रिया पटेल के मुकाबले भाजपा के ही मौजूदा सांसद सपा के टिकट पर मैदान में आ सकते हैं। फिलहाल सपा ने मिर्जापुर से राजेंद्र एस बिंद को टिकट दिया है। लेकिन बदली स्थितियों में अब उनकी जगह भदोही से भाजपा सांसद रमेश बिंद को उतारने की तैयारी सपा प्रमुख अखिलेश यादव कर रहे हैं। मिर्जापुर में अंतिम चरण में एक जून को मतदान है। जबकि नामांकन की प्रक्रिया 14 मई तक यहां चलेगी। दरअसल, भदोही से भाजपा ने इस बार सांसद रमेश बिंद का टिकट काटकर निषाद पार्टी के विनोद बिंद को प्रत्याशी बना दिया है। टिकट कटने के बाद से ही रमेश बिंद के बगावत करने की चर्चाएं चल रही थीं। इस बीच मिर्जापुर के सपा प्रत्याशी ने रमेश बिंद पर टिकट कटवाने का आरोप भी वीडियो जारी कर लगाया है।

दिल्ली में चार सीटों पर गुल खिला सकते हैं मुस्लिम मतदाता

राजपुरुष

- उत्तर पूर्व, पूर्वी दिल्ली, चांदनी चौक और नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 14 से 21 फीसदी तक
- इस बार आम आदमी पार्टी और कांग्रेस का गठबंधन होने से वोटों के बिखराव की कोई संभावना नहीं

21.0% गिने जाते हैं उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता

16.8% पूर्वी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाताओं की अनुमानित संख्या

अमृत विचार। दिल्ली की सात लोकसभा सीटों पर 25 मई को वोट डाले जाएंगे। पिछले दो चुनाव से भाजपा यहां की सभी सात सीटों पर कमल खिला रही है। लेकिन इस बार तस्वीर थोड़ी बदली हुई है। इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी चार और कांग्रेस तीन सीटों पर भाजपा का मुकाबला कर रही है। ऐसे में बड़ा सवाल मुस्लिम मतदाताओं का रुख है। 2019 के लोकसभा चुनाव में मुकाबला भाजपा, कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के बीच त्रिकोणीय था। इससे मुस्लिम वोट बिखर गया था। अबकी बार कांग्रेस-आप के गठबंधन का भाजपा से सीधा मुकाबला है। ऐसे में मुस्लिम मतों के बिखराव की संभावना नहीं है। दिल्ली में चार लोकसभा सीटों पर मुस्लिम मतदाताओं के एकमुश्त वोट भाजपा की चिंता बढ़ा रहे हैं। हालांकि भाजपा नेता कह रहे हैं कि मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ सभी धर्मों के गरीब वर्ग को मिल रहा है। पसमांदा मुस्लिमों को सबसे ज्यादा फायदा मिला है। इससे भाजपा के विरुद्ध मुस्लिमों को लेकर किया जाने वाला दुष्प्रचार अब उतना प्रभावी नहीं रहा है। मुस्लिम समाज इस बात से सहमत है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए काम कर रहे हैं। इसका लाभ भाजपा को चुनाव में अवश्य मिलेगा।

दिल्ली में भाजपा के खिलाफ एकमुश्त मुस्लिम वोट पाने की उम्मीद लगाए बैठा इंडिया गठबंधन की ओर से आप और कांग्रेस दोनों ने कोई मुस्लिम उम्मीदवार मैदान में नहीं उतारा है। बहुजन समाज पार्टी ने जरूर चांदनी चौक सीट से एकमात्र मुस्लिम प्रत्याशी अब्दुल कलाम आजाद को मैदान में उतार रखा है। दिल्ली में तीन लोकसभा सीटों पर उत्तर पूर्व दिल्ली, पूर्वी दिल्ली और चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की भूमिका को अहम माना जाता है। उत्तर पूर्व दिल्ली लोकसभा सीट पर सबसे ज्यादा करीब 21 फीसदी, पूर्वी दिल्ली में में लगभग 17 फीसदी और चांदनी चौक सीट पर 14 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। 2014 के लोकसभा और 2015 के विधानसभा चुनाव से मुस्लिम समुदाय को वोट कांग्रेस से आम आदमी पार्टी की तरफ खिसक गया था। हालांकि 2019 के लोकसभा चुनाव में मुस्लिम मतदाता ने एक बार फिर कांग्रेस का रुख किया, इसका नतीजा रहा कि कांग्रेस दिल्ली में भले ही लोकसभा की एक भी सीट नहीं जीत पाई, लेकिन वोट फीसदी में उसने आम आदमी पार्टी को पीछे छोड़ते हुए दूसरा स्थान हासिल कर लिया था।

उत्तर पूर्वी दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में मुस्लिम मतदाता सबसे अधिक 21 फीसदी है, इंडिया गठबंधन में कांग्रेस से इस सीट पर कन्हैया कुमार चुनाव लड़ रहे हैं। उनका मुकाबला भाजपा के सांसद मनोज तिवारी से हैं। इस सीट पर पूर्वांचल के मतदाता भी बड़ी संख्या में हैं। पूर्वी दिल्ली में 16.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता माने जाते हैं। इस लोकसभा सीट से इंडिया गठबंधन की तरफ से आम आदमी पार्टी ने कुलदीप कुमार को मैदान में उतारा है। भाजपा ने यहां प्रत्याशी बदलकर हर्ष मल्होत्रा को उम्मीदवार बनाया है। चांदनी चौक में मुस्लिम मतदाताओं की संख्या 14 फीसदी है।

इस लोकसभा क्षेत्र में आदर्श नगर, शालीमार बाग, शकूरबस्ती, वजीरपुर, सदर बाजार, चांदनी चौक, मटिया महल और बल्लीमारान जैसी विधानसभा सीटें आती हैं, जिन पर मुस्लिम मत निर्णायक माने जाते हैं। चांदनी चौक से इस बार कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल और भाजपा के प्रवीण खंडेलवाल के बीच मुकाबला है।

नई दिल्ली में 14, उत्तर पश्चिमी क्षेत्र में 10.6 फीसदी

- नई दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता चांदनी चौक जितने 14 फीसदी गिने जाते हैं। इस लोकसभा सीट पर इस बार आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सोमनाथ भारती और भाजपा की बांसुरी स्वराज के बीच चुनावी संघर्ष हो रहा है।
- उत्तर पश्चिमी दिल्ली लोकसभा सीट पर मुस्लिम मतदाता 10.6 फीसदी गिने जाते हैं, यहां कांग्रेस के उदित राज का मुकाबला भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया से हो रहा है।
- इसी तरह दक्षिण दिल्ली लोकसभा क्षेत्र में सात फीसदी मुस्लिम मतदाताओं का अनुमान लगाया जाता है। इस लोकसभा सीट पर इस बार मुकाबला आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार सहीराम पहलवान और भारतीय जनता पार्टी के रामवीर सिंह बिधूड़ी के बीच है।
- पश्चिमी दिल्ली में 6.8 फीसदी मुस्लिम मतदाता हैं। इस सीट पर इस बार भाजपा ने दक्षिणी दिल्ली के पूर्व मेयर कमलजीत सहरावत को मौका दिया है। पिछली बार 2019 में यहां से भाजपा के प्रवेश वर्मा जीते थे। आम आदमी पार्टी की तरफ से महाबल मिश्रा भाजपा का मुकाबला कर रहे हैं।

बुनियादी सुविधाओं का अभाव, सीएए की चर्चा व दंगे की याद

- दिल्ली के अधिकतर मुस्लिम इलाकों में घनी आबादी है। बुनियादी सुविधाओं का अभाव है। बिजली सप्लाई में सुधार, सड़क, पानी और अतिक्रमण जैसे मुद्दे अहम हैं। इसके अलावा चुनाव से पहले लागु हुआ सीएए जैसा मुद्दा भी है, जिसकी मुस्लिम इलाकों में चर्चा है। इसके साथ ही दिल्ली में वर्ष 2020 में हुए दंगे की याद भी लोग दिलाते हैं।

इस बार बहुमत के दरवाजे पर दस्तक

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में दलों के दबदबे के साथ स्विंग और कांटे के संघर्ष वाला मिजाज ज्यादा

चौथे चरण का चुनाव

मनोज त्रिपाठी

भाजपा –कांग्रेस का यह रहा प्रदर्शन

- **2009** भाजपा – 10, कांग्रेस – 50
- **2014** भाजपा – 38, कांग्रेस – 03
- **2019** भाजपा – 42, कांग्रेस – 06

35% सीटों पर क्षेत्रीय दल खिलाड़ी तो दलों के गढ़ वाली सीटें कम

2019 में वोट शेयर

चुनाव लड़ा	भाजपा 89 सीट	कांग्रेस 85 सीट
10% से कम	31	43
10–20%	07	07
20–30%	02	06
30–40%	06	18
40% से ज्यादा	43	11

32 सीटें पाला बदल या कड़े मुकाबले वाली, किसी भी तरफ झुक सकता फैसला

चौथे चरण की 96 लोकसभा सीटों में 32 सीटें परिणाम में बड़ा असर डाल सकती हैं। इनमें 21 सीटें ऐसी हैं, जो लगभग हर चुनाव में इधर–उधर होती रहती हैं। इसके अलावा 11 ऐसी सीटे हैं, जिन पर 2019 में जीत–हार का अंतर एक फीसदी से भी कम था। ऐसे में यही 32 लोकसभा सीटें इस चरण में असली खिलाड़ी हैं, जो किसी के साथ भी जाने पर उसका पलड़ा भारी कर सकती हैं।

पिछली बार लगभग आधी सीटों पर हुआ था जमकर मुकाबला

2019 में चौथे चरण की लगभग आधी सीटों पर कांटे की टक्कर देखने को मिली थी। कोई भी दल ऐसे नहीं था, जिसने एकतरफा यानी 40 फीसदी से ज्यादा वोटों के अंतर से चुनाव जीता हो। झारखंड की पलामू, महाराष्ट्र की जलगांव और जम्मू–कश्मीर की श्रीनगर ही ऐसी सीटें थीं, जहां जीत का अंतर 40 फीसदी के आसपास था। भाजपा ने पलामू में 37.80% और जलगांव में 39.55% वोटों के अंतर से चुनाव जीता था, जबकि, श्रीनगर सीट पर फारूक अब्दुल्ला ने 37.50% मतों के अंतर से जीत हासिल की थी।

11 सीटों पर एक फीसदी से कम वोटों से हुई थी जीत-हार

- 2019 के लोकसभा चुनाव में चौथे चरण की 11 सीटों पर एक प्रतिशत से कम वोट के अंतर से जीत–हार का फैसला हुआ था। तेलुगु देशम पार्टी ने आंध्र प्रदेश में विजयवाड़ा सीट 0.7%, श्रीकाकुलम 0.6% और गुंटूर सीट 0.4% मतों के अंतर से जीती थी। कांग्रेस ने तेलंगाना की मलकाजगिरी में 0.7 % और भोंगिर में 0.4% के अंतर से चुनाव जीता था। इसी तरह विशाखापट्टनम, खूंटी, औरंगाबाद, कोरापुट, जहिराबाद और बर्धमान में भी एक प्रतिशत मतों के अंतर वाला मुकाबला ही सामने आया था।

अमृत विचार। 13 मई को चौथे चरण में 96 सीटों पर मतदान के साथ 379 लोकसभा सीटों पर चुनाव संपन्न हो जाएगा, इसी के साथ माना जा रहा है कि बहुमत का दरवाजा भी खुल जाएगा और यह तय होगा कि कौन भीतर प्रवेश करने के लिए तैयार है। शायद यही वजह है कि यह चरण दोनों प्रमुख गठबंधनों एनडीए और इंडिया के लिए आसान नहीं है। 2019 के लोकसभा चुनाव परिणाम के लिहाज से कांग्रेस के मुकाबले इस चरण में भी भाजपा की बढ़त तो साफ नजर आती है, लेकिन इस चरण के असली खिलाड़ी क्षेत्रीय दल हैं, जो दोनों गठबंधनों में से किसी के लिए भी बहुमत का दरवाजा खोल सकते हैं या पास फटकने से रोक सकते हैं।

भाजपा की अगुवाई वाला एनडीए गठबंधन तीन चरणों के चुनाव में 200 से अधिक सीटें जीतने का दावा कर रहा है, तो इंडिया गठबंधन के नेताओं का कहना है कि सभी 543 सीटों के चुनाव के बाद भी भाजपा की इस मर्तबा 200 सीटें नहीं आ रही हैं। अब सत्ता पक्ष और विपक्ष के इन दावों की पड़ताल तो चार जून को चुनाव परिणाम आने पर होगी, पर चौथे चरण के रण की बात करें तो भाजपा ने इस चरण की 96 में से 42 सीटों पर 2019 के चुनाव में जीत हासिल की थी। पार्टी इस बार अपनी जीत का आंकड़ा 60 से ऊपर जाने की उम्मीद लगा रही है।

लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजनीतिक दलों के गढ़ वाली सीटों और स्विंग करने वाली सीटों के परिणाम पर ही सारा दारोमदार टिका है। यही सीटें मुकाबला दिलचस्प बना सकती हैं, क्योंकि इन सीटों में जीत-हार को लेकर फेरबदल होने की संभावनाएं थोड़ी ज्यादा हैं। इस चरण में उन सीटों की संख्या ज्यादा हैं, जहां 2009 से किसी एक पार्टी का दबदबा नहीं रहा है। इसके अलावा इस बार पिछली बार से परिस्थितियां भी बदली हुई हैं। आंध्र प्रदेश में कांटे की टक्कर मानी जा रही है, तो तेलंगाना में बीआरएस के बजाय अब कांग्रेस काबिज है। 2019 के चुनाव में भाजपा इस चरण की 96 में से 89 सीटों पर चुनाव लड़कर 43 सीटें जीतने में सफल रही थी। भाजपा ने जीत वाली 43 सीटों पर 40 फीसदी से ज्यादा वोट हासिल किए थे। जबकि इन 43 सीटों पर कांग्रेस को 10 फीसदी से भी कम वोट मिले थे। 2014 की मोदी लहर में भाजपा ने इस चरण में 38 सीटें जीती थीं। हालांकि 2009 में भाजपा के हाथ सिर्फ 10 सीटें ही आयी थीं। इसके मुकाबले कांग्रेस 2019 में 85 सीटों पर चुनाव लड़कर सिर्फ 6 सीटें ही जीत सकी थी। 2014 के चुनाव में कांग्रेस का प्रदर्शन काफी दयनीय था। पार्टी केवल तीन सीटें ही जीत पायी थी, जबकि 2009 में कांग्रेस ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए 50 लोकसभा सीटों पर जीत का परचम फहराया था। वाईएसआर कांग्रेस पार्टी भी इन सीटों पर तेजी से आगे बढ़ी है। पार्टी ने 2014 में 9 सीटों पर जीत हासिल की थी, जबकि 2019 में उसने 22 सीटें जीत ली थीं।

जीतेंगे जरूर

झारखंड की राजमहल लोकसभा सीट से उम्मीदवार विजय कुमार हंसदक के नामांकन जुलूस में शामिल झारखंड मुक्ति मोर्चा की नेता एवं पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की पत्नी कल्पना सोरेन ने मांगा समर्थन।

ये मेरी गारंटी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हैदराबाद में जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने तेलंगाना सरकार पर जमकर हमला बोला। पार्टी उम्मीदवारों के लिए वोट मांगे।

झारखंड में अर्जुन मुंडा व गीता कोड़ा की किस्मत का फैसला

(चुनाव डेस्क)

अर्जुन मुंडा।

गीता कोड़ा।

रांची। झारखंड में चौथे चरण से लोकसभा चुनाव की शुरूआत हो रही है। 13 मई को राज्य की चार सीटों सिंहभूम, खूंटी, लोहरदगा और पलामू में वोट डाले जाएंगे। पलामू अनुसूचित जाति की आरक्षित सीट है, जबकि बाकी तीन सीटें अनुसूचित जनजाति के लिए आरक्षित हैं। चारों लोकसभा क्षेत्रों में 32.07 लाख महिलाओं सहित 64.37 लाख से अधिक मतदाता हैं। 2019 में भाजपा को राज्य में 11 सीटें मिली थीं, जबकि उसकी सहयोगी आजसू ने एक सीट जीती थी। कांग्रेस और जेएमएम को एक-एक सीट मिली थी। इस बार इन चारों सीटों पर होने वाले मतदान से केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, चाईबासा की सांसद गीता कोड़ा, पलामू के सांसद बीडी राम, भाजपा अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष समीर उरांव, झारखंड प्रदेश कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष सुखदेव भगत जैसे दिग्गजों की किस्मत का फैसला होगा। यहां चारों सीटों पर भाजपा और इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों में आमने-सामने का मुकाबला नजर आ रहा है।

सिंहभूम में दो दिग्गज महिला नेताओं की जंग: सिंहभूम में इस बार के चुनाव में दो महिला नेताओं के बीच जमकर मुकाबला हो रहा है। भाजपा सांसद और पूर्व मुख्यमंत्री मधु कोड़ा की पत्नी गीता कोड़ा फिर मैदान में हैं, यहां झामुमो की जोबा मांझी उनका मुकाबला कर रही हैं। गीता कोड़ा ने 2019 में इस सीट से कांग्रेस के टिकट पर जीत हासिल की थी। गीता कोड़ा चुनाव से पहले कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गई थीं। जोबा मांझी सिंहभूम के ही मनोहरपुर से लगातार छह बार विधायक चुनी गई हैं। वह बिहार और झारखंड सरकार में मंत्री रह चुकी हैं।

खूंटी में 1,445 वोटों से हारी कांग्रेस ले पाएगी बदला

- खूंटी लोकसभा सीट से भाजपा सांसद और केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा के सामने कांग्रेस ने काली चरण मुंडा को मैदान में उतारा है। गरीबी, अफीम की खेती, नक्सलवाद और मानव तस्करी की समस्याओं का सामना करने वाले खूंटी लोकसभा क्षेत्र में अर्जुन मुंडा ने 2019 में काली चरण मुंडा को केवल 1,445 वोटों के मामूली अंतर से हराया था। इस बार काली चरण अपनी हार का बदला लेने को आतुर दिख रहे हैं। अर्जुन मुंडा की जीत के लिए भाजपा ने ताकत झोंक रखी है।

लोहरदगा में आसान नहीं समीर उरांव की राह

- लोहरदगा में कांग्रेस के सुखदेव भगत का मुकाबला भाजपा के समीर उरांव से है। भाजपा ने मौजूदा सांसद सुदर्शन भगत की जगह उरांव पर भरोसा जताया है। इसकी वजह सुदर्शन भगत को 2019 में सिर्फ 10,363 वोटों से मिली जीत रही है। 2018 में ओरांव राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल तीन मई को समाप्त हो गया है। यहां उनका मुकाबले में कांग्रेस ने पूर्व विधायक और पार्टी के प्रदेशअध्यक्ष रहे सुखदेव भगत को उतारा है।

पलामू में भाजपा जीत की हैट्रिक लगाने की तैयारी में

- पलामू में भाजपा ने राज्य के पूर्व डीजीपी सांसद विष्णु दयाल राम को तीसरी बार मैदान में उतारा है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) की तरफ से ममता भुइयां यां इंडिया गठबंधन उम्मीदवार के रूप में उनका मुकाबला कर रही हैं। 2019 के चुनाव में विष्णु दयाल राम ने राजद के घूरन राम को 4,77,606 वोटों के अंतर से हराया था। यहां इस बार भी भाजपा की स्थिति बेहतर मानी जा रही है।

गिरिराज, नित्यानंद व ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर

बिहार का चुनावी रण

चुनाव डेस्क

गिरिराज सिंह।



नित्यानंद राय।

ललन सिंह। अमृत विचार

अमृत विचार। बिहार में चौथे चरण में पांच लोकसभा सीटों मुंगेर, बेगूसराय, दरभंगा, समस्तीपुर और उजियारपुर में 13 मई को मतदान होगा। इस चरण में भाजपा के दिग्गज फायरब्रांड नेता गिरिराज सिंह, केंद्रीय मंत्री नित्यानंद राय और जेडीयू नेता ललन सिंह की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। एनडीए के सामने यहां अपनी जीत दोहराने का दबाव है।

बाहुबली तय कर रहे मुंगेर में जीत-हार की तस्वीर : मुंगेर लोकसभा सीट से एनडीए की सहयोगी जेडीयू के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह दूसरी बार मैदान में हैं। ललन सिंह ने 2019 के चुनाव में बाहुबली अनंत सिंह की पत्नी नीलम देवी को हराया था। आरजेडी ने इस सीट से बाहुबली अशोक महतो की पत्नी अनीता देवी को मैदान में उतारा है। लेकिन मोकामा के बाहुबली अनंत सिंह जेल से बाहर आने के बाद ललन सिंह को खुला समर्थन दे रहे हैं।

बेगूसराय में गिरिराज को चुनौती देना थोड़ा कठिन : बेगूसराय लोकसभा सीट पर भाजपा के फायर ब्रांड नेता गिरिराज सिंह की इस बार सीधी टक्कर सीपीआई के अवधेश राय से है। पिछली बार इस सीट से सीपीआई से कन्हैया कुमार चुनाव लड़े थे, उन्हें गिरिराज सिंह ने चार लाख मतों से हराया था। आरजेडी तीसरे नंबर पर थी। इस सीट पर भूमिहारों का दबदबा है। लोकसभा क्षेत्र में 18% भूमिहार, 14 % मुस्लिम और 10% यादव हैं।

दरभंगा में जातीय समीकरणों पर टिकी लड़ाई

- दरभंगा लोकसभा सीट पर 15 सालों से भाजपा का कब्जा है। भाजपा ने इस बार इस सीट से मौजूदा सांसद गोपाल जी ठाकुर को मैदान में उतारा है। इंडिया गठबंधन की तरफ से आरजेडी ने ललित कुमार यादव पर दांव लगाया है। वह दरभंगा ग्रामीण से छह बार विधायक चुने जा चुके हैं। 2019 के चुनाव में गोपाल जी ठाकुर ने आरजेडी के अब्दुल बारी सिद्दीकी को बड़े अंतर से हराया था। इस बार यहां जातीय समीकरण की लड़ाई है।

समस्तीपुर में मंत्रियों के बेटे और बेटी में टक्कर

- समस्तीपुर लोकसभा सीट पर लोक जनशक्ति पार्टी बीते दो चुनाव से जीत रही है। इस बार लोजपा टूट गई है। 2019 में लोजपा के रामचंद्र पासवान की जीत हुई थी। एनडीए के सहयोगी चिराग पासवान ने शांभवी चौधरी को यहां से उतारा है। शांभवी चौधरी मंत्री अशोक चौधरी की बेटी हैं। इंडिया गठबंधन की तरफ से कांग्रेस ने सन्नी हजारी को मौका दिया है। सन्नी हजारी जेडीयू मंत्री महेश्वर हजारी के बेटे हैं। इस तरह यहां नितीश के दो मंत्रियों के पुत्र–पुत्रियों में टक्कर है।

उजियारपुर में राय के लिए अमित शाह बना गए माहौल

- भाजपा के लिए उजियारपुर लोकसभा सीट प्रतिष्ठा का प्रश्न है। यहां गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय की टक्कर राजद सुप्रीमो के करीबी पूर्व मंत्री आलोक मेहता से है। वह उन्हें जीत की हैट्रिक की चुनौती दे रहे हैं। साल 2009 में सीट अस्तित्व में आने के बाद से इस सीट पर एनडीए का कब्जा है। गृह मंत्री अमित शाह मतदाताओं से नित्यानंद राय को 'महत्वपूर्ण पद' देने की बात कहकर माहौल बना गए हैं। 2019 में नित्यानंद राय ने रालोसपा नेता उपेंद्र कुशवाहा को 2.71 लाख मतों से हराया था।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर : शिवालिक-995 फ्लैग-1115 डीएमओ-880 बोल्ड-1165
चन्दौसी : शिवालिक- 1000 फ्लैग-1110 बोल्ड- 1150 डीएमओ- 950

लखनऊ मंडी

अनाज प्रति कुन्तल	
गेहूँ (आरआर 21)	2360-2800
गेहूँ (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल प्रति कुन्तल	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबुली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूँग खड़ा	10000-10500
मूँग दाल	10500-11000
मूँग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूँगफली का दाना	11000-12000

खरीदारी से बाजार में रौनक, सेंसेक्स 260 अंक चढ़ा

रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल के शेयरों में दमदार खरीदारी से दोनों सूचकांक में आई तेजी

मुंबई, एजेंसी

विदेशी बाजारों में मजबूत रुख के बीच घरेलू शेयर बाजार के दिग्गज शेयरों रिलायंस इंडस्ट्रीज, आईटीसी और भारती एयरटेल में तेजी के दम पर तीन सत्रों से जारी गिरावट पर शुक्रवार को लगाम लगी और दोनों मानक सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। हालांकि विदेशी पूंजी की निकासी जारी रहने और निवेशकों के सतर्कता से बाजार की बढ़त एक हद तक सीमित हो गई।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 260.30 अंक यानी 0.36% चढ़कर 72,664.47 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 542.37 अंक यानी 0.74% बढ़कर 72,946.54 अंक तक पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी भी 97.70 अंक यानी 0.44% चढ़कर 22,055.20 अंक पर बंद हुआ। इस तेजी के दम पर घरेलू शेयर बाजारों में तीन दिनों से जारी गिरावट को थामने में मदद मिली। गुरुवार को बड़े पैमाने पर हुई बिकवाली ने सेंसेक्स को 1062.22 अंक यानी 1.45% का झटका देते हुए 72,404.17 अंक पर ला दिया था। निफ्टी भी 345 अंक यानी 1.55% की बड़ी गिरावट के साथ 21,957.50 अंक पर आ गया था। हालांकि शुक्रवार का दिन घरेलू शेयर बाजारों के लिए राहत भरी तेजी लेकर आया। साप्ताहिक आधार पर सेंसेक्स में 1,213.68 अंक यानी 1.64% की गिरावट दर्ज की गई जबकि निफ्टी ने 420.65 अंक यानी 1.87% का नुकसान उठाया।

मेहता इक्विटीज लिमिटेड में वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रशांत तापसे ने कहा कि विदेशी बाजारों में मजबूती से घरेलू बाजार को समर्थन मिला और सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। अब भी कारोबारी धारणा में सतर्क रुख बना हुआ है और उतार-चढ़ाव के रूप में यह नजर भी आया।

- निफ्टी ने भी 97.70 अंक चढ़कर 22 हजार का आंकड़ा किया पार
- गुरुवार को तेज बिकवाली से सेंसेक्स 1.45% टूटा था

चुनावों के नतीजों को लेकर बाजार में बिकवाली का दबाव

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से पावर ग्रिड, एनटीपीसी, जेएसडब्ल्यू स्टील, एशियन पेंट्स, आईटीसी, भारती एयरटेल, हिंदुस्तान यूनिलीवर और टाटा मोटर्स के शेयर बढ़त लेकर बंद हुए। दूसरी तरफ, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, कोटक महिंद्रा बैंक, इन्फोसिस, विप्रो, महिंद्रा एंड महिंद्रा और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.81 प्रतिशत चढ़ गया जबकि स्मालकैप सूचकांक में 0.80 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज में खुदरा शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की भारी बिकवाली और लोकसभा चुनावों के नतीजों को लेकर आशंकाएं हावी होने से बाजार में बिकवाली का दबाव बना हुआ है। हालांकि कुछ दिग्गज कंपनियों के तिमाही नतीजों से रफ्तार मिल रही है। विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने गुरुवार को 6,994.86 करोड़ मूल्य के शेयरों की शुद्ध बिकवाली की। एशिया के अन्य बाजारों में दक्षिण कोरिया का कॉस्पी, जापान का निक्की, चीन का शंघाई कंपोजिट और हांगकांग के हैंगसेंग बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार भी बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। बृहस्पतिवार को अमेरिकी शेयर बाजारों में तेजी का दौर रहा था। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड 0.41 प्रतिशत चढ़कर 84.22 डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया।

सोने का आयात 30% बढ़कर 45.54 अरब डॉलर पहुंचा

नई दिल्ली, एजेंसी

मजबूत घरेलू मांग रहने से देश में सोने का आयात वित्त वर्ष 2023-24 में 30 प्रतिशत बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का रहा था।

वाणिज्य मंत्रालय के मुताबिक, इस साल मार्च में कीमती धातु का आयात 53.56 प्रतिशत घटकर 1.53 अरब डॉलर रह गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत की है। इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की आयात में हिस्सेदारी 16 प्रतिशत और दक्षिण अफ्रीका की लगभग 10 प्रतिशत है। देश के कुल आयात में सोने की हिस्सेदारी पांच प्रतिशत से अधिक रही है। फिलहाल सोने पर 15 प्रतिशत आयात शुल्क लगता है।

सोने का आयात बढ़ने के बावजूद देश का व्यापार घाटा (आयात और निर्यात के बीच का अंतर) पिछले वित्त वर्ष में घटकर 240.18 अरब डॉलर रह गया, जबकि 2022-23 में यह व्यापार घाटा 265 अरब डॉलर था। चीन के बाद भारत दुनिया में सोने का दूसरा बड़ा उपभोक्ता है। यह आयात मुख्य रूप से आभूषण उद्योग की मांग को पूरा करता है।

- 2022-23 में सोने का आयात 35 अरब डॉलर का था

सर्राफा

कानपुर	
चाँदी 999 (प्रति किलो)	86700
चांदी सिक्का (प्रति सैकड़ा)	90000
चांदी सिक्का (सैकड़ा) बिकवाल	95000
सोना बिस्कुट (दस ग्राम)	74900
गिन्नी (प्रति नग)	55800-56000
लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	73,350
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	73,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	82,100
चांदी तैयार	85,000
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000
बरेली	
सोना जेवरात पक्के	72400
सोना जेवरात गिन्नी	71400
चांदी पक्की	825 (अनुमानित)
मुरादाबाद	
सोना 24 कैरेट	73,100
चांदी आभूषण	84,000

विदेशी मुद्रा भंडार 641.59 अरब डॉलर हुआ: रिजर्व बैंक

मुंबई, एजेंसी

तीन सप्ताह की गिरावट के बाद देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन मई को समाप्त सप्ताह में 3.67 अरब डॉलर बढ़कर 641.59 अरब डॉलर हो गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

26 अप्रैल को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 2.41 अरब डॉलर घटकर 637.92 अरब डॉलर था। यह पांच अप्रैल को समाप्त सप्ताह में 648.56 अरब डॉलर के उच्च स्तर पर पहुंचा था। तीन मई को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा विदेशी मुद्रा आस्तियां 4.46 अरब डॉलर बढ़कर 564.16 अरब डॉलर रही। बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 65.3 करोड़ डॉलर घटकर 54.88 अरब डॉलर रहा। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 20 लाख डॉलर बढ़कर 18.05 अरब डॉलर हो गया।

बीपीसीएल 1.7 लाख करोड़ का करेगी निवेश

नई दिल्ली, एजेंसी

सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम विपणन कंपनी बीपीसीएल ने अपने मुख्य कारोबार तेल शोधन, ईंधन विपणन और पेट्रोकेमिकल के अलावा स्वच्छ ईंधन में अगले पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने की योजना बनाई है। भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) के चेयरमैन जी कृष्णकुमार ने शुक्रवार को तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों के साथ चर्चा के दौरान यह जानकारी दी।

उन्होंने कहा कि पांच साल की रणनीतिक रूपरेखा प्रोजेक्ट एस्पायर के तहत बीपीसीएल ने तेलशोधन क्षमता बढ़ाने, पेट्रोकेमिकल व्यवसाय और स्वच्छ ईंधन क्षेत्र में अपनी उपस्थिति का विस्तार करने की योजना बनाई है। कृष्ण कुमार ने कहा कि हमारी रणनीति दो मूलभूत स्तंभों- प्रमुख कारोबार को आगे बढ़ाने और भविष्य के बड़े दांव में निवेश पर आधारित है। इससे न केवल दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की बढ़ती ईंधन मांग को पूरा करने में मदद मिलेगी बल्कि कंपनी को 2040 तक शुद्ध रूप से शून्य कार्बन उत्सर्जन प्राप्त करने के अपने लक्ष्य को पूरा करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि कुल मिलाकर, हमने पांच वर्षों में 1.7 लाख करोड़ रुपये के निवेश की योजना बनाई है। इसमें से 75,000 करोड़ रिफाइनरी और पेट्रोकेमिकल्स के लिए रखे गए हैं। हम 8,000 करोड़ के निवेश के साथ रणनीतिक पाइपलाइन परियोजनाएं शुरू करने की योजना बना रहे हैं, जिनमें से 5,000 करोड़ की परियोजनाएं पहले ही चिह्नित की जा चुकी हैं।

- बीपीसीएल के चेयरमैन ने तिमाही नतीजों पर विश्लेषकों संग की चर्चा
- स्वच्छ ईंधन में पांच साल में निवेश करने की कंपनी बना रही योजना

होम क्रेडिट में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी टीवीएस होल्डिंग्स

नई दिल्ली। टीवीएस होल्डिंग्स लि. 554.06 करोड़ में होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस प्राइवेट लि. में 80.74% हिस्सेदारी का अधिग्रहण करेगी। शेष 19.26% हिस्सेदारी प्रेमजी इनवेस्ट और अन्य कंपनियां खरीदेंगी। कुल मिलाकर यह सौदा 686 करोड़ का है। 686 करोड़ में से टीवीएस 554.06 करोड़ भुगतान कर रही है। प्रेमजी इनवेस्ट 11% हिस्सेदारी लेगी जबकि बाकी हिस्सेदारी अन्य इकाइयां लेंगी। टीवीएस ने शुक्रवार को शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि होम क्रेडिट इंडिया फाइनेंस के 88,09,45,401 शेयरों के अधिग्रहण को मंजूरी दी। ये 80.74% हिस्सेदारी के बराबर है।

राष्ट्रीय

शिकायत के लिए महिला को मजबूर करने की जांच शुरू

शिकायतकर्ता के दावा के बाद राष्ट्रीय महिला आयोग के कहने पर एसआईटी की टीम ने उठाया कदम

बेंगलुरु, एजेंसी

हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना द्वारा कथित तौर पर यौन शोषण के मामलों की जांच कर रहा विशेष जांच दल (एसआईटी) उन लोगों की पहचान करने के लिए तफ्तीश कर रहा है, जिन्होंने महिला को कथित तौर पर फोन कर उसे जद (एस) नेता के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया।

यह कदम राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) के यह कहने के बाद उठाया गया है कि उसके पास पहुंची महिला शिकायतकर्ता ने दावा किया कि उसे 33 वर्षीय सांसद के खिलाफ फर्जी शिकायत दर्ज करने के लिए मजबूर किया गया था।

सूत्रों ने कहा कि अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक बीके सिंह की अध्यक्षता वाली टीम को महिला के बारे में तब पता चला जब एनसीडब्ल्यू ने एसआईटी को शिकायत भेजी। वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि एसआईटी ने पहले महिला से संपर्क नहीं किया है और उनके पास कोई शिकायत दर्ज नहीं की है। एसआईटी ने महिला को फोन करने वालों की पहचान करने के लिए जांच शुरू कर दी है।

एनसीडब्ल्यू के अनुसार महिला तीन व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज कराने के लिए आयोग आई थी, जिन्होंने खुद को कर्नाटक पुलिस अधिकारी बताया और उस पर झूठी शिकायत देने के लिए दबाव डाला। आयोग ने कहा कि महिला ने कहा कि उसे अलग-अलग फोन नंबरों से कॉल कर शिकायत दर्ज कराने के लिए धमकाया जा रहा है। शिकायतकर्ता को व्यक्तियों के एक समूह द्वारा उत्पीड़न और झूठे मामले में फंसाने की धमकी देकर शिकायत दर्ज कराने के लिए मजबूर किया गया था। पीड़िता ने स्थिति की गंभीरता पर अपने परिवार के कल्याण के लिए सुरक्षा की मांग की है।

यौन शोषण मामले

- एसआईटी ने महिला से पहले संपर्क नहीं किया और उनके पास कोई शिकायत नहीं थी

जद(एस) ने राज्यपाल से की सीबीआई जांच की मांग

बेंगलुरु। कर्नाटक के पूर्व मुख्यमंत्री एवं जद-एस नेता एचडी कुमारस्वामी के नेतृत्व में पार्टी के प्रतिनिधिमंडल ने राज्यपाल थावर चंद गहलोत से मुलाकात करके हासन के सांसद प्रज्ज्वल रेवन्ना से जुड़े कथित यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई से कराने में हस्तक्षेप की मांग की है। कर्नाटक के राजनीतिक परिदृश्य में भूचाल लाने वाले इस मामले की जांच वर्तमान में कर्नाटक पुलिस की एसआईटी कर रही है। विधायक एचडी रेवन्ना के बेटे प्रज्वल यौन शोषण से जुड़े विवादों में घिर गए हैं। एचडी रेवन्ना को यौन उत्पीड़न से जुड़ी एक पीड़िता के कथित अपहरण के मामले में गिरफ्तार किया गया है।

एसआईटी पर भरोसा रखें, यौन शोषण मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं : सिद्धरमैया

मैसुरु। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया ने प्रज्ज्वल के खिलाफ यौन शोषण मामले की जांच कर रहे एसआईटी पर भरोसा जताया और कहा कि जांच को सीबीआई को सौंपने की जरूरत नहीं है। विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उन्होंने दावा किया कि भाजपा ने कभी एक भी मामला सीबीआई को नहीं सौंपा था और एक समय था जब संगठन सीबीआई को भ्रष्टाचार जांच ब्यूरो के रूप में संदर्भित करता था। उन्होंने कहा कि पूर्व प्रधानमंत्री एचडी देवेगौड़ा सीबीआई को चोर बचाओ संस्थान कहते थे और अब उन्हें सीबीआई से प्यार है? सिद्धरमैया ने कुमारस्वामी के मामले की जांच सीबीआई को सौंपने की मांग पर यह बात कही।

झारखंड में केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है : अमित शाह

पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर केंद्रीय गृह मंत्री ने साधा निशाना

खूंटी, एजेंसी

भाजपा नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पूर्व मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन पर निशाना साधते हुए कहा कि झामुमो नीत गठबंधन भूमि, खनन और मनरेगा घोटालों में शामिल रहा है लेकिन भाजपा गरीबों का पैसा नहीं लूटने देगा। शाह शुक्रवार को खूंटी के कचहरी मैदान में भाजपा प्रत्याशी अर्जुन मुंडा के पक्ष में चुनावी सभा को संबोधित किया।

उन्होंने कहा कि घुसपैठ के कारण झारखंड की डेमोग्राफी बदल गई है। आदिवासी युवतियों को प्रेम जाल में फंसा कर उनकी जमीन पर कब्जा जमाया जा रहा है। केवल भाजपा ही घुसपैठ पर रोक लगा सकती है। शाह ने कहा कि मैं राहुल गांधी से पूछना चाहता हूं कि कांग्रेस अपने शासनकाल में एक भी आदिवासी को राष्ट्रपति क्यों नहीं बना पाई।

भाजपा ने आदिवासियों को सम्मान देने का काम किया। प्रधानमंत्री मोदी ने अमर शहीद बिरसा मुंडा को देश में सम्मान दिलाया। प्रधानमंत्री मोदी ने बूढ़ा पहाड़ को माओवाद से मुक्त कराया।

पीओके भारत का, इसे कोई छीन नहीं सकता

खूंटी। अमित शाह ने पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) पर सवालिया निशान उठाने को लेकर कांग्रेस की आलोचना की और कहा कि इसकी एक-एक इंच जमीन भारत की है तथा इसे कोई ताकत नहीं छीन सकती। शाह ने कहा कि मणिशंकर अय्यर हमसे कह रहे हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करें क्योंकि उसके पास परमाणु बम है। कुछ दिन पहले गठबंधन के नेता फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि पीओके के बारे में बात मत करो क्योंकि पाकिस्तान के पास परमाणु बम है।

एक नजर

एक व्यक्ति के घर से 32 लाख रुपए बरामद

भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के अशोका गार्डन थाना क्षेत्र में पुलिस ने एक व्यक्ति के घर पर छापामार कर 32 लाख रुपए बरामद किए है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना पर अशोका गार्डन इलाके के पंथ नगर निवासी कैलाश खत्री के निवास पर छापा मारा गया। मौके से एक पलंग में छुपाकर रखी गई नोटों की गड्डियां मिली। इसमें नए नोटों साथ पुराने सडे-गले नोट भी शामिल हैं। इस बारे में आरोपी द्वारा कोई भी दस्तावेज पेश नहीं करने के चलते इस राशि को जब्त कर लिया गया है। जब्त राशि लगभग 32 लाख रुपए है।

हाईकोर्ट ने कर चोरी मामले को बरकरार रखा

मंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने बैंगलोर टर्फ क्लब में सटोरियों के कथित कर चोरी संबंधी एक मामले को खारिज करने से इनकार करते हुए कहा कि जांच के दौरान एकत्र किए गए साक्ष्य एक संभावित संज्ञेय अपराध का संकेत दे रहे है। न्यायमूर्ति एस विश्वजीत शेट्टी की पीठ ने सटोरियों द्वारा दायर एक याचिका पर यह आदेश दिया। कर्नाटक पुलिस ने जनवरी में मामला दर्ज किया गया था। पुलिस को सूचना मिली थी कि सटोरिये उचित पंजीकरण के बिना दांव लगा रहे थे, जिससे कर चोरी हो रही थी।

मतदान खत्म होने के बाद आंकड़े जारी करने के लिए याचिका दायर

नई दिल्ली, एजेंसी

एक गैर-सरकारी संगठन (एनजीओ) ने उच्चतम न्यायालय में अंतरिम याचिका दायर करके लोकसभा चुनाव के हर चरण का मतदान समाप्त होने के 48 घंटे के भीतर मतदान का पूर्ण आंकड़ा आयोग की वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

द एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 2019 की अपनी जनहित याचिका में एक अंतरिम अर्जी दायर की है। एनजीओ ने 2019 की अपनी याचिका में मतदान के बाद सभी मतदान केंद्रों के फॉर्म 17 सी भाग-I (दर्ज किए गए मतों का लेखा-जोखा) की स्कैन की गई सुपाठ्य प्रतियां तुरंत अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया है।

एनजीओ ने कहा कि निर्वाचन आयोग को 2024 के लोकसभा चुनावों में आगामी प्रत्येक चरण के मतदान के बाद फॉर्म 17सी भाग-I में दर्ज मतों का पूरा आंकड़ा मतदान केंद्र-वार सारिणीबद्ध प्रदान करने का निर्देश दें। साथ ही 2024 के मौजूदा लोकसभा चुनाव में निर्वाचन क्षेत्र-वार मतदान का पूरा आंकड़ा सारिणीबद्ध करने का भी निर्देश दिया जाए। उसने कहा कि याचिका यह सुनिश्चित करने के लिए दायर की गई है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया चुनावी अनियमितताओं से प्रभावित न हो। याचिका में कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा जारी 2024 के लोकसभा चुनावों के पहले दो चरणों के लिए मतदान का डेटा 19 अप्रैल को हुए पहले चरण के मतदान के 11 दिन बाद और 26 अप्रैल को दूसरे चरण के मतदान के चार दिन बाद 30 अप्रैल को प्रकाशित किया गया। इसमें कहा गया है, निर्वाचन आयोग द्वारा 30 अप्रैल, 2024 को एक प्रेस विज्ञप्ति में प्रकाशित डेटा मतदान के दिन शाम 7 बजे तक ईसीआई द्वारा घोषित प्रारंभिक मतदान प्रतिशत की तुलना में तेज वृद्धि (लगभग 5-6%) दर्शाता है। अंतिम मतदान आंकड़ा जारी करने में अत्यधिक देरी, साथ ही 30 अप्रैल, 2024 के निर्वाचन आयोग के प्रेस नोट में पांच प्रतिशत से अधिक के असामान्य रूप से उच्च संशोधन ने आंकड़े की शुद्धता के बारे में चिंताएं और सार्वजनिक संदेह बढ़ा दिया है।

- वेबसाइट पर अपलोड करने का निर्वाचन आयोग को निर्देश देने का अनुरोध किया

लोगों को ठगने वाले गिरोह का भंडाफोड़, 15 गिरफ्तार

जालंधर, एजेंसी

पंजाब के जालंधर में पुलिस ने भ्रामक हॉलिडे पैकेज योजना के माध्यम से लोगों को ठगने वाले एक गिरोह के 15 सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस आयुक्त स्वपन शर्मा ने शुक्रवार को कहा कि उन्हें गुरदीप सिंह से एक शिकायत मिली थी, जिन्होंने बताया था कि आठ मई, 2024 को उन्हें एक व्यक्ति विराट का फोन आया और उन्होंने जालंधर के लाजपत नगर के पास होटल फॉर्च्यूर में अवकाश पैकेज के संबंध में नई दिल्ली की टीम एमजीवीपीएल के साथ एक बैठक में भाग लेने के लिये कहा। नौ मई, 2024 को गुरदीप पहली मंजिल के बोर्डरूम में गए, जहां उनकी मुलाकात मुकेश दुबे, मोहित सैनी व अजय से हुई, जिन्होंने उन्हें पैकेज के बारे में बताया। गुरदीप ने शिने एक पैकेज चुना और उनसे 1,90,000 रुपये के दो क्रेडिट कार्ड लेनदेन किये। एमजीवीपीएल की वेबसाइट पर जाने पर, गुरदीप को पता चला कि कॉर्पोरेट पता अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया था। पुलिस ने जय प्रकाश यादव निवासी ईस्ट लक्ष्मी मार्केट नई दिल्ली, मोहित निवासी ग्लोबल सोसायटी गुड़गांव हरियाणा, दीपक निवासी जवाहर मोहल्ला शाहदरा दिल्ली, संदीप कुमार निवासी सुंदर सावरी सोनीपत, अभिषेक निवासी ओ खोरा कॉलोनी थाना गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश आदि को मामले में गिरफ्तार किया है।

छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट ने सहायक शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त करने के आदेश दिया

रायपुर। छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने सहायक शिक्षकों के पद पर बीएड डिग्रीधारी आवेदकों की नियुक्ति निरस्त कर दी है और साथ ही छह सप्ताह में डीएड धारकों की पुनरीक्षित सूची बनाने का आदेश दिया है। न्यायालय के इस फैसले के बाद तीन हजार से अधिक सहायक शिक्षकों की नौकरी खतरे में आ गई है। ये सभी शिक्षक अब विभिन्न सरकारी दफ्तरों के साथ-साथ मंत्री-विधायकों से मुलाकात कर नौकरी बचाने की गुहार लगा रहे हैं। पिछली सरकार के दौरान चार मई 2023 को लोक शिक्षण संचालनालय ने शिक्षक भर्ती का विज्ञापन जारी किया था। इस विज्ञापन में सहायक शिक्षक के पद पर बीएड कोर्स को भी मान्य किया गया था। पिछले साल 10 जून को इसकी परीक्षा हुई थी और दो जुलाई को रिजल्ट और मेरिट लिस्ट जारी की गई।

कोर्ट ने छात्रा के लापता होने के मामले की जांच का सीबीआई को दिया निर्देश

तिरुवनंतपुरम। केरल की एक अदालत ने सीबीआई को पथनमथिट्टा जिला स्थित घर से बी.कॉम. (द्वितीय वर्ष) की छात्रा जेसना मारिया जेम्स के 2018 में लापता हो जाने की घटना की आगे की जांच करने का शुक्रवार को निर्देश दिया।

एजेंसी को यह निर्देश मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट शिबू डेनियल ने लापता लड़की के पिता की उस याचिका पर दिया, जिसे उन्होंने सीबीआई की क्लोजर रिपोर्ट के खिलाफ दायर किया था। अदालत के इस आदेश की पुष्टि लापता छात्रा के पिता की ओर से पेश वकील श्रीनिवासन वेणुगोपाल ने की। उच्च न्यायालय के निर्देश पर राज्य अपराध शाखा द्वारा 2021 में जांच सीबीआई को सौंप दी गई थी।

टीएमसी करेगा चुनाव आयोग से एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष की शिकायत

कोलकाता, एजेंसी

टीएमसी ने शुक्रवार को कहा कि वह राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) की अध्यक्ष रेखा शर्मा के खिलाफ अपने पद के दुरुपयोग और संदेशखालि मामले के प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर चुनाव आयोग (ईसी) में उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराएगी।

पार्टी ने कहा है कि कई महिलाओं ने आरोप लगाया है कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेताओं ने उन्हें धोखा देकर तृणमूल नेताओं के खिलाफ यौन उत्पीड़न की शिकायतें दर्ज कराई। एनसीडब्ल्यू ने राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से सिफारिश की थी कि संदेशखालि में महिलाओं पर कथित हिंसा और अत्याचार को लेकर पश्चिम बंगाल में राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। पश्चिम बंगाल के मंत्री और पार्टी प्रवक्ता शशि पांजा ने शर्मा के खिलाफ चुनाव आयोग का रुख करने की तृणमूल की इच्छा को शुक्रवार को रेखांकित किया। पांजा ने आरोप लगाया कि एनसीडब्ल्यू अध्यक्ष ने संदेशखालि से जुड़े आरोपों को लेकर राजनीतिक पूर्वाग्रह के तहत कार्य किया और क्षेत्र की महिलाओं को यौन अत्याचार के झूठे आरोप लगाने को लेकर प्रोत्साहित किया।

- पद के दुरुपयोग और प्रमुख साजिशकर्ताओं में से एक होने को लेकर दर्ज कराएगी शिकायत

संदेशखालि की महिलाओं को चुनाव के कारण शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा: एनसीडब्ल्यू

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग (एनसीडब्ल्यू) ने दावा किया है कि मौजूदा लोकसभा चुनाव के मद्देनजर संदेशखालि की महिलाओं को तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए मजबूर किया जा रहा है और इस मामले में निर्वाचन आयोग से जांच की मांग की गई है। तृणमूल कांग्रेस ने बृहस्पतिवार को संदेशखालि की महिलाओं के कई कथित वीडियो साझा किये थे जिनमें दावा किया गया था कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की स्थानीय नेता ने कई महिलाओं से सादे कागज पर हस्ताक्षर कराये और बाद में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के नेताओं के खिलाफ बलात्कार एवं यौन उत्पीड़न की शिकायत दर्ज कराने में उसका इस्तेमाल किया गया।

महिला आयोग ने निर्वाचन आयोग को लिखा पत्र

नई दिल्ली। राष्ट्रीय महिला आयोग ने संदेशखाली में यौन प्रताड़ना की शिकायतें वापस लेने के लिए महिलाओं को डराने धमकाने के मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है और इस पर हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया है। महिला आयोग ने शुक्रवार को बताया कि आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने संदेशखाली मामले को लेकर निर्वाचन आयोग को पत्र लिखा है। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के बीच में ही संदेशखाली की महिलाओं पर अपनी शिकायतें वापस लेने के लिए दबाव बनाया जा रहा है। इन महिलाओं को प्रभावित करने का प्रयास किया जा रहा है और धमकियां दी जा रही है।

आज का मुकाबला

कोलकाता नाइटराइडर्स
बनाम
लखनऊ सुपर जाइंटस
शाम 7:30 बजे

पर्पल कैप

खिलाड़ी	मैच	विकेट
हर्षल पटेल (पंजाब)	12	20
जसप्रीत बुमराह (मुंबई)	12	18
वरुण चक्रवर्ती (केकेआर)	11	16

ऑरेंज कैप

खिलाड़ी	मैच	रन
विराट कोहली (आरसीबी)	12	634
ऋतुराज गायकवाड़ (चेन्नई)	11	541
ट्रेविस हेड (हैदराबाद)	11	533

खिलाड़ियों को खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ से मिलेगी मदद : पीटी उषा

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) अध्यक्ष पीटी उषा ने शुक्रवार को ओलंपिक के लिए जाने वाले खिलाड़ियों को पेरिस में सर्वोत्तम संभव सहायता का आश्वासन देते हुए कहा कि खिलाड़ियों की सुविधा और समय की बचत के लिए खेल-विशिष्ट सहयोगी स्टाफ को खेल गांव के करीब रखा जाएगा।

पेरिस में भारतीय एथलीटों और सहयोगी स्टाफ की व्यवस्था को अंतिम रूप देने के बाद भारत लौटीं उषा ने कहा कि आईओए ने यह भी सुनिश्चित किया है कि निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें।

चेटेउरौक्स निशानेबाजी क्रेंद पेरिस से लगभग दो घंटे की दूरी पर है, जबकि ले गोल्फ नेशनल ओलंपिक हब से एक घंटे की दूरी पर है। उन्होंने यहां जारी बयान में कहा हम एथलीटों के गांव से थोड़ी दूरी पर कई खेल-विशिष्ट सहयोगी सदस्यों के लिए आवास सुरक्षित करने में सक्षम हैं। हम यह सुनिश्चित करना चाहते हैं कि कोई भी खिलाड़ी अपनी सहायता प्रणाली से वंचित न रहे और इसलिए हमने आसपास के क्षेत्र में अपार्टमेंट बुक किए हैं। हमने यह सुनिश्चित किया है कि हमारे निशानेबाज और गोल्फ खिलाड़ी अपने-अपने आयोजन स्थलों के करीब रहें। पूर्व दिग्गज धाविका ने मजबूत समर्थन प्रणाली की आवश्यकता पर जोर देते हुए कहा कि भारतीय खिलाड़ी पिछले कुछ वर्षों में लगातार अपने प्रदर्शन में सुधार कर रहे है।

विश्व कप में पारी का आगाज करें विराट : गांगुली

बेंगलुरु, एजेंसी

- सौरव बोले-17 साल के बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत रखने वाली संतुलित टीम है भारत के पास

पूर्व भारतीय कप्तान सौरव गांगुली ने शुक्रवार को कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन को विराट कोहली की मौजूदा आईपीएल में शानदार फॉर्म को देखते हुए अगले महीने होने वाले टी-20 विश्व कप में उनसे पारी का आगाज करना चाहिए। इस आईपीएल में 12 मैच में 153.51 के शानदार स्ट्राइक रेट से 70.44 के औसत से 634 रन बनाकर कोहली 'ओरेंज कैप' पहने हैं और यह स्ट्राइक रेट उनके करियर के 134.31 के स्ट्राइक रेट से काफी अधिक है।

गांगुली ने कहा, विराट बहुत ही शानदार खेल रहा है। बीती रात कोहली ने जो पारी खेली जिसमें उसने तेजी से 90 रन बना दिए, उसे देखते हुए आपको उसे टी20 विश्व कप में बतौर सलामी बल्लेबाज इस्तेमाल करना चाहिए। उसकी पिछली कुछ आईपीएल पारियां देखें तो ये अद्भुत रही हैं इसलिए उसे पारी का आगाज करना चाहिए। भारत ने टी20 विश्व कप के लिए संतुलित टीम का चयन किया है जिसमें 17 साल के अंतराल बाद ट्राफी जीतने की काबिलियत है। गांगुली ने कहा यह बहुत अच्छी टीम है। मुझे लगता है कि उन्होंने सर्वश्रेष्ठ टीम चुनी है। बल्लेबाजी में गहराई के अलावा गेंदबाजी भी बेहतरीन दिखती है। बुमराह इस समय दुनिया के सर्वश्रेष्ठ तेज गेंदबाज हैं। हमारे पास कुलदीप, अक्षर और सिराज का अनुभव है। इस बार टीम संयोजन आदर्श है।

पहले की तरह नहीं पर कोहली अभी भी जबर्दस्त : टॉम मूडी

धर्मशाला। ऑस्ट्रेलिया के पूर्व हरफनमौला टॉम मूडी का मानना है कि विराट कोहली की भी अपनी सीमाएं हैं लेकिन भारत के इस स्टार बल्लेबाज ने ट्रेनिंग को लेकर अपनी प्रतिबद्धता के दम पर उसकी भरपाई कर दी है। अपनी दमदार स्लॉग स्वीप के जरिए कोहली बीच के ओवरों में स्पिनरों को बखूबी खेल रहे हैं। उन्होंने पंजाब किंग्स के खिलाफ गुरुवार को 47 गेंद में 92 रन की पारी खेली और डीप मिड विकेट से सटीक थ्रो पर शशांक सिंह को रन आउट भी किया। मूडी ने कहा यह शानदार है। वह अब पहले की तरह वाला विराट कोहली नहीं है लेकिन अब वह 21 साल का भी नहीं है। वह 30 पार है लेकिन अभी भी ऐसा प्रदर्शन लाजवाब है।

गिल-साई के शतकों ने बिगाड़ा चेन्नई का गणित

शुभमन और सुदर्शन ने बनाई 210 रनों की रिकॉर्ड साझेदारी, हार के बाद सीएसके के लिए मुश्किल हुई प्लेऑफ की राह

अहमदाबाद, एजेंसी

आईपीएल के 59वें मुकाबले में साई सुदर्शन (103) और कप्तान शुभमन गिल (104) की आतिशी शतकीय पारियों तथा उसके बाद मोहित और राशिद ने पांच महत्वपूर्ण विकेट झटकने की बदौलत गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 35 रनों से जीत दर्ज की है।

232 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत बेहद खराब रही और उसने महज 10 रन पर अपने तीन शीर्ष विकेट गवां दिये। अजिंक्य रहाणे(1), रचिन रविंद्र (1) और कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ (शून्य) पर आउट हुये। इसके बाद डैरिल मिचेल और मोइन अली ने पारी को संभाला। डैरिल मिचेल ने 34 गेंदों सर्वाधिक 63 रन बनाए। शिवम दुबे (21), रवींद्र जडेजा (18) और मिचेल सैंटनर (शून्य) पर आउट हुए। एमएस धोनी (26) और शार्दुल ठाकुर (3) रन बनाकर नाबाद रहे। गुजरात की टीम आठ विकेट पर 196 रन ही बना सकी और 35 रन से मुकाबला हार गई।

इससे पहले गुजरात टाइटंस ने चेन्नई सुपर किंग्स को जीत के लिए 232 रनों का लक्ष्य दिया था। साई सुदर्शन और कप्तान शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने टीम को शानदार शुरुआत देते हुए मैदान के चारों शॉट लगाते हुए पहले विकेट के लिए रिकार्ड अवजित 210 रनों की साझेदार की। 18वें ओवर में तुषार देशपांडे ने साई सुदर्शन को आउट कर चेन्नई को पहली सफलता दिलाई। गुजरात ने निर्धारित 20 ओवरों में तीन विकेट पर 231 रनों का स्कोर खड़ा किया। चेन्नई की ओर से तुषार ने दो विकेट लिये।

साई के नाम दर्ज हुई खास उपलब्धि

शुभमन गिल और साई सुदर्शन के बीच पहले विकेट के लिए 210 रन की साझेदाही हुई। अपनी ताबड़तोड़ बल्लेबाजी के दौरान साई सुदर्शन ने 51 गेंद का सामना करते हुए 103 रन बनाए। आउट होने से पहले साई ने 5 चौके और सात छक्के लगाए। साई सुदर्शन ने आईपीएल में अपने 1000 रन पूरे किए।

अंकतालिका

टीम	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट
कोलकाता	11	8	3	16	+1.453
राजस्थान	11	8	3	16	+0.476
हैदराबाद	12	7	5	14	+0.406
चेन्नई	12	7	5	12	+0.491
दिल्ली	12	6	6	12	-0.316
लखनऊ	12	6	6	12	-0.769
बेंगलुरु	12	5	7	10	+0.217
गुजरात	12	5	7	10	-1.063
मुंबई (बा)	12	4	8	8	-0.212
पंजाब (बा)	12	4	8	8	-0.423

गुजरात 231/3

20 ओवर, अतिरिक्त : 06

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
साई सुदर्शन का दुबे बो देशपांडे	103	51	5/7
शुभमन गिल का जडेजा बो देशपांडे	104	55	9/6
डेविड मिलर नाबाद	16	11	1/0
शाहरुख खान रन आउट	2	3	0/0

गेंदबाजी : सेंटनर 2-0-31-0, देशपांडे 4-0-33-2, शारदुल 4-0-25-0, सिमरजीत 4-0-60-0, जडेजा 2-0-29-0, मिचेल 4-0-52-0

चेन्नई 196/8

20 ओवर, अतिरिक्त : 07

बल्लेबाज	रन	गेंद	4/6
अजिंक्य रहाणे का तेवतिया बो वॉरियर	1	5	0/0
रचिन रविंद्र रन आउट	1	2	0/0
रुतुराज गायकवाड़ का राशिद बो उमेश	0	3	0/0
डेरिल मिचेल का शाहरुख बो मोहित	63	34	7/3
मोईन अली का नूर बो मोहित	56	36	4/4
शिवम दुबे का नूर बो मोहित	21	13	2/1
रविंद्र जडेजा का मिलर बो राशिद	18	10	2/1
महेंद्र सिंह धोनी नाबाद	26	11	1/3
मिचेल सेंटनर बो राशिद	0	2	0/0
शारदुल ठाकुर नाबाद	3	4	0/0

गेंदबाजी : उमेश 3-0-20-1, वॉरियर 3-0-28-1, त्यागी 4-0-51-0, नूर 2-0-25-0, राशिद 4-0-38-2, मोहित 4-0-31-3

खेल डायरी

न्यूजीलैंड के मनरो ने क्रिकेट से लिया संन्यास

वेलिंग्टन। न्यूजीलैंड के बल्लेबाज कॉलिन मनरो ने टी-20 विश्वकप में जगह नहीं मिल पाने के कारण अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा कर दी है। मनरो पिछले चार साल से सिर्फ फ्रैंचाइज क्रिकेट खेल रहे हैं। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद वह आगे भी फ्रैंचाइज क्रिकेट खेलते रहेंगे। न्यूजीलैंड के कोच गैरी स्टीड ने पिछले दिनों टीम की घोषणा करते हुए कहा था कि मनरो के नाम की चर्चा तो हुई थी, लेकिन उनके लिए जगह नहीं बन पाई। मनरो ने कहा, न्यूजीलैंड के लिए अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट खेलना मेरे करिअर की बड़ी उपलब्धि रही है और मुझे हमेशा इस पर गर्व रहेगा।

सेंथिलकुमार और रथिका करेंगे भारत की अगुवाई

नई दिल्ली। मौजूदा पुरुष राष्ट्रीय चैम्पियन वेलावन सेंथिलकुमार और महिला खिलाड़ी रथिका सीलन 12 से 16 जून से चीन के डालियान में होने वाली 22वीं एशियाई टीम स्क्वाश चैम्पियनशिप में भारतीय दल की अगुवाई करेंगी। चेन्नई में चयन ट्रायल कराने के बाद भारतीय स्क्वाश रैकेट्स महासंघ (एसआरएफआई) ने शुक्रवार को टीमों की घोषणा की। पुरुष टीम के अन्य खिलाड़ी 2023 राष्ट्रीय खेलों के चैम्पियन अभय सिंह, राहुल भाटिया और सूरज चंद हैं। महिला टीम में पूजा आरती आर, सुनिता पटेल और जैनेट विधि शामिल हैं।

गुकेश की वापसी, तीसरे स्थान पर प्रज्ञानानंदा

वारसॉ। विश्व चैंपियनशिप चैलेंजर डी गुकेश ने धीमी शुरुआत के बाद वापसी करते हुए शुक्रवार को सुपरबेट रैपिड एवं ब्लिट्ज शतरंज टूर्नामेंट के छठे दौर में दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी मैग्नस कार्लसन से ड्रा खेलने से पहले हमवतन आर प्रज्ञानानंदा और जर्मनी के विन्सेंट केमर को शिकस्त दी। प्रज्ञानानंदा ने पांचवें दौर में होलैंड के अनीष गिरी को पराजित किया और फिर छठे दौर में केमर पर जीत हासिल की। नार्वे के कार्लसन ने आठ अंक लेकर चीन के वेई यि के साथ संयुक्त बढ़त बनाई हुई है जबकि प्रज्ञानानंदा और शेवचेंको संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर बने हुए हैं।

सत्र के अंत में संन्यास लेंगे डोमिनिक थिएम

लंदन। पूर्व अमेरिकी ओपन चैंपियन डोमिनिक थिएम कलाई की चोट के बाद शीर्ष फॉर्म में वापसी करने में जूझ रहे हैं जिससे उनकी योजना इस साल के अंत में टेनिस को अलविदा कहने की है। थिएम ने 'इंस्टाग्राम' पर पोस्ट किए वीडियो में कहा मैं सत्र के अंत में अपना करिअर समाप्त करने वाला हूं। उन्होंने इस संदेश को बहुत दुखद के साथ बहुत खूबसूरत भी करार दिया। आस्ट्रिया के 30 साल के खिलाड़ी ने 2020 में फ्लशिंग मिडोज में एकमात्र ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। वह 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन तथा 2020 आस्ट्रेलियाई ओपन में उप विजेता रहे थे। वह 2020 में अपने करियर की सर्वश्रेष्ठ तीसरी रैंकिंग पर पहुंचे थे और जून 2021 में कलाई की चोट से पहले शीर्ष पांच में शामिल रहे थे।

ओलंपिक चयन के लिए निशानेबाजी ट्रायल आज से

भोपाल। पेरिस ओलंपिक के लिए भारतीय निशानेबाजों के ओलंपिक चयन ट्रायल (ओएसटी) तीन और चार यहां शनिवार से शुरू होंगे जिसमें कुल 37 पिस्टल और राइफल निशानेबाज भाग लेंगे। भारतीय निशानेबाजों ने पिस्टल और राइफल में 16 कोटा स्थान हासिल कर लिए हैं। भारतीय राष्ट्रीय राइफल संघ देश में शीर्ष पांच के बीच ट्रायल करा रहा है ताकि पेरिस ओलंपिक के लिये टीम चुन सके। निशानेबाजी में ओलंपिक कोटा देश को मिलता है और चयन ट्रायल में शीर्ष रहने पर ही कोटा जीतने वाले निशानेबाज के खेलों में भाग लेने की गारंटी होती है। हर स्पर्धा में शीर्ष दो निशानेबाज पेरिस का टिकट कटाएंगे। पहले दो ट्रायल दिल्ली में पिछले महीने हुए हैं और अगले दो मध्य प्रदेश निशानेबाजी अकादमी में होंगे। महिला वर्ग में ओलंपियन मनु भाकर, ईशा सिंह और रिदम सांगवान 25 मीटर स्पोटर्स पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल में भाग लेंगी।

केकेआर की नजर प्लेआफ की टिकट पर

कोलकाता, एजेंसी

शानदार फॉर्म में चल रही दो बार की पूर्व चैंपियन कोलकाता नाइट राइडर्स शनिवार को अपने मैदान पर इस सत्र के आखिरी मैच में मुंबई इंडियंस से खेलेगी तो उसका लक्ष्य ईडन गार्डंस पर ही तीन साल में पहली बार आईपीएल प्लेआफ का टिकट कटाने का होगा।

दो बार के खिताब विजेता कप्तान गौतम गंभीर की टीम मेंटोर के रूप में वापसी के बाद केकेआर ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन किया है। अब तक 11 मैचों में से आठ जीतकर दस टीमों शीर्ष पर काबिज केकेआर को प्लेआफ का टिकट कटाने के लिए एक और जीत की जरूरत है। शाहरूख खान की टीम अपने गढ ईडन गार्डंस पर ही यह श्रेय हासिल करना चाहेगी। सुनील नारायण को दुनिया के दूसरे नंबर के टी20 बल्लेबाज फिल साल्ट के साथ पारी की शुरूआत करने भेजने का गंभीर का दाव मास्टर स्ट्रोक साबित हुआ है। दोनों ने टीम को पावरप्ले में शानदार शुरूआत देते हुए आठ मैचों में पहले बल्लेबाजी करते हुए 200 के पार पहुंचाया है।

वहीं पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस हार्दिक पंड्या की कप्तानी में इस सत्र से बाहर होने वाली पहली टीम रही। पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद को हराने वाली मुंबई अब प्रतिष्ठा के लिए खेल रही है। प्रशंसकों को रोहित शर्मा और पंड्या से भी अच्छी पारियों की उम्मीद होगी।

संजीव गोयनका की हरकत शर्मनाक, बात करने का भी तरीका होता है : मोहम्मद शमी

नई दिल्ली, एजेंसी

- राहुल को फटकारने के मामले पर लखनऊ सुपर जाइंट्स के मालिक पर बिफरे शमी

स्टार तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी ने भारतीय टीम के अपने साथी खिलाड़ी केएल राहुल पर सार्वजनिक रूप से भड़ास निकालने वाले संजीव गोयनका पर बरसते हुए कहा है कि लखनऊ सुपर जाइंट्स टीम की हार के बाद टीवी कैमरे पर उसके मालिक की इस तरह की प्रतिक्रिया के लिए खेलों में कोई जगह नहीं है। सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ लखनऊ की दस विकेट से हार के बाद राहुल पर बरसते हुए गोयनका की वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गई।

शमी ने कहा करोड़ों लोग आपको देख रहे हैं और आपसे सीख रहे हैं। अगर कैमरे के सामने ये चीजें होती है और स्क्रीन पर ऐसी प्रतिक्रिया देखने को मिलती है तो यह शर्मनाक है। आपका एक दायरा होना चाहिए बात करने का, ये मैसेज बहुत गलत जाता है। टीवी कमेंटेटर ग्रीम स्मिथ और स्कॉट स्टायरिस ने भी कहा था कि ऐसी बातें निजी तौर पर होनी चाहिए, कैमरे के सामने नहीं। शमी ने कहा यह ध्यान रखना चाहिए कि खिलाड़ियों का सम्मान है और आप भी बतौर मालिक सम्मानित व्यक्ति हैं। अगर ऐसा करना ही था तो कई तरीके हैं।

टी-20 विश्वकप के बाद द्रविड का कार्यकाल हो रहा है समाप्त, जय शाह बोले- चाहें तो फिर से आवेदन कर सकते हैं राहुल

मुख्य कोच के लिए आवेदन आमंत्रित करेगा बीसीसीआई

मुंबई, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) लिए टी-20 विश्वकप से पहले टीम के मुख्य कोच के लिए आवेदन मंगाएगा। बीसीसीसीआई पिछली गलतियों से सबक लेते हुए इस बार नए मुख्य कोच के लिए टी-20 विश्व कप शुरू होने से पहले ही आवेदन मंगाएगा। टी-20 विश्वकप के बाद राहुल द्रविड का कार्यकाल समाप्त हो रहा है। अगर द्रविड़ अपने कार्यकाल को आगे बढ़ाना चाहते हैं, तो उन्हें भी आवेदन करना होगा।

बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि हम अगले कुछ दिनों में आवेदन जारी करेंगे। राहुल द्रविड़ का कार्यकाल जून में समाप्त हो रहा है। अगर वह फिर से आवेदन करना चाहते हैं तो कर सकते हैं। शाह ने कहा हम तीन साल के लंबे कार्यकाल के लिए कोच ढूंढ़ रहे हैं। अलग-अलग प्रारुपों के लिए अलग-अलग कोच की संभावना बहुत कम है। हालांकि आखिरी फैसला क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) को करना है, मुझे इस निर्णय को बस लागू करना है। चयनकर्ता के पद के लिए कुछ साक्षात्कार पहले ही हो चुके हैं। समित की बैठक के बाद अंतिम नाम का फैसला होगा। टी-20 विश्वकप के लिए भारतीय टीम दो चरणों में रवाना होगी। आईपीएल 2024 से बाहर हो चुकी टीमों के खिलाड़ी विश्वकप के लिए 24 मई को रवाना होंगे, वहीं शेष दल 26 मई के आईपीएल फाइनल के बाद अमेरिका के लिए रवाना होगा। बीसीसीआई ने आईसीसी से विश्व टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल को इंग्लैंड से कहीं और भी ले जाए जाने को लेकर बात की। खिताबी मुकाबले के लिए अन्य जगह खोजना चुनौतीपूर्ण होगा।

इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम पर पुनर्विचार संभव

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा है कि आईपीएल में इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था और सभी हितधारक चाहेंगे तो इस पर पुनर्विचार किया जा सकता है। इंपैक्ट खिलाड़ी के नियम के कारण इस बार आईपीएल में आठ बार 250 से अधिक का स्कोर बना। खिलाड़ियों, कोचों और विशेषज्ञों ने भी बारंबार कहा है कि गेंदबाजों पर इस नियम का विपरीत असर हो रहा है क्योंकि इससे टीमों को अतिरिक्त बल्लेबाज मिल रहा है। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि हरफनमौलाओं को इस नियम की वजह से गेंदबाजी के मौके नहीं मिल रहे। शाह ने कहा इंपैक्ट खिलाड़ी का नियम प्रयोग के तौर पर लागू किया गया था।

ईशान, अय्यर को केंद्रीय अनुबंध से बाहर रखने का फैसला अगरकर का

मुंबई। बीसीसीआई सचिव जय शाह ने कहा कि ईशान किशन और श्रेयस अय्यर को केंद्रीय अनुबंध सूची से बाहर रखने का फैसला मुख्य चयनकर्ता अजित अगरकर का था। बीसीसीआई से निर्देश मिलने के बावजूद घरेलू टूर्नामेंट नहीं खेलने पर ईशान और अय्यर को अनुबंध से बाहर रखा गया। ईशान पिछले साल वनडे विश्व कप के बाद लंबे ब्रेक पर चले गए और आईपीएल में ही लौटे। वहीं अय्यर ने रणजी ट्रॉफी में सेमीफाइनल और फाइनल समेत मुंबई के लिए कुछ मैच खेले। मुंबई टीम जब रणजी खेल रही थी तब अय्यर कोलकाता नाइट राइडर्स के मुंबई शिविर में भाग ले रहे थे। शाह ने कहा आप संविधान देख सकते हैं। मैं चयन समिति की बैठक बस बुलाता हूं। वह फैसला अजित अगरकर का था। जब इन दोनों खिलाड़ियों ने घरेलू क्रिकेट नहीं खेला तो उन्हें बाहर रखने का फैसला अगरकर का ही था।

बॉलीवुड हलचल

हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं मनीषा

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री मनीषा कोईराला वेबसीरीज हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। संजय लीला भंसाली की वेबसीरीज हीरामंडी : द डायमंड बाजार में मनीषा कोइराला, सोनाक्षी सिन्हा, अदिति राव हैदरी, शर्मिन सहगल, ऋचा चड्ढा, संजीदा शेख, फरदीन खान और शेखर सुमम जैसे कलाकार शामिल हैं। हीरामंडी : द डायमंड बाजार हाल ही में ओटीटी प्लेटफार्म पर रिलीज हुयी है। हीरामंडी द डायमंड बाजार में मनीषा कोईराला ने मल्लिका जान का किरदार निभाया है, जिसे दर्शक बेहद पसंद कर रहे हैं। मनीषा कोईराला ने बताया है कि वह हीरामंडी द डायमंड बाजार की शूटिंग के दौरान डिप्रेशन में थीं। शूटिंग के दौरान उन्हें बस यही लग रहा था कि कैसे भी करके यह वक्त निकल जाए और इसके बाद अपनी सेहत पर ध्यान दिया जाए। मनीषा कोइराला ने मल्लिका जान के किरदार को निभाने के लिए काफी मेहनत की थी। उनके सामने एक चुनौती तो यही थी कि उन्हें उर्दू बोलनी नहीं आती थी। अच्छा शॉट देने के लिए मनीषा, सात घंटे तक सेट पर बैठी रही थीं। मनीषा कोईराला ने इससे पूर्व संजय लीला भंसाली के साथ वर्ष 1996 में प्रदर्शित फिल्म खामोशी द म्यूजिकल में काम किया था।

सिंघम अगेन के सेट से अर्जुन ने शेयर किया इंटेंस लुक

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर ने सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक सोशल मीडिया पर शेयर किया है। बॉलीवुड फिल्मकार रोहित शेट्टी सिंघम सीरीज की अगली फिल्म सिंघम अगेन लेकर आ रहे हैं, जिसमें अजय देवगन मुख्य भूमिका में नजर आएंगे। इस फिल्म में अक्षय कुमार और रणवीर सिंह भी कैमियो रोल में होंगें। इनके अलावा टाइगर श्राफ,अर्जुन कपूर, करीना कपूर और दीपिका पादुकोण भी फिल्म का हिस्सा हैं।अर्जुन कपूर इन दिनों अपनी अपकमिंग फिल्म सिंघम अगेन को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म में अर्जुन का अलग अवतार नजर आने वाला है। हाल ही में अर्जुन कपूर ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर फिल्म सिंघम अगेन के सेट से एक बिहाइंड द सीन (बीटीएस) फोटो शेयर की है, जिसमें उनकी मस्कुलर बॉडी देखने को मिल रही है। अर्जुन कपूर ने फिल्म सिंघम अगेन के सेट से अपना इंटेंस लुक शेयर किया है। अर्जुन कपूर ने फोटो के कैप्शन में लिखा, 'शूट लाइफ!! #सिंघम अगेन।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

प्रदर्शन

हौथी आंदोलन के समर्थकों ने यमन में हौथी ठिकानों पर अमेरिका और ब्रिटेन द्वारा शुरू किए गए हवाई हमलों की निंदा करने के लिए रैली निकाली।

जयशंकर ने कहा - खालिस्तानियों को राजनीतिक प्रश्रय से साफ है कि कनाडा में वोट बैंक उसके कानून से अधिक शक्तिशाली

अभिव्यक्ति की आजादी का अर्थ अलगाववाद का समर्थन नहीं

नई दिल्ली, एजेंसी

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि खालिस्तानी अलगाववादी तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देकर कनाडा सरकार यह संदेश दे रही है कि उसका वोट बैंक उसके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है।

जयशंकर ने बृहस्पतिवार को एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि भारत अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का सम्मान और पालन करता है, लेकिन इसका मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाने, अलगाववाद को समर्थन देने या हिंसा की वकालत करने वाले तत्वों को राजनीतिक प्रश्रय देने की स्वतंत्रता नहीं है। पंजाब के सिख प्रवासियों के बीच खालिस्तान समर्थकों का जिक्र करते हुए विदेश मंत्री ने इस बात पर भी आश्चर्य जताया कि संदिग्ध पृष्ठभूमि वाले लोगों को कनाडा में प्रवेश करने और रहने की अनुमति कैसे दी जा रही है।

विदेश मंत्री ने कहा-अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता का मतलब विदेशी राजनयिकों को धमकाना नहीं

उन्होंने कहा कि किसी भी नियम-आधारित समाज में आप लोगों की पृष्ठभूमि, वे कैसे आए, उनके पास कौन सा पासपोर्ट था, आदि चीजों की जांच करेंगे। अगर आपके यहां ऐसे लोग हैं जो संदिग्ध दस्तावेजों के आधार पर वहां मौजूद हैं, तो यह आपके बारे में क्या कहता है? यह वास्तव में कहता है कि आपका वोट बैंक आपके कानून के शासन से अधिक शक्तिशाली है। कनाडा में भारतीय प्रवासियों की संख्या लगभग 18 लाख है और देश में अन्य दस लाख अनिवासी भारतीय रहते हैं। देश में भारतीय प्रवासियों में ज्यादातर सिख हैं जो वहां की राजनीति में एक प्रभावशाली समूह माने जाते हैं। पिछले साल सितंबर में कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो द्वारा अलगाववादी नेता हरदीप सिंह निज्जर की हत्या में भारतीय एजेंटों की संभावित संलिप्तता के आरोप लगाए जाने के बाद भारत और कनाडा के बीच संबंधों में तल्खी आ गई थी। नयी दिल्ली ने ट्रूडो के आरोपों को निराधार बताते हुए खारिज किया था। भारत कहता रहा है कि मुख्य मुद्दा कनाडा द्वारा कनाडाई धरती से सक्रिय खालिस्तानी समर्थक तत्वों को प्रश्रय देने का है।

जयशंकर ने कहा कि यह विकल्पों के खत्म होने का सवाल नहीं है। हमें खेद है कि हमने जो देखा है वह कनाडा की राजनीति की दिशा है जहां अलगाववादियों और चरमपंथी ताकतों, जिनमें से कई खुले तौर पर हिंसा की वकालत करते हैं, को उस देश में राजनीतिक प्रश्रय दिया गया है। उन्होंने कहा कि हम इसे नजरअंदाज करके अच्छे संबंधों की बात नहीं कर सकते। भारत की चिंताओं पर कनाडा की प्रतिक्रिया यही रही है कि उसके यहां अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता है।

भारत-अमेरिका के संबंधों की प्रगति पर नहीं असर

नई दिल्ली। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने कहा है कि हत्या की एक असफल साजिश में किसी भारतीय के शामिल होने के आरोपों से भारत-अमेरिका संबंधों की प्रगति पर कोई असर नहीं पड़ा है। नवंबर में, अमेरिका ने एक भारतीय नागरिक पर न्यूयॉर्क में सिख अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की हत्या की साजिश रचने का आरोप लगाया था। जयशंकर ने कहा कि भारत-अमेरिका संबंधों के बुनियादी सिद्धांत बहुत मजबूत हैं। अमेरिका ने सकारात्मक भाव के साथ हमारा ध्यान कुछ जानकारी की ओर दिलाया है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था की प्रगति, उत्पादन में विविधता लाने, नयी आपूर्ति श्रृंखला बनाने, शांति व स्थिरता सुनिश्चित करने और उच्च-प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सहयोग को भारत-अमेरिका संबंधों के लक्ष्य करार दिया।

एक नजर

पुतिन ने मिशुस्तिन को पुनः नियुक्त किया रूस का प्रधानमंत्री

मॉस्को, एजेंसी, रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने पूर्व राष्ट्रपति मिखाइल मिशुस्तिन को पुन: देश का प्रधानमंत्री नियुक्त किया है और उनके नाम को मंजूरी के लिए संसद के निचले सदन के पास भेजा है। रूसी कानून के अनुरूप 58 वर्षीय मिशुस्तिन ने मंगलवार को उस वक्त अपने मंत्रिमंडल का इस्तीफा सौंपा जब पुतिन ने राष्ट्रपति के तौर पर अपना पांचवां कार्यकाल शुरू किया था। वह पिछले चार वर्ष से प्रधानमंत्री पद पर थे। हालांकि राजनीतिक जानकारों को मिशुस्तिन के पुन: नियुक्त किए जाने की उम्मीद थी। उनका मानना है कि पुतिन को उनका कौशल और सुर्खियों से दूरी पसंद है।

छह महीने के बच्चे को नवी मुंबई में मुक्त कराया

ठाणे, एजेंसी, पुलिस ने मध्य प्रदेश से छह महीने के एक बच्चे का अपहरण करने के आरोप में नवी मुंबई से छह लोगों को गिरफ्तार किया है। कल्याण के पुलिस उपायुक्त (जोन-तृतीय) सचिन गुंजल ने कहा कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने नवी मुंबई के पनवेल इलाके में एक आवासीय इमारत से बच्चे को बचाया। उन्होंने कहा कि बच्चे का अपहरण मध्य प्रदेश के रीवा जिले में उसके घर के पास से किया गया था और भारतीय दंड संहिता की धारा 363 (अपहरण) एवं अन्य प्रासंगिक प्रावधानों के तहत मामला दर्ज किया गया है। अधिकारी ने बताया कि मध्य प्रदेश पुलिस को सूचना मिली कि आरोपी कल्याण के शाहद क्षेत्र के आसपास कहीं हैं जिसके बाद स्थानीय पुलिस को सतर्क कर दिया गया।

तुर्की ने इराक में पीकेके के खिलाफ कार्रवाई शुरू की

अंकारा, एजेंसी, तुर्की सेना ने उत्तरी इराक के प्रतिबंधित कुर्दिस्तान वर्कर्स पार्टी (पीकेके) के खिलाफ सैन्य कार्रवाई शुरू कर दी है। समाचार पत्र येनी सफाक ने तुर्की रक्षा मंत्रालय के सूत्रों के हवाले से यह जानकारी दी। तुर्की सरकार ने पीकेके को एक आतंकवादी संगठन के रूप में प्रतिबंधित किया है। मीडिया ने पिछले हफ्ते बताया था कि तुर्की सशस्त्र बल नये सैन्य अड्डों को स्थापित करके और क्षेत्र में अंकारा की सैन्य उपस्थिति को बढ़ाकर पीकेके के खिलाफ एक सैन्य अभियान की तैयारी कर रहे हैं। तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन ने सीरिया में 30 से 40 किलोमीटर (18.6-24.8 मील) की लंबाई के साथ एक सुरक्षा गलियारा बनाने की योजना की भी घोषणा की है।

भारत के चुनावों में हस्तक्षेप के आरोपों को किया खारिज

अमेरिका ने दी सफाई, रूसी विदेश मंत्रालय ने लगाया था आरोप

वाशिंगटन, एजेंसी

अमेरिका ने रूस के इन आरोपों को गुरुवार को खारिज किया कि अमेरिका भारत में हो रहे चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता मैथ्यू मिलर ने कहा कि हम न ही भारत में जारी चुनावों में शामिल हैं और न ही दुनिया में कहीं भी होने वाले चुनाव में। भारत की जनता निर्णय करेगी। दरअसल रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में कहा था कि अमेरिका भारत के घरेलू मामलों और मौजूदा चुनावों में हस्तक्षेप कर रहा है।

मिलर से इसी बारे में प्रश्न किया गया था। अमेरिका के समाचार पत्र वॉशिंगटन पोस्ट में हाल में प्रकाशित एक लेख में आरोप लगाए गए थे कि रिसर्च एंड एनालिसिस विंग के एक अधिकारी अमेरिकी धरती पर खालिस्तानी अलगाववादी गुरपतवंत सिंह पन्नू की कथित हत्या की योजना

- **मिलर ने कहा- हम न ही भारत में और न ही दुनिया में होने वाले किसी भी चुनाव में शामिल हैं**

बनाने में शामिल थे। इस लेख पर रूसी विदेश मंत्रालय की प्रवक्ता मारिया जखारोवा ने मॉस्को में संवाददाताओं से कहा अमेरिका नई दिल्ली के खिलाफ नियमित रूप से निराधार आरोप लगाता रहता है।

हम देखते हैं कि वे न केवल भारत बल्कि कई अन्य देशों पर भी धार्मिक स्वतंत्रता का उल्लंघन करने के आधारहीन आरोप लगाते हैं जो दर्शाता है कि अमेरिका भारत की राष्ट्रीय सोच को नहीं समझता, उसे भारत के विकास के ऐतिहासिक संदर्भ की समझ नहीं है और वह एक देश के रूप में भारत का सम्मान नहीं करता। रूसी प्रवक्ता ने इसे अमेरिका की औपनिवेशिक काल की मानसिकता करार दिया। आरटी न्यूज ने जखारोवा के हवाले से कहा कि वे आम संसदीय चुनावों को जटिल बनाने के लिए भारत की आंतरिक राजनीतिक स्थिति को असंतुलित करने का प्रयास कर रहे हैं।

यह भारत के आंतरिक मामलों में हस्तक्षेप करने का तरीका है। उन्होंने कहा कि घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों मामलों में वाशिंगटन से अधिक दमनकारी शासन की कल्पना करना कठिन है। अमेरिकी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता वाशिंगटन में इन आरोपों के संबंध में किए गए किसी भी प्रश्न का उत्तर देने से बचते नजर आए। उन्होंने कहा कि जब तक ये आरोप न्यायपालिका के समक्ष सिद्ध नहीं हो जाते जब तक ये महज आरोप हैं। चूंकि ये कानूनी मामला है इसलिए मैं यहां इस पर कुछ नहीं कहूंगा...।

दिल्ली पहुंचे चीन के नए राजदूत शू फेइहोंग

नई दिल्ली, एजेंसी, भारत में चीन के नये राजदूत शू फेइहोंग दिल्ली पहुंच गए हैं। यह पद करीब 18 महीने से खाली था, जो चार दशकों में सबसे लंबा अंतराल है। शू ने कहा कि चीन एक-दूसरे की चिंताओं को समझने और बातचीत के माध्यम से विशिष्ट मुद्दों का पारस्परिक रूप से स्वीकार्य समाधान खोजने के लिए भारत के साथ काम करने को तैयार है। उन्होंने पूर्वी लद्दाख में लंबे समय से जारी सैन्य गतिरोध के बीच यह बात कही है।

शू (60) ने सुन वेइदोंग की जगह ली है, जो भारत में अपना कार्यकाल पूरा करने के बाद अक्टूबर 2022 में रवाना हो गए थे। शू का भारत आगमन पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध को हल करने के लिए बीजिंग और नयी दिल्ली के बीच लंबी सैन्य व राजनयिक वार्ता के बीच हुआ है। उन्होंने कहा यह एक सम्मानजनक मिशन और महत्वपूर्ण ड्यूटी है। मैं दोनों देशों के बीच समझ और दोस्ती को प्रगाढ़ बनाने, विभिन्न क्षेत्रों में आदान-प्रदान और सहयोग बढ़ाने और द्विपक्षीय संबंधों को बेहतर बनाने व आगे ले जाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रयास करूंगा।

दाभोलकर हत्याकांड में दो को उम्रकैद, तीन बरी

पुणे, एजेंसी

पुणे में तर्कवादी डॉ. नरेंद्र दाभोलकर की गोली मारकर हत्या करने के 11 साल बाद एक विशेष अदालत ने दो हमलावरों को दोषी ठहराते हुए शुक्रवार को आजीवन कारावास की सजा सुनाई और सबूतों के अभाव में मुख्य साजिशकर्ता वीरेंद्र सिंह तावड़े को सहित तीन अन्य को बरी कर दिया।

यूएपीए से जुड़े मामलों की सुनवाई करने वाले अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश (विशेष न्यायालय) पी.पी. जाधव ने कहा कि अभियोजन पक्ष ने शूटर सचिन अंदुरे और शरद कालस्कर के खिलाफ हत्या तथा

- **पुणे की विशेष अदालत ने 11 साल बाद सुनाया फैसला**
- **कोर्ट ने दोषियों पर पांच-पांच लाख रुपये जुर्माना भी ठोका**

साजिश के आरोप साबित कर दिए हैं। अदालत ने सजा के साथ प्रत्येक पर पांच-पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। अदालत ने सबूतों के अभाव में आरोपी डाक्टर तावड़े, संजीव पुनालेकर और विक्रम भावे को बरी कर दिया। दाभोलकर की 20 अगस्त 2013 को गोली मारकर हत्या कर दी गई थी।

राजनयिक पासपोर्ट धारकों के लिए समझौता किया

नयी दिल्ली, एजेंसी, भारत और मोल्दोवा ने शुक्रवार को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके लागू होने के बाद दोनों देशों के राजनयिक और आधिकारिक पासपोर्ट धारकों को बिना वीजा के एकदूसरे देश की यात्रा करने की अनुमति मिलेगी। विदेश मंत्रालय ने कहा कि यह समझौता दोनों देशों के बीच मैत्रीपूर्ण और सौहार्दपूर्ण संबंधों को और गति देगा। भारत गणराज्य के विदेश मंत्रालय के सचिव (पश्चिम) पवन कपूर और मोल्दोवा गणराज्य की राजदूत एना ताबन ने आज 10 मई को अपनी-अपनी सरकारों की ओर से हस्ताक्षर किए।

स्कूलों को उड़ाने की धमकी के तार पाकिस्तान से जुड़े

अहमदाबाद, एजेंसी

अहमदाबाद में 7 मई को मतदान की पूर्वसंध्या पर 36 स्कूलों को भेजे गए बम विस्फोट की धमकी वाले ईमेल के तार पाकिस्तान से जुड़े थे। पुलिस ने इसे मतदान से पहले लोगों के बीच डर पैदा करने की कोशिश करार दिया। गुजरात की 26 में से 25 सीट के लिए मतदान 7 मई को हुआ था।

- **मतदान से एक दिन पहले ई मेल से मिली थी धमकी**

अपराध शाखा ने बताया कि ईमेल 'मेल.रू' डोमेन से भेजे गए थे, जिन्हें एक व्यक्ति ने खुद तौहीद लियाकत बनकर सारे स्कूलों को भेजा था। संयुक्त पुलिस आयुक्त शरद सिंघल ने कहा कि लियाकत ने हमद जावेद के रूप में एक और पहचान भी बना ली थी। इन नामों वाला व्यक्ति पाकिस्तान के फैसलाबाद जिले से काम कर रहा था। एक ही शख्स ने अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर अलग-अलग पहचान बनायी, उनमें से एक हमद जावेद की भी है। सिंघल ने कहा कि आरोपी का नाम एक अन्य एजेंसी द्वारा मोहपाश (हनीट्रैप) के एक मामले में जांच के दौरान भी सामने आया था।

ट्रंप के पोर्नस्टार को धन देने से संबंधित मामले की सुनवाई के तीन सप्ताह पूरे

न्यूयॉर्क। अमेरिका के पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा कथित तौर पर पोर्न स्टार को गुप्त रूप से पैसे देने के मामले की सुनवाई को शुक्रवार को तीन सप्ताह पूरे हो गए। इस दौरान न्यायाधीशों ने पोर्न स्टार स्टॉर्मी डेनियल्स की दलीलें सुनीं, जबकि अभियोजक सबसे महत्वपूर्ण गवाह ट्रंप के पूर्व अटॉर्नी माइकल कोहेन से पूछताछ के लिए तैयार है। ट्रंप के साथ यौन संबंध को लेकर डेनियल्स की दलीलें इस मामले में अभियोजकों के लिए काफी महत्वपूर्ण हैं, जो यह दिखाने की कोशिश कर रहे हैं कि ट्रंप और उनके सहयोगियों ने 2016 के राष्ट्रपति चुनाव के दौरान इस मामले पर पर्दा डालने की कोशिश की थी। इस मामले में अब कोहेन की गवाही ली जानी है, जिन्होंने डेनियल्स को देने के लिए 1,30,000 अमेरिकी डॉलर का इंतजाम किया था।

28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करें दूरसंचार कंपनियां

नई दिल्ली, एजेंसी

- **20 लाख कनेक्शन का फिर से करें सत्यापन : दूरसंचार विभाग**

दूरसंचार विभाग ने साइबर अपराधों के साथ कथित संलिप्तता में 28,200 मोबाइल फोन ब्लॉक करने और 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का दोबारा सत्यापन करने का दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को निर्देश दिया है। दूरसंचार विभाग, गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस ने साइबर अपराध तथा वित्तीय धोखाधड़ी में दूरसंचार संसाधनों का दुरुपयोग रोकने के लिए हाथ मिलाया है।

इसका मकसद धोखेबाजों के गिरोह का खात्मा करना और नागरिकों को डिजिटल खतरों से बचाना है। बयान के मुताबिक गृह मंत्रालय और राज्य पुलिस के विश्लेषण से पता चला है कि साइबर अपराधों में हजारों मोबाइल हैंडसेट का दुरुपयोग किया गया। इन मोबाइल फोन के साथ करीब 20 लाख नंबरों का इस्तेमाल किया गया। इसमें कहा गया कि दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार सेवा प्रदाताओं को देशभर में इन 28,200 मोबाइल फोन को ब्लॉक करने तथा इनसे जुड़े 20 लाख मोबाइल कनेक्शन का तत्काल दोबारा सत्यापन करने और सत्यापन में नाकाम रहने पर कनेक्शन काटने के निर्देश जारी किए। दूरसंचार विभाग ने दूरसंचार धोखाधड़ी से संबंधित शिकायतों के निपटान के लिए दो महीने पहले चक्षु मंच पेश किया था। इस पोर्टल के सक्रिय होने के बाद से संदिग्ध संदेश भेजने में लिप्त 52 इकाइयों को काली सूची में डाला जा चुका है।

भारत ने फलस्तीन को संयुक्त राष्ट्र का पूर्ण सदस्य बनाने संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में किया मतदान

संयुक्त राष्ट्र। भारत ने शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र महासभा (यूएनजीए) के उस मसौदा प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, जिसमें कहा गया है कि फलस्तीन इस वैश्विक संस्था का पूर्ण सदस्य बनने के योग्य है और उसे सदस्यता दी जानी चाहिए। संयुक्त राष्ट्र की 193 सदस्यीय महासभा के विशेष सत्र की सुबह आपातकालीन बैठक हुई, जहां मई महीने के लिए महासभा के अध्यक्ष संयुक्त अरब अमीरात ने वैश्विक संस्था में फलस्तीन की पूर्ण सदस्यता के समर्थन में अरब समूह का प्रस्ताव ''संयुक्त राष्ट्र में नए सदस्यों का प्रवेश'' प्रस्तुत किया। भारत समेत 143 सदस्यों ने प्रस्ताव के पक्ष में मतदान किया, विरोध में नौ वोट पड़े जबकि 25 सदस्य अनुपस्थित रहे। मतदान के बाद यूएनजीए भवन तालियों से गूंज उठा। प्रस्ताव में कहा गया है कि संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अनुच्छेद 4 के अनुसार फलस्तीन संयुक्त राष्ट्र का सदस्य बनने के लिए योग्य है और इसलिए उसे सदस्यता दी जानी चाहिए।

मसालों में ईटीओ रसायन पर लगाम के लिए निर्यातकों को दिशा-निर्देश

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जताने पर उठाया गया ये कदम**

मसाला बोर्ड ने भारत से आयात किए जाने वाले उत्पादों में कैंसरजनक रसायन एथिलीन ऑक्साइड (ईटीओ) का इस्तेमाल रोकने के लिए निर्यातकों को व्यापक दिशानिर्देश जारी किए हैं। कुछ मसाला उत्पादों पर हाल ही में कुछ देशों के गुणवत्ता संबंधी चिंता जाहिर किए जाने के बीच यह कदम उठाया गया है।

दिशानिर्देशों के अनुसार, निर्यातकों को मसालों में रोगाणुनाशक/धूमनकारी एजेंट या किसी अन्य रूप में ईटीओ रसायन के इस्तेमाल से बचना होगा। इसके साथ ही उन्हें सुनिश्चित करना होगा कि परिवहन, भंडारण/गोदाम, पैकेजिंग सामग्री आपूर्तिकर्ता किसी भी स्तर पर इस रसायन का उपयोग न करें। इसमें कहा गया कि निर्यातकों को आपूर्ति श्रृंखला में मसालों तथा मसाला उत्पादों में ईटीओ और इसके मेटाबोलाइट की अनुपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए पर्याप्त उपाय करने होंगे। निर्यातक लइस रसायन को एक खतरे के रूप में भी पहचानेंगे और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणाली में खतरा विश्लेषण नियंत्रण बिंदुओं तथा खाद्य सुरक्षा योजना में ईटीओ को रोकने के लिए महत्वपूर्ण नियंत्रण बिंदुओं को शामिल करेंगे। निर्देशों में कहा गया कि निर्यातकों को कच्चे माल, प्रसंस्करण सहायक सामग्री, पैकेजिंग और तैयार माल में ईटीओ का परीक्षण करना होगा।

आदेश

दिल्ली हाईकोर्ट ने निर्देश के बावजूद विफल रहने पर एमसीडी की खिंचाई की

बंद करें सुरक्षा से खिलवाड़ करने वाले कोचिंग सेंटर

नई दिल्ली, एजेंसी

दिल्ली उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) और दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) को अग्नि सुरक्षा मानदंडों के उल्लंघन में संचालित हो रहे कोचिंग सेंटर को अविलंब बंद करने का निर्देश दिया। न्यायमूर्ति यशवंत वर्मा और न्यायमूर्ति रवींदर डुडेजा की पीठ ने इससे पहले वकीलों की एक टीम द्वारा मुखर्जी नगर में कोचिंग सेंटर का निरीक्षण का आदेश दिया था।

पीठ ने प्राधिकारियों से परिसर के बाहर स्थापित बिजली के उन उपकरणों को अन्य जगह स्थानांतरित करने के लिए भी कहा, जो जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते हैं। यह आदेश क्षेत्र में कोचिंग सेंटर के संचालन को लेकर दायर कई याचिकाओं पर आया। इन याचिकाओं में जून

- **दिल्ली उच्च न्यायालय ने कहा जनता के लिए संभावित रूप से खतरनाक हो सकते ऐसे परिसर**

2023 में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना के बाद उच्च न्यायालय द्वारा स्वतः संज्ञान लेकर शुरू किया गया एक मामला भी शामिल है।

न्याय मित्र गौतम नारायण ने अदालत को बताया कि निरीक्षण अप्रैल में दो मौकों पर किया गया। उन्होंने बताया कि निरीक्षणों से पता चला कि दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) ने जिन कुछ कोचिंग सेंटर को बंद करने का दावा किया था, वे अभी भी एक नए प्रबंधन के तहत या नाम से चल रहे हैं। नारायण ने कहा कि ये परिसर अग्नि सुरक्षा आवश्यकताओं का अनुपालन नहीं कर रहे और एक मामले में, प्रवेश द्वार पर ही बिजली का एक बोर्ड लगा पाया गया, जिससे आग लगने की स्थिति में रास्ता अवरुद्ध हो सकता है। अदालत ने अग्नि सुरक्षा मानदंडों का उल्लंघन करने वाले संस्थानों को बंद करने के अदालत के पहले के निर्देश के बावजूद ऐसे कोचिंग सेंटर पर ध्यान देने में विफल रहने के लिए एमसीडी की खिंचाई की और उसे उनके खिलाफ तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश दिया। पीठ ने कहा न्यायमित्र वह काम कर रहे हैं जो एमसीडी को करना चाहिए। ये गड़बड़ी आपने की है। आप पहचान की गई सभी चार संपत्तियों को बंद करें। पीठ ने आदेश दिया कि हमारे द्वारा जारी किए गए सीलिंग निर्देशों के स्पष्ट उल्लंघन के मद्देनजर, हम एमसीडी/डीडीए (दिल्ली विकास प्राधिकरण) को तुरंत कार्रवाई करने का निर्देश देते हैं और परिसर को सील किया जाए। उच्च न्यायालय ने पहले कहा था कि अग्नि सुरक्षा बहुत जरूरी है और सभी कोचिंग सेंटर को या तो दिल्ली मास्टर प्लान, 2021 और अन्य लागू नियमों के तहत अपनी वैधानिक आवश्यकताओं का पालन करना होगा या बंद करना पड़ेगा।

शुक्रवार को, अदालत ने एमसीडी, डीडीए और दिल्ली अग्निशमन सेवा (डीएफएस) से गैर-अनुपालन वाले कोचिंग सेंटर की पहचान करने के लिए चार सप्ताह के भीतर एक नया सर्वेक्षण करने का निर्देश दिया। पिछले साल, उच्च न्यायालय ने जून में मुखर्जी नगर में एक कोचिंग सेंटर में आग लगने की घटना पर स्वतः संज्ञान लेते हुए एक मामला शुरू किया था, जिसके दौरान छात्रों को रस्सियों का उपयोग करके इमारत से नीचे उतरते देखा गया था।

मादक पदार्थ की तस्करी में तीन को 20 साल की सजा

भुवनेश्वर, एजेंसी, ओडिशा में भुवनेश्वर के अतिरिक्त जिला न्यायाधीश सह विशेष न्यायाधीश ने प्रतिबंधित पदार्थ ले जाने के आरोप में तीन आरोपियों को दोषी पाये जाने के बाद 20 साल के कठोर कारावास और प्रत्येक को एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने गुरुवार को आदेश दिया कि तीनों दोषियों देबाशीष बेहरा, प्रबीर कुमार सिंह और एसके कौसर अल्ली को जुर्माना राशि नहीं चुकाने पर एक साल की अतिरिक्त कैद की सजा काटनी होगी। अभियोजन पक्ष के अनुसार, तीनों 19 जून, 2020 को पश्चिम बंगाल से प्रतिबंधित मादक पदार्थ खरीदकर एक बोलेरो वाहन से ले जा रहे थे तभी उन्हें भुवनेश्वर के रसूलगढ़ के पास रोका गया और गिरफ्तार किया गया। तलाशी के दौरान उनके पास से भारी मात्रा में करीब पांच किग्रा ब्राउन शुगर और अन्य आपत्तिजनक सामग्री बरामद की गयी।

रूस ने खारकीव के वोवचांस्क पर राकेट से किया हमला

कीव, एजेंसी

रूस ने शुक्रवार को यूक्रेन के उत्तर-पूर्व शहर वोवचांस्क पर तोप के गोले और रॉकेट से हमला करने के साथ ही निर्देशित हवाई हमले किये। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव ने कहा कि रात के समय गोलाबारी से खारकीव क्षेत्र में और रूसी सीमा से पांच किमी से कम दूरी पर स्थित वोवचांस्क को निशाना बनाया गया।

अधिकारियों ने लगभग 3,000 लोगों को वहां से निकालने की प्रक्रिया शुरू की। यूक्रेन के रक्षा मंत्रालय ने कहा कि तड़के रूसी सेना ने यूक्रेनी सुरक्षा को भेदने की कोशिश की। हमले को रोकने के लिए आरक्षित इकाइयों को तैनात किया गया था। यह हमला एक बफर जोन बनाने के रूसी प्रयास की शुरुआत का प्रतीक हो सकता है जिसे राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बेलगोरोड और अन्य रूसी सीमा

- **यूक्रेन ने कहा रूसी सेना ने सुरक्षा को भेदने की कोशिश की**

क्षेत्रों पर लगातार यूक्रेनी हमलों को रोकने के लिए इस साल की शुरुआत में बनाने का संकल्प लिया था। यूक्रेन ने पहले कहा था कि उसे पता है कि रूस खारकीव और सुमी क्षेत्रों के करीब उत्तर पूर्व सीमा पर हजारों सैनिकों को इकट्ठा कर रहा है।

यूक्रेनी खुफिया अधिकारियों ने कहा कि क्रेमलिन की सेना ने पूर्वी यूक्रेन में हालिया जमीनी हमला किया है, उन्हें उम्मीद है कि क्रेमलिन की सेना उत्तर पूर्व में भी हमला करेगी। रूस संभवतः यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खारकीव पर कब्जा नहीं कर सकता, लेकिन वह यूक्रेन को इस क्षेत्र में और अधिक सैनिक भेजने के लिए मजबूर कर सकता है, जिससे अन्य क्षेत्र हमले के प्रति अधिक संवेदनशील हो जाएंगे।

भारत ने मालदीव से वापस बुलाए अपने सभी सैनिक

माले। मालदीव की सरकार ने कहा कि भारत ने मालदीव से अपने सभी सैनिकों को वापस बुला लिया है। राष्ट्रपति मोहम्मद मोइज्जू ने देश से सभी भारतीय सैनिकों को वापस बुलाने के लिए 10 मई की समयसीमा निर्धारित की थी। भारत और मालदीव के बीच संबंध तब गंभीर तनाव में आ गए जब चीन समर्थक नेता माने जाने वाले मुइज्जू ने भारतीय सैन्यकर्मियों की वापसी पर जोर दिया था। पिछले साल मोइज्जू के चुनाव प्रचार अभियान में मालदीव में तैनात लगभग 90 भारतीय सैन्यकर्मियों की स्वदेश वापसी प्रमुख बात थी। भारतीय सैन्यकर्मियों का पहला जत्था मार्च की शुरुआत में मालदीव से वापस बुला लिया गया था, इसके बाद अप्रैल में दूसरा जत्था रवाना हुआ, जिसमें कुल 51 सैनिक थे। मीडिया ने यहां बताया कि सभी भारतीय सैन्यकर्मी हालांकि देश से वापस चले गए हैं, माले ने अंतिम गिनती नहीं दी है।